GORAKHPUR POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांकः–22–09–2025

## अंगुली काटकर अलग करने वाला धराया

बड़हलगंज (एसएनबी)। मारपीट के दौरान दांत से अंगुली काटकर अलग करने वाले को वड़हलगंज पुलिस ने गिरफ्तार कर उसका चालान कर दिया।

इस मामले में पुलिस ने इस मामले में धारा 118(2), 115(2), 352, 351(3) के तहत मुकदमा दर्ज था। मुखविर की सूचना परा पुलिस ने अभियुक्त कल्यानपुर निवासी कपूर साहनी को गिरफ्तार कर न्यायालय भेज दिया। दारोगा केके गुप्ता का कहना है कि 18 सितंवर को वादी ने तहरीर दिया था कि आरोपी कपूर साहनी ने गाली- गलौज करते हुए मारपीट व जान से मारने की धमकी देते हुए दांत से अंगुली काटकर खंडित कर दिया था।

Activate

## सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनायें त्योहार

पिपराइच (एसएनबी)। दुर्गा पूजा एवं दशहरा पर्व को पीस कमेटी की वैठक रविवार को थाना परिसर में आयोजित हुई।

सीओ चौरीचौरा अनुराग सिंह ने कहा कि त्योहार आपसी सौहार्द के साथ मनायें। मानक से अधिक तेज आवाज में डीजे न प्रयोग करें। उन्होंने कहा कि सभी आयोजक दुर्गा पूजा पंडालों की सुरक्षा को लेकर पूरी तरह सतर्क रहें। प्रत्येक पंडाल पर एक सहयोगी की तैनाती अवश्य करें। वहीं, सीसीटीवी कैमरे लगाने से सुरक्षा व्यवस्था और मजबूत होगी तथा किसी प्रकार की आशंका नहीं रहेगी।

उन्होंने कहा कि दुर्गा पूजा का पर्व महिला सशक्तिकरण का प्रतीक है, इसलिए पंडालों और कार्यक्रमों की सुरक्षा की जिम्मेदारी हम सभी की है। आयोजकों को क्षेत्र के दरोगा व कांस्टेवल का मोवाइल नंवर दिया गया।

इस अवसर पर थानाध्यक्ष पुरुपोत्तम आनंद सिंह, एसएसआई अजीत कुमार चतुर्वेदी, राकेश सिंह शिखा जायसवाल रामलीला कमेटी के अध्यक्ष ऋषभ रिपभ गुप्ता, छेदी गुप्ता आदि मौजूद रहे।

## घायल प्रधान की तहरीर पर ट्रैक्टर चालक के खिलाफ केस

हरपुर-बुदहट (एसएनबी)। रानीडीह निवासी एवं ग्रामप्रधान गंगा प्रसाद वेल्दार पुत्र स्व. सोमई की तहरीर पर हरपुरवुदहट थाने की पुलिस ने अज्ञात ट्रैक्टर चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

ग्राम प्रधान गंगा प्रसाद ने तहरीर देकर वताया कि वीते गुरुवार को शाम साढ़े सात वजे के करीव मैं और ग्राम पंचायत पिपराहेमा के ग्राम प्रधान उमेश यादव पुत्र अछैवर अपनी वैगनार कार से भीटी रावत से रानीडीह जा रहे थे। अनन्तपुर चौराहे पर पहुंचे ही थे कि तेज रफ्तार और लापरवाही पूर्वक विना नम्वर की ईंट लदी ट्रैक्टर-ट्राली ने सामने से टक्कर मार दिया जिससे कार के आगे का हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया। मुझे और मेरे साथी ग्राम प्रधान उमेश यादव को काफी चोट लगी जिससे दोनों लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों काइलाज चल रहा है।

## केला पेड़ काटने के मामले में छह के खिलाफ केस

कैम्पियरगंज (एसएनबी)। रामचौरा में केले का पेड़ काटने का मामला थमने का नाम नहीं ले रहा है। रविवार को दूसरे पक्ष ने 6 लोगों के खिलाफ कैम्पियरगंज थाने में मुकदमा दर्ज कराया। पुलिस मामले की जांच कर रही है। विशम्भरपुर गांव के टोला सूर्यपुरवा निवासी रामकवल ने पुलिस को तहरीर देकर वताया कि मेरे खिलाफ एक प्रार्थना-पत्र केला काटने के वावत दिया गया है। जवकि हमने कोई केला नही काटा है। इसी वात को पूछने के लिए अपने भाई ऋषिकेश व वगल के रहने वाले आदित्य के साथ वादी वृजलाल निवासी चौमुखा टोला लिलहवा के यहां 17 सितंवर की सुवह सात वजे जैसे ही पहुंचा। वृजलाल के उनके भाई हरिकेश, रामकेश व महेश व शिवम, हिमांशु सभी लोग मिलकर दुकान में से लाठी निकालकर अचानक हमें व भाई को गाली गुप्ता देते हुए हमला कर दिया। मुझे व भाई को वुरी तरह से मारने- पीटने लगे तथा ग्रामीणों के दखल पर भागना चाहा तो ये लोग मेरा टीशर्ट फाड़ दिये तथा अनुसूचित जाति के केस में फंसाने व जान से मारने की धमकी देने लगे।

## बहला-फुसलाकर किशोरी को भगा ले गया

कैम्पियरगंज (एसएनबी)। क्षेत्र के एक गांव की किशोरी को परिवार की चोरी से उसका रिश्तेदार मोवाइल देकर वात करता था और उसे अपने प्रेमजाल में फंसा लिया। इसके वाद वह किशोरी को लेकर फरार हो गया। इधर किशोरी की मॉं की तहरीर पर पुलिस दो के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस को तहरीर देकर महिला ने वताया कि मेरी 17 वर्षीया वेटी को महराजगंज जनपद के कोल्हुई थाने के कम्हरिया गांव निवासी व मेरा रिश्तेदार अनिकेत चोरी से मोवाइल देकर उससे वात करता था। उसने नावालिग वेटी को अपने प्रेम में फंसा लिया था उसे प्ररित करके अपने पास वुलाया। अनिकेत का चचेरा भाई गुलशन आया और मेरी वेटी को 19 सितंवर को सुवह 7 वजे लेकर चला गया। महिला ने लिखा है कि मुझे डर है कि मेरी लड़की के साथ कोई घटना न हो जाये।

# मिला लावारिश शिशु का शव, खलबली

ककरही (एसएनबी)। गोला थाना क्षेत्र में सड़क किनारे एक शिशु का शव मिलने से खलबली मच गई। इधर शव मिलने की सूचना तत्काल पुलिस को दी गयी और मौके पर पंहुची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

**■ गोला पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर भेजा पोस्टमार्टम के लिए, सीसीटीवी को खंगाल रही पुलिस**

गोला- कौड़ीराम मार्ग पर ककरही पेट्रोल पंप से दक्षिण तकरीबन सौ मीटर सड़क के किनारे रविवार की सुबह तकरीबन 6 बजे वहां से गुजर रहे ग्रामीण नवजात शिशु को देख कर चौंक गये। इसकी जानकारी गोला पुलिस को दी गयी। मौके पर पंहुची पुलिस ने शव का निरिक्षण किया तो पाया कि शिशु की मृत हो चुकी है। पुलिस आसपास के सीसीटीवी को खंगाल रही है ताकि यह पता लगाया जा सके कि मासूम को किसने वहां फेंका।

ग्रामीणों के अनुसार देखने से यह लग रहा था कि बच्चा तकरीबन सात से आठ माह के लगभग का था और इसे जिंदा ही सड़क के किनारे छोड़ा गया था। जिसकी मौत चंद घंटो पहले ही हुई है। स्थानीय लोगों ने घटना पर गहरा आक्रोश जताते हुए कहा कि इस तरह की घटनाएं समाज पर कलंक हैं। उनका कहना है कि सरकार और प्रशासन को ऐसी अमानवीय हरकत करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करनी चाहिए।

इस संबंध में थाना प्रभारी राहुल शुक्ल ने बताया कि नवजात के शव को विधिक कार्यवाई के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद ही आगे की जानकारी मिल सकेगी।

**एक सप्ताह में मिले दो नवजात :** बीते 13 सितंबर को कस्बा के रानीपुर नहर पुलिया पर एक नवजात बच्ची मिली थी जो जीवित थी तथा उसे पुलिस ने चाइल्ड केयर को सौंप दिया था। वहीं इस बार मिले नवजात को देखकर अनुमान लगाया जा रहा है कि इसे भी जिन्दा ही रखा गया रहा होगा। लेकिन बाद में उसकी मृत्यु हो गयी होगी।

# रकबा के अधिक बैनामा कराया व कर लिया कब्जा

गोरखपुर (एसएनबी)। रकबा से अधिक बैनामा कराया और दबंगई करके जमीन कब्जा लिया। यही नहीं अब पीड़ित शंकर चौहान निवासी अमवां थाना चिलुआताल को जानमाल की धमकी मिल रही है। पीड़ित ने जिलाधिकारी व एसएसपी को पत्र भेजकर मामले की जांच कराकर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

**■ 40 डिस्मिल से अधिक भूमि कब्जा करने का लगाया आरोप, पीड़ित शंकर चौहान ने डीएम व एसएसपी को लिखा शिकायती पत्र तथा की कार्रवाई की मांग**

पत्रक में शंकर चौहान पुत्र स्व. रामसुभग चौहान ने लिखा है कि हमारे पट्टीदार स्व. रामदास की पुत्रियों ने पड़ोसी गांव के जाफर व अन्य को बेच दिया। इसके बाद प्रापर्टी के कारोबारियों ने प्लाटिंग करके जमीन बेचा लेकिन रकबा से अधिक जमीन बेच दिया। इसमें बगल की मेरी जमीन पर लोगों को कब्जा दे दिया जबकि उन दिनों मैं मुंबई में रोजी-रोजगार करता था। जमीन पर कब्जा करने संबंधी जानकारी मिलने पर वापस आया तो पूछा। तब लोगों ने कहा कि तहसील जाकर अपना रकबा पैमाइश करा लें। इसके बाद मैं तहसील दौड़ता रहा लेकिन मेरी सुनवाई नहीं हुई। हम अपनी जमीन पर जाते हैं तब जाफर आदि जानमाल की धमकी देते हैं। तभी से पीड़ित शंकर चौहान अपने घर पर ही है और ऐसे में आर्थिक दिक्कतों का उसे सामना करना पड़ रहा है। पीड़ित का आरोप है कि प्लाटिंग करने वालों ने उसकी लगभग 40 डिस्मिल जमीन पर दूसरों को कब्जा करा दिया है। शिकायतकर्ता शंकर ने मांग की है कि इस तरह की हरकत करने वालों के खिलाफ जांच कराकर कठोर कार्रवाई की जाए ताकि उसकी 40 डिस्मिल जमीन वापस मिल सके।

## दरवाजे पर खड़ी स्कार्पियो हुई चोरी

सहजनवां (एसएनबी)। गीडा सेक्टर- 23 स्थित आवासीय कालोनी में दामाद के घर खड़ी स्कर्पियो शुक्रवार रात चोर चुरा ले गये। शनिवार को सुबह चोरी की जानकारी होने पर ससुर ने थाने पर तहरीर दी। पुलिस मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच कर रही है। सहजनवां थाना क्षेत्र के केशोपुर वार्ड नं- 12 निवासी हरिद्वार गौड़ ने पुलिस को बताया मेरी स्कर्पियो वाहन गीडा सेक्टर 23 आवासीय कालोनी स्थित दामाद इन्द्रजीत प्रसाद के घर खड़ी थी। शुक्रवार का रात चोर वाहन चुराकर फरार हो गये। पीड़ित की तहरीर पर गीडा पुलिस अज्ञात चोरो के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## दम्पति ने महिला को पीटकर किया घायल

हरपुर-बुदहट (एसएनबी)। ग्राम पंचायत महैता निवासिनी तारा देवी पत्नी स्व. शंकर यादव की तहरीर पर पुलिस ने गांव के ही समायन यादव पुत्र राम आसरे यादव और उनकी पत्नी ममता देवी के खिलाफ बीएनएस की धारा 115(2), 351( 3 ), 352 के तहत मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। हरपुरबुदहट थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत महैता निवासिनी तारा देवी ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि बीते 8 सितंबर को सुबह करीब छह बजे लघुशंका करने की बात को लेकर गांव के ही समायन यादव पुत्र राम आसरे यादव और उनकी पत्नी ममता देवी ने भद्दी- भद्दी गालियां देते हुए मारपीट कर घायल कर जान-माल की धमकी दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मुझ घायल को अस्पताल भिजवाया। इस संदर्भ में थानाध्यक्ष मदन मोहन मिश्र ने बताया कि पीड़िता की तहरीर पर केस दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है।

## शटरिंग खोलते समय आया हाईटेंशन तार की चपेट में, मौत

ककरही(एसएनबी)। गोला क्षेत्र के सरमे गाँव में शटरिंग खोलने गये युवक की हाईटेंशन विद्युत तार की चपेट में आने से मौत हो गयी। युवक लोहे की सीढी लेकर निर्माणाधीन मकान के अंदर जा रहा था उसी समय सीढ़ी घर के सामने से गुजर रही हाईटेंशन तार से छू गयी। गंभीरावस्था में युवक को सीएचसी गोला ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। इधर मौके पर पहुंची गोला पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

जानकारी के मुताविक विरेन्द्र कुमार (32) पुत्र रामकिशुन निवासी खोपापार रविवार को सुवह इसी थाना क्षेत्र के सरमे गाँव में जितेन्द्र यादव के नवनिर्मित मकान की शटरिंग खोलने के लिए अन्य पांच मजदूरों के साथ गया हुआ था। सभी अंदर चले गये उसी समय वह पिकअप मे रखे गये लोहे की सीढी को उतारकर अंदर ले जाने लगा। उसका ध्यान सामने से गुजर रहे हाईटेंशन तार की तरफ नहीं गया व सीढ़ी हाईटेंशन तार से छू गयी जिसके वाद उसने चीख मारी जिसे सुनकर सभी लोग वाहर आये तो वह अचेत पड़ा था। आनन-फानन में घायल को सीएचसी गोला लेकर जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक सड़सड़ा निवासी जमुना प्रसाद के शटरिंग पर कार्य करता था। मृतक तीन भाईयों में सवसे छोटा व शादी-शुदा था।

## पुरानी रंजिश में मां-बेट को किया घायल

गोरखपुर (एसएनबी)। पुरानी रंजिश को लेकर मां-वेटे को मारपीटकर घायल कर दिया। इस मामले में चिलुआताल थाने की पुलिस मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। चिलुआताल प्रतिनिधि के अनुसार नकहा नं एक अम्वेडकरपुरम रामजानकी नगर निवासी सुनीता देवी पत्नी परशुराम ने पुलिस को तहरीर देकर वतायी कि मेरा लड़का विनय कुछ काम से जा रहा था। गाँव के ही आकाश, किशन, रामनगीना व शैलेन्द्र पुरानी रंजिश को लेकर मारने-पीटने लगे। शोर मचाने पर जव मैं वीच वचाव करने पहुंची तो आकाश मुझे भद्दी-भद्दी गलियां देने लगा। विरोध की तो लाठी- डंडा एवं राड से मुझे और मेरे वेटे को गम्भीर रूप से घायल कर दिया। यही नहीं जान से मारने की धमकी देते हुये सव वहां से हटे। इधर 112 नं की सूचना पर पहुंची पीआरवी ने घायल माँ-वेटा को इलाज के लिये भेजा।

# 102 किलो गांजा बरामद दो गिरफ्तार

बेलीपार (एसएनबी)। गांजा तस्करी करने वाले दो तस्करों को पुलिस की संयुक्त टीम ने गिरफ्तार कर उनके पास से 102 किलोग्राम अवैध गांजा, एक कार तथा दो अदद मोबाइल बरामद किया है।

एएनटीएफ यूनिट के साथ जनपदीय पुलिस द्वारा चलाये जा रहे सघन चेकिंग के दौरान बेलीपार क्षेत्र से बिहार के गोपालगंज जनपद थाना जादोपुर ग्राम चतुरबगहा पोस्ट बाबू विशनपुर निवासी अनूप दुबे पुत्र स्व. लल्लन दुबे तथा कल मटिहिनिया विशंभरपुर निवासी कल शाह पुत्र मोदी शाह को कार में छिपा कर ले जाए जा रहे 102 किलो अवैध गांजा के साथ गिरफ्तार किया है। बता दें कि बेलीपार थाने में कुशीनगर जनपद के तरयासुजान थाना अंतर्गत बाघाचौर निवासी रमेश सिंह पुत्र रामदेव सिंह इस मामले में वांछित चल रहा है।

तस्करों को गिरफ्तार करने में एएनटीएफ यूनिट प्रयागराज के प्रभारी उप निरीक्षक सत्येंद्र प्रधान, उप निरीक्षक मनीष कुमार सिंह, हेड कांस्टेबल राजेश यादव, नीरज पांडेय, आशीष यादव के साथ स्थानीय पुलिस टीम से क्षेत्राधिकारी बांसगांव सर्किल अनुज कुमार सिंह, बेलीपार थाने के उप निरीक्षक विनय कुमार सिंह, कांस्टेबल मनीष कुशवाहा, चौथी राजभर शामिल रहे।

## गीडा में आवासीय सेक्टर से स्कार्पियो चोरी

जासं, सहजनवां : गीडा सेक्टर-23 स्थित आवासीय कालोनी में दामाद के घर खड़ी स्कार्पियो शुक्रवार की रात चोरी हो गई। शनिवार को सुबह चोरी की जानकारी होने पर ससुर ने तहरीर दी। पुलिस केस दर्ज कर जांच कर रही है। सहजनवा थाना क्षेत्र के केशोपुर वार्ड नं-12 निवासी हरिद्वार गौड़ ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि मेरी स्कार्पियो गीडा सेक्टर-23 आवासीय कालोनी स्थित दामाद इंद्रजीत प्रसाद के घर खड़ी थी। शुक्रवार की रात चोर वाहन चुराकर फरार हो गए। (जासं)

## गांजा के साथ युवक गिरफ्तार

संवाद सूत्र, पीपीगंज : नगर के वार्ड नंबर तीन बगहीभारी निवासी हजरत अली उर्फ छोटू शनिवार की रात साढ़े नौ बजे गांजा के साथ पुलिस ने गश्त के दौरान उसे गिरफ्तार कर लिया।

# तस्करों से सांठगांठ रखने वालों की हो रही गोपनीय जांच

जागरण संवाददाता, गोरखपुर: पशु तस्करों पर शिकंजा कसने में नाकाम व सांठगांठ रखने के आरोप में गोरखपुर-कुशीनगर में तैनात 40 पुलिसकर्मियों पर कार्रवाई हो चुकी है। पूरे नेटवर्क का सफाया करने के लिए गोपनीय जांच कराई जा रही है। सूत्रों का कहना है कि चिह्नित किए गए कई और नाम जल्द ही कुर्सी से हटाए जाएंगे और दशहरा के बाद बड़ी कार्रवाई तय है। पिपराइच के महुआचाफी में हुई घटना के बाद चौकी प्रभारी व चार पुलिसकर्मियों को निलंबित किया गया था।

लंबे समय से सीमा और हाईवे थानों पर जमे पुलिसकर्मियों की भूमिका अब कठघरे में है। जांच में पाया गया है कि नेपाल और बिहार की सीमा से सटे कई थानों पर तैनात कुछ निरीक्षक और दारोगा पशु तस्करों के साथ मिलकर गोरखपुर-कुशीनगर बेल्ट में अवैध कारोबार को संरक्षण दे रहे थे। एडीजी मुथा अशोक जैन ने साफ संकेत दिया है कि ऐसे पुलिसकर्मियों को न केवल रेंज से बाहर किया जाएगा, बल्कि विभागीय कार्रवाई भी होगी। शुक्रवार की शाम एडीजी ने गोरखपुर-कुशीनगर हाईवे पर स्थित थानों का औचक निरीक्षण के बाद ही कुशीनगर में 33 पुलिसकर्मियों का तबादला कर दिया गया। इनमें कसया और तमकुहीराज थानों के प्रभारी तक शामिल रहे। सूत्र बताते हैं कि गोरखपुर, देवरिया और महराजगंज जिलों में हाईवे और बार्डर थानों पर लंबे समय से टिके पुलिसकर्मियों की भी सूची तैयार की जा रही है। इनके विरुद्ध दशहरा बाद कार्रवाई होगी। इस कार्रवाई के तहत जो भी पुलिसकर्मी तस्करों के नेटवर्क या उनके सहयोगियों से संबंध रखते पाए जाएंगे, उन्हें न केवल निलंबन झेलना होगा बल्कि उन्हें रेंज से बाहर भी किया जाएगा। इससे पहले सोमवार की रात पिपराइच के महुआचाफी गांव में पशु तस्करों की पिटाई से नीट छात्र की मौत होने के बाद जंगल धूसड़ चौकी प्रभारी ज्योति नारायण तिवारी व चार सिपाहियों को निलंबित किया गया था। शनिवार को थाना व कस्बे में तैनात दो अन्य सिपाहियों को भी हटा दिया गया। गोपनीय जांच शुरू होने से उनकी परेशानी बढ़ गई है जो वर्षों से सीमाक्षेत्र के थानों पर जमे हुए हैं।

# मुठभेड़ में 25 हजार का इनामी पशु तस्कर गिरफ्तार

- रामपुर जिले के इमरान अली पर बेलघाट थाने में दर्ज था मुकदमा
- नवंबर 2024 को बेलघाट क्षेत्र में हुई थी घटना, दर्ज हैं 12 मुकदमे

जागरण संवाददाता, गोरखपुर : बेलघाट क्षेत्र में शनिवार की देर रात पुलिस से हुई मुठभेड़ में 25 हजार रुपये का इनामी पशु तस्कर इमरान अली गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस ने मौके से बाइक, तमंचा, कारतूस और खोखा बरामद किए। रामपुर के रहने वाले इमरान पर 12 मुकदमे दर्ज हैं। गोली उसके बाएं पैर में लगी है। पुलिस ने जिला अस्पताल में भर्ती कराया है।

एसपी दक्षिणी जितेंद्र कुमार ने बताया कि बेलघाट-शंकरपुर मार्ग पर शनिवार की रात बेलघाट पुलिस चेकिंग कर रही थी। इसी बीच इमरान के आने की जानकारी मिली। पुलिस ने घेराबंदी कर रोकने का प्रयास किया तो बाइक सवार इमरान ने फायरिंग कर दी। अली को रोकने का प्रयास किया। जवाबी कार्रवाई में उसके बाएं पैर में गोली लगी और उसे दबोच लिया गया। बेलघाट थाने में तीन नवंबर 2024 में उसके विरुद्ध मुकदमा दर्ज हुआ था।

इमरान अली रामपुर जिले के अजीमनगर, खिजरपुर का रहने वाला है। उसके विरुद्ध अब तक 12 गंभीर मुकदमे दर्ज हैं। इनमें हत्या के प्रयास, गैंग्सटर एक्ट, एनडीपीएस एक्ट, आर्म्स एक्ट और गोवध निवारण अधिनियम जैसे संगीन आरोप शामिल हैं।


पकड़ा गया पशु तस्कर इमरान • जागरण

संबंधित खबर विस्तार से पढ़ने के लिए स्कैन करें

# गैंग्सटर व 25 हजार का इनामी पशु तस्कर शाहरुख पकड़ा गया


पुलिस की गिरफ्त में पशु तस्कर शाहरुख

जागरण संवाददाता, गोरखपुर: गैंग्सटर एक्ट में फरार चल रहे 25 हजार के इनामी पशु तस्कर शाहरुख को खोराबार थाना पुलिस ने रविवार को गिरफ्तार कर लिया। आरोपित संभल जनपद के नक्खास थाना क्षेत्र के बल्ला की पुलिया का निवासी है। इसके विरुद्ध खोराबार थाने में दो, उन्नाव के माखी थाना और फतेहपुर के मलाव थाने में एक-एक मुकदमा दर्ज है, उसका साथी इरफान पहले ही जेल भेजा जा चुका है।

थाना प्रभारी इत्यानंद पांडेय ने बताया कि वर्ष 2024 में गश्त के दौरान खोराबार के कड़जहां इलाके में एक संदिग्ध कंटेनर को रोका गया था। जांच में उसमें 24 गोवंश बरामद हुए, जिन्हें शाहरूख और इरफान बिहार ले जाकर बेचने की फिराक में थे। पुलिस ने दोनों के विरुद्ध पशु क्रूरता अधिनियम के तहत केस दर्ज किया था। जेल भेजे जाने के बाद दोनों जमानत पर छूट गए और पुनः तस्करी में सक्रिय हो गए। पुलिस ने इनके आपराधिक इतिहास को देखते हुए गैंग्सटर एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया। इसके बाद इरफान को दोबारा गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया, जबकि शाहरूख फरार हो गया, उसकी गिरफ्तारी पर एसएसपी ने 25 हजार रुपये का इनाम घोषित किया था। खोराबार पुलिस की टीम ने रविवार को शाहरूख को दबोच लिया। उसके अन्य साथियों और तस्करी नेटवर्क की छानबीन में जुट गई है।

# आज सीएम से मिलेगा तस्करों के हमले में जान गंवाने वाले छात्र का परिवार


दुर्गेश गुप्ता को सांत्वना देते विश्व हिन्दू महासभा के पदाधिकारी • जागरण

संवाद सूत्र, चरगांवा : पिपराइच के महुआचाफी गांव में नीट की तैयारी कर रहे छात्र दीपक गुप्ता की हत्या के सातवें दिन रविवार को भी गांव में लोगों का आना-जाना लगा रहा। शुभचिंतक, जनप्रतिनिधि और विभिन्न संगठनों के पदाधिकारी परिजनों को ढांढस बंधाने पहुंचे और दोषियों को कड़ी सजा दिलाने की मांग उठाई। इस बीच दोपहर में पता चला कि एसएसपी ने छात्र के पिता दुर्गेश गुप्ता को फोन कर बताया कि सोमवार की सुबह मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से उनकी मुलाकात होगी।

दुर्गेश गुप्ता ने कहा कि मुख्यमंत्री जी से मुलाकात का समय सोमवार सुबह आठ बजे तय किया गया है। प्रशासन ने उन्हें आश्वस्त किया है कि परिवार को वाहन से ले जाने और वापस लाने की जिम्मेदारी पुलिस की होगी। मुख्यमंत्री से हम न्याय की गुहार लगाएंगे और बेटे की हत्या में शामिल हर दोषी को कड़ी सजा दिलाने की मांग करेंगे। रविवार को महुआचाफी गांव में तमकुहीराज विधायक असीम कुमार, विश्व हिंदू परिषद के प्रदेश उपाध्यक्ष गोपाल राय, बजरंग दल विभाग संयोजक विनोद मिश्रा सहित सैकड़ों लोग पहुंचे। सभी ने परिजनों से मिलकर दुख साझा किया और भरोसा दिलाया कि न्याय के लिए पूरा समाज उनके साथ खड़ा है।

## ट्रैक्टर चालक पर मुकदमा

हरपुर-बुदहट : थाना के रानीडीह गांव के प्रधान गंगा प्रसाद बेल्दार की तहरीर पर पुलिस ने अज्ञात ट्रैक्टर चालक के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस को उन्होंने बताया कि गुरुवार की शाम साढ़े सात बजे मैं और पिपराहेमा गांव के प्रधान उमेश यादव कार से घर जा रहे थे। अनंतपुर चौराहे पर स्थित पेट्रोल पंप के पास लदी ट्रैक्टर-ट्राली ने सामने से टक्कर मार दी। कार क्षतिग्रस्त हो गई और हमदोनों को चोट लगी। (संवाद सूत्र)

## करंट से मजदूर की मृत्यु

गोला : सरम गांव में रविवार को शटरिंग करने गए एक मजदूर की करंट की चपेट में आकर मृत्यु हो गई। गांव के जितेंद्र यादव की मकान बन रही है। रविवार को खोपापार निवासी 32 वर्षीय विरेंद्र पुत्र रामकिशुन अन्य पांच मजदूरों के साथ शटरिंग खोलने गए थे। वह पिकअप पर लदे लोहे के पाइप को अंदर ले जा रहे थे, तभी पाइप ऊपर से गुजर रहे हाईटेंशन तार से छू गया और वह नीचे गिर गए। लोगों ने तत्काल सीएचसी पहुंचाया, यहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। (जासं)

## पिपरौल चौकी के पास से मिक्सर प्लांट चोरी

सहजनवा : पिपरौली चौकी के पास दुर्घटना के बाद खड़ी ट्रालर में लगा मिक्सर प्लांट चोरी हो गया। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। संतकबीर नगर के महुली थाना के चोलखरी निवासी परमानंद ने पुलिस को बताया कि कैदी कमर्शियल नाम से ट्रालर चलाते हैं। 12 सितंबर को पिपरौली चौकी के करीब ट्रालर दुर्घटनाग्रस्त हो गया। इसमें गिट्टी का मिक्सर प्लांट लगा था और क्षतिग्रस्त हो गया था। मिक्सर प्लांट को चौकी के पास सड़क किनारे छोड़ दिया था। (जासं)

# वारंट बी पर बिहार से लाया जाएगा तस्कर मन्नू शाह

## जुबैर और मन्नू निषाद की तलाश तेज नेपाल सीमा पर बढ़ी चौकसी, पश्चिमी यूपी में भी पुलिस दे रही दबिश

### महुआचाफी कांड

- एसटीएफ ने केस संभालते ही तेज की दबिश, 10 से अधिक हिरासत में
- चिह्नित हुए आठ तस्करों में पांच पकड़े गए, एक की मौत, दो अब भी फरार

जागरण संवाददाता, गोरखपुर : पिपराइच के महुआचाफी गांव में नीट की तैयारी कर रहे छात्र दीपक गुप्ता की हत्या के मुख्य आरोपित पशु तस्कर मन्नू शाह को अब वारंट बी पर बिहार के गोपालगंज से गोरखपुर लाया जाएगा। विवेचना कर रही एसटीएफ ने गोपालगंज न्यायालय में अर्जी देने की तैयारी शुरू कर दी है। शुक्रवार को एसटीएफ और पुलिस की लगातार दबिश के बीच मन्नू शाह ने पुराने मुकदमे में सरेंडर कर लिया था। अब उसे यहां की अदालत में पेश कर पूछताछ की जाएगी। सूत्रों के मुताबिक, जिस बोलेरो से तस्करों ने महुआचाफी गांव में प्रवेश किया और दीपक को अगवा कर भाग निकले, वह बोलेरो मन्नू शाह की ही बताई जा रही है।

एसटीएफ ने शुक्रवार से केस की विवेचना अपने हाथ में लेकर दबिश तेज कर दी है। गोरखपुर यूनिट के निरीक्षक सत्यप्रकाश सिंह ने केस डायरी और साक्ष्य पिपराइच पुलिस से अपने कब्जे में लिया और शनिवार देर रात तक बिहार, पश्चिमी यूपी और नेपाल बार्डर तक छापेमारी की। सूत्रों के मुताबिक, फरार तस्करों की लोकेशन कई जिलों में मिली है। नेपाल सीमा को भी अलर्ट कर दिया गया है ताकि कोई देश छोड़कर भाग न सके। अब तक इस वारदात में आठ तस्करों की संलिप्तता सामने आ चुकी है। इनमें गोपालगंज का अजहर हुसैन ग्रामीणों के हत्थे चढ़ा था, जिसकी बाद में बीआरडी मेडिकल कालेज में मौत हो गई। कुशीनगर का रहीम पुलिस मुठभेड़ में पकड़ा गया। गोडा क्षेत्र के तीन तस्कर राजू, छोटू और रामलाल को पिपराइच पुलिस ने पकड़ा था। मन्नू शाह के सरेंडर के बाद भी गिरोह के दो बड़े खिलाड़ी अब भी फरार हैं। इनमें रामपुर का जुबैर और पिपराइच के मन्नू निषाद शामिल हैं। ग्रामीणों द्वारा पकड़े गए अजहर से बरामद कीपैड मोबाइल ने तस्करों के नेटवर्क का भंडाफोड़ किया।

पुलिस जांच में सामने आया कि वारदात वाली रात अजहर ने 22 अलग-अलग नंबरों पर बातचीत की थी। इनमें कई काल सीधे फरार आरोपितों से हुई थीं। इसी आधार पर एसटीएफ ने नेटवर्क की परतें खोलीं और आरोपितों के करीबियों को पूछताछ के लिए उठाया। अब तक 10 से अधिक लोगों को हिरासत में लिया जा चुका है।

फरार जुबैर और मन्नू निषाद की तलाश में गोरखपुर, कुशीनगर, देवरिया, संतकबीरनगर और पश्चिमी यूपी में दबिश जारी है।

## सात पशु तस्करों पर घोषित हुआ इनाम

जागरण संवाददाता, गोरखपुर : पुलिस ने पशु तस्करी और उससे जुड़े अपराधों पर शिकंजा कसते हुए सात तस्करों की सूची जारी की है। यह लंबे समय से फरार चल रहे हैं। थानेदार की रिपोर्ट पर एसएसपी राजकरन नय्यर ने इन सभी पर 25-25 हजार रुपये का इनाम घोषित किया है। आरोपित गोरखपुर के अलावा कुशीनगर और बिहार के रहने वाले हैं। स्थानीय पुलिस के अलावा क्राइम ब्रांच व एसटीएफ की टीमें लगातार दबिश दे रही हैं।

घोषित इनामी बदमाशों में हरपुर-बुदहट के घोटवा गांव का हनीफ पुत्र अजीज शामिल है। उस पर दो माह पहले हरपुर-बुदहट में गोवध निवारण और पशु क्रूरता अधिनियम का मुकदमा दर्ज है। गुलरिहा थाना क्षेत्र के हरिसेवकपुर निवासी सतीश यादव भी पशु तस्करी में शामिल था। उस पर थाना एम्स में तीन माह पहले कार्रवाई हुई थी। इसी केस में कुशीनगर के कुबेरस्थान थाना क्षेत्र के सेमरा हरदो गांव का तौसीफ आलम शेख भी वांछित है। कुशीनगर के कुबेरस्थान थाना क्षेत्र के लक्ष्मीपुर निवासी अजय कुमार गौड़, पडरौना कोतवाली के बसहिया बनवीरपुर गांव का परवेज आलम भी गैंगस्टर एक्ट के मुकदमे में फरार हैं। थाना खोराबार में इनके विरुद्ध गैंगस्टर एक्ट का मुकदमा दर्ज है। इसके अलावा बिहार के मुजफ्फरपुर जिले के मोहल्ला कुरेशियन, बखरा थाना तितावी निवासी सिद्दू उर्फ सिंटू उर्फ वाशिद अली गीडा थाने में दर्ज गैंगस्टर एक्ट के मुकदमे में फरार चल रहा है। जबकि गोपालगंज के गोपालपुर स्थित अहिरौली दुबौली टोला तकिया में रहने वाले मुस्ताक अहमद पर बेलीपार थाने में दर्ज पशु तस्करी का मुकदमा दर्ज है। एसएसपी ने बताया कि आरोपितों की तलाश में छापेमारी चल रही है।

## महिला सुरक्षा को लेकर निकाली रैली

जासं, गोरखपुर : महिलाओं की सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन को लेकर चलाए जा रहे मिशन शक्ति फेज-5 अभियान के तहत रविवार को पुलिस लाइन से एक जागरूकता रैली निकाली गई। रैली को एडीजी जोन मुथा अशोक जैन और डीआइजी रेंज एस. चनप्पा ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। रैली शहर के प्रमुख चौराहों से होते हुए पुनः पुलिस लाइन पहुंचकर संपन्न हुई। रैली में बड़ी संख्या में महिला और पुरुष पुलिसकर्मी शामिल रहे।

एसपी सिटी अभिनव त्यागी ने बताया कि मिशन शक्ति अभियान दो चरण में संचालित किया जाएगा। पहले चरण में पुलिसकर्मी नवरात्र के दौरान पूजा पंडालों में आने वाले श्रद्धालुओं की सुरक्षा सुनिश्चित करेंगे। महिला पुलिसकर्मी सादे कपड़े में मौजूद रहेंगी, ताकि घटना होने पर तत्काल कार्रवाई हो सके। स्कूल और कालेजों के बाहर खड़े शोहदों और मनबढ़ युवकों पर भी नजर रखी जाएगी। जरूरत पड़ने पर ऐसे लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। पुलिस की टीमें स्कूलों में जाकर छात्राओं को गुड टच-बैड टच की जानकारी देंगी।

# सजा मां दुर्गा का दरबार, कलश स्थापना आज से

## शारदीय नवरात्र को लेकर ग्रामीण क्षेत्रों में श्रद्धा और उत्साह का माहौल बनाए जा रहे आकर्षक पंडाल

संवाद सूत्र, महावनखोर: सोमवार से आरंभ हो रहे शारदीय नवरात्र को लेकर क्षेत्र में श्रद्धा और उत्साह का माहौल है। विभिन्न स्थानों पर मां दुर्गा के दरबार आकर्षक रूप से सजाए गए हैं। पंडालों में भव्य प्रतिमाएं स्थापित कर विधि-विधान से पूजा-अर्चना की तैयारी की गई है।

स्थानीय समितियों और युवाओं ने पंडालों को विद्युत सज्जा और रंग-बिरंगे फूलों से सजाया है। श्रद्धालु नवरात्रि के पहले दिन कलश स्थापना कर मां दुर्गा की आराधना करेंगे। पूजा पंडालों में सुरक्षा और व्यवस्था को लेकर समितियां सक्रिय हैं। महिलाओं और बच्चों में विशेष उत्साह देखने को मिल रहा है। नवरात्रि के नौ दिनों तक मां के जयकारों से क्षेत्र गूंजेगा। कैंपियरगंज क्षेत्र के मछलीगांव, चौमुखा, भौराबारी, करमैनीघाट, नेतवर, रामचौरा, महावनखोर, रावतगंज, शिवपुर, सोमहिया सहित अन्य स्थानों पर मां दुर्गा की प्रतिमा का पंडाल सजाया गया है। एसडीएम कैंपियरगंज सिद्धार्थ पाठक ने सुरक्षा व्यवस्था को लेकर निर्देश दिए हैं। उन्होंने बताया कि डीजे संचालक, विद्युत व्यवस्था सहित अन्य पहलुओं पर निगरानी के निर्देश दिए गए हैं।

- पंडालों में भव्य प्रतिमाएं स्थापित कर विधि-विधान से होगी पूजा
- सुरक्षा - व्यवस्था को लेकर सक्रिय हुई समितियां

### रावतगंज में 126 व चौमुखा में 53 वां वर्ष रामलीला का आयोजन

महावनखोर : शारदीय नवरात्र में श्री रामलीला समिति रावतगंज में 126 वां वर्ष रामलीला का आयोजन किया जाएगा। समिति के प्रबंधक नवनीत कुमार मिश्र ने बताया कि हर वर्ष की भांति रामलीला का आयोजन किया जाएगा। कैंपियरगंज के नगर पंचायत चौमुखा में 1972 से संचालित रामलीला का मंचन सोमवार से शुरू होगा। समिति के प्रदीप सिंह ने बताया कि 53 वर्षों से रामलीला का मंचन किया जा रहा है।

## दुर्गा पूजा की तैयारियों को नदी घाटों का एसडीएम ने किया निरीक्षण

संवाद सूत्र, उरुवा बाजार: एसडीएम खजनी राजेश प्रताप सिंह और सीओ खजनी शिल्पा कुमारी ने सिकरीगंज और बनकटा में स्थित कुआनो और आमी नदी घाटों का निरीक्षण किया। दुर्गा पूजा और मूर्ति विसर्जन के मद्देनजर, पुलिस क्षेत्राधिकारी शिल्पा कुमारी के साथ मिलकर घाटों की साफ-सफाई, कानून व्यवस्था और मूर्ति विसर्जन मार्ग की व्यवस्थाओं का अवलोकन किया गया। निरीक्षण के दौरान संबंधित अधिकारियों को आवश्यक सुधार के निर्देश दिए गए, ताकि दुर्गा पूजा के आयोजकों और भक्तों को इस पवित्र त्यौहार के दौरान किसी प्रकार की समस्या का सामना न करना पड़े। एसडीएम ने थाना प्रभारी सिकरीगंज, बेलघाट और खजनी को शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए आवश्यक निर्देश दिए। इस अवसर पर थाना प्रभारी बेलघाट विकास कुमार, सिकरीगंज सुभाष चंद्र और खजनी अनूप सिंह भी उपस्थित रहे।



सिकरीगंज वनकटा कुआनो नदी घाटों का निरीक्षण करते एसडीएम राजेश प्रताप सिंह सीओ खजनी शिल्पा कुमारी व अन्य • जागरण

## किशोरी का अपहरण दो पर केस दर्ज

जासं, कैंपियरगंज : थाना के एक गां की रहने वाली 17 वर्षीय किशोरी का अपहरण रिश्तेदारी के एक युवक ने चचेरे भाई के सहयोग से कर लिया। किशोरी की मां की तहरीर पर पुलिस ने आरोपितों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया है। किशोरी की मां ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि महराजगंज जिले के कोल्हुई थाना के कम्हरिया गांव में रिश्तेदारी है। रिश्तेदार का बेटा अनिकेत बेटी को मोबाइल फोन दे दिया था। चोरी से वह बात करता था। कुछ दिन पूर्व अपने चचेरे भाई गुलशन को शुक्रवार को भेजकर बेटी का अपहरण कर लिया। पुलिस ने आरोपितों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर तलाश शुरू कर दी है।

### सड़क किनारे नवजात का शव बरामद

**संवाद सूत्र, जानीपुर** : गोला क्षेत्र में सड़क किनारे एक नवजात का शव लावारिस हाल में मिला। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर आवश्यक कार्रवाई की। गोला-कौड़ीराम मार्ग पर ककरही पेट्रोल पंप से दक्षिण सड़क किनारे रविवार की सुबह छह बजे आने-जाने वालों ने नवजात का शव देखा। इसकी सूचना लोगों ने पुलिस को दी। पुलिस ने उसे कब्जे में ले लिया। वहीं, पुलिस आसपास के सीसी कैमरा का फुटेज खंगाल रही है। थाना प्रभारी राहुल शुक्ल ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही आगे की जानकारी हो सकेगी।

## मां-बेटे पर अपहरण का केस

**संवाद सूत्र, मुंडेरा बाजार** : चौरी चौरा थाना के एक गांव की 20 वर्षीय युवती को गांव का दीपक पासवान अपनी मां सरिता के सहयोग से चार दिन पूर्व अपहरण कर लिया। युवती के पिता ने पुलिस को बताया कि 16 सितंबर को बेटी का मां-बेटे ने अपहरण कर लिया। मेरी पत्नी आरोपित युवक की मां से पूछी तो उसने गाली देते हुए जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने आरोपित मां-बेटे के विरुद्ध अपहरण का मुकदमा दर्ज कर लिया है।

## मोबाइल फोन चलाने पर डांटा तो किशोरी ने कर ली आत्महत्या

**संवाद सूत्र, पीपीगंज** : मोबाइल फोन चलाने की बात पर स्वजन ने डांटा तो किशोरी ने कमरा बंद कर साड़ी का फंदा लगाकर जान दे दी। काफी देर तक कमरा नहीं खुला तो स्वजन ने पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने दरवाजा तोड़कर शव बाहर निकाला और आवश्यक कार्रवाई की।

नगर पंचायत के वार्ड नंबर-17 के रहने वाले दीपू विश्वकर्मा हैदराबाद में कारपेंटर हैं। घर पर उनकी चार बेटियां व एक बेटा मां के साथ रहते हैं। मां मिठाई की दुकान पर काम करती हैं। चार बेटियों में 16 वर्षीय काजल विश्वकर्मा दूसरे नंबर की थी। वह बापू इंटर कालेज में 10वीं कक्षा में पढ़ती थी। रविवार की सुबह 10 बजे से वह मोबाइल फोन पर बात कर रही थी। मां व बहनों ने मना किया, लेकिन नहीं मानी। इस पर मां ने डांट दिया।

### वाघागाड़ा पुल से युवक ने राप्ती नदी में लगाई छलांग

जासं, सहजनवा : गीडा थाना के नौसढ़ चौकी के बाघागाड़ा पुल से रविवार की दोपहर एक युवक ने राप्ती नदी में छलांग लगा दी। युवक तिवारीपुर थाना के डोमिनगढ़ गांव का रहने वाला 25 वर्षीय वीरू पुत्र स्वर्गीय सच्चितानंद यादव था। पुलिस ने युवक की तलाश के लिए एसडीआरएफ से सहयोग ली, मगर शाम तक कोई सफलता नहीं मिली।

### छात्रा से दुष्कर्म की कोशिश आरोपित गिरफ्तार

पिपरौली : गीडा थाना की रहने वाली 16 वर्षीय छात्रा से दुष्कर्म की कोशिश का मामला सामने आया है। पीड़िता की मां ने बताया कि बेटी शहर के एक कन्या इंटर कालेज में पढ़ती है। पुलिस ने आरोपित आशीष निषाद के खिलाफ केस दर्ज कर गिरफ्तार कर लिया है। (संवाद सूत्र)

## 102 किलो गांजा के साथ दो तस्कर गिरफ्तार

संवाद सूत्र, वेलीपार : अवैध मादक पदार्थों की तस्करी पर लगाम कसने के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत पुलिस और एएनटीएफ (एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स) की संयुक्त टीम ने बड़ी कार्रवाई की है। 102 किलोग्राम गांजा के साथ दो तस्करों को गिरफ्तार किया है। तस्करों के पास से एक कार और दो मोबाइल फोन भी बरामद किए गए हैं। इस गिरोह में कुशीनगर का एक आरोपित भी शामिल है। पुलिस उसकी तलाश में दबिश दे रही है। यह कार्रवाई सघन जांच अभियान के दौरान बेलीपार थाना क्षेत्र में की गई।

गिरफ्तार तस्करों की पहचान अनूप दुबे, निवासी चतुरबगहा, थाना जादेपुर, जिला गोपालगंज (बिहार) और कल्लू शाह, निवासी कल्ला मटिहिनिया विशंभरपुर, गोपालगंज के रूप में हुई है। दोनों आरोपित कार में गांजा छिपाकर ले जा रहे थे, तभी पुलिस टीम ने उन्हें दबोच लिया।

इस संबंध में बेलीपार थाने में एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर तफ्तीश शुरू कर दी गई है। पुलिस के अनुसार, इस गिरोह से जुड़ा एक अन्य आरोपित रमेश सिंह, निवासी बाघाचौर, थाना तरया सुजान, जनपद कुशीनगर फरार चल रहा है।

# एक और तस्कर का टखना तोड़ा

**i UPDATE**

gorakhpur@inext.co.in

## यूपी और बिहार के कई जिलों में एक्टिव हैं पशु तस्कर, पुलिस नेटवर्क को ध्वस्त करने में जुटी



**GORAKHPUR/ MAHADEVA BAZAR (21 Sep):** बेलघाट थाना एरिया में पशु तस्करों से पुलिस की मुठभेड़ हो गई. जिसमें पुलिस ने जवाबी कार्रवाई में 25 हजार का इनामी पशु तस्कर को अरेस्ट कर लिया. तस्कर के पैर में गोली लगी हैं. पुलिस ने उसे घायल हालत में जिला अस्पताल में भर्ती करवाया है.

### ताबड़तोड़ कार्रवाई शुरू

दीपक हत्या कांड के बाद पुलिस पशु तस्करों के खिलाफ ताबड़तोड़ कार्रवाई कर रही है. यूपी-बिहार में पुलिस पशु तस्करों के नेटवर्क को ध्वस्त करने में लगी हैं. बेलघाट एरिया में मुठभेड़ के दौरान पुलिस ने एक पशु तस्करों को अरेस्ट कर लिया है. पुलिस ने तस्कर की पहचान प्रदेश के पश्चिम के रामपुर जिले के टांडा थाना एरिया के मस्जिद काहना ईदगाह निवसी इमरान अली के रूप में की है. पुलिस उससे पूछताछ कर रही है.

### पुलिस पर चलाई गोलियां

पुलिस के अनुसार पशु तस्करों के खिलाफ पूरे जिले में अभियान चल रहा है. इसके तहत बेलघाट एरिया में शनिवार को देर रात करीब 2 बजे पुलिस टीम एक्टिव थी. तभी सूचना मिली कि बाइक से इनामी पशु तस्कर बेलघाट के रास्ते निकल रहा है. इस पर पुलिस ने घेराबंदी की. तभी एक बाइक जाते हुए नजर आई. पुलिस ने रूकने का इशारा किया. लेकिन तस्करों बाइक लेकर भागने लगा. पुलिस ने पीछा किया तो तस्कर गोलियां चलाने लगे. पुलिस की जवाबी कार्रवाई में एक तस्कर के पैर में गोली लग गई. वह बाइक समेत सड़क पर गिर गया. वहीं एक पशु तस्कर चकमा देकर भाग निकला. पुलिस उसकी तलाश कर रही है. घायल पशु तस्कर की पहचान रामपुर जिले के इमरान अली के रूप में हुई. पुलिस ने उसे अस्पताल में भर्ती कराया है. उसके खिलाफ कार्रवाई की जा रही है.

### बेलघाट थाने में केस

पुलिस के अनुसार तीन नवंबर 2024 को चेकिंग के दौरान बेलघाट थाना एरिया में एक पिकअप, एक गोवंश ले जा रहे वाहन को बरामद किया गया था. जिसके आधार पर केस दर्ज किया गया था. इमरानका नाम सामने आया था. पुलिस ने अरेस्टिंग के लिए 25 हजार का इनाम रखा था. इमरानी अली पर रामपुर जिले में 11 और गोरखपुर में एक आपराधिक मुकदमें दर्ज हैं. पुलिस ने एक बाइक, एक तमंचा, एक खोखा कारतूस और एक जिंदा कारतूस बरामद किया है.

**❝ जिले गोरखपुर में पुश तस्करों के खिलाफ लगातार कार्रवाई की जा रही है. शनिवार को 25 हजार इनामी पशु तस्कर को पकड़ा गया है. पशु तस्कर की तरफ से पुलिस पर फायरिंग की गई. जवाबी कार्रवाई में तस्कर के पैर में गोली लगी है. उसे इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती करवाया गया है. अन्य तस्करों की तलाश में पुलिस जुटी है. जितेंद्र कुमार,** एसपी साउथ

## गैंग्सटर व 25 हजार का इनामी पशु तस्कर शाहरुख हुआ अरेस्ट

**GORAKHPUR (21 Sep):** गैंग्सटर एक्ट में फरार चल रहे 25 हजार के इनामी पशु तस्कर शाहरूख को खोराबार थाना पुलिस ने रविवार को गिरफ्तार कर लिया. आरोपित संभल जनपद के नक्खास थाना क्षेत्र के बल्ला की पुलिया का निवासी है.

### रोका गया कंटेनर

थाना प्रभारी इत्यानंद पांडेय ने बताया कि वर्ष 2024 में गश्त के दौरान खोराबार के कड़जहां इलाके में एक संदिग्ध कंटेनर को रोका गया था. जांच में उसमें 24 गोवंश बरामद हुए, जिन्हें शाहरूख और इरफान बिहार ले जाकर बेचने की फिराक में थे. पूछताछ में आरोपितों ने स्वीकार किया कि वे लंबे समय से क्षेत्र में पशु तस्करी कर रहे हैं. पुलिस ने कंटेनर जब्त कर दोनों के विरुद्ध पशु क्रूरता अधिनियम के तहत केस दर्ज किया था. पुलिस ने इनके आपराधिक इतिहास को देखते हुए गैंग्सटर एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया. इसके बाद इरफान को दोबारा गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया, जबकि शाहरूख फरार हो गया, उसकी गिरफ्तारी पर एसएसपी ने 25 हजार रुपये का इनाम घोषित किया था. खोराबार पुलिस की टीम ने रविवार को शाहरूख को दबोच लिया.



# महिला सुरक्षा को ले निकली रैली

**GORAKHPUR (21 Sep):** महिलाओं की सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन को लेकर चलाए जा रहे मिशन शक्ति फेज-5 अभियान के तहत रविवार को पुलिस लाइन से एक जागरूकता रैली निकाली गई. रैली को एडीजी जोन मुथा अशोक जैन और डीआइजी रेंज एस. चनप्पा ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया. रैली शहर के प्रमुख चौराहों से होते हुए पुनः पुलिस लाइन पहुंचकर संपन्न हुई. रैली में बड़ी संख्या में महिला और पुरुष पुलिसकर्मी शामिल रहे. एसपी सिटी अभिनव त्यागी ने बताया कि मिशन शक्ति अभियान दो चरण में संचालित किया जाएगा. पहले चरण में पुलिसकर्मी नवरात्र के दौरान पूजा पंडालों में आने वाले श्रद्धालुओं की सुरक्षा सुनिश्चित करेंगे. महिला पुलिसकर्मी सादे कपड़े में मौजूद रहेंगी. स्कूल और कालेजों के बाहर खड़े शोहदों और मनबढ़ युवकों पर भी नजर रखी जाएगी. जरूरत पड़ने पर ऐसे लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी. पुलिस की टीमें स्कूलों में जाकर छात्राओं को गुड टच-बैड टच की जानकारी देंगी और उन्हें महिला हेल्पलाइन, 1090, 112 और चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 जैसे आपातकालीन नंबर भी नोट कराएंगे.

# बेलघाट में मुठभेड़ रामपुर के पशु तस्कर को लगी गोली, दबोचा

**गोरखपुर।** पिपराइच क्षेत्र में नीट की तैयारी कर रहे छात्र दीपक की हत्या के बाद पशु तस्करों पर जारी कार्रवाई के क्रम में बेलघाट पुलिस ने शनिवार की देर रात मुठभेड़ में रामपुर के पशु तस्कर को दबोच लिया। पुलिस की जवाबी कार्रवाई में उसके पैर में गोली लगी है। गो-तस्करी में आरोपित बदमाश इमरान अली पर 25 हजार रुपये का इनाम था। वह करीब दस महीने से फरार चल रहा था। पुलिस ने उसके पास से मोटरसाइकिल, अवैध तमंचा, एक खोखा कारतूस और एक जिंदा कारतूस बरामद किया है। ब्योरा P07

### बेलघाट पुलिस की शनिवार देर रात रामपुर के तस्कर से मुठभेड़

# पशु तस्कर को मुठभेड़ में दबोचा, पैर में लगी गोली




**गोरखपुर, वरिष्ठ संवाददाता।** छात्र दीपक की हत्या के बाद पशु तस्करों पर जारी कार्रवाई के क्रम में बेलघाट पुलिस ने शनिवार की देर रात मुठभेड़ में रामपुर के पशु तस्कर को दबोच लिया। पुलिस की जवाबी कार्रवाई में उसके पैर में गोली लगी है। गो-तस्करी में आरोपित बदमाश इमरान अली पर 25 हजार रुपये का इनाम था। वह करीब दस महीने से फरार चल रहा था। पुलिस ने उसके पास से मोटरसाइकिल, अवैध तमंचा, एक खोखा कारतूस और एक जिंदा कारतूस बरामद किया है।

एसएसपी के निर्देश पर अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत यह कार्रवाई की गई। एसपी नार्थ जितेन्द्र कुमार तोमर ने बताया कि शनिवार की रात में संदिग्ध तस्करों की तलाश में पुलिस टीम लगी थी। इस बीच एक बाइक सवार के आने की सूचना पर पुलिस ने उसे रोकने का प्रयास किया। इस पर वह फायरिंग करने लगा। पुलिस की जवाबी फायरिंग में उसके पैर में गोली लगी और वह बाइक लेकर गिर गया। उसकी पहचान रामपुर जिले के अजीम नगर थाना क्षेत्र के खिजरपुर निवासी अफसर अली के पुत्र इमरान अली के रूप में हुई है। वर्तमान में वह रामपुर के टांडा थाना क्षेत्र के मस्जिद कोहना ईदगाह के सामने रहता था। उसके खिलाफ 3 नवंबर 2024 को बेलघाट थाने में तस्करी का मुकदमा दर्ज था। एसएसपी गोरखपुर ने 25 हजार रुपये का इनाम रखा था। अब रामपुर के पशु तस्कर जुबैर अली की पुलिस और एसटीएफ को तलाश है।



मुठभेड़ में घायल पशु तस्कर इमरान।

## इमरान पर दर्ज हैं 12 केस

गिरफ्तार बदमाश इमरान अली के खिलाफ रामपुर व गोरखपुर जनपद में शस्त्र अधिनियम, एनडीपीएस एक्ट, गिरोहबंद अधिनियम, गोवध निवारण अधिनियम, हत्या के प्रयास सहित 12 मुकदमे विभिन्न थानों में दर्ज हैं। सबसे ज्यादा केस रामपुर जिले के थाने में पंजीकृत हैं।

## गिरफ्तार इनामी पशु तस्कर को जेल भेजा

**गोरखपुर।** खोराबार पुलिस ने गैंगस्टर में वांछित 25 हजार रुपये के इनामी पशु तस्कर को गिरफ्तार कर लिया। आरोपित की पहचान संभल के नक्खास थाना क्षेत्र के बलला की पुलिया निवासी शाहरूख के रूप में हुई। आरोपित को पुलिस ने कोर्ट में पेश किया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया।

## गो-तस्करों की सूची दूसरे जिले की पुलिस से होगी साझा

**रामपुर।** गोरखपुर में छात्र की हत्या के बाद चल रही कार्रवाई में अब तक रामपुर के दो पशु तस्करों को गोरखपुर और बस्ती में मुठभेड़ में पुलिस पकड़ चुकी है। यह दोनों सगे भाई हैं। वहीं छात्र हत्याकांड में शामिल जुबैर की तलाश जारी है। उस पर एक लाख रुपये का इनाम घोषित है।

# दीपक के परिवार से आज मिलेंगे योगी

**गोरखपुर।** दीपक की हत्या के बाद पीड़ित परिवारीजों से सोमवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ मिल सकते हैं। रविवार की देर शाम को दीपक के परिवारीजनों को यह सूचना दी गई है। बताया जा रहा है कि मुख्यमंत्री 11 बजे उनसे मिल सकते हैं। दीपक के मां-बाप और चाचा उनसे मिल सकते हैं। दीपक के चाचा ने सोमवार को सीएम से मिलने की बात की पुष्टि की है।

## आठ पशु तस्करों पर 25-25 हजार रुपये का इनाम

**गोरखपुर।** गोरखपुर जिले के विभिन्न थानों में पंजीकृत पशु तस्करी व अन्य मामलों में फरार चल रहे आठ वांछित अपराधियों की गिरफ्तारी पर एसएसपी राज करन नैय्यर ने 25-25 हजार रुपये का इनाम रखा है। गोरखपुर के अलावा कुशीनगर, मुजफ्फरपुर और गोपालगंज के भी रहने वाले हैं। थाना हरपुर बुदहट में गोवध निवारण अधिनियम के तहत दर्ज मुकदमे में फरार हनीफ पुत्र अजीज निवासी घोटवा और एम्स में दर्ज फरार सतीश यादव, तौसीफ आलम कुशीनगर पर भी 25-25 हजार का पुरस्कार घोषित किया गया है।

# मुख्य आरोपी मन्नू शाह को वारंट बी पर लेकर आएगी एसटीएफ

**गोरखपुर, वरिष्ठ संवाददाता।** नीट की तैयारी कर रहे छात्र दीपक गुप्ता की हत्या के मुख्य आरोपी पशु तस्कर मन्नू शाह को अब वारंट बी के तहत गोरखपुर ले आया जाएगा। बिहार के गोपालगंज में कोर्ट में उसने सरेंडर कर दिया है। एसटीएफ और पुलिस की टीम ने गोपालगंज न्यायालय में अर्जी देने की तैयारी शुरू कर दी है।

एसटीएफ ने केस की विवेचना अपने हाथ में लेकर दबिश तेज कर दी है। बिहार, पश्चिमी यूपी और नेपाल सीमा तक छापेमारी की जा रही है। नेपाल सीमा पर भी अलर्ट कर दिया गया है ताकि कोई आरोपी देश छोड़कर भाग न सके। अब तक इस वारदात में आठ तस्करों की संलिप्तता सामने आई है। इनमें गोपालगंज का अजहर हुसैन ग्रामीणों द्वारा पकड़ा गया था, जिसकी बाद में बीआरडी मेडिकल कॉलेज में मौत हो गई। कुशीनगर का रहीम पुलिस मुठभेड़ में पकड़ा गया।

## दोनों निरीक्षकों को तुरंत, बाकी को 30 से पहले करें रिलीव

रविवार देर शाम डीजी कार्यालय से जारी आदेश में स्पष्ट कहा गया है कि जिन दो निरीक्षकों का तबादला हुआ है उन्हें तत्काल रिलीव कर दिया जाए। शेष छह उपनिरीक्षकों को 30 सितंबर के पहले जिले से रिलीव किया जाए। कुशीनगर के नवागत एसएसपी ने पुलिसकर्मियों को जिले से हटाने के लिए पत्र लिखा था। निरीक्षक सुशील शुक्ल को सीआईडी और अमित शर्मा को स्पेशल इंक्वायरी में भेजा गया है।

## तरकुलहा मंदिर में खड़ी कार का शीशा तोड़ा

**चौरीचौरा।** तरकुलहा मंदिर में माता का दर्शन करने आए श्रद्धालुओं की कार शरारती तत्वों ने क्षतिग्रस्त कर दी। गोरखपुर के संजीव कुमार सिंह ने तहरीर में बताया कि शनिवार देर रात अपने साथियों के साथ निजी वाहन से मंदिर परिसर पहुंचे थे। भोजन के बाद जब लौटे तो देखा कि कार का शीशा ईंट से तोड़ दिया गया है। घटना किशन टैटू की दुकान के सामने हुई, जहां दो सुरक्षा कैमरे लगे हैं। बताया गया कि एक कैमरा बंद था, जबकि दूसरा चालू था, लेकिन घटना के समय घुमा दिया गया था। चौकी इंचार्ज सौरभ झा ने बताया कि दुकान मालिक लखनऊ में रहते हैं और कैमरा तीन महीने से काम नहीं कर रहा है। संवाद

## नाबालिग का अपहरण, पुलिस जांच में जुटी

**कैंपियरगंज।** थाना क्षेत्र के एक गांव में 17 वर्षीय नाबालिग का अपहरण होने का मामला सामने आया है। किशोरी की मां ने पुलिस को दी तहरीर में आरोप लगाया कि 19 सितंबर की सुबह रिश्तेदार अनिकेत अपने चचेरे भाई गुलशन के जरिये बेटी को बहला-फुसलाकर ले गया। एसओ राकेश रोशन ने बताया कि मामले में केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है। संवाद

## वाहन चोरी करने वाले गिरोह पर गैंगस्टर एक्ट में केस

**गोरखपुर।** संगठित अपराधों पर अंकुश लगाने के लिए पुलिस ने गीडा क्षेत्र में सक्रिय वाहन चोर गिरोह पर बड़ी कार्रवाई की है। पुलिस ने गिरोह के सरगना अमित उर्फ सन्ने भिलौरा खुर्द, इरफान, दीपक, गुलाब, अजय गुप्ता और विशाल गुप्ता शामिल हैं। पुलिस के अनुसार, यह गिरोह सामूहिक रूप से वाहन चोरी और चोरी के सामानों की खरीद-फरोख्त करता था। छह, नौ और 13 अप्रैल 2025 को क्रमशः कुरमौल, सेक्टर-22 और अन्य स्थानों से वाहन चोरी की घटनाएं हुई थीं। पुलिस ने इन घटनाओं की विवेचना के बाद गैंगचार्ट तैयार कर जिला मजिस्ट्रेट से अनुमोदन प्राप्त कर कार्रवाई की है। ब्यूरो

# मुठभेड़ में 25 हजार का इनामी पशु तस्कर गिरफ्तार

## रामपुर जिले का रहने वाला है आरोपी इमरान अली, गैंगस्टर एक्ट में भी दर्ज हैं केस, पैर में लगी गोली, जिला अस्पताल में कराया गया भर्ती

अमर उजाला ब्यूरो

गोरखपुर। बेलघाट थाना क्षेत्र में शनिवार रात पुलिस और पशु तस्करों के बीच मुठभेड़ हुई। इसमें 25 हजार रुपये के इनामी तस्कर इमरान अली को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। उसे गोली पैर में लगी है। उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। आरोपी इमरान रामपुर जिले के टांडा थाना क्षेत्र के मस्जिद कालन्दा ईदगाह का रहने वाला है। रामपुर में इमरान पर गैंगस्टर एक्ट में केस भी दर्ज है।

पुलिस को सूचना मिली थी कि एक इनामी तस्कर बाइक से बेलघाट की ओर से गुजरने वाला है। इस पर पुलिस ने बेलघाट कस्बे में घेराबंदी शुरू की। एक बाइक पर दो लोग आते दिखाई दिए। पुलिस ने रुकने का इशारा किया लेकिन तस्कर भागने लगे और फायरिंग शुरू कर दी।

जवाबी फायरिंग में एक आरोपी के पैर में गोली लगी और वह गिर पड़ा। उसका साथी मौके से भाग गया, जिसकी तलाश जारी है। पकड़े गए आरोपी की पहचान रामपुर जिले के इमरान अली के रूप में हुई।

पुलिस के अनुसार, तीन नवंबर 2024 को बेलघाट में चेकिंग के दौरान एक पिकअप से गोवंश बरामद हुआ था। इस मामले में इमरान के खिलाफ केस दर्ज किया गया था। उस पर गोरखपुर और रामपुर में गो-तस्करी, आर्म्स एक्ट और गैंगस्टर सहित 12 आपराधिक केस दर्ज हैं। पुलिस ने उसके पास से एक बाइक, तमंचा और कारतूस बरामद किया है।



बेलघाट क्षेत्र में मुठभेड़ में गिरफ्तार पशु तस्कर को ले जाती पुलिस। स्रोत: पुलिस

### सात पशु तस्करों पर 25-25 हजार का इनाम घोषित

गोरखपुर। पिपराइच क्षेत्र के महुआचाफी में दीपक गुप्ता हत्याकांड के बाद पशु तस्करों के खिलाफ पुलिस लगातार कार्रवाई कर रही है। अब पुलिस ने पशु तस्करी और उससे जुड़े सात वांछित तस्करों की सूची जारी की है। एसएसपी राजकरन नय्यर ने थानेदारों की रिपोर्ट के आधार पर इन सभी पर 25-25 हजार रुपये का इनाम घोषित किया है। आरोपी गोरखपुर, कुशीनगर और बिहार के निवासी हैं। घोषित इनामी बदमाशों में हरपुर-बुदहट के घंटवा गांव का हनीफ शामिल है, जिस पर दो माह पहले गोवध निवारण अधिनियम और पशु क्रूरता अधिनियम के तहत केस दर्ज हुआ था। इसके अलावा, गुलरिहा थाना क्षेत्र के हरिसेवकपुर निवासी मनीष यादव है, जिस पर थाना एम्स में तीन माह पहले कार्रवाई हुई थी। इसी केस में कुबेरस्थान थाना क्षेत्र के सेमरा हरदो गांव का तौफीक आलम शेख भी वांछित है। कुशीनगर के कुबेरस्थान थाना क्षेत्र के लक्ष्मीपुर निवासी अजय कुमार गौड़ और पडरौना कोतवाली के बसहिया बनवीरपुर गांव के परवेज आलम भी गैंगस्टर एक्ट के तहत वांछित हैं। थाना खोराबार में इनके खिलाफ गैंगस्टर एक्ट का केस दर्ज है। बिहार के मुजफ्फरपुर जिले के मोहल्ला कुरैशियन, बखरा थाना तिलावे निवासी मिट्ठू उर्फ मिंटू उर्फ वाहिद अली और गोपालगंज के गोपालपुर स्थित अहिरौली दुबौली टोला तकिया के मुस्ताक अहमद हैं। ब्यूरो

### 25 हजार का इनामी पशु तस्कर शाहरुख दबोचा गया

गोरखपुर। पशु तस्करों की धरपकड़ में जुटी पुलिस ने रविवार को 25 हजार रुपये के इनामी गैंगस्टर और पशु तस्कर शाहरुख को खोराबार क्षेत्र से गिरफ्तार कर लिया। शाहरुख संभल जिले के नखासा थाना क्षेत्र के बलला की पुलिया का रहने वाला है। पुलिस ने उसे न्यायालय में पेश किया, जहां से उसे जेल भेज दिया है। पुलिस के अनुसार, शाहरुख पर उन्नाव और फतेहपुर जिलों में भी कई मामले दर्ज हैं। आरोपी लंबे समय से पशु तस्करी और अन्य आपराधिक गतिविधियों में लिप्त था और कई थानों में वांछित था। खोराबार थाने में शाहरुख पर गो-तस्करी का केस दर्ज था। इसके बाद उस पर गैंगस्टर एक्ट में भी केस दर्ज किया गया था। पुलिस को सूचना मिली कि शाहरुख खोराबार इलाके में है। सूचना के आधार पर पुलिस ने उसकी घेराबंदी करते हुए गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तारी के बाद आरोपी शाहरुख को कोर्ट में पेश किया गया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया। एसपी सिटी अभिनव त्यागी ने बताया कि पुलिस ने रविवार को इनामी पशु तस्कर शाहरुख को गिरफ्तार कर लिया, न्यायालय के समक्ष उसे पेश किया गया जहां से उसे जेल भिजवा दिया गया। ब्यूरो



गिरफ्तार शाहरुख। स्रोत: पुलिस

### आज सीएम से मिलेंगे दीपक गुप्ता के परिजन

गोरखपुर। पिपराइच क्षेत्र के महुआचाफी गांव में दीपक गुप्ता की हत्या के सातवें दिन रविवार को भी गांव में परिजन और शुभचिंतक जुटे रहे। दीपक के परिजन सोमवार को सीएम योगी आदित्यनाथ से मिलेंगे। रविवार को जनप्रतिनिधि और विभिन्न संगठनों के पदाधिकारी परिजनों को ढांढस बंधाने और दोषियों को कड़ी सजा दिलाने की मांग करने पहुंचे। मृतक के पिता दुर्गेश गुप्ता ने बताया कि सोमवार की सुबह मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से उनकी मुलाकात होगी। रविवार दोपहर एसएसपी राजकरन नय्यर ने इस संबंध में परिजनों को जानकारी दी। मुख्यमंत्री से मुलाकात का समय सुबह आठ बजे तय किया गया है। पुलिस की सुरक्षा में परिजनों को ले जाया जाएगा। परिजनों ने उम्मीद जताई कि मुख्यमंत्री से मुलाकात के बाद न्याय की प्रक्रिया तेज होगी और दोषियों को शीघ्र सजा दिलाई जाएगी। ब्यूरो

*बेलघाट पुलिस ने मुठभेड़ में एक पशु तस्कर इमरान को गिरफ्तार किया है। उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया है। इमरान पर 12 आपराधिक केस दर्ज हैं। इसमें गो-तस्करी, आर्म्स एक्ट और*

View All Pages | Page 13 of 26



21 सितंबर को प्रकाशित खबर।

### वारंट बी पर गोरखपुर लाया जाएगा मन्नू शाह

गोरखपुर। दीपक गुप्ता हत्याकांड में मुख्य आरोपी और पशु तस्कर मन्नू शाह को अब वारंट बी पर बिहार के गोपालगंज से गोरखपुर लाया जाएगा। एसटीएफ ने गोपालगंज कोर्ट में अर्जी देने की तैयारी शुरू कर दी है।

शुक्रवार को लगातार दबिश के बीच मन्नू शाह ने पुराने केस में गोपालगंज कोर्ट में सरेंडर कर दिया था। सूत्रों ने बताया कि जिस बोलेरो से तस्करों ने महुआचाफी गांव में प्रवेश कर दीपक को अगवा किया, वह मन्नू शाह की ही बताई जा रही है। एसटीएफ गोरखपुर यूनिट के निरीक्षक सत्यप्रकाश सिंह ने केस डायरी और साक्ष्य पिपराइच पुलिस से अपने कब्जे में लिया और शनिवार देर रात तक बिहार, पश्चिमी यूपी और नेपाल सीमा तक दबिश दी। अब तक इस वारदात में आठ तस्करों की संलिप्तता सामने आ चुकी है। इसमें गोपालगंज का अजहर हुसैन और कुशीनगर का रहीम शामिल हैं। गीडा क्षेत्र के तीन तस्कर राजू, छोटू और रामलाल को पिपराइच पुलिस ने पकड़ लिया था। मन्नू शाह के सरेंडर के बाद भी रामपुर का जुबैर और पिपराइच का मन्नू निषाद भागे फिर रहे हैं। ब्यूरो

# एएनटीएफ ने एक क्विंटल गांजा के साथ दो तस्करों को पकड़ा

अमर उजाला ब्यूरो

गोरखपुर/प्रयागराज। एंटी-नारकोटिक्स टास्क फोर्स (एएनटीएफ) प्रयागराज की टीम ने गोरखपुर के बेलीपार बाघगाड़ा अंडरपास के पास से नशा तस्करी के आरोप में दो को गिरफ्तार किया है। बिहार गोपालगंज निवासी कार सवार आरोपी अनूप दुबे और कल्लू शाह के कब्जे से टीम ने 102 किलो गांजा बरामद किया है। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर इसकी कीमत करीब 51 लाख रुपये आंकी गई है।

एएनटीएफ प्रयागराज यूनिट को सूचना मिली थी कि बिहार से गांजा लाकर विभिन्न शहरों में सप्लाई करने वाले दो तस्कर गोरखपुर से गुजरने वाले हैं। सूचना पर रविवार को एएनटीएफ प्रभारी सतेंद्र प्रधान की अगुवाई में एसआई मनीष कुमार, एचसी सत्येश राय आदि की टीम ने शाम करीब पांच बजे दोनों आरोपियों को पकड़ लिया।



गांजा के साथ गिरफ्तार आरोपी। स्रोत: पुलिस

उनकी कार से गांजा के अलावा दो मोबाइल और 1350 रुपये नकदी बरामद की गई है। पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि उनके पास मिला गांजा कुशीनगर के थाना तरया सुजान के बाघाचौर निवासी रमेश सिंह ने बिहार से मंगवाया था। इसे आगे सप्लाई करना था।




बड़हलगंज कस्बे में निकाला गया जुलूस। संवाद

# बिना अनुमति निकाला जुलूस...एक हिरासत में

बड़हलगंज। कस्बे में रविवार को संप्रदाय विशेष के कुछ युवकों ने 'आई लव मोहम्मद' के नाम से इंग्लिश और उर्दू में बैनर लिखे पोस्टर लेकर जुलूस निकाला। सूचना पाते ही पुलिस ने तुरंत कार्रवाई की और एक युवक को हिरासत में लेकर जांच शुरू कर दी। जानकारी के अनुसार, जुलूस कस्बे के विभिन्न मार्गों से होते हुए गोला मोहल्ले में जाकर समाप्त हुआ। यह घटना कस्बे में चर्चा का विषय बनी हुई है। पुलिस ने बताया कि जुलूस प्रशासन की अनुमति के बिना निकाला गया, जो नियमों के खिलाफ है। एसएसआई केके गुप्त ने कहा कि दो दिन पहले भी कुछ युवक इसी प्रकार के अभियान के लिए आए थे, जिन्हें मना किया गया था। पुलिस सभी पहलुओं की जांच कर रही है और आवश्यकतानुसार आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी। संवाद

# युवक को चोर समझ कर पीटा, मौत

## गुलरिहा थाना क्षेत्र के हरसेवकपुर नंबर एक का रहने वाला था सुनील, रामगढ़ताल पुलिस ने दर्ज किया केस

अमर उजाला ब्यूरो

**पादरी बाजार (गोरखपुर)।** रामगढ़ताल इलाके के कठउर में शुक्रवार रात ग्रामीणों ने सुनील



सुनील चौहान

(फाइल फोटो)

चौहान (32) को चोर समझ कर ईंट-डंडे से बेरहमी से पिटाई कर दी। आरोप है कि घायल अवस्था में सुनील को बंधे पर फेंक कर ग्रामीण भाग गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने उसे को जिला अस्पताल में भर्ती कराया, जहां रविवार सुबह मौत हो गई। मृतक के बहनोई के भाई करन की तहरीर पर रामगढ़ताल थाना की पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है। उधर, शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया।

### चार बहनों में था सबसे बड़ा बहनोई के साथ रहकर बिजली सजावट का करता था काम

गुलरिहा इलाके के खजांची चौराहा स्थित हरसेवकपुर नंबर एक के झझवां टोला निवासी सुनील चौहान चार बहनों में सबसे बड़ा था। उसकी छह वर्ष पहले शादी हुई थी लेकिन पत्नी तीन वर्षों से किसी वजह से उसके पास नहीं रहती है। इसके बाद वह शाहपुर इलाके के इंद्रप्रस्थपुरम कॉलोनी में बहनोई सुनील चौहान के घर रहता था। बहनोई के भाई करन के साथ शादी-विवाह में डेकोरेशन (बिजली का सजावट) का काम करता था।

डायल 112 पर सूचना के बाद घायल युवक को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया था। मामले में परिजनों की तहरीर पर केस दर्ज कर लिया गया है। कुछ युवकों को हिरासत में लेकर पुलिस पूछताछ कर रही है।
**- अभिनव त्यागी**, एसपी सिटी

सुनील के बहनोई ने बताया कि बुधवार रात आठ बजे के करीब घर से पैदल निकला था। मोबाइल घर पर ही छोड़ दिया था। उन्हें लगा कि कुछ देर में घूम कर घर आ जाएगा। देर रात तक घर नहीं पहुंचा तो सगे संबंधियों के यहां उसकी तलाश कर रहे थे लेकिन कोई सुराग नहीं लगा।

शनिवार सुबह सूचना मिली की वह जिला अस्पताल में भर्ती है। वहां पहुंचने पर वह गंभीर अवस्था में भर्ती था। बहनोई ने आरोप लगाया कि अस्पताल में भर्ती उनका साला कह रहा था कि वहां के कुछ लोगों ने चोर समझाकर ईंट-डंडे से मारा है।

## मुठभेड़ में 25 हजार का इनामी पशु तस्कर गिरफ्तार

**गोरखपुर।** बेलघाट थाना क्षेत्र में शनिवार रात पुलिस और पशु तस्करों के बीच मुठभेड़ हुई। इसमें 25 हजार रुपये के इनामी तस्कर इमरान अली को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। उसे गोली पैर में लगी है। आरोपी इमरान रामपुर जिले के मस्जिद काहना ईदगाह का रहने वाला है। >> पेज 2

# 25 हजार का इनामी पशु तस्कर मुठभेड़ में घायल

बेलघाट (एसएनबी)। सांऊखोर बंधे पर 25 हजार का इनामी पशु तस्कर इमरान पुत्र अफसर पुलिस मुठभेड़ में घायल हो गया। गोली उसके पैर में लगी है और इस दौरान उसका दूसरा साथी भागने में सफल रहा। घायल तस्कर को मेडिकल कालेज में भर्ती कराया गया है।

> ■ सांऊखोर बंधे पर पुलिस से मिल गया इनामी पशु तस्कर इमरान जबकि उसका सहयोगी भाग निकला, घायल तस्कर को इलाज के लिए मेडिकल कालेज ले जाया गया

इनामी पशु तस्कर इमरान पुत्र अफसर निवासी खिदिरपुर थाना अजीमनगर जिला रामपुर की बेलघाट पुलिस को 10 माह से तलाश थी। पशु तस्करी के मामले में इमरान की इस क्षेत्र में खासा नेटवर्क बताया जाता है। पशु तस्कर इमरान उरुवा थाना क्षेत्र के अपने एक साथी के साथ बाइक से रात करीब एक बजे धुरियापार की तरफ जा रहा था। तभी पुलिस गश्त के दौरान मुकारिमपुर सांऊखोर बंधे के बीच चेकिंग के लिए बाइक चालक को हाथ देकर रोकना चाहा। इसके बाद फायर करते हुए बाइक सवार बदमाश भागने लगी लेकिन इस बीच पुलिस की फायरिंग में पशु तस्कर इमरान गिर गया। गोली उसके पैर में लगी है। इधर बाइक चला रहा तस्कर का दूसरा साथी मौके का लाभ उठाकर भागने में सफल हो गया। इनामी पशु तस्कर



इमरान के खिलाफ बेलघाट थाने में मुकदमा पंजीकृत है। इधर तलाशी के दौरान इमरान के पास 315 बोर का एक तमंचा एक जिंदा कारतूस एवं एक खोखा बरामद हुआ। मुठभेड़ करने वाली टीम में थानाध्यक्ष बेलघाट विकास कुमार व सहयोगी जितेश श्रीवास्तव, संजीव कुमार एवं अनिल कुमार आदि पुलिसकर्मी शामिल रहे।

# DEORIA POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांकः-22-09-2025

## सीजेएम न्यायालय के आदेश पर मुकदमा दर्ज

**बनकटा/अकटही बाजार (एसएनबी)।** स्थानीय थाना क्षेत्र के कोठा निवासी सुनील यादव की शिकायत के मामले में पुलिस ने सीजेएम न्यायालय के आदेश पर मुकदमा दर्ज कर लिया है। दिये गए शिकायती पत्र में शिकायतकर्ता ने आरोप लगाया गया था कि 22 दिसम्बर को मेरा भतीजा अनील यादव व रोहित यादव दोनों अपने दोस्त के बुलाने पर ग्राम कुटिया बौलिया खेल ग्राउण्ड पर पहुँचे थे कि पहले से रंजिश रखने वाले अभियुक्त आशीष गौतम पुत्र जयसुर्या प्रसाद व पवन पटेल पुत्र उमेश रितिक पटेल पुत्र सुरेश पटेल निवासीगण ग्राम बंजरिया, थाना बनकटा जिला देवरिया अरविन्द जायसवाल पुत्र सत्यनरायन जायसवाल निवासी ग्राम दास नरहिया, थाना बनकटा जिला देवरिया, नसीम अंसारी पुत्र मुबारक अंसारी ग्राम भैसही, थाना बनकटा, जिला देवरिया हरिओम यादव पुत्र उमेश यादव ग्राम खोराबार, थाना बनकटा जिला देवरिया अपने बाईक से घातक हथियार के साथ पहुँचे और मेरे दोनों भतीजों को मारने लगे। जिसमें रोहित भागकर जान बचाया तथा अनिल यादव बाईक से भागने लगा कि सभी लोग पीछा कर बाईक में ठोकर मारकर गिरा दिये। जिससे उसका बाया पैर टूट गया। मोटर साइकिल बदन पर चढ़ाकर कुचल दिया। जिससे उसका बाये कन्धे की हड्डी टूट गयी ये लोग जान से मारने की नियत से आये थे इनके घातक हमले में रोहित अनिल को घातक चोट पहुँचा है वह अस्पताल में भर्ती रहा है तथा उसके पाँव में राड पड़ा है और कन्धे की हड्डी हसुली टुटी है जिसका इलाज चल रहा है। इस बावत थानाध्यक्ष नवीन चौधरी ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर लिया गया है विवेचना की जा रही है।

## दो पक्षों में हुई मारपीट में छह घायल

**खुखुन्दू(एसएनबी)।** स्थानीय थाना क्षेत्र के शेरवां बभनौली गांव निवासी हीरालाल चौहान और सुनील चौहान के घर की लड़कियां गांव के ही एक स्कूल में पढ़ाई करती है। आरोप है कि शनिवार को हीरालाल की बेटियों सलोनी, नेहा और सुनिल की बेटी सुगंति से स्कूल में ही किसी बात को लेकर विवाद हो गया। यह बात घर आकर सुंगति ने परिजनों से बता दी। जब सलोनी और नेहा स्कूल से घर लौट रही थी तो उसके सुगंति के परिजनों ने दोनों को घेरकर मारपीट दिया। आरोप है कि इसके बाद घर की महिलाएं गाली-गलौज करते दरवाजे पर चढ़कर आई और सलोनी की मां स्तुति देवी और बड़ी बहन अंजू देवी को भी मारा-पीटा। उधर, सुनिल पक्ष से मारपीट में सुगंति समेत दो के घायल होने की सूचना मिली है। इंस्पेक्टर कल्याण सिंह सागर ने बताया कि स्कूल में छात्राओं से हुए विवाद को लेकर मारपीट की बात सामने आई है। जांच कर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

## पीस कमेटी की बैठक सम्पन्न

**बनकटा/अकटही बाजार (एसएनबी)।** स्थानीय थाना परिसर में रविवार को आगामी दशहरा दीपावली आदि पर्वो को शान्ति पूर्वक सम्पन्न कराने के लिए पीस कमेटी की बैठक हुई।

थानाध्यक्ष नवीन चौधरी ने शासन के आदेश के सम्बन्ध में अवगत कराते हुए कहा कि आगामी त्यौहार आप लोग आपसी शान्ति एवं सौहार्द पुर्ण मनाये।

इस दौरान धर्मेन्द्र कुशवाहा, आनन्द सिंह बघेल भईया जी यादव विनोद कुमार इंदरजीत यादव अभिजित यादव रामलगन दास बाबा बंगाली आदि लोग उपस्थित रहे।

## मुकदमा दर्ज

**रुद्रपुर (एसएनबी)।** स्थानीय कोतवाली क्षेत्र के ग्राम चिलवन मोहान निवासी प्रार्थनी उषा देवी पत्नी सत्यनारायण यादव ने रुद्रपुर कोतवाली पुलिस को दिये गये तहरीर में कहा कि 8 सितम्बर की शाम चार बजे जमीन विवाद को लेकर प्रार्थनी को प्रार्थनी के पुत्र सूरज यादव पुत्र सत्यनारायण व अतरवासी देवी पत्नी स्व. केशव यादव की निम्न लोगों ने गंदी-गंदी गाली व जान से मारने की धमकी देकर मारे पीटे। इस मामले में पुलिस ने चन्द्रदेव यादव पुत्र स्व. रामवृक्ष, मुन्नी देवी पत्नी चन्द्रदेव निवासी चिलवन मोहान थाना रुद्रपुर के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया।

## पतंग उड़ाते समय किशोर चोटिल, गंभीर

**सलेमपुर(एसएनबी)।** रविवार को नगर पंचायत के हरैया वार्ड नंबर 4, निवासी अनूप चौहान (12 वर्षीय) शाम को पतंग उड़ाते समय गिरकर चोटिल हो गए। जिन्हे इलाज के लिए सीएचसी पहुंचाया गया। जहां से प्राथमिक इलाज के बाद चिकित्सकों ने बाबा राघवदास मेडिकल कलेज रेफर कर दिया। कोतवाली थानाक्षेत्र के नगर पंचायत स्थित हरैया वार्ड नंबर 4,निवासी अनूप चौहान (12) पुत्र विशाल चौहान पतंग उड़ा रहा था कि अचानक अनियंत्रित होकर टिनसेड पर गिर गया। जिससे टीनसेड से उसका पैर के पीछे का नश (लिगामेंट) कट गया। जिसे इलाज के लिए सामुदायिक स्वस्थ केंद्र पहुंचाया गया। प्राथमिक इलाज के बाद चिकित्सकों की टीम ने स्थिति गंभीर देखते हुए मेडिकल कालेज रेफर कर दिया। चिकित्सा अधीक्षक डा. अतुल कुमार ने बताया कि घायल को प्राथमिक इलाज के बाद मेडिकल कालेज रेफर कर दिया गया।

## फर्जी आईडी से जन्म प्रमाण पत्र के मामले की शुरू हुई जांच

**सलेमपुर(एसएनबी)।** न्यू पीएचसी पयासी के नाम से फर्जी आईडी बनाकर जन्म प्रमाण पत्र बनाने के मामले की जांच अब शुरू हो गई है। सीएचसी सलेमपुर के अधीक्षक ने अपने कर्मचारियों से भी इसकी जानकारी शनिवार को ली। मामला भटनी थाने का होने के चलते अब तहरीर को भटनी थाना भेजा जाएगा। हालांकि अभी तक की जांच में यह पता नहीं चल पाया है कि आईडी कहां से संचालित हो रही थी और संबंधित आईडी से कितना जन्म प्रमाण पत्र बनाया गया है? जिम्मेदार अधिकारी जल्द ही इसका पर्दाफाश कर देने का दावा कर रहे हैं।

## अज्ञात व्यक्ति का शव बरामद

**भटनी(एसएनबी)।** स्थानीय रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म संख्या-2 पर पुलिस ने एक 55वर्षीय अज्ञात व्यक्ति का शव बरामद किया। प्लेटफार्म संख्या-2 पर एक शव को कुछ यात्रियों ने देखा उसी समय जी आर पी पुलिस भी आ गयी। शव को अपने कब्जे मे लेकर पाकेट व झोले की तलाशी ली लेकिन पहचान के लिए कोई भी प्रमाणपत्र नही मिला। जीआरपी पुलिस शव की पहचान के लिए काफी मशक्कत की तब भी शिनाख्त नही हो पायी। पुलिस ने शव का पंचनामा बनवाने के बाद पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया।

## नए पुलिस कप्तान देवरिया पहुंचे

**देवरिया(एसएनबी)।** जिले के नवागत पुलिस अधीक्षक संजीव सुमन रविवार की देर शाम देवरिया पहुंचे। खबर है कि वह नवरात्र के पहले दिन सोमवार को कार्यभार ग्रहण करेंगे। उधर यह भी पता चला है कि संजीव सुमन की पत्नी पूजा यादव भी आईपीएस हैं। संजीव सुमन ने शासन से मांग किया है कि मेरी पत्नी की पोस्टिंग भी देवरिया के आसपास के जिलों में कर दिया जाए। उधर देवरिया उत्तरीय के नवागत आनंद कुमार पांडे अपर पुलिस अधीक्षक भी देवरिया पहुंच गए हैं। वह भी नवरात्र के पहले दिन कार्यभार ग्रहण करने वाले हैं। इन दोनों अधिकारियों के आने से देवरिया पुलिस में गति आ गई है।

# बाइक रैली के माध्यम से महिलाओं की सुरक्षा व सशक्तिकरण का दिया गया संदेश

**देवरिया(एसएनबी)।** जिलाधिकारी दिव्या मित्तल द्वारा पुलिस लाइन देवरिया में बाइक रैली को हरी झंडी दिखाकर मिशन शक्ति फेज 5 का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर जिलाधिकारी महोदया ने मिशन शक्ति फेज 5 के अंतर्गत बाइक रैली को हरी झंडी दिखाकर कार्यक्रम की शुरुआत की। बाइक रैली में जनपद की महिला पुलिसकर्मियों ने भाग लेकर महिलाओं की सुरक्षा और सशक्तिकरण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता प्रदर्शित की।

### मिशन शक्ति फेज 5 का शुभारंभ

मिशन शक्ति फेज 5 के तहत, उत्तर प्रदेश सरकार महिलाओं की सुरक्षा, सम्मान और सशक्तिकरण के लिए विभिन्न पहलुओं पर काम कर रही है। इस अभियान का उद्देश्य महिलाओं के खिलाफ हो रही हिंसा के खिलाफ प्रभावी कार्यवाही करना, जागरूकता फैलाना और उन्हें एक सुरक्षित वातावरण प्रदान करना है।

जिलाधिकारी ने इस अवसर पर कहा कि हमारे समाज में महिलाओं को हर क्षेत्र में समान अवसर देने के साथ-साथ उनके सुरक्षा के प्रति भी हमारी जिम्मेदारी बनती है। मिशन शक्ति के अंतर्गत सरकार ने जो कदम उठाए हैं वह न केवल महिलाओं की सुरक्षा को सुनिश्चित करते हैं बल्कि उन्हें आत्मनिर्भर बनाने के लिए भी प्रेरित करते हैं।



हरी झंडी दिखाकर मिशन शक्ति फेज 5 का शुभारंभ करते जिला अधिकारी दिव्या मित्तल।

कार्यक्रम के दौरान उपस्थित सभी अधिकारियों और नागरिकों ने इस अभियान के प्रति अपना समर्थन व्यक्त किया और इसे सफल बनाने का संकल्प लिया।

इस अवसर पर अपर पुलिस अधीक्षक सुनील कुमार सिंह, अपर जिलाधिकारी प्रशासन जैनेंद्र सिंह, क्षेत्राधिकारी नगर संजय कुमार रेड्डी, क्षेत्राधिकारी आरटीसी दीपशिखा वर्मा एवं क्षेत्राधिकारी विनी सिंह और अन्य प्रशासनिक एवं पुलिस अधिकारियों ने भी भाग लिया।

**सलेमपुर कार्यालय के अनुसार** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मिशन शक्ति-5.0 का शुभारंभ किया। उन्होंने वरिष्ठ प्रशासनिक और पुलिस अधिकारियों को विशेष निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने गोरखपुर, गाजीपुर, बरेली और मेरठ की घटनाओं पर नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने पुलिस को सतर्क रहने का निर्देश दिया। त्योहारी सीजन को देखते हुए महिलाओं की सुरक्षा पर विशेष ध्यान देने को कहा। योगी ने पूजा पंडालों के आसपास पुलिसकर्मियों की तैनाती के आदेश दिए। साथ ही निर्बाध बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए। उन्होंने उपद्रवियों और अराजक तत्वों को चेतावनी दी। कोतवाली सलेमपुर में मिशन शक्ति 5.0 के तहत सर्किल सलेमपुर के सभी थानों को संबोधित किया गया। इस अवसर पर सीओ मनोज कुमार, कोतवाली प्रभारी सुनील कुमार पटेल और अन्य महिला पुलिसकर्मी उपस्थित रहे।

# प्रतिमा विसर्जन में अश्लील गीत-नृत्य पर रहेगा प्रतिबंध

**सलेमपुर, हिन्दुस्तान संवाद।** विजयादशमी पर्व को लेकर मझौलीराज पुलिस चौकी में पीस कमेटी की बैठक रविवार को एसडीएम दिशा श्रीवास्तव की अध्यक्षता में मूर्ति आयोजकों के साथ हुई। एसडीएम ने कहा कि दशहरा पर्व पर अश्लील गीत एवं नृत्य करना प्रतिबंधित रहेगा।

एसडीएम ने विद्युत विभाग के किसी अधिकारी के बैठक में उपस्थित न रहने पर नाराजगी जताई और तत्काल एक्सईएन को फोन किया, लेकिन अधिशासी अभियंता व अवर अभियंता ने एसडीएम का फोन नहीं उठाया। फिर एसडीएम की एसडीओ से बात हुई। एसडीएम ने कहा कि दुर्गा प्रतिमा रखने वाले आयोजक सीसीटीवी कैमरे लगवा लें। सीओ मनोज कुमार ने कहा कि सभी आयोजक मूर्तियों की साइज छोटी रखेंगे। साउंड दो से अधिक नहीं होने चाहिए। आयोजक नियम का पालन करें। इसका उल्लंघन पाए जाने पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। इस दौरान कोतवाल सुनील कुमार पटेल, चौकी प्रभारी रंजय कुमार, एसआई अरविन्द कुमार, नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि कुंवर अभिषेक मल्ल, ईओ हिमांशु प्रताप सिंह, पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष गौरीशंकर गुप्ता, कृष्णकांत दुबे, सभासद विकास गुप्ता आदि मौजूद रहे।

## 10 बजे रात के बाद डीजे बजाने पर रहेगा प्रतिबंध

**देवरिया।** तरकुलवा व बरियारपुर थाने में दशहरा को लेकर रविवार को शांति कमेटी की बैठक आयोजित की गई। सीओ सिटी संजय कुमार रेड्डी ने कहा 10 बजे के बाद किसी भी दशा में डीजे नहीं बजेगा। उन्होंने कहा डीजे निर्धारित साउंड पर ही बजेगा। अवकाश अवधि में कानून व्यवस्था बनाए रखने में आयोजक सहयोग करेंगे। पंडाल में सीसी कैमरे एवं सुरक्षात्मक उपायों की व्यवस्था की जाए। किसी प्रकार की अफवाह या भ्रामक सूचना पर ध्यान न दें, इसकी जानकारी तत्काल पुलिस को दें।



महिला पुलिसकर्मियों की बाइक रैली को डीएम दिव्या मित्तल ने दिखाई झंडी।

# मिशन शक्ति फेज 5 का शुभारंभ, बाइक रैली निकाल महिला सुरक्षा का संदेश

**देवरिया**। पुलिस लाइन परिसर से बाइक रैली को हरी झंडी दिखाकर डीएम दिव्या मित्तल ने मिशन शक्ति फेज 5 का शुभारंभ किया। बाइक रैली में महिला पुलिस कर्मियों ने प्रतिभाग किया और महिलाओं की सुरक्षा और सशक्तीकरण का संदेश दिया।

डीएम ने कहा कि हमारे समाज में महिलाओं को हर क्षेत्र में समान अवसर देने के साथ-साथ उनके सुरक्षा के प्रति भी हमारी जिम्मेदारी बनती है। मिशन शक्ति के तहत सरकार ने जो कदम उठाए हैं, वह न केवल महिलाओं की सुरक्षा को सुनिश्चित करते हैं, बल्कि उन्हें आत्मनिर्भर बनाने के लिए भी प्रेरित करते हैं। इस दौरान सभी अधिकारियों और नागरिकों ने इस अभियान के प्रति अपना समर्थन व्यक्त किया और इसे सफल बनाने का संकल्प लिया। यह बाइक रैली पुलिस शहर के विभिन्न मार्गों से गुजरी। इस दौरान एडीएम प्रशासन जैनेंद्र सिंह, प्रभारी एसपी सुनील कुमार सिंह, सीओ सिटी संजय कुमार रेड्डी समेत अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

तरकुलवा थाना क्षेत्र के एक गांव में खेलने के दौरान गायब मासूम की मौत का मामला

# घटना के पर्दाफाश के लिए जुटी पुलिस तलाश रही ठोस नेटवर्क

**गुत्थी**

- प्रभारी एसपी व सीओ सिटी समेत अन्य पुलिस अधिकारी पहुंचे गांव, की जांच
- खुलासे को सीओ के नेतृत्व में एसओजी, सर्विलांस समेत तीन टीमों को दी गई जिम्मेदारी



मासूम का शव मिलने की सूचना पर घटनास्थल पर पहुंचे पुलिस अधिकारी।

**तरकुलवा, हिन्दुस्तान संवाद।** मासूम की मौत की घटना ने सभी को झकझोर कर रख दिया है। मासूम की मौत कैसे हुई? इस सवाल का जवाब पुलिस के पास अभी नहीं है। पुलिस इस सवाल के जवाब को नेटवर्क तलाश कर रही है। इसका पर्दाफाश के लिए सीओ सिटी के नेतृत्व में एसओजी, सर्विलांस समेत तीन टीमों को जिम्मेदारी दी है। पुलिस अधिकारी जल्द ही इसका पर्दाफाश कर देने का दावा कर रहे हैं।

क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली पांच वर्षीय मासूम नर्सरी की छात्रा थी। स्कूल से लौटने के बाद सहेलियों के साथ लुकाछिपी खेलने लगी। शुक्रवार की शाम जब वह गायब हुई, उस समय वह चोर बनी हुई थी। सहेलियों की माने तो वह मंदिर की तरफ छिपने के लिए गई और फिर गायब हो गई। पुलिस ने केस दर्ज किया और जांच शुरू की। खास बात यह है कि मासूम अगर गन्ने की खेत में ही छिपी थी तो उसकी मौत कैसे हो गई? यह एक बड़ा सवाल खड़ा हो रहा है। पुलिस अब इसका पर्दाफाश को नेटवर्क की तलाश कर रही है। वहीं पिता के गंभीर आरोप लगाए जाने के बाद पुलिस की जांच की गति बढ़ गई है और मनबढ़ों पर निगाहें रख कर जांच की जा रही है। पुलिस की सर्विलांस टीम संदिग्ध मोबाइल नंबरों का लोकेशन तलाश रही है, ताकि यह पता चल जाए कि घटना के पीछे कोई है तो नहीं? फिलहाल इन सभी सवालों का जवाब तो पुलिस की जांच में ही हो सकेगा।

**फोरेंसिक टीम ने भी लिया नमूना:** सुबह डाग स्क्वायड की टीम पहुंची और एक-एक स्थान पर जांच की। शव मिलने के बाद सीओ सिटी ने फोरेंसिक टीम मौके पर बुला लिया। फोरेंसिक टीम ने एक-एक नमूने तो एकत्रित किया।

## मौत का कारण स्पष्ट नहीं, बिसरा सुरक्षित

पिता के आरोप लगाए जाने के बाद एक महिला समेत तीन चिकित्सकों की टीम गठित की गई। साथ ही पूरा पोस्टमार्टम वीडियो रिकार्डिंग के बीच किया गया। सूत्रों की माने पोस्टमार्टम रिपोर्ट में मौत का कारण स्पष्ट नहीं हो पाया है। इसलिए बिसरा सुरक्षित कर दिया गया है। पोस्टमार्टम हाउस पर तरकुलवा पुलिस के साथ ही कोतवाली पुलिस भी तैनात रही।

## बड़ी संख्या में पुलिस पहुंची तो मिला शव

शुक्रवार की शाम से ही पुलिस से लेकर ग्रामीण उसकी तलाश कर रहे थे। लेकिन गन्ने की खेत में गन्ना ज्यादा होने के चलते पुलिस को इसमें सफलता नहीं मिल पा रही थी। अचानक बड़ी संख्या में पुलिस लाइन से फोर्स लेकर सीओ सिटी पहुंचे और ग्रामीणों की मदद से गन्ने की खेत में तलाश शुरू की गई। पुलिस की सहायता से शव को बरामद किया जा सका।

**नहीं मिला वृद्ध, पुतला बना किया अंतिम संस्कार**

सलेमपुर। गंडक नदी से मंगलवार को एक वृद्ध ने छलांग लगाई थी। परिजन तीन दिन तक तलाश किए। लेकिन वृद्ध का पता न चलने पर परिजन पुआल का पुतला बनाकर अंतिम संस्कार बना कर दिए।

# अज्ञात वाहन चालक के विरुद्ध केस

लार। पिपरा चौराहा पिण्डी मार्ग पर कोहरा गांव के समीप दो बाइकों की आमने सामने भिड़ंत में हुई मौत के मामले में पुलिस ने अज्ञात चालक पर गैर इरादतन हत्या सहित अन्य धाराओं में केस दर्ज किया है। शनिवार को लार थाना क्षेत्र के पिपरा चौराहा पिण्डी मार्ग पर कोहरा गांव के सामने शनिवार दो बाइकों की आमने सामने टक्कर हो गई। इसमें चार लोग घायल हो गए। सभी को सीएचसी लार पहुंचाया गया जहां डाक्टर ने धनगडी निवासी गुड्डू को मृत घोषित कर दिया।

# कार की टक्कर से बाइक सवार घायल, गंभीर

खुखुन्दू। कार व बाइक की टक्कर में एक बाइक सवार घायल हो गया। आसपास के लोगों ने उसे मेडिकल कॉलेज पहुंचाए। थाना क्षेत्र के शेरवां बभनौली गांव के पोखरा टोले निवासी कमल पटेल (58) खुखुन्दू चौराहे पर रविवार को किसी कार्य वश गए हुए थे। वह खुखुन्दू चौराहे से बाइक से अपने घर को लौट रहे थे। उसी दौरान सलेमपुर देवरिया मार्ग पर खुखुन्दू चौराहे से आगे एक मोड़ पर मुड़ते ही देवरिया की ओर से सलेमपुर की ओर जा रही तेज गति कार ने बाइक में जोरदार टक्कर मार दिया। कार से टक्कर होने से बाइक सवार घायल हो गया।

# एसएस मॉल के मैनेजर ने गवाह को दी जान से मारने की धमकी

**धर्मांतरण मामला**

- आवास पर चढ़कर मैनेजर ने दी मुकदमा वापस कराने की धमकी
- मुकदमा वापस न करने पर परिणाम अच्छा न होने की धमकी दी

**देवरिया, निज संवाददाता।** जिले की चर्चित धर्मांतरण मामले में एसएस मॉल के मालिक उस्मान गनी व अन्य पर दर्ज केस को वापस कराने की धमकी गवाह को दी गई है। आरोप है कि दरवाजे पर चढ़कर एसएस माल के मैनेजर ने अपने साथी के साथ धमकी दी है। इस मामले में पुलिस ने दो लोगों के विरुद्ध केस दर्ज कर मैनेजर को गिरफ्तार कर लिया। साथ ही फरार दूसरे आरोपी की गिरफ्तारी के लिए पुलिस दबिश दे रही है।

शहर के रामलीला मैदान स्थित ईजी मार्ट में काम करने वाली मदनपुर थाना क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली युवती ने एसएस मॉल/ईजी मार्ट के मालिक उस्मान गनी, उसकी पत्नी तरन्नुम व साले गौहर अली के विरुद्ध धर्मांतरण समेत विभिन्न धाराओं में केस दर्ज कराया है। इस मामले में एसएस माल का मालिक उस्मान गनी, उसके भाई इसराफिल को पुलिस गिरफ्तार कर चुकी है। जबकि साले गौहर अली को रिमांड पर ले चुकी है। इस मामले में शामिल उस्मान गनी की पत्नी तरन्नुम की गिरफ्तारी के लिए पुलिस दबिश दे रही है। इस मुकदमे में भटौली का रहने वाला शाह आलम गवाह बताया जा रहा है।

### मुकदमे में सुलह के लिए लगाए गए हैं अन्य लोग, दिया जा रहा प्रलोभन

जिले के इस चर्चित मामले के मुकदमे में सुलह के लिए एक नहीं, कई लोगों को लगाया गया है। कई वादी के पास तो कभी उसके संपर्क में रहने वाले लोगों के पास लोग पहुंच रहे हैं और मुकदमे में सुलह करने की बात कह रहे हैं।

### मैनेजर शकील अंसारी अपने मित्र के साथ धमकी देने पहुंच गया दरवाजे पर

शनिवार की रात एसएस माल का मैनेजर शकील अंसारी निवासी मुबारकीह कोतवाली अपने एक मित्र रोहित के साथ दरवाजे पर पहुंच गया और शाह आलम के भाई सलमान अंसारी को धमकी दी कि अगर मुकदमे में सुलह तुम लोग नहीं करोगे तो अंजाम बुरा होगा।

### आरोपित मैनेजर गिरफ्तार

चर्चित धर्मांतरण मामले में पुलिस ने दोनों के विरुद्ध केस दर्ज करने के साथ ही मैनेजर को गिरफ्तार कर लिया। कोतवाल विनोद कुमार सिंह ने बताया कि केस दर्ज कर लिया गया है। साथ ही मैनेजर को गिरफ्तार कर चालान कर दिया गया है।

# देवरिया में अगवा बच्ची का शव मिला, दुष्कर्म-हत्या का आरोप

**सनसनी**

- तरकुलवा क्षेत्र से तीन दिन पहले गायब हुई थी
- 150 पुलिसकर्मियों ने की तलाश तो मिला शव

**तरकुलवा (देवरिया), हिसं।** शुक्रवार को गायब हुई पांच वर्षीय मासूम बच्ची का क्षत-विक्षत शव रविवार की सुबह गन्ने के खेत में मिलने से हड़कंप मच गया। परिजनों ने दुष्कर्म के बाद हत्या का आरोप लगाया है। बच्ची के अपहरण का मुकदमा दर्ज था। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही कारण स्पष्ट होगा।

तरकुलवा थाना क्षेत्र के एक गांव की बच्ची एक कान्वेंट स्कूल में पढ़ती थी। शुक्रवार को स्कूल से लौटने के बाद वह दो सहेलियों के साथ शिव मंदिर परिसर में खेल रही थी। इसी दौरान वह गायब हो गई। परिजनों ने काफी देर तक तलाश की। पता नहीं चलने पर उन्होंने पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने अपहरण का केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी। रविवार की सुबह ही सीओ सिटी संजय कुमार रेड्डी डेढ़ सौ की संख्या में पुलिसकर्मियों व डाग स्क्वायड के साथ पहुंचे और मासूम की तलाश शुरू कराई।

एक घंटे के प्रयास के बाद पुलिस कर्मी गन्ने के खेत से पहुंचे जहां मासूम का क्षत-विक्षत शव पड़ा था। फोरेंसिक टीम और प्रभारी एसपी सुनील कुमार सिंह भी अन्य अधिकारियों के साथ मौके पर पहुंचर जांच की। मासूम के पिता ने दुष्कर्म के बाद हत्या का आरोप लगाया है। प्रभारी एसपी सुनील कुमार सिंह ने कहा है कि पोस्टमार्टम के बाद ही मौत का कारण स्पष्ट हो सकेगा।

# एसएस माल के मालिक पर दर्ज मुकदमा वापस करने को धमकाया, प्रबंधक गिरफ्तार

- युवक ने रात में फोन कर कोतवाली पुलिस को दी सूचना प्रबंधक समेत दो पर केस
- मामले में समझौते के लिए युवती के करीबियों पर माल मालिक के शागिर्द बना रहे दबाव

जागरण संवाददाता, देवरिया: मतांतरण के आरोपित एसएस माल मालिक उस्मान गनी, उनकी पत्नी व साले पर दर्ज मुकदमे को वापस लेने के लिए युवक को धमकाना एसएस माल के प्रबंधक को महंगा पड़ गया। युवक की सूचना पर पहुंची कोतवाली पुलिस ने एमएस माल के प्रबंधक को गिरफ्तार कर लिया। आरोपित प्रबंधक समेत दो के विरुद्ध धमकाने का मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस मामले की छानबीन कर रही है।

सदर कोतवाली पुलिस ने सात सितंबर को मदनपुर थाना क्षेत्र की एक युवती की तहरीर पर एसएस माल के मालिक उस्मान गनी, उसकी पत्नी तरन्नुम जहां व उसके साले गौहर अली के विरुद्ध मतांतरण कराने के लिए दबाव बनाने समेत अन्य कई धाराओं में मुकदमा दर्ज किया। विवेचना के दौरान उस्मान गनी के भाई इसराफिल की भी संलिप्तता सामने आई। ऐसे में पुलिस ने इस मामले में उस्मान गनी व इसराफिल को गिरफ्तार कर जेल भेज चुकी है। तरन्नुम जहां की तलाश में पुलिस जुटी है। शनिवार की रात एसएस माल का प्रबंधक शकील अंसारी पुत्र वलिउल्लाह अंसारी निवासी मुड़ाडीह अपने मित्र रोहित के साथ क्षेत्र के भरौली बाजार महुआबारी के रहने वाले युवक सलमान अंसारी के घर पहुंचा और धमकी देते हुए कहा कि उस्मान गनी के विरुद्ध जो मुकदमा युवती ने लिखवाया है, उसे किसी तरह से बातचीत कर खत्म कराओ। तुम शाह आलम के भाई हो यदि मुकदमा खत्म नहीं कराओगे तो इसका परिणाम अच्छा नहीं होगा। धमकी के बाद युवक ने आरोपित को घर पर बैठा लिया और पुलिस को फोन कर सूचना दी।

पुलिस मौके पर पहुंची और उसे हिरासत में ले लिया। इस मामले ने एक बार फिर से तूल पकड़ लिया। जानमान की धमकी देने का मुकदमा दर्ज कर प्रभारी निरीक्षक मामले की विवेचना करेंगे। इस प्रकरण में अभी भी तरन्नुम की गिरफ्तारी नहीं हो सकी है। पुलिस उसकी गिरफ्तारी के लिए दबिश दे रही है, लेकिन वह अपना ठिकाना बदल दे रही है। तरन्नुम की गिरफ्तारी पुलिस के लिए चुनौती बन गई है।

## बहन-बहनोई व दो भांजों को हिंदू धर्म में वापस लाने की गुहार

गौरीबाजार: एक गांव के रहने वाले हिंदू युवक ने अपनी बहन सुमित्रा गुप्ता उर्फ गुलशन फातिमा, बहनोई दत्तात्रेय नाथ गुप्ता उर्फ अब्दुर्रहमान व दो भांजों के मतांतरण कराकर मुस्लिम धर्म अपनाने पर गहरी चिंता जताई है। उन्होंने रविवार को प्रेसनोट जारी कर हिंदू धर्म में वापस लाने की गुहार लगाई है।

उन्होंने मुस्लिम धर्मगुरुओं से भावुक अपील की है कि बहन, बहनोई व दोनों भांजों को पुनः हिंदू धर्म में लौटने के लिए समझाएं। उन्होंने कहा है कि वह हिंदू हैं। उनकी बहन व बहनोई हिंदू से मुस्लिम बन गए हैं। इसलिए मुस्लिम धर्मगुरुओं से जानना चाहता हूं कि क्या इस्लाम धर्म यह सिखाता है कि किसी हिंदू को मुस्लिम बनाना उचित है।

उन्होंने आगे लिखा कि यदि मुस्लिम धर्मगुरु इसमें सहयोग करते हैं तो हिंदुओं का विश्वास भी उनके प्रति मजबूत होगा।

## दरवाजे से ई-रिक्शा चोरी मामले में कार्रवाई नहीं

संवाद सूत्र, रामपुर कारखाना: सदर कोतवाली थाना क्षेत्र के रघवापुर के रहने वाले राम आधार रामपुर कारखाना के अशोक इंटर कालेज डुमरी के पीछे रिश्तेदार के घर रहकर ई-रिक्शा चलाते हैं। शुक्रवार की रात करीब तीन बजे उनकी नींद खुली तो देखा कि दरवाजे से ई-रिक्शा गायब है। उन्होंने थाने में तहरीर दी है, लेकिन अभी तक कार्रवाई नहीं हुई है।

# डीजल और पेट्रोल से भरा टैंकर पलटा

संवाद सूत्र, सोहनपुर: मझौलीराज-रामपुर बुजुर्ग-मैरवा टू लेन पर रविवार की सुबह लगभग 11 बजे स्टेयरिंग फेल होने के कारण डीजल और पेट्रोल से भरा टैंकर पलट गया। इससे प्रयागराज के अल्लापुर के रहने वाले चालक सुजीत मिश्र पुत्र कैलाश मिश्र घायल हो गए।



सोहनपुर के पास पलटा टैंकर • जागरण

चालक ने बताया कि वह टैंकर में डीजल व पेट्रोल लेकर प्रयागराज से प्रतापपुर जा रहा था। जैसे ही बनकटा थानाक्षेत्र के सोहनपुर गांव के गौरया टोला के पास पहुंचे कि अचानक स्टेयरिंग फेल हो गया। टैंकर को नियंत्रित करने का प्रयास किया, लेकिन असफल रहा। घायल चालक को निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। घटना के कारण गड्ढे में कुछ मात्रा में डीजल और पेट्रोल फैल गया, जिससे आवागमन बाधित रहा।

# फर्जी ढंग से जन्म व मृत्यु प्रमाण पत्र जारी करने का मामला उजागर

## सीएचसी अधीक्षक ने दी तहरीर भटनी थाना क्षेत्र का है मामला

जागरण संवाददाता, सलेमपुरः न्यू पीएचसी पयासी में पूरे वर्ष एक भी प्रसव नहीं हुआ। इसके बावजूद जन्म प्रमाण पत्र जारी किए जाने का चौंकाने वाला मामला सामने आया है। शासन स्तर पर मामला पकड़ में आने के बाद सीएमओ के निर्देश पर सीएचसी अधीक्षक ने सलेमपुर कोतवाली में तीन दिन पहले कार्रवाई के लिए तहरीर दी है, लेकिन सलेमपुर पुलिस ने भटनी थाने का मामला बताकर कार्रवाई करने से पल्ला झाड़ लिया है। जांच में पता चला है कि कूटरचित आइडी जनरेट कर जन्म व मृत्यु प्रमाण पत्र बनाया गया है।

**न्यू पीएचसी पयासी में पूरे वर्ष में नहीं कराया गया कोई प्रसव, फिर भी जारी कर दिए गए प्रमाण पत्र अब तक कोई कार्रवाई नहीं**

अधीक्षक के मुताबिक, किसी व्यक्ति ने फर्जी ईमेल आइडी व मोबाइल नंबर से न्यू प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पयासी से जन्म मृत्यु प्रमाण पत्र का आइडी जनरेट कर लिया और उसके माध्यम से प्रमाण पत्र जारी करने लगा। जबकि न्यू पीएचसी पर पूरे वर्ष में एक भी प्रसव नहीं हुआ है। फर्जीवाड़े की जानकारी होने पर शासन स्तर से इसकी जांच मुख्य चिकित्सा अधिकारी से कराने व आइडी जनरेट कराने वाले के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कराने का आदेश दिया गया है। सीएचसी के चिकित्सा अधीक्षक डा.अतुल कुमार ने 18 सितंबर को कोतवाली में संबंधित मोबाइल नंबर व आइडी के साथ तहरीर देकर मुकदमा दर्ज कराने की मांग की। तीन दिन बीतने के बाद अभी तक प्राथमिकी दर्ज नहीं हो सकी है। सलेमपुर के प्रभारी निरीक्षक सुनील कुमार पटेल का कहना है कि मामला भटनी क्षेत्र का है। इसलिए यहां मुकदमा नहीं होगा।

# पटनवा पुल से छोटी गंडक नदी में गिरे युवक का दूसरे दिन भी नहीं चला पता

संवाद सूत्र, रामपुर कारखानाः देवरिया-कसया मार्ग पर पटनवा पुल पर रील बनाने के दौरान छोटी गंडक नदी में गिरे युवक की तलाश दूसरे दिन भी जारी रही, लेकिन पुलिस को कोई सफलता नहीं मिली।

शनिवार की दोपहर में पुल से एक युवक नदी में गिर गया, जबकि प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार दो युवक फरार हो गए। यह देख ग्रामीणों ने शोर मचाया और पुलिस को जानकारी दी। सूचना पर एसआइ सहित अन्य पुलिसकर्मी मौके पर पहुंचे। गोताखोरों की मदद से युवक की खोज शुरू की गई, लेकिन सफलता हाथ नहीं लगी। रविवार को भी पुलिसकर्मी एनडीआरएफ टीम के साथ तलाश करते रहे, लेकिन शाम तक युवक का कोई पता नहीं चल सका। थानाध्यक्ष अभिषेक कुमार राय ने बताया कि युवक की तलाश जारी है।



पटनवा पुल स्थित छोटी गंडक नदी में डूबे युवक की तलाश करती एनडीआरएफ की टीम • सौजन्य पुलिस

# छात्राओं से रास्ते में विवाद के बाद मारपीट

संवाद सूत्र, खुखुंदूः स्कूल से लौट रही छात्राओं के बीच हुए विवाद के बाद मौके पर स्वजन पहुंच गए और छात्राओ को अपशब्द बोलते हुए मारपीट करने लगे। इसके बाद भाग कर घर पहुंची और इसकी सूचना स्वजन को दी, फिर मनबढ़ो ने दरवाजे पर पहुंचकर मारपीट की।

शेरवा बभनौली गांव निवासी स्तुति देवी ने बताया कि शनिवार को गांव स्थित एक विद्यालय में सलोनी व नेहा पढ़ने गई थी, इसी बीच गांव के ही कुछ लड़कियों से कहासुनी होने के बाद विवाद हो गया, छुट्टी होने के बाद घर आते समय वे रास्ते में फिर बेटी से विवाद करने लगी, इसी बीच साथ चल रहे उसके भाई ने बेटी का बाह पकड़ लिया और मारपीट करने लगा, किसी तरह से भाग कर नेहा व सलोनी घर पहुंची। इसी बीच मनबढ़ दरवाजे पर पहुंचकर मारपीट करने लगे, यह देख पहुंची बेटी अंजू देवी, सलोनी व नेहा की भी पिटाई करने लगे। यह देख सभी भाग घर में चली गई और शटर बंद कर लिया, इसके बावजूद भी दरवाजे पर अपशब्द बोलते रहे।

# गोली से हमला करने के मामले में दो पर हत्या के प्रयास का मुकदमा

जागरण संवाददाता, बरहजः पुरानी रंजिश में बाइक सवार दो बदमाशों ने युवक पर शनिवार दोपहर लगभग तीन बजे जानलेवा हमला किया था। इस मामले में दो युवकों के विरुद्ध हत्या के प्रयास का मुकदमा दर्ज हुआ है।

घटना में गंभीर रूप से घायल युवक का बीआरडी मेडिकल कालेज गोरखपुर में उपचार चल रहा है। बरहज थानाक्षेत्र के विशुनपुर देवार के रहने वाले सुरेंद्र यादव पचौहा बाईपास पर रहते हैं। वह पचौहा से अपनी भैंसों की रखवाली करने साइकिल से जा रहे थे, जैसे ही वह नौका टोला के पास स्थित एक होटल के समीप पहुंचे थे। आरोप है कि बढ़या हरदो निवासी विनायक सिंह उर्फ मंटू सिंह और राहुल सिंह पुत्र वीरेंद्र सिंह ने फायर झोंक दिया। गोली सुरेंद्र की कनपटी को छूते हुए निकल गई, जिससे वह लहूलुहान होकर गिर पड़े। घायल सुरेंद्र यादव के भाई कमलेश यादव ने तहरीर दी। प्रभारी निरीक्षक राहुल सिंह ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। एक आरोपित को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है।

## खड़े ट्रक से टकराई स्कूटी युवती गंभीर रूप से घायल

संवाद सूत्र, गौरीबाजारः खरोह चौराहा के निकट रविवार को एक स्कूटी अनियंत्रित होकर खड़े ट्रक से टकरा गई, जिससे 28 वर्षीय युवती लक्ष्मी गंभीर रूप से घायल हो गई।

वह देवरिया शहर के सोमनाथ मोहल्ला की रहने वाली है। स्कूटी से गोरखपुर की ओर से देवरिया जा रही थीं। जैसे ही वह खरोह चौराहे के पास पहुंचीं, स्कूटी अनियंत्रित हो गई और वह ट्रक से टकरा गईं। घायल युवती को सीएचसी ले जाया गया, लेकिन स्थिति गंभीर देख प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सक ने मेडिकल कालेज रेफर कर दिया।

## छेड़खानी का लगाया आरोप

**बघौचघाट।** थाना क्षेत्र के एक गांव में कुछ दिनों से चल रहे कोटे के विवाद में एक पक्ष द्वारा रविवार को थाने में अपनी पुत्री के साथ छेड़खानी करने का आरोप लगाते हुए दूसरे के खिलाफ पुलिस को तहरीर दी। कुछ समय बाद दूसरे पक्ष की तरफ से भी भी छेड़खानी की तहरीर पुलिस को दी है। दोनो तरफ से तहरीर मिलने के बाद पुलिस जांच के रही है। संवाद

# दूध व्यापारी पर हमला मामले में एक हिरासत में, जांच शुरू

## सीसीटीवी फुटेज में बाइक पर हेलमेट पहन कर जाता दिखा हमलावर

संवाद न्यूज एजेंसी

**बरहज।** क्षेत्र के बेलडांड़-राजपुर स्थित एक होटल के निकट बाइक सवार द्वारा शनिवार को घर जा रहे दूधिया व्यवसाई पर फायर झोंकने का मामला सामने आया था। जिसमें पुलिस एक को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है।

हालांकि घटनास्थल से कुछ दूरी पर लगे सीसीटीवी कैमरे की फुटेज में हमलावर हेल्मेट पहने हुए बाइक से जाता दिखाई दे रहा है। घटना को लोग पुरानी रंजिश से जोड़कर देख रहे हैं। बेलडांड़-राजपुर स्थित एक


दिनदहाड़े दूध व्यापारी को दौड़ाकर मारी गोली

21 सितंबर को प्रकाशित खबर।

ढाबे के निकट हेल्मेट लगाये बाइक सवार ने दूध बेचकर घर जा रहे परसियां देवार निवासी सुरेंद्र यादव के ऊपर प्राणघातकहमला कर दिया।

खतरा देख सुरेंद्र भागने लगा। लेकिन हमलावर ने करीब 200 मीटर पीछा कर उन पर दोबारा फायर झोंक दिया। बताया जा रहा है कि गोली सुरेंद्र के गर्दन को छूकर निकल गई। फायरिंग की घटना की जानकारी होते ही पुलिस हरकत में आ गई। पुलिस ने सीसीटीवी कैमरे से फुटेज लिया है।

जिसमें बाइक सवार चेकदार शर्ट पहने इत्मिनान से जा रहा है। हुई घटना से दूसरे दिन भी लोग सहमे हुए हैं। वहीं इसको लेकर तरह-तरह की चर्चा भी है। इंस्पेक्टर राहुल सिंह ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है।

# मूर्ति विसर्जन स्थल का किया निरीक्षण

**सलेमपुर।** एसडीएम दिशा श्रीवास्तव और सीओ मनोज कुमार ने रविवार को कोतवाल सुनील कुमार पटेल, नगर पंचायत सलेमपुर और मझौली राज के ईओ के साथ नदावर घाट पर बने मूर्ति विसर्जन स्थल का निरीक्षण किया। उन्होंने विर्सजन स्थल का बैरिकेटिंग व लाइटिंग की व्यवस्था करने की जिम्मेदारी नगर पंचायत को सौंपी। संवाद

## मेला की सोशल मीडिया पर रखी जाएगी विशेष निगरानी

**सलेमपुर।** पिछली बार मूर्ति विसर्जन के दौरान मझौलीराज में हुई चाकूबाजी की घटना को लेकर इस बार प्रशासन पहले से ही सख्त रूख अपना लिया है। रविवार को एसडीएम दिशा श्रीवास्तव और सीओ मनोज कुमार के नेतृत्व शांति कमेटी की बैठक हुई। जिसमें हिंदु और मुस्लिम धर्म के लोगों ने बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया। संवाद

# त्योहारों में नई परंपरा न शुरू करें

**भागलपुर।** दुर्गा पूजा और दशहरा मेला को लेकर मईल थाना क्षेत्र के भागलपुर चौकी पर रविवार को थानाध्यक्ष दिलीप कुमार सिंह की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में थानाध्यक्ष ने दशहरा और दुर्गा पूजा में नई परम्परा न शुरू करने का अनुरोध करते हुए पारंम्परिक रूप से आयोजन करने की अपील की। इस दौरान प्रधान पति बृजभूषण यादव, सुनील पांडेय, लाल मोहन प्रसाद, सदा नन्द कुशवाहा, सागर पासवान आदि पुलिसकर्मी मौजूद रहे। बरियारपुर संवाद के अनुसार आगामी त्योहारों को सौहार्दपूर्ण माहौल में संपन्न कराने के लिए रविवार को बरियारपुर थाने पर पीस कमेटी की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता सलेमपुर सीओ मनोज कुमार ने की। संवाद

# दो पक्षों में मारपीट दो छात्राओं समेत छह घायल

**खुखुंदू।** थाना क्षेत्र के शेरवां बभनौली गांव में शनिवार दोपहर बाद स्कूल में हुए विवाद को लेकर पड़ोसियों ने घर जा रही दो छात्राओं को रास्ते में घेरकर पिटाई कर दी। इसके बाद मामला घर तक आ पहुंचा। दोनों पक्षों में मारपीट में कुल छह लोगों के घायल होने की बात सामने आई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

शेरवां बभनौली गांव निवासी हीरालाल चौहान और सुनील चौहान के घर की लड़कियां गांव के ही एक स्कूल में पढ़ाई करती हैं। आरोप है कि शनिवार को हीरालाल की बेटियों सलोनी, नेहा और सुनील की बेटी सुगंती से स्कूल में ही किसी बात को लेकर विवाद हो गया। यह बात घर आकर सुगंती ने परिजनों से बता दी। जब सलोनी और नेहा स्कूल से घर लौट रही थी तो सुगंती के परिजनों ने दोनों को रास्ते में घेरकर मारपीट दिया। संवाद

# सड़क पर पलटा ई-रिक्शा, बाल-बाल बचे सवार

**भलुअनी।** कस्बा के गांधी चौक स्थित बरहज-देवरिया मार्ग पर एक बड़ा सा गड्ढा बन गया है। सड़क पर बने गड्ढे में एक ई-रिक्शा पलट गया। ई-रिक्शा में सवार लोग बाल-बाल बच गए।

सड़क पर बने गड्ढे में गिरकर लोग अक्सर चोटिल हो रहे हैं। बरहज-देवरिया मार्ग पर जगह-जगह छोटे-बड़े अनगिनत गड्ढे हो गए हैं। लोगों के अनुसार गांधी चौक पर सड़क के बीचोबीच एक बड़ा सा गड्ढा बन गया है, जो खतरे को दावत दे रहा है।

एसडीएम विपिन कुमार द्विवेदी ने बताया कि मामला संज्ञान में नहीं है। यदि ऐसा है तो संबंधित से कहकर उसे दुरुस्त करा दिया जायेगा। संवाद

# सोहनपुर में पलटा तेल से भरा टैंकर, अफरातफरी



स्टीयरिंग फेल होने के बाद पलटा टैंकर। संवाद

**सोहनपुर।** मझौली-मैरवा मार्ग पर रविवार को दिन में 11 बजे के करीब सोहनपुर के पास तेल से लदा एक टैंकर पलट गया। गनीमत रहा कि कोई हताहत नहीं हुआ। पुलिस ने क्रेन मंगाकर खड़ा कराया। प्रयागराज से तेल भरकर टैंकर प्रतापपुर जा रहा था। अभी वह सोहनपुर के समीप गोरया टोला के पास पहुंचा ही था कि अचानक स्टीयरिंग में कंपन होने लगा और स्टेयरिंग फेल हो गया। चालक टैंकर संभालने का प्रयास किया पर वह पलट गया। चालक और खलासी को हल्की चोट आई। ग्रामीणों में आग लगने का दहशत फैला गया। इसी को लेकर कुछ देर के लिए आवागमन बाधित हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने क्रेन मंगा कर गाड़ी को सीधा कराया। थाना अध्यक्ष बनकटा नवीन चौधरी ने बताया कि टैंकर को सीधा करा दिया गया है। वह अपने गंतव्य की ओर चला गया। संवाद

## ट्रक से टकराई स्कूटी महिला घायल

**गौरीबाजार।** क्षेत्र के खरोह चौराहे के समीप सड़क के किनारे खड़े ट्रक से अनियंत्रित स्कूटी टकरा गई। जिससे स्कूटी सवार महिला घायल हो गई। आसपास के लोगों ने इलाज के लिए सीएचसी भेजवाया। जहां गंभीर स्थित देख चिकित्सक ने जिला अस्पताल रेफर कर दिया। देवरिया कोतवाली क्षेत्र के सोमनाथ मंदिर निवासी लक्ष्मी 30 वर्ष पुत्री रामभवन रविवार सुबह गोरखपुर के तरफ से आ रही थी। खरोह चौराहे के समीप स्कूटी अनियंत्रित होकर ट्रक से टकरा गई। जिससे वह गंभीर रुप से घायल हो गई

# गवाह को धमकाने में एसएस मॉल का मैनेजर गिरफ्तार

## धर्मांतरण : केस के गवाह शाह आलम के घर दोस्त के साथ गया था आरोपी

संवाद न्यूज एजेंसी

देवरिया। धर्मांतरण के मामले में जेल भेजा गया एसएस मॉल का मालिक उस्मान गनी के करीबी गवाह पर समझौता कराने के लिए दबाव बनाने लगे हैं। गवाह को धमकाने के मामले में कोतवाली पुलिस ने एसएस मॉल के मैनेजर को गिरफ्तार कर लिया है, जबकि इसका साथी फरार है।



गिरफ्तार शकील

स्रोत-सोशल मीडिया

देर रात को सामने आए इस मामले के बाद पुलिस गवाह और पीड़ित युवती की सुरक्षा बढ़ाने पर विचार शुरू कर दी है। वहीं फरार चल रही तरन्नुम को गिरफ्तार करने के लिए पुलिस दबिश दे रही है। मदनपुर थाना क्षेत्र के एक युवती की तहरीर पर कोतवाली पुलिस ने एसएस मॉल के मालिक उस्मान गनी, इसकी पत्नी तरन्नुम और साले गौहर पर पुलिस ने धर्मांतरण का प्रयास करने और अश्लील हरकत करने का केस दर्ज किया है।

इस मामले में उस्मान गनी को पुलिस गिरफ्तार कर जेल भेज चुकी है। इसका साला गौहर खुखुंदू थाने में दर्ज धर्मांतरण कराकर निकाह करने के मामले में पहले से बंद है। पुलिस इसका भी रिमांड ले चुकी है। पुलिस की विवेचना में उस्मान गनी के भाई इसराफिल की भूमिका मिली। पुलिस इसको भी गिरफ्तार कर जेल भेज चुकी है।

### गवाह के भाई की तहरीर पर कोतवाली पुलिस ने दर्ज किया केस

गवाह को धमकी देने और दर्ज मुकदमे को वापस कराने के लिए दबाव बनाने एसएस मॉल का मैनेजर अपने एक साथी के साथ गवाह के घर जाकर धमका रहा था। इस मामले में केस दर्ज कर लिया गया है। मैनेजर को गिरफ्तार कर लिया गया है।

-संजय रेड्डी, सीओ सिटी

अभी इसकी पत्नी तरन्नुम अभी फरार चल रही है। इसकी तलाश में पुलिस दबिश दे रही है। देवरिया कोतवाली के भरौली बाजार महुआबारी निवासी शाह आलम युवती की ओर से दर्ज कराए गए मुकदमे में गवाह है। शाह आलम कभी एसएस माल में अकाउंटेंट था। शनिवार की रात करीब 9 बजे कोतवाली क्षेत्र के मूड़ाडीह गांव निवासी एसएस मॉल का मैनेजर शकील अंसारी अपने साथी रोहित के साथ शाह आलम के घर पहुंचा।

उसने युवती को मुकदमा वापस लेने के लिए राजी कराने तथा गवाही से मुकरने के लिए गवाह शाह आलम पर दबाव बनाने लगे। ऐसा नहीं करने पर जान से मारने की धमकी दिए। इसको लेकर शाह आलम के भाई सलमान से कहासुनी हुई और विवाद की स्थिति आ गई। सलमान ने डायल 112 को सूचना दिया। मौके पर पहुंची पुलिस ने एसएस मॉल के मैनेजर शकील अंसारी को गिरफ्तार कर लिया। देर रात तक दोनों पक्ष के लोगों की भीड़ कोतवाली में जमी रही।




21 सितंबर को प्रकाशित खबर।

सलमान की तहरीर पर पुलिस ने शकील अंसारी और इसके साथ गए रोहित पर केस दर्ज कर लिया है। सूत्रों की मानें तो अभी तक उस्मान गनी और एसएस मॉल में काम करने वाले वर्कर धर्मांतरण के आरोप को गलत बताते हुए मुकदमा दर्ज कराने वाली युवती तक तरह-तरह के आरोप लगा रहे थे, लेकिन जेल में बंद एसएस मॉल के मालिक को कानून के शिकंजे में जकड़ता देख इसके करीब गवाह और युवती को टारगेट बनाने लगे हैं।

इस घटना के बाद पुलिस गवाह और पीड़ित युवती की सुरक्षा बढ़ा सकती है। पुलिस ने आरोपी एसएस मॉल के मैनेजर का शांतिभंग में चालान किया है।

## भटनी में प्लेटफॉर्म पर मिला अज्ञात का शव

**भटनी।** रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म संख्या दो पर रविवार को एक बुजुर्ग का शव मिला। यात्रियों की सूचना पर पहुंची जीआरपी शव को कब्जे में लेकर अग्रिम कार्रवाई में जुट गई। जीआरपी सोशल मीडिया के माध्यम से शव की शिनाख्त में लगी है। जानकारी के अनुसार रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म संख्या दो पर लोगों ने एक शव देखा। सूचना पर आरपीएफ ने इसकी जानकारी जीआरपी को दी। जीआरपी प्रभारी बीबी राजभर ने बताया कि वृद्ध पेपर बिछाकर सोये थे। पास में कोई पहचान पत्र नहीं मिलने के कारण अभी शिनाख्त नहीं हो पायी है। शव को मोर्चरी में रखा गया है। सोशल मिडिया के जरिये बुजुर्ग की पहचान कराने का प्रयास किया जा रहा है। संवाद

## दरवाजे से बाइक चोरी, दी तहरीर

**कपरवार।** स्थानीय गांव निवासी सरिता देवी पत्नी चंद्रशेखर ने पुलिस को तहरीर देकर गुहार लगाई है। आरोप है कि शुक्रवार की रात दरवाजे पर बाइक खड़ी थी। जिसे चोर चुरा ले गए हैं। काफी तलाश के बाद पुलिस को दिए तहरीर में सरिता देवी का कहना है कि दरवाजे पर बाइक खड़ी थी। रात में चोर बाइक चुरा ले गए। हालांकि उसने बाइक चोर की पहचान बताते हुए नामजद तहरीर दिया है। इंस्पेक्टर राहुल सिंह ने बताया कि मामला संज्ञान में नहीं है। संवाद

## ट्रैक्टर की बैटरी चोरी, दी तहरीर

**गड़ेर।** भलुअनी थाना क्षेत्र के बनुआडीह गांव में रात में चोरों ने प्रेमशंकर मिश्र के दरवाजे पर खड़ी ट्रैक्टर की बैटरी चुरा ले गए। जानकारी होने पर पुलिस से गुहार लगाया है। पुलिस को दिए तहरीर में बनुआडीह गांव निवासी प्रेमशंकर मिश्र ने कहा है कि दरवाजे पर ट्रैक्टर खड़ा रहता है। रात में कुछ लोग उसकी बैटरी चुरा ले गए हैं। सुबह ट्रैक्टर स्टार्ट करने के दौरान बैटरी गायब होने की जानकारी हुई। थानाध्यक्ष भलुअनी प्रदीप कुमार ने बताया कि सूचना पर पुलिस गई थी। संवाद

## अनियंत्रित स्कूटी खड़े ट्रक में टकराई

**गौरीबाजार(एसएनबी)।** देवरिया गोरखपुर मार्ग गौरीबाजार खरोह के समीप एक अनियंत्रित स्कूटी सड़क किनारे खड़े ट्रक से टकरा गई। इस हादसे में स्कूटी सवार युवती घायल हो गई। सीएचसी गौरीबाजार से प्राथमिक उपचार के बाद हालत गंभीर देख डक्टर ने मेडिकल कालेज देवरिया रेफर कर दिया। देवरिया शहर के सोमनाथ मंदिर निवासी लक्ष्मी (30) पुत्री रामभवन रविवार सुबह स्कूटी से गोरखपुर से देवरिया जा रही थी।अभी वह गोरखपुर-देवरिया मार्ग पर खरोह के समीप पहुंची थी,की स्कूटी अनियंत्रित होकर सड़क किनारे खड़े ट्रक से जा टकरा गई। इस हादसे में स्कूटी सवार गंभीर रुप से घायल हो गईं। आसपास के लोगों ने एंबुलेंस से घायल युवती को सीएचसी भेजवाया, जहा से प्राथमिक उपचार के बाद देवरिया मेडिकल कालेज भेज दिया गया।

# KUSHINAGAR POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांकः–22–09–2025

# दो अंतरराज्यीय शराब तस्कर गिरफ्तार

**पडरौना।** पडरौना कोतवाली पुलिस ने रविवार को पडरौना के रेलवे स्टेशन स्थायी पुलिस चौकी के समीप से एक बस में चेकिंग के दौरान आठ लाख रूपये की अवैध अंग्रेजी शराब बरामद की है। पुलिस ने अन्तरराज्यीय शराब तस्करी गैंग का पर्दाफाश करते हुये बस से तस्करी कर बिहार ले जा रही 97 पेटी अवैध अंग्रेजी शराब के साथ दो तस्करों को गिरफ्तार किया है। इसमें पुलिस ने आठ लाख रूपये की इम्पीरियल ब्लू व 10750 रूपये नगद समेत वाहन सहित कुल 43 लाख रुपये का माल बरामद किया है।

पुलिस अधीक्षक कुशीनगर केशव कुमार के निर्देशन, अपर पुलिस अधीक्षक कुशीनगर निवेश कटियार के पर्यवेक्षण एवं क्षेत्राधिकारी सदर डॉ. अजय कुमार सिंह के नेतृत्व में पुलिस अवैध शराब बिक्री के खिलाफ

- कोतवाली पुलिस ने रेलवे स्टेशन पुलिस चौकी के पास से की गिरफ्तारी व बरामदगी
- बस में गाजियाबाद, हरियाणा व पंजाब निर्मित शराब को लाद कर ले जा रहे थे बिहार

अभियान चला रही है। इस क्रम में पडरौना कोतवाली पडरौना पुलिस ने एक सवारी बस को पडरौना के रेलवे स्टेशन रोड से जांच के दौरान उसमें कुल 97 पेटी अवैध अंग्रेजी शराब के साथ दो अभियुक्तों को गिरफ्तार की है। पुलिस ने परमजीत मालिक पुत्र सुखबीर मलिक निवासी राम श्याम एन्कलेव चिपियाना बुर्जुग थाना बिसरख जनपद गौतमबुद्धनगर मूल निवासी भट्टा पारसौल थाना दनकौर जनपद गौतमबुद्धनगर व उमेश कुमार पुत्र सुरेश गौड़ निवासी मढ़िया जेवर खादर थाना जेवर जनपद गौतमबुद्धनगर उप्र मूल निवासी ग्राम सोल्डा थाना चांदहट जनपद पलवल हरियाणा को गिरफ्तार कर उनके खिलाफ केस दर्ज कर जेल भेज दिया है। कोतवाल ने अभियुक्तों से पूछताछ के आधार बताया कि हम लोगों का एक संगठित गिरोह है। हम लोग पंजाब हरियाणा राज्य में निर्मित अंग्रेजी शराब को सवारी बस के अन्दर बने गोपनीय बाक्स में छिपाकर अलग अलग रास्तों से बिहार ले जाते थे व चोरी छिपे बिहार में ले जाकर इसे ऊंचे दामों पर बेचकर अधिक धन अर्जित करते थे। गिरफ्तारी करने वाली टीम में प्रभारी निरीक्षक हर्षवर्धन सिंह, शनि जावला चौकी प्रभारी मिश्रौली, अमित कुमार सिंह चौकी प्रभारी सुभाष चौक, सिपाही नरेन्द्र यादव, रविप्रकाश सिंह, अंकुर सिंह व चन्द्रमा बिन्द आदि शामिल रहे।

# बहादुरपुर चौकी का नवागत एसपी ने किया निरीक्षण

**सलेमगढ़** । कुशीनगर के नवागत पुलिस अधीक्षक केशव कुमार ने रविवार को तरयासुजान थाना क्षेत्र के उत्तर प्रदेश-बिहार सीमा पर स्थित बहादुरपुर पुलिस चौकी का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान एसपी ने चौकी पर तैनात पुलिसकर्मियों से विस्तृत जानकारी ली और अपराध नियंत्रण पर विशेष जोर दिया।

उन्होंने कहा कि अपराधियों से सख्ती से निपटना होगा। लापरवाही किसी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जायेगा और किसी भी स्थिति में जवाबदेही तय होगी। एसपी ने चौकी प्रभारी एसआई शशि कुमार से ड्यूटी पर तैनात पुलिसकर्मियों की संख्या की जानकारी ली और बीट रजिस्टर का निरीक्षण किया। उन्होंने पुलिसकर्मियों को बीट ड्यूटी ईमानदारी से निभाने का निर्देश दिया। उन्होंने पशु और शराब तस्करों पर कड़ी कार्रवाई करने का आदेश दिया। इस मौके पर एसआई महिपाल चौहान, एसआई शशि कुमार, दीवान नित्यानंद सिंह, सिपाही संदीप गोंड, कर्मवीर सिंह, सूर्यकांत सिंह व दिलीप कुमार आदि मौजूद रहे।

## रैली में थानों के महिला व पुरुष पुलिस कर्मियों ने बढ़-चढ़कर लिया हिस्सा

# बाइक रैली को प्रभारी मंत्री ने दिखाई हरी झंडी

**पडरौना, निज संवाददाता।** महिलाओं व बालिकाओं को सुरक्षा, सम्मान व सशक्त बनाने के लिए रविवार को कुशीनगर पुलिस ने बाइक रैली निकाली। मिशन शक्ति फेज 5.0 के तहत निकली बाइक रैली को प्रभारी मंत्री दिनेश प्रताप सिंह हरी झंडी दिखा कर रवाना किया।

कुशीनगर में पुलिस प्रशासन द्वारा मिशन शक्ति-फेज 5.0 के तहत बाइक रैली का आयोजन किया गया। रैली रिजर्व पुलिस लाइन कुशीनगर से प्रारंभ होकर सुभाष चौक होते हुये कोतवाली पडरौना पहुंच समाप्त हुई। रैली को प्रभारी मंत्री/राज्य मंत्री, उद्यान, कृषि विपणन, कृषि विदेश व्यापार एवं कृषि निर्यात उत्तर प्रदेश दिनेश प्रताप सिंह ने नवागत पुलिस अधीक्षक कुशीनगर केशव कुमार, मुख्य विकास अधिकारी गुंजन द्विवेदी एवं अन्य जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।



बाइक रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना करते प्रभारी मंत्री व अन्य। • हिन्दुस्तान

बाइक रैली में जनपद के विभिन्न थानों की महिला पुलिस कर्मियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। रैली का मुख्य उद्देश्य महिलाओं और बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन को सुनिश्चित करना है। मिशन शक्ति-फेज 5.0 अभियान का लक्ष्य महिलाओं को सामाजिक, आर्थिक, और कानूनी रूप से सशक्त बनाने के अलावा अपराध रोकथाम तथा समाज में सकारात्मक बदलाव लाना है। इस दौरान प्रशासनिक व पुलिस अधिकारी तथा अन्य जनप्रतिनिधि मौजूद रहे।

# पर्व को लेकर पुलिस कर्मियों को भ्रमण का दिया आदेश

**पडरौना, निज संवाददाता।** नवागत पुलिस अधीक्षक कुशीनगर केशव कुमार ने त्योहारों को लेकर जनपद के समस्त थाना प्रभारी, हल्का प्रभारी एवं बीट प्रभारियों को सकुशल सम्पन्न कराने के मद्देनजर क्षेत्र में भ्रमणशील रहकर लोगों के साथ मीटिंग करने का आदेश दिया है।

एसपी के निर्देश पर जनपद के समस्त थाना प्रभारी, हल्का प्रभारी एवं बीट प्रभारियों ने अपने-अपने बीट व गांवों, कस्बों व चौराहों पर आगामी नवरात्रि त्योहार को जनपद में सकुशल सम्पन्न कराने, सुरक्षा एवं कानून व्यवस्था सुदृढ रखने तथा शांति एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण बनाये रखने के लिए भ्रमणशील रहकर चौपाल लगाकर मीटिंग किया गया। मीटिंग में आयोजकों को शासन-प्रशासन द्वारा निर्गत आदेश-निर्देश से अवगत कराया गया तथा आमजन से अपील की गयी कि सभी लोग एक दूसरे की भावनाओं का सम्मान करें, जनपद में शांति व्यवस्था बनाये रखें, साम्प्रदायिक सौहार्द बिगाड़ने की कोशिश करने वालों व असामाजिक तत्वों व किसी भी प्रकार की आपराधिक अवांछित गतिविधियां दिखाई देने पर इसकी सूचना तत्काल पुलिस को दें। किसी प्रकार की अफवाह पर ध्यान न दें, बल्कि अफवाह की पुष्टि उच्चाधिकारियों से करें तथा जिले में सौहार्दपूर्ण वातावरण का माहौल बनाये रखने में पुलिस व प्रशासन का सहयोग करें।

## पकड़ियार व क्रांति चौक पर की बैठक

**नेबुआ नौरंगिया/क्रांति चौराहा।** नेबुआ नौरंगिया थाना परिसर सहित पकड़ियार बाजार चौकी व क्रांति चौकी पर आगामी दशहरा पर्व को सकुशल सम्पन्न कराने के उद्देश्य से रविवार को पंडाल आयोजकों तथा डीजे संचालकों के साथ पीस कमेटी की बैठक आयोजित की गई। अध्यक्षता थानाध्यक्ष दीपक कुमार सिंह ने किया।

## बिहार पुलिस ने पटहेरवा पहुंच जुटाई जानकारी

**पटहेरवा।** पटहेरवा थाने परिसर में रविवार को पहुंचे बिहार पुलिस के एक इंस्पेक्टर ने सिवान जिले के एक थाने में 13 साल पूर्व 2012 में दर्ज एक केस की जानकारी जुटायी। बिहार से आये इंस्पेक्टर ने बताया कि मामला सिवान जिले के एक थाने से जुड़ा है। कोर्ट के आदेश पर साक्ष्य के लिए उत्तर प्रदेश के बॉर्डर थाने पर पहुंच कर महत्वपूर्ण जानकारी जुटायी जा रही है।

# डोल मेला सकुशल संपन्न कराने को हुई बैठक

**दुदही।** विशुनपुरा थाने के प्रभारी निरीक्षक ने विजयादशमी के दिन दुदही में लगने वाले डोल मेला की तैयारियों तथा सुरक्षा व्यवस्था को लेकर कमेटी के सदस्यों के साथ बैठक की। इसमें मेला शांतिपूर्वक संपन्न कराने पर जोर दिया गया।
दुदही उपनगर में वर्षों से विजयादशमी के दिन आयोजित होने वाले डोल मेले को लेकर प्रभारी निरीक्षक आनन्द कुमार गुप्ता ने स्टेशन बाजार में बैठक की। बैठक में डोल तथा दुर्गा प्रतिमाओं से जुड़े कमेटी के पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# किशोरी को भगाने के आरोपी को पुलिस ने जेल भेजा

**तमकुहीराज।** शनिवार की देर रात तमकुहीराज थाना क्षेत्र के एक गांव की किशोरी को दूसरे गांव का युवक लेकर भाग निकला। मामले की जानकारी होने के बाद खोजबीन में जुटे परिजनों ने सोमवार को फोरलेन पर स्थित गाजीपुर बैरियर के एक मकान से दोनों को पकड़ लिया। युवक एवं किशोरी का संबंध दो वर्गों से जुड़ा होने के कारण मौके पर तनाव की स्थिति उत्पन्न हो गई। सूचना पाकर हरकत में आई तमकुहीराज पुलिस ने मौके पर पहुंच स्थिति संभालते हुए किशोरी एवं आरोपी को लेकर थाने चली आई। मामले में किशोरी के परिवारीजनों की तहरीर के आधार पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उसे जेल भेज दिया। घटना को लेकर क्षेत्र में तमाम तरह की चर्चा होती रही।

### पशु तस्करी में लापरवाही में दो दिन पूर्व दो प्रभारी निरीक्षक समेत 25 पुलिसकर्मी हुए थे लाइनहाजिर

# लाइनहाजिर पुलिस कर्मियों को छोड़ना पड़ेगा कुशीनगर जिला

**पडरौना।** पशु तस्करों पर कार्रवाई में लापरपाही बरतने तथा इसमें संलिप्त होने की आशंका के मामले में लाइनहाजिर हुये कुशीनगर के 25 पुलिस कर्मियों को अब कुशीनगर जनपद छोड़ना पड़ेगा। नवागत एसपी ने इन पुलिस कर्मियों को जिले के बाहर स्थानांतरण करने के लिए एडीजी को पत्र लिखा है।इससे पुलिस विभाग हड़कंप मच गया है।

> “ पशु तस्करी को लेकर जिले में लाइन हाजिर हुये पुलिस कर्मियों को जनपद से बाहर दूसरे जिले में तबादला करने के लिए एडीजी जोन को पत्र लिखा गया है। वहां से आदेश मिलते ही लाइनहाजिर पुलिस कर्मियों पर कार्रवाई की जायेगी। भ्रष्टाचार के किसी भी मामले को कतई बर्दाश्त नहीं किया जायेगा।
>
> **केशव कुमार,** नवागत एसपी कुशीनगर

गोरखपुर के पिपराइच में पिछले 15 सितंबर की रात गो-तस्करों ने छात्र की हत्या कर दी थी। नाराज लोगों ने जमकर बवाल किया था। सीएम योगी आदित्यनाथ ने सख्त कार्रवाई करने का आदेश दिया था। कुशीनगर व पिपराइच पुलिस ने दो दिन पूर्व रामकोला के पगार में मुठभेड़ कर ईनामी पशु तस्कर अब्दुल रहीम के दोनों पैर में गोली मारकर दबोच लिया। सीएम की सख्ती के बाद पुलिस महकमा गो तस्करों पर बड़ी कार्रवाई में जुटा हुआ है।गोरखपुर की घटना में शामिल अधिकतर तस्करों को पुलिस गिरफ्तार कर चुकी है। कुशीनगर एसपी संतोष कुमार मिश्रा व देवरिया के एसपी के मुख्यालय संबद्ध होने के बाद एडीजी जोन गोरखपुर मुथा अशोक जैन ने पिछले 18 सितंबर दिन गुरूवार को जिले में फोरलेन के सभी थानों व चौकियों का निरीक्षण किया था। तैनात पुलिसकर्मियों से उन्होंने पशु तस्करों पर कार्रवाइयों को लेकर पूछताछ भी की ।एडीजी के लौटने पर रात 12 बजे के बाद उनके कार्यालय से आदेश पर जिले के दो प्रभारी निरीक्षकों समेत 25 कर्मियों को लाइन जाहिर कर दिया गया है। यह कार्रवाई एडीजी के रात फोरलेन के थानों व चौकियों के निरीक्षण के बाद हुई थी।

**इन पर हुई थी कार्रवाई:** एडीजी के निर्देश पर कसया थाने के प्रभारी निरीक्षक अमित शर्मा, दरोगा गौरव शुक्ला, हवलदार राजेश कुमार सिंह, सिपाही राहुल कुमार पांडेय, तरया सुजान थाने के दरोगा अनुराग शर्मा, अरविंद कुमार, सिपाही नवनीत कुमार शुक्ल व विशाल सिंह, हाटा कोतवाली के दरोगा मंगेश मिश्र, हवलदार सतीश चंद, सिपाही सुधीर कुमार यादव, डब्लू कुमार, बृजेश यादव व अजय तिवारी, तमकुहीराज थाने के प्रभारी निरीक्षक सुशील कुमार शुक्ला, दरोगा अर्सलान अहमद व सिपाही मोहित कुमार उपाध्याय, चौराखास थाने के हवलदार दिलीप कुमार व सिपाही विकास प्रजापति, खड्डा थाने के सिपाही शशिकेश गोस्वामी, पटहेरवा थाने के दरोगा पवन कुमार सिंह, हवलदार फूलचंद चौधरी, श्याम सिंह यादव व सिपाही अर्जुन खबरवार तथा एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग सेल में तैनात हवलदार विनोद कुमार यादव को लाइनहाजिर किया गया था।




# बस से 97 पेटी शराब बरामद, दो गिरफ्तार

- गिरफ्तार तस्कर हरियाणा व यूपी के गौतमबुद्धनगर के रहने वाले
- हरियाणा से बिहार के बगहा ले जाई जा रही थी अंग्रेजी शराब की खेप



खड़ी बस तथा शराब व पकड़े गए तस्करों के साथ पुलिस कर्मी • जागरण

जागरण संवाददाता, पडरौना: यात्री बस में बनाए गए गोपनीय बाक्स में छिपाकर रखी गई 97 पेटी अंग्रेजी शराब बरामद कर कोतवाली पुलिस ने दो अंतरराज्यीय तस्करों को गिरफ्तार किया। तस्करों की पहचान गौतम बुद्धनगर के बिसरख थाने के राम-श्याम कनक्लेव चिपियाना बुजुर्ग मकान नंबर 347 के परमजीत मल्लिक व हरियाणा राज्य के जिला पलवल के थाना चांदहट के सोल्डा के उमेश कुमार हाल मुकाम जेवर खादर मढ़िया थाना जेवर जिला गौतमबुद्धनगर के रूप में हुई। मामला दर्ज कर पुलिस तस्करों को कोर्ट ले गई। वहां से उन्हें जेल भेज दिया गया। तस्करों ने बताया कि शराब की खेप हरियाणा से बिहार के बगहा ले जा रहे थे। प्रभारी निरीक्षक हर्षवर्धन सिंह मातहतों संग दोपहर में स्टेशन रोड के समीप बाइपास मार्ग पर वाहनों की जांच पड़ताल कर रहे थे। इस बीच गौतमबुद्ध नगर जिले की नंबर लगी व बिहार जा रही बस को रोक पुलिसकर्मियों ने छानबीन की तो बस में गोपनीय तरीके से बनाए गए बाक्स में अंग्रेजी शराब की खेप मिली। बस में आधा दर्जन की संख्या में यात्री थे, जो बांसी व बगहा के थे। यात्रियों की पहचान होने व साक्ष्य मिलने के बाद पुलिस ने उन्हें दूसरे वाहन से भिजवाया। जांच में हरियाणा निर्मित शराब 97 पेटी पाई गई। टीम ने मौके से दो तस्करों को भी दबोच लिया। तस्करों ने बताया कि वे संगठित गिरोह के सदस्य हैं। गिरोह पंजाब, हरियाणा से शराब की खेप बिहार में उंचे दामों पर आपूर्ति करता है। टीम में मिश्रौली चौकी प्रभारी शनि जावला, सुभाष चौक प्रभारी अमित सिंह आदि शामिल रहे।

# यूपी–बिहार सीमा पर और बढ़ाएं चौकसी

- बहादुरपुर पुलिस चौकी का निरीक्षण कर दिए गए निर्देश
- मुख्य मार्गो के अलावा संपर्क मार्गो पर भी रखें पैनी नजर

संवाद सूत्र,सलेमगढ़ : एसपी केशव कुमार ने रविवार को यूपी–बिहार सीमा पर स्थित बहादुरपुर पुलिस चौकी का निरीक्षण किया। ड्यूटी पर मिले पुलिसकर्मियों से पूछताछ की। कहा कि दायित्वों के प्रति सतर्क एवं ईमानदार रहें। लापरवाही पाए जाने पर कठोर कार्रवाई की जाएगी। यूपी–बिहार सीमा पर और चौकसी बढ़ाई जाए।

एसपी दोपहर दो बजे बहादुरपुर पुलिस चौकी पहुंचे। आसपास के क्षेत्रों की जानकारी ली। ड्यूटी पर तैनात दारोगा शशि कुमार से चौकी पर तैनात पुलिसकर्मियों के बारे में पूछताछ की। टी रजिस्टर के अनुसार पुलिसकर्मी निर्धारित प्वाइंट्स पर मौजूद हैं या नहीं उनसे बात कर लोकेशन जाना। कहा कि सीमावर्ती क्षेत्रों में तैनात पुलिसकर्मी हर समय सतर्क रहें। बिहार राज्य को जोड़ने वाले मुख्य मार्गों के अलावा संपर्क मार्गों पर भी बैरियर लगाकर आने जाने वालों पर निगरानी रखें। सभी वाहनों की सघनतापूर्वक जांच करें। संदिग्ध लोगों से सख्ती से पूछताछ की जाए। पशु व शराब तस्करी किसी भी दशा में नहीं होने दी जाएगी। इसमें लिप्त लोगों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई करें, ताकि



बहादुरपुर पुलिस चौकी का निरीक्षण करते एसपी केशव कुमार ( दाएं ) • जागरण

तस्करों में भय का माहौल बने। पीआरओ उपेंद्र कुमार, दारोगा महिपाल चौहान, दीवान नित्यानंद सिंह, सिपाही संदीप गोंड आदि मौजूद रहे।

**24 घंटे अलर्ट मोड में रहें वार्डर के थाने** : एसपी ने बताया कि बिहार बार्डर से जुड़े थानों तथा चौकियों को 24 घंटे अलर्ट मोड में रहने के निर्देश दिए गए हैं। यहां तैनात पुलिसकर्मियों की भी जानकारी इकट्ठा कराई जा रही है, जैसे कि कौन, कबसे तैनात है।

पुलिसकर्मियों की गतिविधियां संदिग्ध पाए जाने पर संबंधित के विरुद्ध कठोर कार्रवाई होगी।

# मार्ग दुर्घटना में दो महिलाओं समेत पांच घायल

संवाद सूत्र, रगड़गंज : कप्तानगंज के मठिया गांव के पास रामकोला मार्ग पर रविवार की शाम को बाइक की आमने–सामने टक्कर में दो महिलाओं समेत पांच लोग घायल हो गए।

# पशु तस्करों पर कसा शिकंजा, 15 वाहन जब्त

## दुबौली तकिया गांव में बिहार पुलिस कर रही कैंप, घर छोड़ कर भागे लोगों की तलाश

संवाद सूत्र, सलेमगढ़ (कुशीनगर) : गोरखपुर के पिपराइच के महुअचाफी गांव में पशु तस्करों द्वारा छात्र दीपक गुप्ता की हत्या बाद से पुलिस व एसटीफ की टीम ने बिहार बार्डर के प्रमुख मार्गों पर चौकसी बढ़ा दी है। आने–जाने वालों की सघन जांच की जा रही है। दूसरी ओर बिहार के गोपालगंज के गोपालपुर थाने की पुलिस ने भी शिकंजा कसना शुरू कर दिया है। यहां का दुबौली तकिया गांव पुलिस छावनी में तब्दील हो गया है। शनिवार की शाम गोपालगंज के एसपी अवधेश दीक्षित के निर्देश पर बिहार गोपालगंज के एसडीपीओ प्रांजल कुमार, कुचायकोट के एसएचओ दर्पण सुमन, गोपालपुर के थानाध्यक्ष सुभाष कुमार पुलिस बल के साथ गांव में पहुंचे। पशु तस्करों के प्रयोग में लाए गए 13 पिकअप व दो ट्रैक्टर–ट्राली जब्त करते हुए थाने भिजवाया। दोनों थाने की पुलिस बल गांव में लगातार कैंप कर रही है।

कुचायकोट के एसएचओ ने बताया कि 23 मई 2025 को शराब लदी पिकअप यूपी की ओर से आई, उस समय तत्कालीन एसएचओ आलोक कुमार बलथरी चेकपोस्ट पर वाहनों की जांच कर रहे थे, पुलिस टीम को



बिहार के गोपालगंज जिले के गोपालपुर थाने के दुबौली तकिया गांव में वाहनों को कब्जे में लेती पुलिस। • जागरण

देख पिकअप चालक वाहन मोड़ कर भागने लगा। पुलिस टीम पीछा करने लगी तो चालक पिकअप को लेकर दुबौली तकिया गांव में घुस गया। गांव में पुलिस टीम के पहुंचते ही ग्रामीणों ने ईंट पत्थर चलाते हुए हथियारों से हमला कर दिया। घटना में एसएचओ आलोक कुमार, चौकीदार परमिंदर घायल हो गए। एसएचओ की रिवाल्वर भी तस्करों ने छीन ली। इस मामले में कुचायकोट में 25 नामजद 26 अज्ञात पर मुकदमा दर्ज हुआ था। इस मामले में बिहार के दस व यूपी के दो तस्करों को अब तक पुलिस जेल भेज चुकी है। गांव से फरार पुरुष, महिलाओं को पुलिस तलाश रही है।

यूपी की तरयासुजान थाने की पुलिस के अनुसार बिहार का दुबौली तकिया गांव पशु व शराब तस्करों का गढ़ बन गया है। इस धंधे में पूरा गांव ही शामिल हैं। गांव में ही मुजफ्फरनगर, मुरादाबाद के दो पशु तस्करों की मीट और बिरयानी की दुकानें चलती हैं। सीओ तमकुहीराज राकेश प्रताप सिंह ने बताया कि बिहार और यूपी की पुलिस संयुक्त रूप से तस्करों के विरुद्ध कार्रवाई कर रही है।

### एक लाख के इनामी गो तस्कर ने किया आत्मसमर्पण

संवाद सूत्र, सलेमगढ़ (कुशीनगर) : गोरखपुर के पिपराइच में युवक को अगवा कर की गई हत्या के मामले में एक लाख रुपये के इनामी गो तस्कर मन्नू देवान ने बीते शुक्रवार को गोपालगंज दीवानी न्यायालय में आत्मसमर्पण कर दिया। उसकी तलाश में एसटीएफ सहित गोरखपुर पुलिस की कई टीमें लगी थीं। गोरखपुर के पिपराइच स्थित महुआचाफी गांव में बीते सोमवार की रात पशु तस्करों ने छात्र दीपक की हत्या कर दी थी। हत्या के बाद भड़की भीड़ को काबू करने में एसपी सहित कई पुलिसकर्मी घायल हो गए थे। घटना में शामिल तस्करों की गिरफ्तारी के लिए एसटीएफ के साथ साथ गोरखपुर पुलिस की कई टीमें लगाई गई। फरार तस्करों में मन्नू देवान निवासी दुबौली तकिया टोला थाना गोपालपुर जिला गोपालगंज बिहार भी शामिल था। उसकी तलाश में टीमें संभावित जगहों पर छापेमारी कर रहीं थीं। इस बीच पुलिस को चकमा देकर उसने गोपालगंज न्यायालय में शुक्रवार को आत्म समर्पण कर दिया।

# दागदार पुलिस कर्मियों का होगा गैर जनपद स्थानांतरण, एसपी ने डीजी आफिस भेजा पत्र

जागरण संवाददाता, पडरौना :पशु तस्करों से साठ-गांठ पाए जाने पर लाइन हाजिर किए गए दो प्रभारी निरीक्षक समेत सभी 33 पुलिसकर्मियों के विरुद्ध एसपी केशव कुमार ने डीजी आफिस को पत्र भेजा है, जिसमें इन पुलिसकर्मियों के विरुद्ध विभागीय जांच कराने के साथ साथ इन्हें गैर जनपद स्थानांतरित किए जाने का उल्लेख है। शुक्रवार की देर शाम जिले की कमान संभालने के बाद एसपी ने सभी के विरुद्ध विभागीय जांच कराने तथा गैर जनपद स्थानांतरण किए जाने का पत्र पुलिस महानिदेशक कार्यालय लखनऊ भेजा है। कुशीनगर के तमकुहीराज के प्रभारी निरीक्षक, बहादुरपुर चौकी इंचार्ज , कसया के प्रभारी निरीक्षक , कुशीनगर चौकी प्रभारी , एसएसआइ हाटा सहित कुल 33 पुलिसकर्मियों को बीते गुरुवार की देर रात लाइन हाजिर कर दिया गया था। एसपी ने बताया कि लाइन हाजिर पुलिसकर्मियों के गैर जनपद स्थानांतरण के लिए उच्चाधिकारियों को पत्र भेजा गया है।

निरीक्षक सुशील शुक्ल व अमित शर्मा का देर शाम स्थानांतरण: डीजी कार्यालय से रविवार को जारी आदेश पत्र में निरीक्षक सुशील शुक्ल का सीआइडी तथा अमित शर्मा का स्थानांतरण स्पेशल इन्क्वायरी में हुआ है।

# पिकअप की टक्कर से बाइक सवार मां-बेटा घायल

बोदरवार :कप्तानगंज के साखोपार चौराहे के पास गोरखपुर मार्ग पर पिकअप व बाइक की भिड़ंत में बाइक सवार मां-बेटे घायल हो गए। महराजगंज के घुघली थाने के बड़हरा फार्म निवासी हरिओम सिंह बाइक से मां सरोज को लेकर पिपराइच की तरफ जा रहे थे। तभी दुर्घटना हो गई। बोदरवार चौकी इंचार्ज प्रदीप कुमार घायलों को सीएचसी भिजवाए। (संसू)

# योजनाओं का सौ प्रतिशत किया जाए क्रियान्वयन : प्रभारी मंत्री

## जनसमस्याओं व शिकायतों का समय सीमा में किया जाए निस्तारण, सोलर पंप के लिए कम आवेदन पर जताई नाराजगी, दिए सुधार के निर्देश

जागरण संवाददाता, पडरौना: कलेक्ट्रेट सभागार में रविवार को आयोजित समीक्षा बैठक में जनपद के प्रभारी मंत्री दिनेश प्रताप सिंह ने शासन की ओर से संचालित योजनाओं, निर्माण कार्यों व कानून व्यवस्था आदि की समीक्षा की। उद्यान, कृषि, सहकारिता विभाग, सड़क निर्माण, राजस्व के वादों की स्थिति, रियल टाइम खतौनी, स्वास्थ्य विभाग, प्रधानमंत्री/मुख्यमंत्री आवास योजना (शहरी/ग्रामीण) बिजली आपूर्ति, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य, उद्योग समेत अन्य विभागों की जनकल्याणकारी योजनाओं की प्रगति की हकीकत जानी। पीएम कुसुम योजना के तहत लक्ष्य के सापेक्ष कम आवेदन आने पर उन्होंने नाराजगी जताई।

उद्यान विभाग के आइडीएचएफ योजना का लक्ष्य सौ प्रतिशत पूर्ण कर लिए जाने एवं शासन की ओर से बजट प्राप्त हो जाने पर प्रभारी मंत्री 2022 से वर्षवार विवरण सभी जनप्रतिनिधियों को उपलब्ध कराए जाने का निर्देश दिए। पीएमसी योजना का लक्ष्य पूरा नहीं होने पर जिला पंचायत सदस्यों से सहयोग लेने को कहा। पीएम किसान सम्मान निधि योजना में अभी भी जनपद के 41-42 हजार किसानों का डाटा सत्यापन कार्य लंबित होने की बात सामने आने पर उन्होंने चिंता जताई।

पीएम कुसुम योजना के तहत 60 प्रतिशत अनुदान पर सोलर पंप के 485 लक्ष्य के सापेक्ष 375 आवेदन आने पर कड़ी नाराजगी जताई। कहा कि विभाग के अधिकारी जनप्रतिनिधियों से सहयोग लेकर लक्ष्य पूरा करें। जनपद में धान क्रय केंद्रों की संख्या 74 से घटाकर 56 किए जाने पर प्रभारी मंत्री ने कहा कि यह सुनिश्चित किया जाए कि इस निर्णय से कोई दिक्कत उत्पन्न न हो। छावा विधायक मोहन वर्मा की ओर से जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र जारी करने में समय अधिक लगने पर उन्होंने ओसीपी बनाकर प्रमाण पत्र जारी किए जाने का निर्देश दिया। वरासत के लंबित मामलों का एक माह में निस्तारित किया जाए। मंडी समिति की सड़कों की सूची विधायकों को उपलब्ध कराई जाए, ताकि उनकी निधि से कायाकल्प कराया जा सके। उन्होंने कहा कि इसके लिए सभी विधायकों को निधि से 5-5 करोड़ खर्च करने की स्वीकृत दी जाती है। खड्डा विधायक विवेकानंद पांडेय की ओर से एक प्रकरण को उठाए जाने पर प्रभारी मंत्री ने सीएमएस से आख्या उपलब्ध कराने और स्वास्थ्य विभाग की ओर से जांच कराए जाने का निर्देश सीडीओ को दिया। उन्होंने कहा कि कोई जनप्रतिनिधि किसी अधिकारी को फोन करते हैं तो रिसीव करना चाहिए।

उन्होंने पशु तस्करी व मतांतरण के विरुद्ध प्रभावी कार्रवाई किए जाने को एसपी को निर्देशित किया। त्योहारों पर कानून व्यवस्था को लेकर सतर्कता बरतने को कहा। पुलिस अधीक्षक केशव कुमार एवं सीडीओ गुंजन द्विवेदी ने कहा कि शासन के निर्देशों व प्राथमिकताओं का सौ प्रतिशत अनुपालन कराया जाएगा।

सांसद विजय कुमार दुबे, सदर विधायक मनीष जायसवाल, फाजिलनगर विधायक सुरेंद्र कुमार कुशवाहा, कुशीनगर विधायक पीएन पाठक, भाजपा जिलाध्यक्ष दुर्गेश राय, पिछड़ा वर्ग आयोग के सदस्य फूलबदन कुशवाहा, पडरौना नपाध्यक्ष विनय जायसवाल, एमएलसी प्रतिनिधि सुधीर राव, कुशीनगर नपाध्यक्ष प्रतिनिधि राकेश जायसवाल आदि मौजूद रहे।



कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक को संबोधित करते कुशीनगर के प्रभारी मंत्री दिनेश प्रताप सिंह (बाएं से चौथे)• जागरण

### जीएसटी में छूट से सभी वर्ग के लोगों को मिलेगी राहत : दिनेश प्रताप सिंह

जासं, पडरौना: जीएसटी में पहले पांच, 12, 18 और 28 प्रतिशत के चार स्लैब लागू थे। केंद्र सरकार की ओर से अब सिर्फ दो स्लैब पांच और 18 प्रतिशत ही रखा गया है। कुछ विलासिता की वस्तुओं पर 40 प्रतिशत टैक्स यथावत रहेगा। जीएसटी में छूट का रसोई से लेकर कृषि, मकान निर्माण, हाईवे और इंफ्रास्ट्रक्चर प्रोजेक्ट्स, उद्योग और व्यापार समेत सभी वर्ग के लोगों को लाभ मिलेगा। यह बातें जनपद के प्रभारी मंत्री दिनेश प्रताप सिंह ने कही। वे रविवार को रवींद्रनगर स्थित भाजपा कार्यालय में पत्रकार वार्ता कर रहे थे।

उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार की ओर से जीएसटी में किया गया सुधार ऐतिहासिक कदम साबित होगा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार ने सुधारों के लिए तीन सितंबर 2025 को 56 वीं जीएसटी काउंसिल की बैठक में यह निर्णय लिए गए। 2017 में जीएसटी के लागू होने के बाद अब तक का सबसे बड़ा और महत्वपूर्ण बदलाव है। कहा कि किसानों को सबसे बड़ी राहत मिलेगी। ट्रैक्टर वाली फिक्स्ड स्पीड डीजल इंजन जो 15 हार्सपावर या उससे नीचे, ट्रैक्टर का रियर, टायर और ट्यूब पर पहले 16 प्रतिशत वैट लगता था। उस पर पांच प्रतिशत जीएसटी लगेगा। हैंडपंप, इरिगेशन सिस्टम, कंपोस्ट मशीन, फर्टिलाइजर इनपुट पर भी 12 की जगह पांच प्रतिशत जीएसटी लगेगा है। व्यक्तिगत जीवन और स्वास्थ्य बीमा पर जीएसटी पूरी तरह से हटा दिया गया है। दवा, आक्सीजन और जांच किट पर जीएसटी में कटौती की गई है। गाड़ियों और वाहनों और बाइक पर 28 से घटाकर 18 प्रतिशत जीएसटी किया गया है। विद्यार्थियों को सस्ती शिक्षा उपलब्ध कराने के लिए कापी, पेंसिल समेत सभी शिक्षण सामग्रियों पर अब कोई कर नहीं लगेगा।

### उपचार के बाद ही चिकित्सक गंभीर रोगियों को करें रेफर

कसया: प्रभारी मंत्री दिनेश प्रताप सिंह ने कसया सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र परिसर में आयोजित स्वास्थ्य शिविर का निरीक्षण किया। सेवा पखवारा के तहत कार्यकर्ताओं संग सीएचसी में झाड़ू लगाया। जीएसटी में छूट किए जाने पर भाजपाइयों ने गांधी चौक से जुलूस निकाल भ्रमण किया। इमरजेंसी वार्ड में उपचार कराने आए रोगियों से मंत्री ने सुविधाओं की जानकारी ली। अधीक्षक डा. मारकंडेय चतुर्वेदी से प्रतिदिन आने वाले रोगियों व उपचार के बारे में पूछताछ की। कहा कि अगर कोई रोगी की हालत गंभीर हो तो उसका प्राथमिक उपचार के बाद ही रेफर किया जाए। विधायक पीएन पाठक से कहा कि अस्पताल का जायजा लेते रहें। पांच टीबी रोगियों में पोषण पोटली वितरित की। प्रभारी सीएमओ डा. एसएन त्रिपाठी, महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष चंद्रप्रभा पांडेय, नपाध्यक्ष प्रतिनिधि राकेश जायसवाल आदि उपस्थित रहे। उधर हाटा के रामपुर सोहरौना स्थित मंझरिया देवी मंदिर परिसर की सफाई की। इसके बाद निर्माण कार्यों का निरीक्षण किया।



पुलिस लाइन से बाइक रैली निकालती महिला पुलिसकर्मी• जागरण

### प्रभारी मंत्री ने बाइक रैली को दिखाई हरी झंडी

पडरौना: पुलिस प्रशासन की ओर से मिशन शक्ति फेज 5.0 के तहत पुलिस लाइन्स से पडरौना नगर के सुभाष चौक, कोतवाली तक बाइक रैली निकाली गई। प्रदेश सरकार के उद्यान, कृषि विपणन, कृषि विदेश व्यापार एवं कृषि निर्यात राज्यमंत्री व जनपद के प्रभारी मंत्री दिनेश प्रताप सिंह, एसपी केशव कुमार, सीडीओ गुंजन द्विवेदी एवं जनप्रतिनिधियों ने हरी झंडी दिखाकर बाइक रैली को रवाना किया। रैली में जनपद के विभिन्न थानों की महिला पुलिसकर्मियों ने प्रतिभाग किया।

# कमरे में पाइप से लटका मिला युवती का शव

संवाद सूत्र, सिसवानाहर : युवती का शव कमरे में लोहे की पाइप से दुपट्टे के सहारे लटका मिला। स्वजन रोने बिलखने पर ग्रामीणों को जानकारी हुई। पुलिस ने मामले पूछताछ की है।

तरयासुजान के गांव दनियाड़ी की रहने वाली 20 वर्षीय सोनम शनिवार की रात भोजन के बाद 10 बजे के करीब कमरे में सोने गई। स्वजन व पुलिस के अनुसार सुबह काफी देर तक जब नहीं उठी तो कमरे में गए जहां उसका शव लटका देखे। गांव के चौकीदार ने मामले की सूचना थाने में दी। प्रभारी निरीक्षक धनवीर सिंह मौके पर पहुंचे तथा शव नीचे उतरवाए। शव पर कहीं चोट के निशान नहीं थे। स्वजन के अनुसार सोनम शनिवार की सुबह पड़ोस में गई थी, वहां एक छोटे बच्चे को खिलाने लगी। इसी बात पर पड़ोसी से कहासुनी हुई थी। स्वजन ने पड़ोसी पर उसके साथ दुर्व्यवहार का आरोप लगाया है तथा कहा कि वह इससे आहत होकर घर लौटी, पूरे दिन गुमसुम रही। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट मिलने पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# किशोरी घर से गायब नामजद मुकदमा दर्ज

पटहेरवा : क्षेत्र के एक गांव से 17 वर्षीय किशोरी संदिग्ध परिस्थितियों में गायब हो गई। इस मामले में पुलिस ने एक युवक के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है। किशोरी के भाई ने तहरीर में आरोप लगाया है कि बीते 19 सितंबर को बहन दोपहर एक बजे घर से बिना बताए कहीं चली गई। कुछ लोगों से जानकारी मिली कि विकास नाम का युवक उससे मोबाइल फोन पर बात करता था। वही उसे भगा कर ले गया है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर नामजद मुकदमा दर्ज किया है। (संसू)

# अकटहां में सेंध काटकर नकदी व आभूषण चोरी

रगड़गंज : कप्तानगंज के गांव मठिया उर्फ अकटहां में शनिवार की रात सेंध काट कर घर में घुसे चोर नकदी व आभूषण चुरा ले गए। गांव की मंजू बच्चों संग घर में अकेले रहती हैं। पति परदेस में हैं। सुबह सो कर उठीं तो देखा कि कमरों के दरवाजे खुले हैं तथा बाक्स के ताले तोड़ कर आभूषण व नकदी चुरा लिए गए हैं। 112 नंबर पर उन्होंने सूचना दी तो पीआरवी टीम ने मौके पर जांच कर थाने को सूचना दी। कमरे में खिड़की के पास की दीवार में सेंध काटी गई थी। सीओ कुंदन कुमार सिंह ने बताया कि घटना के पर्दाफाश का निर्देश दिया गया है। (संसू)

# सात पशु तस्करों पर इनाम घोषित, बिहार तक दबिश

जागरण संवाददाता, गोरखपुर : पुलिस ने पशु तस्करी और उससे जुड़े अपराधों पर शिकंजा कसते हुए सात तस्करों की सूची जारी की है। थानेदार की रिपोर्ट पर एसएसपी राजकरन नय्यर ने इन सभी पर 25-25 हजार रुपये का इनाम घोषित किया है।

घोषित इनामी बदमाशों में कुशीनगर के कुबेरस्थान थाना क्षेत्र के सेमरा हरदो गांव का तौसीफ आलम शेख भी वांछित है। कुशीनगर के कुबेरस्थान थाना क्षेत्र के लक्ष्मीपुर निवासी अजय कुमार गौड़, पडरौना कोतवाली के बसहिया बनवीरपुर गांव का परवेज आलम भी गैंग्सटर एक्ट के मुकदमे में फरार हैं। बिहार के मुजफ्फरपुर जिले के मोहल्ला कुरेशियन, बघरा थाना तिताबी निवासी सिद्धू उर्फ सिंटू उर्फ वाशिद अली गीडा थाने में दर्ज गैंग्सटर एक्ट के मुकदमे में फरार चल रहा है। गोपालगंज के मुस्ताक अहमद पर बेलीपार थाने में दर्ज पशु तस्करी का मुकदमा दर्ज है।

# चाकू से हमला करने वाला एक गिरफ्तार

संवाद सूत्र,गोड़रिया: रास्ते के विवाद में चाकू से हमला कर महिला समेत तीन को घायल करने वाले आरोपितों में पुलिस ने रविवार को एक को गिरफ्तार कर लिया। विशुनपुरा के कुबेरा भुआलपट्टी के मिश्रौली टोला के रमाशंकर मद्धेशिया शनिवार की शाम को अपने खेत के सामने पिकअप खड़ी कर बेटे रितेश व पत्नी प्रतिमा संग केला लोड कर रहे थे। इस बीच वहां बाइक से आए गांव के ही सैफ अली व अशरून को जगह कम होने की बात बता बाइक से उतर कर निकलने को कहे। इस पर आरोपित आक्रोशित हो उठे। अपशब्द कहने लगे। विरोध करने पर धमकी दे चले गए। कुछ ही देर में समूह में आए और चाकू, राड आदि से हमला कर दिए। इसमें रमाशंकर, रितेश व प्रतिमा घायल हो गए। गांव के लोगों ने इसकी सूचना पुलिस को दी। एसएचओ आनंद गुप्ता ने बताया कि असरून को गिरफ्तार किया गया है। अन्य आरोपितों की तलाश की जा रही है।

# डीजे की दुकान में हुई चोरी का पर्दाफाश, तीन गिरफ्तार

## मुजडिहा चौराहे की एक दुकान से हुई थी चोरी

संवाद न्यूज एजेंसी

**अहिरौली बाजार।** थाना क्षेत्र के मुजडिहा चौराहे के बंद दुकान से पीछे के दरवाजे का कुन्डी तोड़कर डीजे का समान चोरी करने के मामले का पुलिस ने पर्दाफाश किया है। पुलिस ने चोरी के सामान के साथ तीन चोर को गिरफ्तार कर कार्रवाई में जुटी है।

अहिरौली बाजार थाना प्रभारी निरीक्षक संजय दूबे ने बताया कि थाना क्षेत्र के गांव मुजडिहा निवासी गोलू उर्फ अमन शर्मा गांव के ही चौराहे पर एक डीजे की दुकान चलाते हैं। उन्होंने तहरीर में बताया कि पिछले कुछ दिनों से उनकी दुकान बंद थी।

बीते सोमवार की देर शाम दुकान गए तो देखा कि पिछे के दरवाजे का कुन्डी चोर तोड़कर दुकान में रखा दस स्पीकर, दो मिक्सिंग मशीन, एक आडियो मिक्सर, एक माईक, घटना में प्रयुक्त दो पेचकस व एक सब्बल आदि उठा ले गए हैं। पुलिस ने तहरीर के आधार पर केस दर्ज कर छानबीन शुरू की।

शनिवार को दोपहर करीब दो बजे थाना क्षेत्र के मुजडिहा चौराहे से मंसुरगंज जाने वाले मार्ग से थाना क्षेत्र के गांव बलुआ निवासी सूरज साहनी, बरवा बाबू निवासी अमर कुमार और गोरखपुर जिले के पिपराइच थाना क्षेत्र के गांव रिठिया निवासी प्रिंस साहनी को पुलिस ने संदेह के आधार गिरफ्तार कर पूछताछ की तो आरोपियों ने दुकान में चोरी करने की बात को स्वीकार की। चोरों के निशानदेही पर सामान बरामद कर लिया गया।

पुलिस ने तीनों आरोपियों के खिलाफ विधिक कार्रवाई कर कोर्ट में पेश कर दिया गया। जहां से कोर्ट ने तीनों को जेल भेज दिया। गिरफ्तार करने वाले टीम में एसआई गिरिजेश कुमार, विपिन सिंह, कांस्टेबल अमित कुमार, पंकज गौड़, अनिल यादव व सर्वेश यादव शामिल रहे।

## पॉक्सो एक्ट के मामले में दो वांछित गिरफ्तार

**पडरौना।** कुशीनगर जनपद में वांछित वारंटी अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के तहत तुर्कपट्टी थाना पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। रविवार को थाना तुर्कपट्टी पुलिस ने दुष्कर्म सहित गंभीर धाराओं और पॉक्सो एक्ट में वांछित दो अभियुक्तों को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार किए गए आरोपियों में खुशियाल और धनन्जय प्रसाद ग्राम मछरिया दलजीत कुवर, थाना तुर्कपट्टी, जनपद कुशीनगर के निवासी बताए जा रहे हैं। इनके विरुद्ध पॉक्सो एक्ट के तहत केस दर्ज है। संवाद

## दो महिला वारंटी गिरफ्तार

**पटहेरवा।** पुलिस ने अलग-अलग मामलों में वांछित दो महिला वारंटियों को उनके घर से गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार एक महिला पर पॉक्सो और दूसरी महिला पर दलित उत्पीड़न के मामले में वारंटी थी। थानाध्यक्ष विनय कुमार मिश्रा ने बताया कि अपराध व अपराधियों के खिलाफ कार्रवाई की जा रही है रविवार को अभियान के तहत ही पॉक्सो एक्ट और दलित उत्पीड़न सहित अन्य मामले की वारंटी रजनी उर्फ रोशनी निवासी ज्वार भैंसहा थाना पटहेरवा व विद्युत अधिनियम के मामले में वारंटी आयशा परवीन निवासी पिपरा कनक थाना पटहेरवा को उनके घर से गिरफ्तार किया गया है। संवाद

# एसपी ने बिहार सीमा का निरीक्षण कर कड़ी निगरानी के दिए निर्देश

**सलेमगढ़।** जिले के नवागत एसपी ने रविवार की दोपहर यूपी-बिहार सीमा स्थित बहादुरपुर पुलिस चौकी पहुंचे। उन्होंने अधीनस्थ पुलिसकर्मियों के साथ यूपी-बिहार सीमा का निरीक्षण किया। इसके बाद पुलिस कर्मियों के साथ बैठक कर अपराध, अपराधियों से कड़ाई से निपटने के निर्देश दिए।

बहादुरपुर पुलिस चौकी पहुंचे एसपी केशव कुमार ने कहा कि किसी भी सूरत में अपराध और अपराधियों को बक्शा नहीं जाएगा। इसमें बिफलता मिलने पर पुलिस अधिकारियों की जबावदेही तय होगी। इस दौरान एसआई शशि कुमार से तैनात पुलिसकर्मियों की संख्या की जानकारी लेते हुए बीट रजिस्टर का निरीक्षण कर बीट ड्युटी ठीक से करने के निर्देश दिए।

उन्होंने पशु तस्करों व शराब तस्करों से कड़ाई से निपटने निर्देश दिए। इसके बाद पैदल गश्त कर उत्तर प्रदेश के बॉर्डर का निरीक्षण कर बिहार को जोड़ने वाले रास्तों की जानकारी ली और आसपास इलाके के बिहार यूपी के गांव की जानकारी लेते हुए बिहार के अहिरौली दुबौली के तकिया टोला की पुलिस चौकी से दूरी की भी जानकारी ले वापस लौट गए। संवाद

# 97 पेटी हरियाणा की शराब के साथ दो तस्कर गिरफ्तार

## नोएडा के रहने वाले हैं तस्कर, सवारी बस के अंदर गोपनीय बॉक्स के भीतर रखी गई थी शराब

संवाद न्यूज एजेंसी

**पडरौना।** कोतवाली पडरौना की पुलिस ने रविवार को बस में हरियाणा से बिहार तक लंबे समय से चल रही शराब तस्करी का भंडाफोड़ किया है। गाजियाबाद नंबर की बस से पुलिस ने नोएडा के चालक सहित एक अन्य तस्कर को 97 पेटी अंग्रेजी शराब के साथ गिरफ्तार किया है।

तस्करों ने बताया कि उनका एक संगठित गिरोह है जो पंजाब हरियाणा राज्य निर्मित अंग्रेजी शराब को छिपाकर बिहार में बेचते हैं। पूछताछ के बाद तस्करों ने गिरोह के कई सदस्यों के नाम बताए हैं। रविवार को पडरौना कोतवाली पुलिस को सूचना मिली कि उत्तर प्रदेश के गाजियाबाद नंबर वाली यात्री बस से शराब की खेप लाई जा रही है। इसी सूचना पर पुलिस वाहनों की जांच कर रही थी। इस दौरान बस को रोककर पुलिस ने जब जांच करना शुरू किया तो कुल 97 पेटी अवैध अंग्रेजी शराब के साथ दो तस्करों को गिरफ्तार किया। बरामद शराब की कीमत करीब आठ लाख बताई जा रही है।


बरामद शराब के साथ तस्कर। स्रोत-सोशल मीडिया

गिरफ्तार तस्करों की पहचान परमजीत मालिक पुत्र सुखबीर मालिक, चिपियाना बुजुर्ग थाना बिसरख जनपद गौतमबुद्ध नगर और उमेश कुमार पुत्र सुरेश गौड़ निवासी मढ़िया जेवर खादर जनपद गौतमबुद्ध नगर नोयडा के रूप में हुई है। पुलिस की पूछताछ में तस्करों ने बताया कि उनका एक संगठित गिरोह है जो पंजाब और हरियाणा राज्य में निर्णय अंग्रेजी शराब को सवारी बस के अंदर बने गोपनीय बॉक्स में छिपाकर अलग-अलग रास्तों से बिहार में ले जाते हैं।

# नवरात्रि पर्व सकुशल संपन्न कराने के लिए पुलिस सख्त

**कुशीनगर।** एसपी कुशीनगर केशव कुमार के निर्देशन में जिलेभर में नवरात्रि पर्व को शांतिपूर्ण एवं सकुशल सम्पन्न कराने के लिए पुलिस प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद है। इसी क्रम में जनपद के सभी थाना प्रभारियों, हल्का प्रभारियों एवं बीट प्रभारियों द्वारा अपने-अपने क्षेत्र के गांवों, कस्बों और चौराहों पर भ्रमणशील रहकर चौपाल लगाकर मीटिंग की जा रही है।

मीटिंग में आयोजकों व स्थानीय लोगों को शासन-प्रशासन के आदेश-निर्देशों से अवगत कराते हुए अपील की गई कि सभी लोग आपसी भाईचारा बनाकर नवरात्रि पर्व मनाएं और एक-दूसरे की भावनाओं का सम्मान करें। एसपी केशव कुमार ने कहा कि जिले में सौहार्दपूर्ण माहौल बनाए रखने के लिए प्रशासन हर स्तर पर चौकन्ना है और जनपदीय पुलिस द्वारा


रामकोला क्षेत्र की पंडाल समितियों के साथ बैठक करते पुलिस अधिकारी। स्रोत-सोशल मीडिया

सोशल मीडिया से लेकर संवेदनशील स्थानों तक कड़ी निगरानी रखी जा रही है।

बोदरवार क्षेत्र के मंसूरगंज पुलिस चौकी परिसर में चौकी इंचार्ज पंकज कुमार सिंह ने पीस कमेटी के साथ बैठक की।

अहिरौली बाजार थाना परिसर में थाना प्रभारी निरीक्षक संजय दुबे ने दुर्गा पंडाल के पदाधिकारीयों के साथ बैठक की। इसमें आयोजकों को पांडाल स्थापित करने से पहले हर जरूरी सावधानी बरतने की सलाह दी।

## महिला ने लगाया दुष्कर्म का आरोप

**पडरौना।** जटहां बाजार थाना क्षेत्र की एक महिला ने एसपी को ज्ञापन सौंपकर दुष्कर्म करने का आरोप लगाया है। महिला ने बताया कि छह माह पहले यह घटना हुई, लेकिन मामले में कोई कार्रवाई नहीं की गई। महिला ने बताया आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कराया जाए। संवाद

## किशोरी के गायब होने का केस दर्ज

**पटहेरवा।** थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी व्यक्ति की 16 वर्षीय बहन घर से गायब हो गई। किशोरी के भाई की तहरीर पर एक युवक के खिलाफ अपहरण की धारा के तहत केस दर्ज कर पुलिस विधिक कार्रवाई में जुटी है। थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी व्यक्ति ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उसकी बहन शुक्रवार की दोपहर घर से निकलकर कहीं चली गई। काफी खोज बिन करने के बाद भी उसका पता नहीं चल सका। किशोरी के भाई ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि एक युवक उसकी बहन को बहलाकर भगा ले गया। संवाद

## किशोरी को भगाने वाला युवक पकड़ा

**तमकुहीराज।** थानाक्षेत्र के एक गांव निवासी किशोरी को दूसरे गांव का एक युवक शनिवार की रात भगा ले गया। जानकारी होने पर परिजनों ने खोजबीन की तो रविवार को हाईवे स्थित गाजीपुर बैरियर के पास एक मकान में किशोरी व युवक को पकड़ लिया। युवक व किशोरी का संबंध दो वर्गों से जुड़ा होने के नाते मौके पर तनाव की स्थिति उत्पन्न हो गई। सूचना पर आई पुलिस किशोरी व आरोपी युवक को थाने ले गई। मामले में किशोरी के परिजनों की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी युवक के खिलाफ केस दर्ज कर जेल भेज दिया। संवाद

## महिला ने पुलिस से की कार्रवाई की मांग

**रामकोला।** कस्बा निवासी एक महिला ने रविवार को पुलिस को तहरीर दी है। उन्होंने कस्बा के दो युवकों पर फेक आईडी बनाकर शोसल मीडिया पर गलत टिप्पणी करने का आरोप लगाते हुए कार्रवाई की मांग की है। रामकोला पुलिस को दी तहरीर में कस्बा निवासी एक महिला ने कहा कि उनकी 22 वर्षीय बेटी की लंबी बीमारी के बाद इलाज के दौरान मौत हो गई। बेटी के निधन के दिन सोशल मीडिया पर कस्बा के दो युवक फेक आईडी बनाकर आपत्तिजनक पोस्ट शेयर कर दिया। इस संबंध में रामकोला एसएचओ राज प्रकाश सिंह ने कहा कि दोनों आरोपी युवकों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया गया है। संवाद

## गुमशुदा युवक की तलाश में आई बिहार पुलिस

**पटहेरवा।** पटहेरवा पुलिस से रविवार को बिहार पुलिस के एक इंस्पेक्टर ने बीते 13 वर्ष पूर्व गुमशुदा युवक के बारे में जानकारी जुटाई। बिहार पुलिस ने बताया कि सिवान जिले के एक थाने में दर्ज एक युवक के गुमशुदगी का केस दर्ज है। 13 वर्ष पूर्व के इस घटना में पटना हाइकोर्ट के आदेश पर उत्तर प्रदेश के बॉर्डर थाने पर पहुंच कर महत्वपूर्ण जानकारी जुटाई जा रही है। संवाद

# बिहार से लेकर कुशीनगर तक छापेमारी एसआईटी ने शुरू की मामले की जांच

## वारंट तामील कराने पश्चिमी चंपारण गई कप्तानगंज पुलिस की पिटाई का मामला

संवाद न्यूज एजेंसी

**मंसाछापर (कुशीनगर)।** बिहार के पश्चिमी चंपारण जिले के दहवा गांव में शुक्रवार की देर शाम पशु तस्कर रुस्तम अंसारी के घर वारंट तामील कराने पहुंची कप्तानगंज और धनहा थाने की पुलिस पर पशु तस्करों ने हमला कर रिवाल्वर लूट लिया था। इस वारदात के बाद पुलिस तस्करों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी कर रही है।

शनिवार को कुशीनगर जिले के जटहा बाजार थाना क्षेत्र, नेबुआ नौरंगिया, खड्डा, कुबेरस्थान थाना क्षेत्रों में बिहार पुलिस ने छापेमारी की, लेकिन कोई भी पशु तस्कर हाथ नहीं लगा। उधर, धनहा थाने में पकड़े गए संदिग्धों से पुलिस पूछताछ कर रही है।

शुक्रवार की देर शाम को वारंट तामील की कार्रवाई के दौरान पशु तस्करों ने पुलिस टीम को घेरकर हमला बोल दिया था, जिसमें धनहा थाने के डायल 112 के एसआई प्रमोद कुमार गंभीर रूप से घायल हो गए। घायल एसआई का इलाज गोरखपुर मेडिकल कॉलेज में चल रहा है। तबीयत में अब सुधार बताई जा रही है।

उधर, पुलिस ने छह नामजद सहित 10-15 अज्ञात लोगों के खिलाफ गंभीर धाराओं में केस दर्ज किया है।

घटना के बाद से नामजद मुख्य आरोपी रुस्तम सहित उसके भाई और कई आरोपी भाग गए हैं। ग्रामीणों का कहना है कि आरोपी रुस्तम के घर की महिलाओं को भी पुलिस हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। वहीं पडरौना शहर के नोनिया पट्टी और छावनी से हिरासत में लेकर पुलिस संभावित ठिकानों पर दबिश दे रही है।

### हिरासत में हैं चार आरोपी

बिहार के दहवा गांव में शुक्रवार को हुए घटना के बाद से पुलिस लगातार काल डिटेल के आधार पर आरोपियों की गिरफ्तारी में जुटी हुई है। शनिवार की देर रात को पडरौना शहर से चार लोगों को बिहार की पुलिस हिरासत में लेकर चली गई, जिनसे पूछताछ हो रही है। शनिवार की रात को जटहा थाना क्षेत्र, नेबुआ नौरंगिया, खड्डा और कुबेरस्थान थाना क्षेत्रों में कई जगहों पर बिहार की पुलिस ने छापेमारी किया। हालांकि इस कार्रवाई में कोई पुलिस के हाथ नहीं आया।


पुलिस टीम पर हमले के चार आरोपी दबोचे गए, 21 पर केस

21 सितंबर को प्रकाशित खबर।

### धनहा के दरोगा की लूटी गई रिवाल्वर हो चुकी है बरामद

# दागदार पुलिसकर्मियों के पुराने कारनामे हो रहे वायरल

## तुर्कपट्टी थाने में तैनात रहे हैं दोनों सिपाही, कुख्यात हिस्ट्रीशीटर के साथ दिखे फोटो

संवाद न्यूज एजेंसी

**कुशीनगर।** कसया थाने के हिस्ट्रीशीटर आशुतोष उर्फ भोला पर गो अधिनियम और अन्य मामलों में 12 से अधिक मुकदमे दर्ज हैं। हिस्ट्रीशीटर के साथ वर्तमान में रविंद्र नगर थाना तो दूसरा खड्डा थाने में तैनात दो सिपाहियों की फोटो सोशल मीडिया पर वायरल हो रही है। इससे हड़कंप मच गया है।

तस्वीर तो पुरानी बताई जा रही है, लेकिन इस बात की चर्चा तेज है कि पहले से तुर्कपट्टी थाने में तैनात होकर दागदार दामन के कारण दोनों सिपाहियों को हटाया गया था। अब वह खड्डा जो बिहार और नेपाल सीमा से नजदीक होने के कारण संवेदनशील है वहां तैनाती है तो दूसरा रविन्द्र नगर धूस थाने पर तैनात है। सूत्रों के मुताबिक यह दोनों वहां भी अपनी सेटिंग से कुख्यात बदमाशों और तस्करों से सांठगांठ रखते हैं। पशु तस्करी को लेकर चर्चा में आए कुशीनगर में दिन प्रतिदिन चर्चाओं में एक नया एंगल जुड़ रहा है।



कसया थाने के हिस्ट्रीशीटर (बाएं से पहला) के साथ खड्डा थाने में तैनात सिपाही व दूसरा रविन्द्र नगर थाने पर तैनात की वायरल फोटो। स्रोत-सोशल मीडिया

फोटो पुरानी है या नई, इसकी जांच कराई जाएगी। कई बार ऐसा होता है एक ही फोटो बार-बार वायरल हो जाती है। जांच में जो तथ्य सामने आएगा उसके आधार पर कार्रवाई की जाएगी।

**-केशव कुमार,** एसपी कुशीनगर

### पश्चिम के तस्करों से है करीबी

**कुशीनगर।** गोरखपुर के पिपराइच में पशु तस्करों ने एक युवक की जान ले ली। एडीजी लॉ एंड ऑर्डर अमिताभ यश के गोरखपुर पहुंचने और जोन रेंज के अधिकारियों को मीटिंग में फटकार लगाने के बाद सख्ती दिखाई और कुशीनगर पुलिस कप्तान को हटाते हुए डीजीपी मुख्यालय से संबद्ध कर दिया। एडीजी मुथा अशोक जैन कुशीनगर पहुंचे तो हाईवे और सीमावर्ती इलाकों से लगे थानों और चौकियों पर तैनात दो थानेदार सहित 25 पुलिसकर्मियों को लाइन हाजिर कर दिया। सूत्रों के मुताबिक हाईवे पर तैनात लाइन हाजिर किए गए दोनों थानाध्यक्ष पश्चिम के तस्करों को मुठभेड़ में सर्वाधिक पकड़ते थे। संवाद

# सिंगहा रेगुलेटर में मिला युवक का शव



गंडक नहर में शव मिलने की सूचना पर पहुंची पुलिस। स्रोत-सोशल मीडिया

**संवाद न्यूज एजेंसी**

**नेबुआ नौरंगिया।** रामकोला थाना क्षेत्र के मुख्य पश्चिमी गंडक नहर स्थित सिंगहा रेगुलेटर से रविवार की दोपहर एक युवक का शव बरामद हुआ। शव की पहचान महाराजगंज जनपद के निचलौल थाना क्षेत्र के चंदा गुलरभार निवासी रघुवर के रूप में हुई है।

परिजनों के अनुसार रघुवर बृहस्पतिवार से घर से लापता था। परिजन उसकी तलाश में जुटे थे। सूचना पुलिस को भी दी गई थी। रविवार दोपहर नहर में शव मिलने की जानकारी होते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पिता ने बताया कि रघुवर पिछले चार वर्षों से गंभीर बीमारी से पीड़ित था। इसी कारण मानसिक तनाव में आकर उसने आत्महत्या कर ली होगी। पुलिस मामले की छानबीन कर रही है।

# विवाद के बाद किशोरी ने फांसी लगाकर दी जान

संवाद न्यूज एजेंसी

**तरयासुजान।** थाना क्षेत्र के एक गांव में किशोरी ने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। तरयासुजान थाना क्षेत्र के एक गांव में किशोरी शनिवार को अपने पड़ोस के बच्चे को लेकर खेला रही थी।

उसी दौरान किसी बात को लेकर पड़ोसी से विवाद हो गया। विवाद के बाद किशोरी ने रात में फांसी लगाकर जान दे दी। तरयासुजान पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को

## पड़ोसी से हुआ था विवाद पुलिस ने पोस्टमार्टम के लिए भेजा शव

कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। आत्महत्या के कारणों का पता लगाने की कोशिश कर रही है।

किशोरी की आत्महत्या से उसके परिजनों में शोक की लहर है। तरयासुजान थाना प्रभारी धनवीर सिंह ने बताया कि किशोरी ने आत्महत्या की है। शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। जांच की जा रही है।

# पशु तस्करों के मददगार दो इंस्पेक्टर छह दरोगा का प्रशासनिक तबादला

## गोरखपुर के पिपराइच की घटना के बाद एडीजी पुलिसकर्मियों की भूमिका पर सख्त

संवाद न्यूज एजेंसी

कुशीनगर। गोरखपुर के पिपराइच थाना क्षेत्र में पशु तस्करों के उपद्रव मचाने के बाद शासन सख्त हो गया। इसके बाद कुशीनगर जिले में तैनात दो थानाध्यक्ष, छह दरोगा समेत 25 पुलिसकर्मियों की भूमिका संदिग्ध मिलने पर लाइन हाजिर कर दिया गया था।

दागी छह दरोगा और दोनों थानाध्यक्षों का प्रशासनिक तबादला रविवार को कर दिया गया। 10 दिन के अंदर इन पुलिसकर्मियों को तय स्थान पर ज्वाइन करना है। गोरखपुर के पिपराइच के दीपक गुप्ता की पशु तस्करों ने पीटकर हत्या कर दी थी। सीएम के जिले में पशु तस्करों के उपद्रव के बाद कुशीनगर, देवरिया



पुलिस अधीक्षक कार्यालय।

पुलिस की ओर से पशु तस्करों पर होने वाली कार्रवाई की पोल खुल गई। एडीजी लॉ अमिताभ यश गोरखपुर पहुंचे और जांच में प्रथम दृष्टया देवरिया के विक्रांत वीर और कुशीनगर के एसपी संतोष मिश्रा प्रथम दृष्टया दोषी मिले, इनको मुख्यालय से संबंद्ध कर दिया गया।

इसके बाद कुशीनगर जिले के कसया थानाध्यक्ष अमित शर्मा, तमकुहीराज थानाध्यक्ष सुशील शुक्ला, हाईवे के थानों व पुलिस



पशु तस्करों पर कार्रवाई में लापरवाही पर दो थानेदार समेत 25 लाइनहाजिर

20 सितंबर को प्रकाशित खबर।

चौकियों पर तैनात दरोगा सिपाही की भूमिका पशु तस्करों को मदद करने में मिली। 25 पुलिसकर्मियों को लाइन हाजिर कर दिया गया।

रविवार को डीजीपी कार्यालय से अपर पुलिस अधीक्षक स्थापना लखनऊ राहुल मिश्रा ने छह दरोगा और दोनों थानाध्यक्ष का प्रशासनिक स्थानांतरण किया। कसया थानाध्यक्ष अमित शर्मा को विशेष जांच लखनऊ, तमकुहीराज के थानाध्यक्ष सुशील शुक्ला को सीआईडी लखनऊ, कुशीनगर के तरयासुजान थाना क्षेत्र के तिनफेड़िया चौकी इंचार्ज अरविंद कुमार को पुलिस प्रशिक्षण जालौन, कुशीनगर चौकी इंचार्ज गौरव शुक्ला को पुलिस प्रशिक्षण जालौन, तरयासुजान थाना क्षेत्र के बरियारपुर चौकी इंचार्ज अनुराग शर्मा, तमकुहीराज थाने पर तैनात अरसलान अहमद को राज्य अपराध अभिलेख ब्यूरो लखनऊ, हाटा कोतवाली के दरोगा मंगेश मिश्रा पटहेरवा थाने के दरोगा पवन सिंह को मुख्यालय पुलिस महानिदेशक लखनऊ कार्यालय में तैनात किया गया है।

एएसपी निवेश कटियार ने बताया कि छह दरोगा और दो थानाध्यक्ष का प्रशासनिक तबादला हुआ है।

# दुष्कर्म के मामले में दो अभियुक्त गिरफ्तार

पडरौना। थाने की पुलिस ने दुष्कर्म आदि के मामले में दो वांछित अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने पाक्सो एक्ट में वांछित अभियुक्तखुशियाल पुत्र गुड्डू प्रसाद व धनन्जय प्रसाद पुत्र शम्भू प्रसाद निवासी मछरिया दलजीत कुंवर थाना तुर्कपट्टी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। गिरफ्तार करने वाली टीम में प्रभारी थानाध्यक्ष प्रिन्स कुमार, दरोगा विनायक यादव व सिपाही राहुल शामिल रहे।

MAHARAJ GANJ POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांकः–22–09–2025

# सड़क जाम के मामले में 12 नामजद और 50 पर केस

**फरेंदा, हिन्दुस्तान संवाद।** आनंदनगर के गांधीनगर निवासी करन की करंट से मौत के बाद केस दर्ज करने की मांग को लेकर परिजनों व लोगों ने शव रखकर सड़क जाम कर दिया था। इस मामले में पुलिस ने कार्रवाई करते हुए 12 नामजद व 50 अज्ञात के विरुद्ध केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

मामला बुधवार का है। बुधवार की सुबह करन विश्वकर्मा (20) की कस्बे के एक बर्तन की दुकान का शटर उठाने के दौरान करंट लगने से मौत हो गई थी। घटना के बाद परिजन व ग्रामीण काफी आक्रोश में थे। पोस्टमार्टम के बाद शव घर पहुंचा तो कार्रवाई व मुआवजे की मांग को लेकर परिजनों ने शव को राजमार्ग पर रखकर जाम लगा दिया। करीब दो घंटे तक आवागमन बाधित रहा। इसके बाद दुकान मालिक गुड्डू के खिलाफ मुकदमा दर्ज हुआ, तब जाम हटा। इस मामले में चौकी इंचार्ज गंगाराम यादव की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है। थानाध्यक्ष प्रशांत पाठक ने बताया कि अविनाश उर्फ वीरू, गंगा वरुण, भोलू विश्वकर्मा, कन्हैया उर्फ गोलू, बच्चन चौरसिया, मन्ना, राजेश उर्फ चौकी, अमरनाथ चौरसिया, जितेंद्र चौरसिया, राजेश चौरसिया, संदीप चौरसिया, गंगा वरूण की पत्नी व 50 अन्य महिला-पुरुष पर केस दर्ज हुआ है।



गोरखपुर-महराजगंज मार्ग पर तेज रफ्तार से चलने वाले वाहनों के खिलाफ कार्रवाई के लिए ट्रैफिक पुलिस ने रविवार को विशेष अभियान चलाया। ● हिन्दुस्तान

# ओवरस्पीड में चार रोडवेज बस समेत सात वाहनों का चालान

**महराजगंज, निसं।** महराजगंज-गोरखपुर राष्ट्रीय राजमार्ग 730 पर रविवार को यातायात पुलिस ने ओवरस्पीड वाहनों के खिलाफ विशेष अभियान चलाया। इस दौरान चार रोडवेज बस समेत 7 वाहनों का चालान कर 22 हजार का जुर्माना लगाया गया।

गोरखपुर-महराजगंज रोड पर अगया के पास बीते दिनों ओवरटेक के दौरान तीन रोडवेज बसों की आपसी टक्कर के बाद यातायात पुलिस हरकत में आई। एसपी सोमेन्द्र मीना के निर्देश और अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ के मार्गदर्शन में प्रभारी यातायात अरुणेंद्र प्रताप सिंह के नेतृत्व में पुलिस टीम ने भैंसा पुल के पास ब्लैक स्पॉट पर वाहनों की स्पीड ट्रैक की। ट्रैफिक पुलिस ने स्पीड रडार गन से निर्धारित गति सीमा से तेज चल रहे वाहनों को रोका और तेज गति से वाहन नहीं चलाने के लिए जागरूक की। नियम विरुद्ध पाए गए चालकों पर नियमानुसार चालान काटा गया।

# साइबर फ्रॉड से 10 हजार वापस कराए

**निचलौल।** निचलौल पुलिस की साइबर टीम ने साइबर फ्रॉड के एक मामले में कार्रवाई करते हुए पीड़ित से धोखाधड़ी से ली गई 10 हजार रुपये की रकम को वापस दिलाया है।

एसओ अखिलेश कुमार वर्मा ने बताया कि ग्राम छितौना निवासी इन्तेहाज आलम पुत्र सदरुद्दीन के साथ हुई साइबर धोखाधड़ी से 10 हजार रुपये की रकम किसी ने ले लिया था। इस रकम को साइबर पुलिस टीम ने बरामद कर उसे वापस कराया है। बरामदगी करने वाली पुलिस टीम में एसआई संदीप कुमार यादव, कांस्टेबल (ग्रेड बी) मिथिलेश कुमार, कांस्टेबल संजीव कुमार सिंह और महिला कांस्टेबल गुड़िया शामिल रहीं।

# बिना अनुमति जुलूस निकालने का प्रयास

## पुलिस ने रोका

**महराजगंज, निज संवाददाता।** महराजगंज नगर क्षेत्र में रविवार को बिना अनुमति धार्मिक जुलूस निकालने का प्रयास किया गया। जुलूस निकलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और नियमों का हवाला देते हुए रोक लगा दी। पुलिस की सख्ती के बाद जुलूस निकालने वाले युवक तितर-बितर हो गए।

बताया जा रहा है कि हमीद नगर और सुभाष नगर के कुछ युवक नारे लगाते हुए सक्सेना चौराहे तक पहुंच गए। वहां मौजूद पुलिस अधिकारियों ने जब जुलूस का अनुमति पत्र मांगा तो आयोजक कोई कागज प्रस्तुत नहीं कर सके।



बिना अनुमति धार्मिक जुलूस निकालने की सूचना पर पुलिस ने पहुंचकर रोक दिया।

जिले में निषेधाज्ञा लागू है। ऐसे में किसी भी तरह के जुलूस या सार्वजनिक कार्यक्रम के लिए पूर्व अनुमति अनिवार्य है। बिना परमिशन जुलूस निकालने का प्रयास किया गया, जिसे रोकते हुए लोगों को समझाकर वापस लौटा दिया गया। नियम तोड़ने वालों पर कार्रवाई की जाएगी। –**जय प्रकाश त्रिपाठी**, सीओ सदर

# डंफर चालक के हत्यारोपित को पुलिस ने भेजा जेल

## फॉलोअप

**कोल्हुई, हिन्दुस्तान संवाद।** कोल्हुई थाना क्षेत्र के एकसड़वा में शुक्रवार की रात डंफर चालक की हत्या के आरोपित को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। आरोपित देवरिया का रहने वाला है।

शुक्रवार रात पीएनसी कंपनी के दो डंफर चालकों में पैसे के लेनदेन को लेकर विवाद हो गया था। इस विवाद को लेकर हुए खूनी संघर्ष में अजय यादव निवासी छेदी डड़वा मालहनपर थाना बांसगांव जिला गोरखपुर की मौत हो गयी थी। घटना की जानकारी मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजते हुए कार्रवाई शुरू कर दी थी। मृत डंफर चालक के पिता राजनरायन की तहरीर पर पुलिस ने आरोपित चालक प्रेम शंकर पांडेय निवासी फुलवरिया पांडेय थाना बरहज जिला देवरिया के खिलाफ 103 (1) के तहत केस दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी थी। एसओ गौरव कन्नौजिया ने बताया कि रविवार को उन्होंने अपनी टीम के साथ हत्यारोपित प्रेमशंकर पांडेय को थाना क्षेत्र के ही बटइडीहा पोखरे के पास से गिरफ्तार कर लिया। उसका न्यायालय चालान कर दिया गया।

## किशोरी को भगाया रिश्तेदार पर केस

**सिन्दुरिया।** शोरी की मां ने पुलिस को दिए तहरीर में बताया कि उसकी 17 वर्षीया लड़की को उसके रिश्तेदार निचलौल थाना के एक गांव निवासी शैलेश द्वारा बहला फुसला कर अगवा कर लिया गया। प्रभारी निरीक्षक सत्येंद्र कुमार राय ने कहा कि पीड़िता की तहरीर के आधार पर आरोपी शैलेश के खिलाफ धारा 137 (2)के तहत अपहरण का मुकदमा दर्ज कर अग्रिम कार्रवाई की जा रही है।

## टिप्पणी के बाद भड़के लोग, पुलिस ने संभाला

**पनियरा।** क्षेत्र के बैजूडेहरा में रविवार को एक युवक द्वारा आपत्तिजनक धार्मिक टिप्पणी को लेकर माहौल गरम हो गया। मौके पर लोग इकट्ठा होने लगे। पुलिस पहुंची और आरोपी को थाने लाई। तहरीर थाने में दी गई है। दुर्गा पूजा समिति के श्यामसुंदर सिंह, सत्यम सिंह, अभय, शुभम, नागेन्द्र, चंद्रपाल, अंकित व अविनाश सिंह की तहरीर के अनुसार रविवार को गांव के कुछ बच्चे धार्मिक झंडा लेकर जलपा मां के मंदिर के तरफ जा रहे थे। तभी युवक ने बच्चों को रोककर आपत्तिजनक टिप्पणी कर दी। थानाध्यक्ष आशीष कुमार सिंह ने बताया कि युवक कोलकाता का रहने वाला है और उसकी मानसिक स्थिति ठीक नहीं लग रही है। मामले में जरूरी कार्रवाई हो रही है।

## चोर की आहट से जगा परिवार बाहर लावारिस बाइक मिली

**नौतनवा।** कस्बे के गौतमबुद्ध नगर मोहल्ले के एक मकान में शनिवार की रात घुस रहे चोर की आहट से घर वाले जाग गए। परिजनों के जगने के बाद चोर भाग गया। मकान मालिक छोटेलाल के घर के बाहर एक लावारिस बाइक रविवार की सुबह खड़ी मिली। बाइक स्वामी का पता नहीं चलने पर उसे थाने ले आई। लोगों को शक है कि लावारिस पड़ी बाइक उसी चोर की होगी जो रात में चोरी की नीयत से मकान में घुस रहा था। चौकी प्रभारी छोटेलाल ने बताया कि मामले की जांच-पड़ताल की जा रही है।

### नौतनवा के छपवां टोल प्लाजा के पास हुआ हादसा, साइकिल से थे रिटायर्ड होमगार्ड

# हादसे में रिटायर्ड होमगार्ड की मौत

**दुर्घटना 1**

**नौतनवा, हिन्दुस्तान संवाद।** नौतनवा के छपवां टोल प्लाजा के पास हाईवे पर शनिवार की रात एक फार्च्यूनर की चपेट में आने से रिटायर्ड होमगार्ड की मौत हो गई। होमगार्ड मिठाई प्रसाद निवासी कौलही साइकिल से जा रहे थे। हादसे के बाद कार कई बार पलटते हुए सड़क किनारे जा गिरी। गाड़ी में सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। शीशा तोड़कर उसे बाहर निकाला गया। कार चालक एक नेता का बेटा बताया जा रहा है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजते हुए कार्रवाई शुरू कर दी है।

रिटायर्ड होमगार्ड मिठाई प्रसाद शनिवार की रात करीब साढ़े दस बजे नौतनवा से घर जा रहे थे। अभी वह टोल प्लाजा क्रॉस कर आगे बढ़े ही थे कि सामने से आ रही एक तेज रफ्तार फॉर्च्यूनर अनियंत्रित होकर ठोकर मारते हुए सड़क पर ही पलट गई। पलटी खाते हुए फॉर्च्यूनर सड़क किनारे जा गिरी। शोर सुन आसपास के लोग दौड़े। सूचना पर तत्काल मौके पर पुलिस पहुंच गई। मौके पर घायल पड़े मिठाई प्रसाद को तत्काल रतनपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। वहीं फॉर्च्यूनर चला रहे घायल युवक को शीशा तोड़कर बाहर निकाला गया। उसे एक नजदीकी अस्पताल में ले जाया गया, जहां प्राथमिक इलाज के बाद डॉक्टर ने उसे रेफर कर दिया। बताया जा रहा है कि परिजन उसे इलाज के लिए लखनऊ लेकर गए हैं। थानाध्यक्ष पुरुषोत्तम राव ने बताया कि सूचना पर पुलिस टीम मौके पर पहुंची थी। साइकिल सवार रिटायर्ड होमगार्ड की हादसे में मौत हो गई है। वाहन को कब्जे में लिया गया है।



हादसे में क्षतिग्रस्त हुई लग्जरी कार।

## बाजार जा रहे बुजुर्ग की कार से दबकर मौत

**2**

**श्यामदेउरवा/परतावल।** गोरखपुर-महराजगंज मार्ग पर गोधवल चौराहे के समीप रविवार अपराह्न तीन बजे सड़क हादसे में बुजुर्ग की मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। बुजुर्ग बाजार करने पैदल जा रहा था। इस घटना से परिवार में चीख पुकार मच गई।

श्यामदेउरवा थाना क्षेत्र के परसिया इंदरपुर निवासी 70 वर्षीय ईशुफ पुत्र सरदार गोधवल बाजार में जन सहज केंद्र से पैसा निकालने के बाद पैदल भटहट साप्ताहिक बाजार जा रहा था। उसी दौरान सड़क पार करते समय गोरखपुर की ओर जा रही तेज रफ्तार अज्ञात कार ने ठोकर मार दिया। ईशुफ की मौके पर ही मौत हो गई। हादसे के बाद चालक कार लेकर फरार हो गया। हादसे की खबर मिलते ही मृतक के घर में कोहराम मच गया। पत्नी रुमाली और बेटे जब्बार, गफ्फार व वकील का रो-रोकर बुरा हाल है। घटना के बाद लोगों ने प्रशासन से हाईवे पर स्पीड कंट्रोल करने के लिए प्रभावी कार्रवाई की मांग कर रही है। थानाध्यक्ष अभिषेक सिंह ने बताया कि परिजनों की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## अलग-अलग हादसों में चार लोग घायल, तीन जिला अस्पताल रेफर

**3**

**निचलौल।** क्षेत्र में अलग-अलग सड़क हादसों में चार घायल हो गए। ओबरी निवासी राधेश्याम को गांव के चौराहे के पास एक अज्ञात वाहन ने ठोकर मार दिया। उसे निचलौल सीएचसी में भर्ती कराया गया। दूसरी घटना में निचलौल कस्बे के घोड़हवा विष्णु मंदिर के पास कस्बे के पांडेय मोहल्ला निवासी आदित्य लेकर गिर गए। उसका दाहिना पैर टूट गया। निचलौल सीएचसी से उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। तीसरी घटना झुलनीपुर मार्ग पर अमड़ी पुल के पास हुई। कोठीभार थानाक्षेत्र के ग्राम दुर्गवलिया निवासी कृष्णा अपनी बाइक पर बबलू निवासी कोल्हुआ को बैठाकर कहीं जा रहा था। बाइक अनियंत्रित होकर सड़क के किनारे गड्ढे में गिर गई। दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। दोनों को निचलौल सीएचसी से जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

# धर्म विशेष पर टिप्पणी से हंगामा पशिचम बंगाल का युवक हिरासत में



विवाद के बाद बैजूडेहरा गांव में मौके पर जुटी भीड़ • जागरण

संवाद सूत्र, (पनियरा) महराजगंजः रविवार को बैजूडेहरा में धर्म विशेष पर टिप्पणी करने और मतांतरण कराने के प्रयास को लेकर हंगामा हो गया। इस घटना के दौरान बड़ी संख्या में लोग एकत्रित हो गए और आरोपित की गिरफ्तारी की मांग करने लगे। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर आरोपित को हिरासत में लिया और पूछताछ शुरू की। दुर्गा पूजा समिति के सदस्यों श्यामसुंदर सिंह, सत्यम सिंह, अभय, शुभम, नागेन्द्र, चंद्रपाल, अंकित और अविनाश सिंह ने पनियरा थाने में तहरीर दी। उन्होंने बताया कि रविवार को कुछ युवक धार्मिक झंडा लेकर जलपा मां के मंदिर की ओर जा रहे थे। इसी दौरान, एक ब्रेकरी की दुकान पर काम करने वाला पिंटू शेख, जो पश्चिम बंगाल का निवासी है, सभी को रोककर मतांतरण कराने की बात करने लगा और देवी-देवताओं के प्रति अपशब्द कहने लगा। इससे उपस्थित लोग आक्रोशित हो गए और आरोपित के खिलाफ कार्रवाई की मांग करने लगे। पुलिस ने सभी को समझाकर वहां से हटाया और पिंटू शेख को थाने ले आई। थानाध्यक्ष आशीष कुमार सिंह ने बताया कि पिंटू शेख मंदबुद्धि है। वह खनहरत, कोसीग्राम, जिला बर्धमान, पश्चिम बंगाल का निवासी है। उससे बारे में और जानकारी जुटाई जा रही है।

# पुलिस ने गायब रुपये को कराया वापस

निचलौल : पुलिस की साइबर टीम ने एक साइबर धोखाधड़ी के मामले में पीड़ित से धोखाधड़ी से ली गई 10 हजार रुपये की रकम को वापस दिलाने में सफलता प्राप्त की है। थाना प्रभारी अखिलेश कुमार वर्मा ने जानकारी दी कि ग्राम छित्तौना निवासी इन्तेहाज आलम पुत्र सदरुद्दीन के साथ हुई साइबर धोखाधड़ी में किसी अज्ञात व्यक्ति ने 10 हजार रुपये की रकम हड़प ली थी। साइबर पुलिस टीम ने तत्परता से कार्रवाई करते हुए इस रकम को बरामद कर पीड़ित को वापस किया। इस बरामदगी में शामिल पुलिस टीम में एसआई संदीप कुमार यादव, कांस्टेबल मिथिलेश कुमार, कांस्टेबल संजीव कुमार सिंह और महिला कांस्टेबल गुड़िया शामिल थीं।

## श्यामदेउरवा चौराहे पर मोटरसाइकिल चोरी

श्यामदेउरवा : श्यामदेउरवा चौराहे पर ग्राम मोहम्मदपुर निवासी राज गौड़ अपने पिता की मोटरसाइकिल लेकर बाजार गए थे। उन्होंने मोटरसाइकिल को खड़ा कर सामान लेने के लिए अंदर गए, लेकिन जब वापस आए तो मोटरसाइकिल गायब थी। काफी खोजबीन और आसपास पूछताछ करने पर भी मोटरसाइकिल का कोई पता नहीं चला। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई है और मामले की जांच में जुटी है।

## मारपीट के मामले में एक के खिलाफ मुकदमा

कोठीभार : सोनबरसा के गौरव ने गांव के एक व्यक्ति पर मारपीट का आरोप लगाते हुए पुलिस से न्याय की मांग की है। उन्होंने पुलिस को दी गई तहरीर में कहा है कि गांव के किशन चौधरी ने उनके साथ मारपीट की और महिला संबंधी फर्जी मुकदमे में फंसाने की धमकी दी।

# चार बोरी यूरिया बरामद

झुलनीपुर: बहुआर चौकी प्रभारी भूपेंद्र प्रताप सिंह तथा बीओपी झुलनीपुर उप निरीक्षक दिलीप सिंह अपने जवानों के साथ बार्डर गश्त पर थे। इसी दौरान झुलनीपुर गंडक नहर पुल पर दो बाइक पर लदी चार बोरी खाद पकड़ लिया। चौकी प्रभारी भूपेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि रविवार को झुलनीपुर गंडक नहर पुल पर पुलिस और एसएसबी गश्त पर थी। इसी दौरान दो बाइक आते हुए दिखाई दी, जिसे रोककर तलाशी ली गई। दोनों बाइक से चार बोरी भारतीय खाद बरामद की गई।

# सहकर्मी बना कातिल, 60 रुपये के लिए ली साथी की जान

नीरज श्रीवास्तव • जागरण

महराजगंज : रुपये के मामूली विवाद ने एक सहकर्मी की जान ले ली। प्रेमशंकर पांडेय ने अपने साथी अजय यादव की हत्या कर दी। यह घटना रविवार को कोल्हुई पुलिस द्वारा उजागर की गई, जहां 60 रुपये के विवाद में एक सहकर्मी ने दूसरे की जान ले ली। पुलिस ने आरोपित को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया। गोरखपुर जिले के बांसगांव थाना के माल्हनपार छेदी डडवा निवासी अजय यादव पीएनसी इन्फ्राटेक लिमिटेड कंपनी में डंपर चालक थे। वहीं, देवरिया जिले के बरहज निवासी प्रेमशंकर पांडेय डंपर के टायर मरम्मत का कार्य करते थे। दोनों एकसड़वा में कंपनी के आवास में रहते थे, जिससे उनकी अच्छी जान पहचान हो गई थी। वे अक्सर एक साथ खाना-पीना करते थे और एक-दूसरे के सुख-दुख में भागीदार होते थे। पुलिस की जांच में पता चला कि अजय ने कुछ दिन पहले प्रेमशंकर को 100 रुपये उधार दिए थे। घटना के दिन, शुक्रवार की रात करीब साढ़े नौ बजे, अजय को शराब पीने की तलब लगी और उसने प्रेमशंकर से 160 रुपये की मांग की। प्रेमशंकर ने मजबूरी का हवाला देते हुए केवल 100 रुपये देने की बात कही। इस पर अजय आक्रोशित हो गया और अपशब्द बोलते हुए विवाद करने लगा। उसने कहा कि जब उसे जरूरत होती है, तो वह हमेशा मदद करता है, लेकिन अब प्रेमशंकर उसकी मदद नहीं कर रहा है। विवाद के दौरान प्रेमशंकर ने गुस्से में आकर अजय के सीने में सरिया घोंप दिया, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई।

# हाईवे पर बाइक से खतरनाक स्टंटबाजी, वीडियो प्रसारित

जागरण संवाददाता, नौतनवा: क्षेत्र में युवाओं द्वारा हाईवे पर जानलेवा स्टंटबाजी का सिलसिला जारी है। हालिया घटना गोरखपुर-सोनौली मार्ग पर मुडिला के पास हुई, जहां एक युवक ने एक हाथ से बाइक चलाते हुए खतरनाक स्टंट किया।

उसने हेलमेट भी नहीं पहना था। इस पूरी घटना का वीडियो बनाकर इंटरनेट मीडिया पर प्रसारित कर दिया गया, जो अब क्षेत्र में चर्चा का विषय बन गया है। बताया जा रहा है कि वायरल वीडियो में दिख रहा युवक मुडिला गांव का निवासी है। वीडियो में वह एक हाथ छोड़कर तेज गति से मोटरसाइकिल चलाते हुए नजर आ रहा है। मौके पर मौजूद किसी व्यक्ति ने इसका वीडियो बनाकर इंटरनेट मीडिया पर शेयर कर दिया। कुछ ही घंटों में वीडियो को हजारों लोगों ने देखा और साझा किया। स्थानीय लोगों का कहना है कि इंटरनेट मीडिया पर व्यू और सब्सक्राइब बढ़ाने की होड़ में युवा अपनी जान जोखिम में डाल रहे हैं। इससे न केवल उनकी जान खतरे में पड़ती है, बल्कि सड़क पर चल रहे अन्य वाहन चालकों की सुरक्षा भी प्रभावित होती है। नौतनवा थानाध्यक्ष पुरुषोत्तम राव ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है। वीडियो के आधार पर युवक की पहचान की जा रही है और कार्रवाई की जाएगी।

# शादी का झांसा देकर किशोरी से दुष्कर्म, चार पर मुकदमा दर्ज

संवाद सूत्र, सिंदुरिया : क्षेत्र के एक गांव में किशोरी के साथ शादी का झांसा देकर शारीरिक शोषण का मामला सामने आया है। पीड़िता के पिता ने सिंदुरिया थाने में तहरीर देकर न्याय की मांग की, जिसके बाद पुलिस ने चार लोगों के खिलाफ गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। स्वजन के अनुसार, यह घटना पिछले वर्ष की है। पीड़िता को गांव के एक युवक ने शादी का झांसा देकर अपने घर ले गया था। आरोप है कि उस समय युवक के परिवार ने ग्रामीणों के सामने यह आश्वासन दिया था कि लड़की बालिग होने पर उसकी शादी धूमधाम से की जाएगी। इस आश्वासन के आधार पर दोनों पक्षों के बीच एक लिखित समझौता भी हुआ। हालांकि, पीड़िता का कहना है कि नाबालिग होने के बावजूद उसे कई दिनों तक आरोपित के घर में रखा गया और उसकी इच्छा के खिलाफ शारीरिक शोषण किया गया। बाद में उसे मायके भेज दिया गया। स्वजन का आरोप है कि आरोपित परिवार की यह पूरी योजना साजिश और धोखाधड़ी का हिस्सा थी। हाल ही में जब लड़की बालिग हुई और उसके परिवार ने शादी का प्रस्ताव रखा, तो आरोपित ने रिश्ते से साफ इंकार कर दिया।

# कार की टक्कर से साइकिल सवार की मौत

जागरण संवाददाता, नौतनवा: गोरखपुर-सोनौली राष्ट्रीय राजमार्ग पर स्थित छपवा चौराहे के पास शनिवार रात एक तेज रफ्तार लक्जरी कार ने साइकिल सवार अधेड़ को टक्कर मार दी। इस हादसे में ग्राम कौलही निवासी मिठाई प्रसाद (55 वर्ष) की मौके पर ही मृत्यु हो गई। मिठाई प्रसाद कुंसेरवा स्थित एक रेस्टोरेंट में काम करते थे और अपने परिवार के लिए एकमात्र सहारा थे। वह पूर्व में होमगार्ड भी रह चुके थे। उनके छह संतानें हैं, जिनमें चार बेटियों की शादी हो चुकी है, जबकि दो बेटे अभी पढ़ाई कर रहे हैं।



मिठाई प्रसाद ● फाइल फोटो

हादसे के बाद परिवार में कोहराम मच गया है। मृतक के पुत्र शिवनारायण ने बताया कि उनके पिता रोज की तरह काम से घर लौट रहे थे। रात 10.30 बजे छपवा चौराहे के समीप तेज रफ्तार कार ने साइकिल में सीधी टक्कर मारी। टक्कर के बाद कार पलट गई और चालक मौके से फरार हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने रात लगभग एक बजे शव को कब्जे में ले लिया।

## बुजुर्ग को कार ने मारी टक्कर, मौके पर हुई मृत्यु

संवाद सूत्र, मंगलपुर/अमवा : श्यामदेउरवा थाना क्षेत्र के गोघवल चौराहे पर एक दुखद सड़क दुर्घटना में एक बुजुर्ग की मृत्यु हो गई। यह घटना तीन बजे हुई, जब गोघवल चौराहे पर सड़क पार कर रहे युसूफ को महराजगंज की दिशा से आ रही एक अज्ञात कार ने टक्कर मार दी। हादसे में युसूफ की मौके पर ही मृत्यु हो गई, जबकि कार का चालक फरार हो गया। युसूफ, जो परसिया इंदरपुर के निवासी थे, घर से साप्ताहिक बाजार भटहट जा रहे थे। गोघवल में रुपये निकालने के बाद जब वह सड़क पार कर रहे थे, तभी यह दुर्घटना हुई। घटना से उनके परिवार में शोक की लहर दौड़ गई है। उनकी पत्नी रुमाली और बेटे जब्बार, गफ्फार, वकील का रो-रोकर बुरा हाल है।

# संदिग्ध परिस्थितियों में मौत

जासं, महराजगंजः पनेवा-पनेई निवासी अजय पटेल की रविवार को सुबह संदिग्ध परिस्थितियों में मृत्यु हो गई। सुबह 10 बजे अचानक उनकी तबीयत बिगड़ गई, जिसके बाद स्वजन उन्हें जिला अस्पताल ले गए। उपचार के दौरान सुबह 11.45 बजे उनकी मृत्यु हो गई। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक निर्भय सिंह ने बताया कि इस मामले में अभी तक कोई तहरीर प्राप्त नहीं हुई है।

# महिला पुलिसकर्मियों की रैली से गूंजा नारी संदेश

जासं, महराजगंज : मिशन शक्ति 5.0 के तहत नगर में महिला सशक्तिकरण का अद्भुत दृश्य देखने को मिला। महिला पुलिसकर्मियों की बाइक रैली को डीएम संतोष कुमार शर्मा ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। रैली का उद्देश्य नारी सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन के प्रति समाज में जागरूकता बढ़ाना था। इस अवसर पर 100 से अधिक महिला पुलिसकर्मियों ने अनुशासन और उत्साह के साथ शहर के प्रमुख मार्गों पर भ्रमण किया। रैली में महिला हेल्पलाइन नंबरों का प्रदर्शन भी किया गया, ताकि जरूरत पड़ने पर महिलाएं तुरंत सहायता प्राप्त कर सकें। जिलाधिकारी ने कहा कि रैली का संदेश है कि लोग नारी सुरक्षा के प्रति सजग रहें, बालिकाओं को शिक्षा दें और घरेलू हिंसा जैसी घटनाओं की रिपोर्ट करने में संकोच न करें।

# यौन उत्पीड़न के मामले में चार के खिलाफ केस दर्ज

**मिठौरा।** सिंदुरिया थाना क्षेत्र के एक गांव के व्यक्ति ने थाने पर तहरीर देकर ग्राम सभा के युवक पर पुत्री के साथ शादी का झांसा देकर यौन शोषण का आरोप लगाया है।

तहरीर के अनुसार पुत्री को ग्राम सभा निवासी युवक अपने माता-पिता के सहयोग से बहला-फुसलाकर भगा ले गया। करीब एक माह तक दोनों घर पर पति-पत्नी की तरह रहे। उसके बाद लड़की अपने घर पर चली आई। पुत्री बालिग हो गई तो सात सितंबर को जब शादी करने की बात को लेकर लड़के के घर गई तो उसके परिजनों ने शादी से मना कर दिया। संवाद

# साइबर फ्रॉड हुए 10 हजार रुपये पीड़ित को लौटाए

**निचलौल।** थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी युवक को साइबर ठगों ने झांसे में लेकर 10 हजार रुपये की ठगी कर ली। युवक ने पुलिस से इसकी शिकायत की। पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए साइबर टीम गठित कर रविवार को साइबर फ्रॉड हुई रकम युवक को लौटा दी। रुपये वापस पाकर युवक का चेहरा खिल उठा।

छितौना निवासी इंतेयाज आलम जुलाई में सोशल मीडिया के माध्यम से कोठीभार थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी प्रहलाद के संपर्क में आ गया। इस दौरान शख्स प्रहलाद इंतेयाज आलम को विदेश में अच्छे पैकेज पर नौकरी दिलाने के नाम पर झांसा में ले लिया। प्रहलाद ने इंतेयाज आलम से आनलाइन 10 हजार रुपये की ठगी करने के बाद संपर्क तोड़ दिया।

थाना प्रभारी निरीक्षक अखिलेश कुमार वर्मा के अनुसार इंतेयाज आलम से मामले की सूचना मिलने के बाद साइबर टीम गठित कर साइबर फ्रॉड करने वाले आरोपी प्रहलाद से पीड़ित को ठगी के 10 हजार रुपये लौटा दिए गए। पुलिस की इस तत्परता और रकम पाकर पीड़ित युवक ने पुलिस के कार्यों की सराहना की है। संवाद

# बिना अनुमति जुलूस निकालने पर पुलिस ने जब्त किए छह वाहन

## 'आई लव मोहम्मद' के नारे लगाते हुए जुलूस निकालने की कोशिश

संवाद न्यूज एजेंसी

**महराजगंज।** नगर चौकी क्षेत्र में रविवार को मुस्लिम समुदाय के युवकों ने बिना अनुमति के 'आई लव मोहम्मद' के नारे लगाते हुए जुलूस निकालने की कोशिश की। जानकारी मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जुलूस को रोककर छह वाहनों को जब्त कर लिया।

जानकारी के अनुसार, रविवार को नगर क्षेत्र में अचानक कुछ युवक हाथों में झंडे और बैनर लेकर सड़क पर उतर आए और नारेबाजी शुरू कर दी। देखते ही देखते मौके पर भीड़ इकट्ठा होने लगी। स्थानीय लोगों ने इसकी सूचना पुलिस को दी। नगर चौकी पुलिस मौके पर पहुंची और जुलूस को रोककर भीड़ को तितर-बितर किया। इस दौरान जुलूस में शामिल छह वाहनों को जब्त कर कोतवाली ले जाया गया।



सक्सेना चौक पर जुलूस निकालने के दौरान बाइक कब्जे में लेते पुलिसकर्मी। संवाद

# ओवर स्पीडिंग पर सख्ती 7 वाहनों का चालान 22 हजार जुर्माना

**महराजगंज।** यातायात नियमों के प्रति जन जागरूकता के उद्देश्य से रविवार को विशेष अभियान चलाया गया। प्रभारी यातायात अरुणेंद्र प्रताप सिंह के नेतृत्व में टीम ने विभिन्न क्षेत्रों में लोगों को सड़क सुरक्षा के नियमों के बारे में जागरूक किया।

इस अभियान का मुख्य फोकस ओवर स्पीडिंग के कारण हो रही सड़क दुर्घटनाओं को रोकना था, जो हाल के वर्षों में एक बड़ी समस्या बन चुकी है। उन्होंने बताया कि अभियान के तहत महराजगंज-गोरखपुर राष्ट्रीय राजमार्ग 730 पर स्थित ब्लैक स्पॉट भैंसा पुल के निकट यातायात पुलिस ने स्पीड राडार गन का उपयोग किया। तेज गति से वाहन चला रहे चालकों को तत्काल रोका गय। संवाद

# सरिया घोंप कर हत्या के आरोपी को भेजा जेल

## गोरखपुर के रहने वाले साथी पर देवरिया के आरोपी ने किया था हमला

संवाद न्यूज एजेंसी

**फरेंदा/कोल्हुई।** सोनौली राजमार्ग पर स्थित कोल्हुई क्षेत्र के एकसड़वा चौराहे पर स्थित पीएनसी कार्यालय पर रुपये के लेनदेन को लेकर डंपर चालक ने दूसरे चालक की सरिया घोंप कर हत्या कर दिया। मामले में पुलिस ने देवरिया के रहने वाले आरोपी प्रेमशंकर पांडेय को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

मामला कोल्हुई थाना क्षेत्र के एकसड़वा चौराहे के निकट राजमार्ग के चौड़ीकरण करने वाली संस्था पीएनसी का कैंप कार्यालय है। जहां पर मजदूर व चालक के साथ अन्य कर्मचारियों के ठहरने की व्यवस्था है।

शुक्रवार की रात काम से लौटने के बाद डंपर चालक गोरखपुर जिले के बांसगांव क्षेत्र के मालनपार छेदी डड़वा निवासी अजय यादव और डंपर चालक प्रेम शंकर पांडेय निवासी देवरिया जिले के बरहज के फुलवरिया पांडेय के बीच रुपये के लेनदेन को लेकर आपस में विवाद हो गया। विवाद इतना बढ़ गया कि प्रेमशंकर पांडेय ने आवेश में आकर बगल में रखा सरिया उठाकर अजय यादव के सीने में घोप दिया।

इसके बाद अजय यादव जमीन पर गिर कर तड़फने लगा। इसकी जानकारी मिलते ही बड़ी संख्या में भीड़ एकत्रित हो गई। साथ के श्रमिकों ने घायल को आनन-फानन में उसे बनकटी अस्पताल ले गए।

## मारपीट के मामले में पति पर केस दर्ज

**सिंदुरिया।** स्थानीय थाना क्षेत्र के रामपुरमीर निवासी मलीना ने अपने पति के विरुद्ध मारपीट, उत्पीड़न व दूसरे औरत से शादी का आरोप लगाया है। मलीना ने बताया है कि आठ जनवरी 2013 को पति किसी औरत से बात कर रहे थे। विरोध करने पर उन्हें मारापीटा गया। दो साल तक सब ठीक रहा, लेकिन फिर वही रवैया रहा। आठ जनवरी 2015 को कोतवाली में तहरीर दी तो समझौता हो गया। एक माह पहले उसे घर से मारपीट कर निकला दिया गया। प्रभारी निरीक्षक सतेंद्र राय के अनुसार आरोपी पति के विरुद्ध केस दर्ज किया गया है। संवाद

## आधी रात घर में घुसा चोर, आहट सुनकर भागा

**नौतनवा।** गौतमबुद्धनगर वार्ड निवासी छोटेलाल के घर में शनिवार की रात एक चोर घुस आया। गनीमत रही कि परिजनों को उसके घर में घुसने की आहट महसूस हो गई। इतने में चोर फरार हो गया। रविवार की सुबह घर के बाहर एक लावारिस बाइक खड़ी मिली। काफी खोजबीन के बाद भी वाहन स्वामी का पता नहीं चला तो लोगों को उक्त बाइक चोर का ही होने का संदेह हुआ। इसके बाद पुलिस को इसकी सूचना दी गई। चौकी प्रभारी छोटेलाल ने बताया कि गौतमबुद्धनगर वार्ड से लोगों की सूचना पर एक लावारिस बाइक कब्जे में ली गई है। जांच की जा रही है। संवाद

## किशोरी को भगाने का केस दर्ज

**सिंदुरिया।** स्थानीय थाना क्षेत्र के एक गांव की किशोरी को भगाने का मामला प्रकाश में आया है। किशोरी की मां के तहरीर पर शैलेश निवासी गिरहिया थाना निचलौल के विरुद्ध केस दर्ज कर किशोरी की खोजबीन शुरु कर दी। यह जानकारी प्रभारी निरीक्षक सतेन्द्र राय ने दी। संवाद

## एसपी से की पुलिस वालों की शिकायत

**खनुआ।** नौतनवा थाना क्षेत्र के महुअवा नंबर एक निवासी साबित्री देवी ने पुलिस अधीक्षक को शिकायती पत्र सौंपा। पुलिस पर दोषियों के खिलाफ केस दर्ज न करने का आरोप लगाया है। साबित्री देवी ने बताया कि रक्षा बंधन में पिता के घर आई थी। पुरानी रंजीश को लेकर कुछ लोगों ने पीटकर घायल कर दिया था। संवाद

## गेट तोड़ने का आरोप लगाया

**अड्डा बाजार।** क्षेत्र के परसौनी कला के ग्राम प्रधान संदीप सिंह ने गांव के ही एक युवक के खिलाफ अमृत सरोवर का गेट तोड़ने का आरोप लगाया है। उन्होंने तहरीर के साथ साक्ष्य में पुलिस को सीसीटीवी फुटेज भी दिखाए हैं। संपतिहा चौकी इंचार्ज जयहिंद ने बताया तहरीर मिली है। जांच के बाद कार्रवाई की जाएगी। संवाद



लेहड़ा मंदिर परिसर में पुलिस कर्मियों को अपर पुलिस अधीक्षक ने ब्रीफ किया।

# एएसपी ने पुलिस कर्मियों को किया ब्रीफ

**महराजगंज।** नवरात्रि पर्व के दौरान सुरक्षा को लेकर पुलिस प्रशासन अलर्ट है। अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ ने लेहड़ा देवी मंदिर परिसर में शांतिपूर्ण और सुरक्षित ढंग से पर्व संपन्न कराने के लिए ड्यूटी में तैनात पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों को विशेष ब्रीफिंग दी। ब्रीफिंग में पुलिस कर्मियों को मंदिर परिसर और आसपास के क्षेत्रों में भीड़ प्रबंधन, सुरक्षा जांच और संदिग्ध गतिविधियों पर नजर रखने के निर्देश दिए गए।

# विदेश से फेसबुक पर टिप्पणी, जताया विरोध

**बरगदवा।** थाना क्षेत्र के नारायनपुर का एक युवक विदेश कमाने गया है। आरोप है कि वहां से उसने अपने फेसबुक आईडी पर धार्मिक आपत्तिजनक टिप्पणी कर दी। इससे आहत होकर क्षेत्र के तमाम लोग बरगदवा थाने पहुंचे और विरोध जताया। आवश्यक कानूनी कार्रवाई के लिए प्रार्थना पत्र दिया। थाना प्रभारी योगेन्द्र कुमार ने बताया कि मामले की जांच-पड़ताल की जा रही है।

# जमीन के विवाद में पिटाई, चार पर केस

**सिन्दुरिया।** सिन्दुरिया क्षेत्र के रामपुर कला में जमीनी विवाद को लेकर मारपीट हो गई। मुस्ताक ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि वह शनिवार की रात में अपने परिवार के साथ घर पर था। उसी समय पुरानी रंजिश को लेकर उसके पट्टीदार लाठी-डंडा लेकर आए और हमला कर दिए। प्रभारी निरीक्षक सत्येंद्र कुमार राय ने बताया कि पीड़ित की तहरीर के अनुसार चारो आरोपितों शरीफ, खुदुश, नकसूद तथा सहबाद के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर अग्रिम कार्रवाई की जा रही है।

# चार बोरी यूरिया के साथ दो नेपाली हुए गिरफ्तार

**निचलौल।** निचलौल थाना के बहुआर चौकी इंचार्ज भूपेंद्र प्रताप सिंह और एसएसबी झुलनीपुर के एएसआई दिलीप सिंह की टीम ने रविवार को बार्डर पर झुलनीपुर गंडक नहर पर दो नेपाली व्यक्तियों को यूरिया के साथ पकड़ा है। पकड़े गए मुहम्मद खान पठान और राधेश्याम नेटुआ दोनों निवासी रामग्राम वार्ड नंबर सात नवल परासी नेपाल के हैं। दोनों दो बाइक पर चार बोरी यूरिया लेकर जा रहे थे। पुलिस ने बाइक और यूरिया को सीज कर कस्टम एक्ट में चालान कर दिया है।

# फंदे से लटक गए युवक की सतर्कता से बची जान

**ठूठीबारी।** ठूठीबारी कोतवाली क्षेत्र के लक्ष्मीपुर खुर्द गांव में शनिवार की रात एक युवक ने फंदे से लटककर जान देने की कोशिश की। बताया जाता है कि पत्नी से कहासुनी के बाद गोलू शर्मा ने यह कदम उठाया। कमरे में हलचल होने पर पत्नी के शोर मचाने पर आसपास के तमाम लोग इकट्ठा हो गए। ग्रामीणों के सूझबूझ से गोलू को फंदे से उतारकर सीएचसी निचलौल ले जाया गया। हालत गंभीर देखते हुए डॉक्टरों ने उसे जिला अस्पताल रेफर किया। इलाज के बाद उसकी स्थिति सामान्य बताई जा रही है। चौकी प्रभारी लक्ष्मीपुर खुर्द नवनीत नागर ने बताया कि युवक को परिजन घर लेकर लौट गए हैं। वह खतरे से बाहर है।

# BASTI POLICE

उत्तर प्रदेश पुलिस

# सराहनीय कार्य दिनांकः-22-09-2025

# पानी बहने के विवाद में युवती से अश्लीलता व मारपीट

**बस्ती (एसएनबी)।** बरामदे का फर्श धुलने के दौरान पानी सड़क पर जाने की बात को लेकर एक युवती को कुछ लोगो ने पिटाई किया तथा उसके साथ अश्लील हरकत किया। इस सम्बन्ध में पीड़िता की शिकायत व न्यायालय के आदेश पर पुलिस ने अभियुक्तो पर मुकदमा दर्ज किया है। न्यायालय में अर्जी लगाते हुए सोनहा थानाक्षेत्र के एक गांव की रहने वाली पीड़िता ने बताया कि वह अपने घर के अन्दर फर्श की धुलाई कर रही थी। धुलाई करते समय पानी सड़क पर पर चल गया। जिससे नाराज होकर विशाल, गुड्डू, भगौती प्रसाद व राज द्वारा गालियां देते हुए घर मे घुसकर मारापीटा गया तथा जान से मारने की धमकी दिया गया। इस दौरान विशाल तथा राज द्वारा उसे बेज्जत करने की नीयत से टीशर्ट फाड़ दिया और अश्लील हरकत की। वहीं मारपीट में गम्भीर चोट लग जाने के कारण वह बेहोश होकर गिर गयी। मामले में न्यायालय के आदेश पर सोनहा पुलिस ने आरोपी विशाल पुत्र भगौती, गुडडू पुत्र राममिलन, भगौती प्रसाद पुत्र राममिलन तथा राज पुत्र गुडडू निवासीगण नरखोरिया टोला दुलहिन का पुरवा थाना सोनहा के विरूद्ध मुकदमा दर्ज किया है।

# बेटा गांव में पिता दरवाजे पर देते रहे पहरा, घर में हो गयी चोरी

**टनिच (एसएनबी)।** गौर थाना क्षेत्र के बदलूपुर गांव में अज्ञात चोरो ने एक घर को निशाना बनाया और रात्रि में घर के अन्दर रखे बक्से का ताला तोड़कर लाखो के जेवरो की चोरी कर फरार हो गये। सुबह चोरी की जानकारी होने पर घर के मुखिया ने थाने पर तहरीर देकर कार्यवाही की मांग किया है।थाना क्षेत्र के बदलूपुर गांव निवासी विवेकानन्द चौधरी पुत्र राम प्रताप रात में खाना खाने के बाद पूरे परिवार के साथ सो गये। इस दौरान रात्रि लगभग दो से तीन बजे के बीच अज्ञात चोर उनके घर मे घुसे और कमरे में रखा बड़ा बक्सा व छोटा बक्सा का ताला तोड कर चोरो ने लगभग पाच लाख के जेवरात की चोरी कर ले गये। सुबह जब कमरे पर निगाह पड़ी तो कमरे का दरवाजा खुला मिला व उसमे रखे बाक्स से चांदी के सिक्के सहित अन्य जेवरात गायब थे। गृह स्वामी ने थाने पर लिखित तहरीर देकर बताया कि खाना खाने के बाद पत्नी ने घर के सभी दरवाजे को बन्द करके अपने कमरे मे सोने चली गयी। लडका गांव वालो के साथ पहरा देने लगा और वह खुद अपने दरवाजे पर चारपाई बिछा कर देर रात करीब 1 बजे तक जाग रहे थे। लेकिन आंग लगते ही चोरो ने घटना को अंजाम दे दिया। गौर थाना प्रभारी निरीक्षक परमहंस यादव ने बताया की तहरीर मिली है जांच किया जा रहा है।

# चेन स्नेचरों ने दो महिलाओं के गले से छीनी माला

**बस्ती (एसएनबी)।** बाइक सवार चेन स्नेचरो ने दो महिलाओं के गले से झपटटा मारकर चेन छीन लिया और फरार हो गये। दोनो मामले में थाना मुण्डेरवा व लालगंज पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है। मुण्डेरवा थाने पर लिखित तहरीर देकर पीड़िता कलावती देवी पत्नी सत्यनरायन निवासिनी मेहड़ा सैदवार ने बताया कि वह कुरियार से बाजार करके पैदल वापस आ रही थी कि इस दौरान मेहडा सैदवार पुलिया के आगे दो अज्ञात लड़के मोटरसाइकिल से आए और गले से सोने का लकेट छीनकर कुरियार की तरफ भाग गए। इस प्रकार से लालगंज थाने पर भी तहरीर देकर पीड़िता कपूरी देवी पत्नी शोभनाथ निवासिनी सेल्हरा ने बताया कि वह अपने गांव सेल्हरा में सुअरहा मोड पर बांस की खूटी के बगल में बैठी थी। इतने में एक मोटरसाइकिल सवार दो लोग अचानक आये और गांव का नाम पूछने लगे। वे दोनो लोग बातचीत में उलझा कर उसक ध्यान भटका दिया और गले से सोने की लाकेट जिसकी कीमत लगभग 25000 रुपया थी को खींचकर लेकर भाग गये। मामले में मुण्डेरवा तथा लालगंज थाने की पुलिस ने अज्ञात के विरूद्ध मुकदमा दर्ज किया है।

# अश्लील गाना बजाने से रोका तो कर दी पिटाई

**बस्ती (एसएनबी)।** अश्लील गाना बजाने से रोकने पर एक युवक की पिटाई की गयी तथा जानमाल की धमकी दिया गया। इस सम्बन्ध में पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने अभियुक्त पर मुकदमा दर्ज किया है। नगर थानाक्षेत्र के मरवटिया गांव में सुखराम द्वारा अपने साउण्ड पर अश्लील गाना बजा रहा था। जिसे मोहम्मद सुहेल ने मना किया तो दोनो में विवाद होने लगा। इस दौरान सुखराम ने मोहम्मद सुहेल को गालियां देते हुए मारापीटा तथा जान से मारने की धमकी दिया। मामले में पीड़ित मोहम्मद सुहेल पुत्र मोहम्मद हनीफ निवासी मरवटिया थाना नगर की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी सुखराम पुत्र राम सेवक निवासी मरवटिया थाना नगर के विरूद्ध मुकदमा दर्ज किया है।

# दो वाहनों की भिडन्त में एक घायल, मुकदमा दर्ज

**बस्ती (एसएनबी)।** चार पहिया दो वाहनों की भिडन्त में एक वाहन सवार व्यक्ति गम्भीर रूप से घायल हो गया तथा उसकी कार क्षतिग्रस्त हो गयी। इस सम्बन्ध में पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है। कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर पीड़ित कृष्ण प्रताप सिंह पुत्र रामअवध सिंह निवासी पचपेडिया रोड महात्मा गांधी मार्ग थाना कोतवाली ने बताया कि वह अपनी कार संख्या यूपी 51 बीएच/ 6962 से फौव्वारा चौराहा से मालवीय रोड हेते हुए घर जा रहा था कि पुलिस चौकी रौता के समीप एक लाल रंग की 4 पहिया वाहन यूपी 16 एडब्लू 5092 के चालक द्वारा लपरवाही पूर्वक चलाते हुए मेरी गाडी मे टक्कर मार दिया। जिससे गाडी क्षतिग्रस्त हो गयी तथा मेरे सिर व पैर मे गम्भीर चोट आयी। मामले में पुलिस ने आरोपी चालक रोहित पुत्र जयपाल सिंह निवासी भानपुर थाना सोनहा के विरूद्ध धारा 281, 125(ए),324(4) बीएनएस के तहत मुकदमा दर्ज किया है।

# तीन दिवसीय अन्तर जनपदीय शूटिंग प्रतियोगिता आज से

**बस्ती (एसएनबी)।** तीन दिवसीय 50वीं अन्तर जनपदीय शूटिंग स्पोर्ट्स एवं रायफल, रिवाल्वर, पिस्टल शूटिंग तथा एलार्म एफीसिएंसी रेस महिला/ पुरुष प्रतियोगिता गोरखपुर जोन का आयोजन सोमवार को बस्ती पुलिस लाइन में किया जायेगा। प्रतियोगिता का उद्घाटन आयोजक सचिव एवं पुलिस अधीक्षक बस्ती अभिनन्दन द्वारा सुबह 10 बजे एलार्म एफीसिएंसी रेस ग्राउण्ड (मिनी पुलिस लाईन) एवं समापन संजीव त्यागी आईपीएस पुलिस उप महानिरीक्षक बस्ती परिक्षेत्र 24 सितम्बर बुधवार को सायंकाल 16.30 बजे किया जायेगा।

# पुलिस की सक्रियता से बड़ी घटना टली

**टिनिच (एसएनबी)।** गौर थाना क्षेत्र के टिनिच पुलिस चौकी अन्तर्गत बुद्ध बाजार में पागल को चोर समझ कर ग्रामीणो ने पकडा । पुलिस की सक्रियता से बडी घटना टली। रविवार को शाम चार बजे थाना क्षेत्र के टिनिच बुद्ध बाजार मे एक मानसिक विक्षिप्त युवक पहुचा जो स्वेटर पहने हुए बाजार में पहुचा लोगो ने उससे उसकी आई डी मांगी। जब वह कुछ बोल नही पाया तो लोगो ने चोर चोर कह कर मारने दौडे तभी चौकी प्रभारी हरिराय सिपाहियोंसहित पहुचकर उसे बचा कर चौकी लाए। चौकी इन्चार्ज ने बताया कि युवक पागल है वह कुछ बोल नही पा रहा है इसे पकड कर चौकी लाया गया है। दवा कराकर थाने पर भेजा जा रहा।

# दहेज उत्पीड़न के मामले में पांच पर मुकदमा

**बस्ती (एसएनबी)।** दहेज उत्पीड़न के आरोप में नगर थाने की पुलिस ने पांच लोगो पर मुकदमा दर्ज किया है। कार्यवाही विवाहिता की शिकायत पर की गयी है। नगर थाने पर लिखित तहरीर देकर पीड़िता रंजना सोनी पुत्री अशोक कुमार सोनी हाल मुकमा पुरैना थाना नगर ने बताया कि कप्तानगंज क्षेत्र के ओझागंज निवासी रविशंकर सोनी के साथ उसकी शादी हुई थी। शादी के बाद से उसके पति तथा ससुराल के अन्य लोगो द्वारा दहेज में चार पहिया वाहन की मांग को लेकर तरह- तरह से प्रताड़ित करना शुरू कर दिया। मांग पूरी न होने पर उसकी पिटाई की गयी तथा जान से मारने की धमकी दिया गया। इस मामले में पुलिस ने आरोपी पति रविशंकर सोनी पुत्र मंगल प्रसाद सोनी, कान्ती देवी पत्नी मंगल प्रसाद सोनी, पूजा पुत्री मंगल प्रसाद सोनी, मंगल प्रसाद सोनी निवासीगण ओझागंज थाना कप्तानगंज तथा मंगल प्रसाद के दामाद के विरूद्ध धारा 498ए, 323, 504, 506 आईपीसी व 3/4 डीपी एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया है।

# पुरानी रंजिश में युवक को पीटा, मुकदमा

**बस्ती (एसएनबी)।** पुरानी रंजिश की बात को लेकर एक युवक की पिटाई की गयी तथा जानमाल की धमकी दिया गया। इस सम्बन्ध में पीड़ित के भाई की शिकायत पर पुलिस ने अभियुक्तो पर मुकदमा दर्ज किया है। कोतवाली क्षेत्र अन्तर्गत ओरीजोत चौराहा से होते हुए शिवा पाण्डेय अपनी मोटरसाइकिल से महिला अस्पताल जा रहा था। इस दौरान पुरानी रंजिश की बात को लेकर विपक्षी करण, किशन यादव तथा अरूण तिवारी द्वारा उसे गालियां देने लगे। विरोध करने पर शिवा पाण्डेय की पिटाई की गयी तथा जान से मारने की धमकी दिया गया। मामले में पीड़ित के भाई आर्यन पाण्डेय पुत्र लक्ष्मी शंकर पाण्डेय निवासी सुपेलवा थाना कोतवाली की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी करन, किशन यादव निवासीगण काशीराम आवास थाना कोतवाली तथा अरूण तिवारी निवासी मोहल्ला शर्मा कालोनी थाना कोतवाली के विरूद्ध धारा 115(2), 352, 351(2) बीएनएस के तहत मुकदमा दर्ज किया है।

# अवैध कब्जे की बंजर भूमि पर संचालित हो रहा विद्यालय

**टिनिच (एसएनबी)।** विशेषरगंज रोड स्थित पूरे अजबी गांव (नारायणपुर ग्रामसभा) की बंजर भूमि पर दशकों से अवैध कब्जे का मामला सुर्खियों में है। गाटा संख्या 48, 49, 50, 51, 52 व 53 पर कब्जा कर किसान लघु माध्यमिक विद्यालय हरदिया पूरे अजबी में संचालित किया जा रहा है। यह विद्यालय हरदिया ग्राम सभा से संबद्ध बताया गया है, जबकि कब्जा की गई जमीन पूरे अजबी गांव की है।




समाजसेवी व उच्च न्यायालय के अधिवक्ता प्रभात शुक्ल के मार्गदर्शन में पूरे अजबी निवासी विजय प्रकाश शुक्ल ने मामले की शिकायत की थी, जिसके आधार पर उच्च न्यायालय, इलाहाबाद में जनहित याचिका दाखिल की गई। अदालत ने इस पर संज्ञान लेते हुए तहसीलदार हर्रैया से रिपोर्ट तलब की। स्थानीय लेखपाल विक्की यादव द्वारा की गई जांच में पाया गया कि गाटा संख्या 51, 52 व 53 पर विद्यालय की इमारत बनी है जबकि अन्य गाटों पर खेल का मैदान खाली पड़ा है। इस आधार पर तहसीलदार हर्रैया अभयराज ने 18 अगस्त को ही विद्यालय प्रबंधक राकेश मणि त्रिपाठी के विरुद्ध बेदखली का मुकदमा दर्ज कर न्यायालय को रिपोर्ट सौंप दी। एक माह बीत जाने के बाद भी जमीनी स्तर पर अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही नहीं हो पाई है। गांव के विजय प्रकाश शुक्ल, चंद्रशेखर मिश्र, अनिल मिश्र, गजराज शुक्ल और सुनील यादव ने प्रशासन पर लापरवाही, निष्क्रियता और मनमाने रवैये का आरोप लगाया है। इनका कहना है कि सर्वोच्च न्यायालय ने स्पष्ट आदेश दिया है कि देश की बंजर भूमि को शीघ्र अतिक्रमण से मुक्त कराया जाए, लेकिन तहसील प्रशासन आदेशों की अनदेखी कर रहा है। इससे न केवल जनहित प्रभावित हो रहा है, बल्कि सरकार को भी नुकसान हो रहा है। गौरतलब है कि किसान लघु माध्यमिक विद्यालय हरदिया के नाम पर दर्ज मूल भूमि हरदिया गांव में ही है, लेकिन वहां की जमीन को प्रबंधक राकेश मणि त्रिपाठी निजी षिकार्य में उपयोग कर रहे हैं, जबकि विद्यालय पूरे अजबी गांव की बंजर भूमि पर संचालित हो रहा है।

# गैंगेस्टर के तीन आरोपियों को दस वर्ष का कारावास



**बस्ती (एसएनबी)।** गैंगेस्टर एक्ट मे आरोपित तीन अभियुक्तो को न्यायालय ने दस वर्ष कारावास की सजा सुनाई है, साथ ही तीनों पर 20-20 हजार रूपये का अर्थदण्ड भी लगाया गया है। कलवारी थाने पर वर्ष 2007 में अभियुक्त राजा मिश्रा पुत्र पारसनाथ , रामसूरत पुत्र खिलखिल यादव, इस्माईल पुत्र मुख्तार निवासी मिश्रौलिया थाना कलवारी के विरूद्ध मुकदमा पंजीकृत हुआ था। जिसमें विवेचक द्वारा विवेचना पूर्ण कर आरोप पत्र न्यायालय प्रेषित किया गया। पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में पैरवी सेल बस्ती एवं थाना कलवारी पुलिस की सशक्त व प्रभावी पैरवी से तीनों अभियुक्तों को न्यायालय एएसजे/ फार्स्ट ट्रैक गैंगस्टर की बेंच द्वारा प्रत्येक को दस वर्ष के कठोर कारावास तथा प्रत्येक पर 20-20 हजार रूपये के अर्थदंड की सजा सुनाई है।

# गैर इरादतन हत्या के आरोप में एक को 10 वर्ष की जेल

**बस्ती (एसएनबी)।** गैर इरादतन हत्या कारित करने के आरोप में एक अभियुक्तो को न्यायालय ने दस वर्ष कारावास तथा 30 हजार रूपये के अर्थदण्ड की सजा सुनाई है।

वर्ष 2011 में गौर थाने पर पीड़ित द्वारा तहरीर मिली थी कि घुरहूपुर निवासी परदेशी द्वारा परिवार के लोगो को मारापीटा गया था। जिसमें गम्भीर रूप से घायल होकर एक लोगो की मौत हो गयी थी। इस मामले में गौर थाने की पुलिस ने आरोपित परदेशी पुत्र मनिराम राजभर निनासी घुरहूपुर थाना गौर के विरूद्ध मुकदमा दर्ज कर विवेचनात्मक कार्यवाही किया गया। विवेचना पूर्ण कर आरोप पत्र न्यायालय प्रेषित किया गया। पैरवी सेल बस्ती एवं थाना गौर पुलिस की सशक्त व प्रभावी पैरवी से परदेशी पुत्र मनिराम राजभर को न्यायालय अपर सत्र न्यायाधीश कोर्ट संख्या-1 बस्ती द्वारा दस वर्ष के सश्रम कारावास व रुपये 30 हजार रूपये के अर्थदंड की सजा सुनाई गयी।

# पत्नी की हत्या के बाद साली से शादी का वादा कर किया दुष्कर्म

**बस्ती (एसएनबी)।** दहेज की मांग को लेकर एक व्यक्ति द्वारा पत्नी की पीट-पीटकर हत्या करने के बाद कार्यवाही से बचने के लिए गिरकर मौत होने की झूठी कहानी रची और बिना दहेज के पत्नी के छोटी बहन से शादी करने का लालच देकर उसके साथ कई बार दुष्कर्म किया।

न्यायालय में अर्जी लगाते हुए वाल्टरगंज थानाक्षेत्र के एक गांव की रहने वाली युवती ने बताया कि उसकी बहन हसीबुन्निशा की शादी कुछ दिन पूर्व कलवारी थानाक्षेत्र के मोहम्मदपुर निवासी मोहम्मद कादिर के साथ हुई थी। बहन हसीबुन्निशा को उसके पति मोहम्मद कादिर द्वारा दहेज की मांग के लिए प्रताड़ित करने के साथ ही मारापीटा जाता था तथा उसका खाना पानी भी बन्द कर देते थे। इस दिन मकान के पावे में बांधकर बहन के पेट पर लात से मारा जिससे उसकी मौके पर मौत हो गयी। मोहम्मद कादिर बचने के लिए परिवार से यह कहा कि पैर फिसलने के कारण गिरने से उसकी मौत हो गयी। मेरे परिवार से विपक्षी द्वारा कहा गया कि आपकी छोटी लड़की परवीन से बिना दहेज के शादी कर लूंगा। जिसके कारण परिवार के लोगो ने बहन की घटना के वावत कोई मुकदमा नही लिखवाया। जिसके बाद से मोहम्मद कादिर फोन पर बात करने लगा और घर पर अकेला पाकर कई बार जोर जबरदस्ती कर शारीरिक सम्बन्ध बनाया। मना करने पर शादी न करने की धमकी देने लगा तथा जब शादी की तिथि नजदीक आ गया तो मोहम्मद कादिर शादी करने से इन्कार कर दिया।

## शादी करने से मुकरा तो पीड़ित ने दर्ज कराया मुकदमा

भाई से 70,000 रुपये शादी के पहले दहेज के रुप में ले लिया था वह भी वापस करने से इंकार कर दिया और जान से मार डालने की धमकी दे रहा है। मामले में न्यायालय के आदेश पर पुलिस ने आरोपी मोहम्मद कादिर पुत्र रईस मोहम्मद निवासी मोहम्मदपुर थाना कलवारी के विरूद्धमुकदमा दर्ज किया है।

# दुर्गा पूजा कमेटियो व डीजे संचालको के साथ पीस कमेटी की बैठक



**रूधौली (एसएनबी)।** थाना रुधौली पर नवरात्रि/दुर्गा पूजा केदृष्टिगत प्रतिमा रखने वाले आयोजकों व डीजे संचालक के साथ रूधौली प्रभारी निरीक्षक द्वारा पीस कमेटी की बैठक की गयी। जिसमें उन्होंने लोगो से शान्ति एवं शौहार्द पूर्वक त्यौहार मनाये जाने की अपील किया। साथ ही डीजे संचालको को हिदायत दी गयी कि शासन द्वारा जारी तय मानको के सापेक्ष ही साण्डस बजायेगे, जिससे किसी को भी कोई असुविधा न हो।

पुलिस अधीक्षक अभिनन्दन के आदेश के क्रम अपर पुलिस अधीक्षक के पर्यवेक्षण में क्षेत्राधिकारी रूधौली स्वर्णिमा सिंह के निकट पर्वेक्षण में प्रभारी निरीक्षक विजय कुमार व नायब तहसीलदार नीरज सिंह के द्वारा थाना रूधौली पर आगामी त्यौहार शारदीय नवरात्र के दृष्टिगत थाना परिसर में पीस कमेटी मीटिंग किया गया। जिसमें प्रतिमा स्थापित करने वाले आयोजकों व जुलूसू या जागरण, रामलीला करने वाले आयोजकों तथा उनके वलिंटियरों से वार्ता स्थापित की गयी। मीटिंग में पंडाल में सुरक्षा की दृष्टिगत बालू, पानी आग लगने पर बुझाने वाले उपकरण आदि कि समुचित व्यवस्था करने हेतु बताया गया। सुरक्षा की दृष्टिगत सीसीटीवी कैमरे लगाने को बताया गया। डीजे संचालको को निर्धारित व मानक के अनुसार गाने को बजाने हेतु बताया गया। मूर्ति विसर्जन स्थान व प्रतिमा को ले जाने वाले वाहन के बारे में, ले जाने वाले मार्ग आदि का समुचित जानकारी लिया गया। उच्चाधिकारियों से प्राप्त आदेश निर्देश को आदेश निर्देश के आवश्यक दिशा निर्देशों से अवगत कराया गया। त्यौहार को सकुशल सम्पन्न कराने हेतु लोगों से अपील किया गया। मीटिंग में जितेंद्र शुक्ला अस्पताल रूधौली, आदित्य भट्ट फीडर रूधौली, दुर्गा प्रतिमा आयोजन सुरेश भट्ट, सोनू, राम उग्र, वीरेन्द्र, सोच, लक्ष्मी राम, अयोध्या, राकेश गौड़, राजेश गौतम, रामचरण, राम भरोसे, कृष्णपाल यादव, पृथ्वीराज पांडे, रामचंद्र, सनी कुमार, मनोज कुमार, मोनू, बबलू, कुलदीप कुमार, रामपाल यादव, सनी, रंजीत कुमार, मस्तराम यादव, बिरजू निषाद, इंद्रमणि सिंह, रंजीत निषाद, महेंद्र निषाद आदि लोग मौजूद रहे।

## दहेज उत्पीड़न में पांच पर मुकदमा दर्ज

बस्ती। नगर क्षेत्र में रह रही विवाहिता ने तहरीर देकर आरोप लगाया है कि ससुराल में चार पहिया वाहन की मांग की गई। मांग पूरी न होने पर बार-बार मारापीटा। पुलिस ने कप्तानगंज के ओझागंज निवासी रविशंकर सोनी, कान्ती देवी, पूजा, मंगल प्रसाद सोनी समेत पांच लोगों पर केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## अश्लील गाना बजाने को लेकर मारपीट

बस्ती। नगर पुलिस ने अश्लील गाना बजाने के विवाद में मारपीट की घटना में केस दर्ज किया है। मरवटिया निवासी मो. सुहेल ने तहरीर देकर आरोप लगाया है कि अश्लील गाना बजाने को लेकर हुए विवाद में उन्हें अपशब्द कहते हुए धमकी दी। पुलिस ने मरवटिया निवासी सुखराम पर केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## ओरीजोत में मारपीट तीन पर मुकदमा दर्ज

बस्ती। सुपेलवा निवासी आर्यन पांडेय ने थाने में तहरीर देकर आरोप लगाया है कि उनका भाई शिवा बाइक लेकर महिला अस्पताल जा रहा था। इसी दौरान ओरीजोत चौराहे पर उनके भाई को विपक्षियों ने मारापीटा। पुलिस ने करन, किशन यादव निवासीगण काशीराम आवास और अरुण तिवारी निवासी शर्मा कालोनी पर केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

10वीं का विद्यार्थी था सोनहा क्षेत्र के गनवरिया कला निवासी शिवा, पुलिस ने शुरू की जांच

# पेड़ से लटका मिला छात्र का शव

**सनसनी**

**सल्टौआ (बस्ती), हिन्दुस्तान संवाद।** जिले के सोनहा थानाक्षेत्र के गनवरिया कला गांव के दक्षिण तरफ स्थित बाग में रविवार की सुबह एक किशोर का शव संदिग्ध परिस्थितियों में पेड़ से लटकता मिलने से सनसनी फैल गई। रस्सी के सहारे लटकते शव पर ग्रामीणों की नजर पड़ी तो मौके पर भीड़ जुट गई। सूचना पाकर प्रभारी थानाध्यक्ष शशांक सिंह व फोरेसिंक टीम मौके पर पहुंची। घटनास्थल से साक्ष्य जुटाने के बाद शव को नीचे उतारा गया। पुलिस के अनुसार घटना की वजह स्पष्ट नहीं हो सकी है। प्रथमदृष्टया आत्महत्या का ही मामला लग रहा है। शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा जा रहा है। रिपोर्ट आने के साथ बाद स्थिति पूरी तरह साफ होगी।



शिवा गौड़ (फाइल फोटो)।

- सुबह नित्यकर्म के लिए निकला था किशोर फोरेसिंक टीम मौके पर पहुंच जांच शुरू की
- रिपोर्ट आने के बाद ही मौत की स्थिति सामने आएगी

इसी थानाक्षेत्र के गनवरिया कला निवासी शिवा गौड़ (17) पुत्र गोपाल गौड़ हाईस्कूल का छात्र था। उसके पिता गोपाल मुंबई में रखकर कामकाज करते हैं। वह चार भाई-बहनों में सबसे बड़ा था और गांव में मां सुरेखा के साथ रहता था। बताया जा रहा है कि रविवार की सुबह करीब छह बजे वह अपने घर से शौच जाने के लिए निकला था। काफी देर बाद जब वह घर नहीं लौटा तो परिवारीजन व ग्रामीण उसकी खोजबीन करने लगे। उसे तलाशते हुए उसके घर से करीब चार सौ मीटर दूर स्थित बाग में पहुंचे तो देखा की बेर के पेड़ में बंधी रस्सी में उसका शव लटक रहा था। सूचना पाकर परिवारीजन भी मौके पर पहुंच गए। बेटे की मौत से मौत बेसुध हो गई। भाई व बहनों का भी रो-रोकर बुरा हाल था।

परिजनों का कहना है कि उन्हें खुद समझ नहीं आ रहा है कि आखिर शिवा ने ऐसा कदम क्यों उठाया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पेड़ से नीचे उतार कर छानबीन शुरू कर दी। प्रभारी थानेदार का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर अग्रिम कार्रवाई की जाएगी।

## रास्ते से गाड़ी हटाने के विवाद में खंडित हुई मूर्ति

**बस्ती।** शहर कोतवाली क्षेत्र के जखनी गांव के पास रविवार को दिन में स्थापना के लिए मूर्ति ले जाते वक्त रास्ते में खड़ी बाइक को हटाने को लेकर विवाद हो गया। इस दौरान ईंट लगने से ट्रैक्टर-ट्राली पर रखी गई एक देवी प्रतिमा खंडित हो गई।

सूचना पाकर सीओ सिटी सत्येन्द्र भूषण तिवारी, कोतवाल दिनेश चंद्र चौधरी व चौकी प्रभारी सोनूपार कामेश्वर उपाध्याय मौके पर पहुंच गए। पुलिस टीम ने लोगों को शांत कराया। साथ ही खंडित प्रतिमा के स्थान पर नई मूर्ति मंगाकर स्थापना के लिए भेजी गई। सीओ सिटी ने बताया कि रास्ते में खड़ी बाइक को हटाने को लेकर कुछ लोगों ने विवाद किया था। तत्काल पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर लोगों को शांत कराया और नई मूर्ति की स्थापना के लिए भेजी गई।

## ट्रैक्टर की चपेट में आने से महिला व दो बच्चे घायल

**मखौड़ाधाम।** हर्रैया थानाक्षेत्र के बांसगांव निवासी रामप्रकाश अपनी पत्नी पूनम 25 तथा दो बच्चों के साथ परसरामपुर थानाक्षेत्र के नागपुर कुंवर अपनी ससुराल पत्नी तथा बच्चों को लेने आए थे। वापस घर जाते समय वह परसरामपुर कुसमौर मार्ग पर पहुंचे ही थे कि आगे चल रहे ट्रैक्टर चालक ने अचानक मोड़ दिया, जिससे राम प्रकाश बाइक लेकर सड़क पर गिर गए। भाभी आरती ने बताना है कि ट्रैक्टर पूनम के आधे शरीर पर चढ़ गया जिससे पूनम के सिर में गंभीर चोटें आई तथा सात वर्षीय शिवा को हल्की चोट व पांच वर्षीय शिवम को सिर में बांई ओर चोट लगी।

## कोर्ट के आदेश पर चार के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**सल्टौआ।** सोनहा पुलिस ने न्यायालय एसीजेएम तृतीय के आदेश पर चार पर महिला को घर में घुसकर मारने पीटने गाली गलौज करने, जानमाल की धमकी देने व लज्जा भंग के मामले में केस दर्ज किया है। सोनहा क्षेत्र के एक गांव की युवती का आरोप है कि बीते 31 मई की शाम 7 बजे वह अपने घर के अन्दर फर्श पर धुलाई कर रही थी। कपड़ा धुलाई करते समय पानी इंटरलॉकिंग सड़क पर चला गया। नाराज होकर विशाल, गुड्डू, भगौती प्रसाद व राज ने घर में घुसकरपीटने लगा।

# किशोरी को चाकू मार भागे बदमाश

**छावनी।** थानाक्षेत्र के पावड़ गांव में हृदय राम यादव की 15 वर्षीय किशोरी चांदनी को अपने घर के सामने अज्ञात दो बदमाश चाकू मार कर अंधेरे का फायदा उठा कर भाग गये। घटना आज रविवार 8.30 बजे की है। घटना के बाद गांव में हड़कंप मच गया। घटना के बाद परिजन घायल चांदनी को लेकर सीएचसी विक्रमजोत पहुंचे।

जानकारी मिलते हि चौकी इंचार्ज शशिशेखर सिहं पुलिस टीम के साथ अस्पताल पहुंच कर जानकारी ली। परिजनों का आरोप है कि बदमाश छपर के बगल छुपे थे। हृदय राम की लड़की चांदनी तार पर सूखने के लिए फैले कपड़े उतारने गई थी तो बदमाशों ने चाकू मार भागे निकले। हल्ला गोहार होने पर आसपास के लोग जुट गये पुलिस को जानकारी दिया।

# विक्षिप्त युवक को ग्रामीणों से पुलिस ने बचाया

**टिनिच।** गौर थानाक्षेत्र के टिनिच पुलिस चौकी अंतर्गत बुद्ध बाजार में विक्षिप्त को चोर समझ कर ग्रामीणों ने पकड़ लिया। मौके पर पहुंची पुलिस ने विक्षिप्त को बचाया। मिली जानकारी के अनुसार रविवार को शाम चार बजे थानाक्षेत्र के टिनिच बुद्ध बाजार में एक 27 वर्षिय विक्षिप्त युवक पहुंचा, जो स्वेटर पहने बाजार में घूमने पर स्थानीय लोगों ने उससे उसका पहचान पत्र मांगा। इस पर वह कुछ बोल नहीं पाया तो लोगों ने उसे चोर-चोर कहकर मारने के लिए एकजुट हो गए। सूचना पर चौकी प्रभारी हरिराय अपने हमराहियों के साथ पहुंचे। इसके बाद चौकी प्रभारी ने उसे बचाकर अपने साथ चौकी पर लेकर चले गए। चौकी प्रभारी ने बताया कि युवक मानसिक रूप से विक्षिप्त है। वह कुछ बोल नहीं पा रहा है। इसका इलाज कराकर थाने पर भेजा दिया जाएगा।

### जनपद में विभिन्न जगहों पर हुई चोरी की वारदात, कई जगहों पर चोरी के संदेह में पिट गए बेकसूर लोग

# शराब पी रहे मजदूर को चोर समझकर पीटा

**सल्टौआ, हिन्दुस्तान संवाद।** सोनहा थानाक्षेत्र के करैली गांव में शाम चार बजे एक बिहारी को चोर समझ कर लोगों ने पड़कर पुलिस के हवाले कर दिया। सुरुवा बारी थाना लौकरीया जनपद बेतिया, बिहार का रहने वाला वीरेंद्र चौधरी रविवार शाम करैली पोखर के समीप बांस की झाड़ी में बैठकर शराब पी रहा था। सड़क पर जाने वाले कुछ लोगों की नजर उस पर पड़ गई। लोग चोर समझ कर शोर मचाने लगे, देखते ही देखे काफी भीड़ इक्ट्ठा हो गई। भीड़ देखते ही वह झाड़ी से निकलकर धान के खेत से होकर भागने लगा। लोगों ने उसे दौड़ाकर पकड़ लिया और पिटाई करने लगे।

उसी समय सोनहा थाने के एसआई संजीत कुमार श्रीवास्तव वहां पहुंच गए। लोगों ने उसे पुलिस के हवाले कर दिया। पकड़ा गया व्यक्ति अपने भाई नंदकिशोर चौधरी के साथ राम लखन यादव निवासी बनगवा थाना सोनहा के यहां मजदूरी करता है।

## दो संदिग्धों को पकड़ पुलिस को सौंपा

**गौर (बस्ती)।** पैकोलिया थाना क्षेत्र के रामापुर गांव के रेलवे क्रॉसिंग के पास रविवार की सुबह करीब नौ बजे दो संदिग्ध लोगों को ग्रामीणों ने दौड़ा कर पकड़ लिया। पूछताछ करने पर उन्होंने कुछ भी बताने से इंकार कर दिया। चोरी की आशंका में सूचना ग्रामीणों ने तत्काल डायल 112 को दी। मौके पर पहुंची पुलिस दोनों को पूछताछ के लिए अपने साथ ले गई। बताया जा रहा है कि रामापुर रेलवे क्रासिंग के पास गन्ने के खेत से रविवार की सुबह अचानक बाहर निकलकर दो लोग भागने लगे।

## महिला को बातों में फंसाकर गहने लेकर फरार

**बस्ती।** बातों में फंसाकर एक महिला से उचक्का जेवर लेकर भाग निकला। प्रकरण में पुरानी बस्ती के दक्षिण दरवाजा का है। यहां के रहने वाले सचिन गुप्ता ने तहरीर देकर बताया है कि उनकी मां लीलावती देवी 19 सितंबर को दिन में घर से निकलकर चौराहे पर कुछ सामान लेने गई थीं। चौराहे पर एक अज्ञात व्यक्ति मिला। इसके बाद परिवार को लेकर बाते करने लगा। बोला कि आपकी समस्या का समाधान कर दूंगा। इसके बाद उन्हें बातों में फंसा कर गली में ले गया। यहां जेवर लेने के बाद बोला कि कागज में कुछ रखकर दे रहा हूं। इसे लेकर 15 कदम आगे चलो और पीछे मुड़कर मत देखना। उसकी बातों में मां आ गई और फिर वह मौके से भाग निकला।

## दरवाजे के सामने से बाइक चोरी

**हर्रैया।** नगर पंचायत हर्रैया के गांधीनगर वार्ड से दुकान के सामने खड़ी बाइक को अज्ञात चोरों ने उड़ा दिया। हर्रैया नगर पंचायत के वार्ड नंबर 12 गांधीनगर निवासी रितिक कसौधन ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि हर्रैया ओवरब्रिज के पास मेरी दुकान है। शनिवार को अपनी बाइक शनिवार देर साम दुकान के दरवाजे के सामने खड़ा कर घर में परिवार के साथ सो रहे थे। रात एक बजे अज्ञात चोर उठा ले गये। कोतवाल तहसीलदार सिंह ने बताया कि सूचना मिली है।

## ग्रामीणों ने संदिग्ध को पुलिस को सौंपा

**छावनी।** थानाक्षेत्र में शनिवार रात ग्रामीणों ने एक संदिग्ध युवक को पकड़ कर पुलिस के हवाले कर दिया। संदिग्ध युवक एक दुकान के आसपास घूम रहा था। ग्रामीणों ने पूछताछ की तो वह पहचान का कोई प्रमाण नहीं दिखाया। इस इस पर लोगों ने उसके साथ हाथापाई भी की। थानाध्यक्ष छावनी जनार्दन प्रसाद ने कहा कि युवक से पूछताछ की जा रही है। उसने अपना नाम अरूनराम निवासी हरदी जिला मुजफ्फरपुर बताया।

## ग्रामीणों ने भागते समय दो चोरों का फोटो खींचा

**हर्रैया।** थानाक्षेत्र के कनघुसरा गांव में शनिवार की देर रात कुछ चोर एक घर में चोरी करने के लिए आए, लेकिन परिवार वालों के जग जाने से बैरंग लौट गए। परिजनों ने अपने मोबाइल में दोनों चोरों की फोटो कैद किया। फोटो में दो चोर काला कपड़ा पहने पीठ पर बैग लिए दिखाई दे रहे हैं। इस घटना को सुन ग्रामीणों में हड़कंप मच गया। हर्रैया थानाक्षेत्र शंभुपुर ग्राम पंचायत के कनघुसरा गांव में मकबूल सहन पुत्र बरसाती के परिजन घर में सो रहे थे। देर रात करीब दो बजे इनके घर चारों और पांच की संख्या में चोर काला पैंट शर्ट, जैकेट तथा नकाब पहने खड़े थे। चोरों आहट पाकर परिजनों कि नींद खुल गई।

## गहने झपटने के दो मामलों में केस

**बस्ती।** लालगंज व मुंडेरवा पुलिस ने झपटामारी के दो मामलों में केस दर्ज किया है। लालगंज थाने पर तहरीर देकर सेल्हरा निवासी कपूरी देवी ने बताया है कि पिछले पांच सितंबर को दिन में वह अपने गांव के पास सुअरहा मोड़ पर बांस की खूटी के बगल बैठी थी। तभी बाइक सवार दो अज्ञात लोग आए और गांव का नाम पूछने लगे। अपनी बातों में उलझाकर उनके गले से सोने का लॉकेट खींचकर भाग गए।

# खेत में काम कर रही महिला से छिनैती

**मखौड़ाधाम (बस्ती)** । जिले के परसरामपुर थानाक्षेत्र के ककरा कला गांव के एक खेत में काम कर रही महिला के छिनैती का मामला सामने आया है। आरोप है कि खेत में पहुंचे दो बदमाशों ने कनपटी पर कट्टा सटाकर उनके नाक, कान व गले के जेवरात छीन लिए। शोर मचाने का प्रयास किया तो मुंह दबा दिया। डंडे से वार भी किया और भाग निकले। वह मौके पर बेहोश हो गईं। सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने छानबीन शुरू की। थानाध्यक्ष भानु प्रताप सिंह का कहना है कि जांच में घटना संदिग्ध प्रतीत हो रही है। छानबीन कर सत्यता का पता लगाया जा रहा है। जांच में जो तथ्य सामने आएंगे, उसके आधार पर अग्रिम कार्रवाई की जाएगी।

ककरा कला निवासी रामकली देवी ने बताया कि रविवार को दिन में करीब 11 बजे वह अपने घर से पीछे धान के खेत में काम कर रही थी। उनका आरोप है कि इसी दौरान बगल में स्थित गन्ने के खेत से दो अज्ञात व्यक्ति निकल कर बाहर आए। दोनों ने मुंह पर मास्क लगा रखा था। इनमें से एक ने उनकी कनपटी पर कट्टा सटा दिया और दूसरे बदमाश ने नाक, कान, गले व पैर में पहने सभी जेवर बारी-बारी डराधमका कर निकाल लिया।

# कोर्ट के आदेश पर छेड़खानी का मुकदमा दर्ज

**बस्ती।** पैकोलिया पुलिस ने कोर्ट के आदेश पर छेड़खानी समेत अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है। पीड़िता का आरोप है कि उनके पति ने आरोपी के घर मजदूरी की। जब पैसा मांगा तो नहीं दिया। फिर काम करने के लिए कहा तो पति ने मना कर दिया। आरोपी गत 26 मार्च को उनके घर आया तो उन्हें अकेला पाकर अश्लील हरकत की। शोर मचाने पर पति आए तो उन्हें भी मारापीटा और धमकी देकर चला गया।

# नारा लगा रहे लोगों को शांत कराया

**गौर।** कस्बे में उस समय अजीबोगरीब स्थिति पैदा हो गई जब एक विशेष समुदाय विशेष के लोग नारेबाजी करते हुए सड़क पर उतरकर विरोध करने लगे। सूचना पर पहुंची पुलिस और नारेबाजी कर रहे लोगों को समझा बुझा कर शांत कराकर वापस भेज दिया। सोमवार से नवरात्र का पर्व शुरू होने वाला है।

# दहेज के लिए पत्नी को मारा, साली संग किया रेप

**शर्मनाक**

- पत्नी की हादसे में मौत होने की बात कह साली को शादी के झांसे में लिया
- कोर्ट के आदेश पर वाल्टरगंज पुलिस ने केस दर्ज कर शुरू की जांच

**बस्ती, निज संवाददाता।** कोर्ट के आदेश पर वाल्टरगंज पुलिस ने गैरदरादतन हत्या, रेप समेत अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है। आरोप है कि अपनी पत्नी को दहेज के लिए प्रताड़ित कर मौत के घाट उतारने के बाद इसे हादसा करार दे दिया। फिर उसने अपनी साली से शादी करने का वादा किया। इसका फायदा उठाकर साली का शारीरिक शोषण किया। बाद में शादी से भी मुकर गया। प्रकरण में कोर्ट के आदेश पर वाल्टरगंज पुलिस ने आरोपी मोहम्मद कादिर के खिलाफ अभियोग पंजीकृत कर छानबीन शुरू कर दी है।

वाल्टरगंज थानाक्षेत्र की रहने वाली युवती ने तहरीर देकर बताया है कि उनकी बड़ी बहन की शादी कलवारी थानाक्षेत्र के रहने वाले मोहम्मद कादिर के साथ हुई है। उनका आरोप है कि शादी के कुछ दिन बाद से उनकी बहन को दहेज की मांग को लेकर मारपीट कर प्रताड़ित किया जाने लगा। बात-बात पर अपशब्द कहने के साथ ही खाना-पानी भी बंद कर दिया गया। एक दिन मकान के पावे में बांधकर पेट पर लात मार दिया, जिससे मौके पर ही बहन की मौत हो गई। इसके बाद आरोपी मोहम्मद कादिर ने बचने के लिए मेरे परिवार से कहा कि गिरने से मौत हो गई। साथ कहा कि आपकी छोटी बेटी परवीन से बिना दहेज के शादी कर लूंगा। इसके बाद फोन पर मुझसे बात करने लगा और घर आने लगा।

आरोप है कि इस दौरान उसे अकेला पाकर शादी का झांसा देकर जबरन शारीरिक संबंध भी बनाने लगा। मना करने पर शादी न करने की धमकी देता। जब शादी की तारीख नजदीक आई तो वह शादी से मुकर गया। पीड़िता के भाई से शादी के पहले ही 70 हजार दहेज के लिए रूप में ले चुका था। उसे भी वापस करने से इनकार कर दिया।

## किशोरी संग दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार

**बस्ती।** दुबौलिया पुलिस ने किशोरी के साथ दुष्कर्म समेत अन्य धाराओं में आरोपी युवक को गिरफ्तार कर लिया है। थाना प्रभारी कृष्ण कुमार साहू ने बताया कि इसी थानाक्षेत्र का रहने वाले आरोपी विनय कुमार ने पुलिस टीम ने रविवार को करीब साढ़े 12 बजे पद्मापुर मोड़ से गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार करने वाली टीम में थाना प्रभारी के साथ कांस्टेबल मनोज यादव व अभिषेक यादव शामिल रहे।

# टाइम सिटी ग्रुप पर बस्ती में भी केस

**बस्ती, निज संवाददाता।** शहर के मालवीय रोड स्थित एक प्राइवेट कम्पनी के लुभावने ऑफर में निवेश कराकर लाखों रुपये हड़पने का मामला सामने आया है। पूरी रकम को हड़प लिया गया। एसपी अभिनंदन के आदेश पर टाइम सिटी ग्रुप के चेयरमैन समेत छह नामजद व अन्य अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। पूर्व में गोरखपुर में इस ग्रुप के खिलाफ मुकदमा दर्ज हुआ है।

कोतवाली के खीरीघाट मड़वानगर निवासी चंद्रमती देवी पत्नी स्व. राजमणि यादव ने तहरीर देकर आरोप लगाया है कि टाइम सिटी ग्रुप के लोगों ने विभिन्न तरीकों से लोक लुभावन योजनाओं के बारे में प्रचार-प्रसार किया। उन्हें विभिन्न लाभकारी योजनाओं के बारे में बताकर पांच लाख 97 हजार का निवेश एफडी प्लान में करा लिया गया। बताया कि एफडी पूरी होने पर उन्हें 11 लाख 96 हजार का भुगतान दिया जाएगा। इसके बाद वह मालवीय रोड स्थित दफ्तर पर गईं तो पैसा देने में आनाकानी की जाने लगी। कोतवाल दिनेश चंद्र चौधरी ने बताया कि तहरीर के आधार पर टाइम सिटी ग्रुप के चेयरमैन पंकज पाठक, वाइस चेयरमैन संतोष कुमार सिंह, वाइस प्रेसीडेंट अशोक कुमार सिंह, जीएम रीना शुक्ला, निदेशक सुशील कुमार मिश्रा, लीगल हेड सूर्यभान सिंह व अन्य अज्ञात अस्थाई पता रॉयल अवध ग्राम बबुरी जनपद बाराबंकी मुख्यालय टाइम सिटी ग्रुप के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

# फोन पर धमकी देने वाले पर केस दर्ज

सोनहा: सिसवा बरुआर गांव के एक व्यक्ति की तहरीर पर पुलिस ने अज्ञात व्यक्ति पर अभद्र भाषा का प्रयोग करने व धमकी देने का मुकदमा दर्ज किया है। गांव के तारा प्रसाद त्रिपाठी का कहना है कि अज्ञात व्यक्ति द्वारा उसे फोन कर अपशब्द कहा जाता है। मना करने पर जानमाल की धमकी दी जाती हैं।

# न्यायालय के आदेश पर गैर इरादतन हत्या व दुष्कर्म का मुकदमा

जागरण संवाददाता, बस्ती: वाल्टरगंज थाना क्षेत्र में एक युवती ने न्यायालय में प्रार्थना पत्र प्रस्तुत कर गंभीर आरोप लगाए हैं। युवती ने बताया कि उनकी बहन की शादी कलवारी थाना क्षेत्र के मोहम्मद कादिर से हुई थी। शादी के कुछ समय बाद ही आरोपित ने दहेज की मांग को लेकर उनकी बहन को मारना-पीटना और प्रताड़ित करना शुरू कर दिया। आरोप है कि एक दिन उसने उनकी बहन को मकान के पाये में बांधकर पेट पर पैर से मारा, जिससे उसकी मृत्यु हो गई। आरोपित ने बचने के लिए परिवार को बताया कि मृत्यु गिरने से हुई है और यह भी कहा कि वह उनकी छोटी बेटी से बिना दहेज के शादी कर लेगा।



परिवार ने बहन की मृत्यु के बाद कोई मुकदमा नहीं दर्ज कराया। इसी बीच, मोहम्मद कादिर ने युवती से फोन पर संपर्क करना शुरू किया और घर पर आने लगा। अकेले पाकर उसने शादी का झांसा देकर शारीरिक संबंध बनाए। जब युवती ने मना किया, तो उसने शादी न करने की धमकी दी। शादी की तिथि नजदीक आने पर आरोपित ने शादी से इंकार कर दिया। आरोप है कि उसने युवती के भाई से 70 हजार रुपये दहेज के रूप में लिए थे, जिन्हें लौटाने से भी मना कर दिया। पुलिस ने न्यायालय के आदेश पर मोहम्मद कादिर के खिलाफ गैर इरादतन हत्या, दुष्कर्म सहित अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है।

# दंपती पर छेड़खानी व धमकी का मुकदमा दर्ज

सोनहा: क्षेत्र के एक गांव की पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने दंपती के विरुद्ध नाजायज संबंध बनाने का दबाव डालने, छेड़खानी करने व मना करने पर अपशब्द कहते हुए जान से मारने की धमकी देने का मुकदमा दर्ज किया है। पीड़िता का आरोप है कि 16 सितंबर को दंपती द्वारा उसपर शारीरिक संबंध बनाने के लिए दबाव डाला गया। तहरीर के आधार पर पुलिस ने रघुनंदन पांडेय व उनकी पत्नी देवकी के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

**कोर्ट के निर्देश पर चार के विरुद्ध मुकदमा दर्ज:** सोनहा: क्षेत्र की रहने वाली एक युवती ने कोर्ट में प्रार्थना पत्र देकर बताया कि वह 31 मई की शाम को वह अपने घर के फर्श की धुलाई कर रही थी। उसी समय पानी सड़क पर चला गया। इस बात से नाराज गांव के ही विशाल, गुड्डू, भगौती प्रसाद व राज ने उन्हें अपशब्द कहते हुए घर में घुसकर मारापीटा। इस दौरान उसकी टीशर्ट फाड़ दी। कोर्ट के निर्देश पर पुलिस ने आरोपितों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

# खेत में काम कर रही महिला पर हमला कर आभूषण छीने

संवाद सूत्र, मखौड़ाधाम: परशुरामपुर थाना क्षेत्र के ककरा खुर्द गांव में खेत में काम करते समय एक महिला से छिनैती का मामला सामने आया है। ककरा गांव की रामकली ने बताया कि रविवार की दोपहर करीब 12 बजे वह गांव से कुछ दूरी पर धान के खेत में काम कर रही थीं। इसी बीच गन्ने के खेत से अचानक दो लोग मुंह पर गमछा बांध कर निकले और उनका गला दबाते हुए कान, नाक तथा गले में पहने आभूषण को छीनने लगे। रामकली के हाथ में डंडा था, जिससे उन्होंने बचाव करने की कोशिश की, लेकिन एक बदमाश ने उनके सिर पर वार कर उन्हें बेहोश कर दिया। बदमाश उनका आभूषण लेकर भाग निकले। महिला के शरीर पर किसी प्रकार के चोट के निशान नहीं मिले हैं। थानाध्यक्ष भानुप्रताप सिंह ने बताया कि घटना संदिग्ध प्रतीत हो रही है, मामले की जांच कर रही है।

# नारेबाजी कर रहे किशोरों को पुलिस ने शांत कराया

जासं, वभनानः गौर कस्बे में उसे समय अजीबोगरीब स्थिति पैदा हो गई जब एक समुदाय विशेष के किशोर नारेबाजी करते हुए सड़क पर उतर आए। मामले की जानकारी होते ही मौके पर पुलिस पहुंच गई और नारेबाजी करने वालों को शांत करा कर वापस लौटा दिया। प्रभारी निरीक्षक गौर परमा शंकर यादव ने बताया कि नारेबाजी करने वाले लोगों ने पूछताछ में बताया कि कानपुर में कोई घटना हुई है, जिसके विरोध में वे नारेबाजी कर रहे हैं। नारेबाजी करने वालों में अधिकांश किशोर थे। उन्हें हिदायत देते हुए घर जाने दिया गया।

## रास्ते में रोक कर मारापीटा मुकदमा दर्ज

छावनी: छावनी थाने के नगदेपुर गांव निवासी ज्ञानदास ने पुलिस को दी गई तहरीर में बताया कि वह शनिवार की शाम बाजार से पत्तल खरीद कर लौट रहे थे। इसी बीच गांव के ही रजनीश व शुभम ने उन्हें रास्ते में रोक कर उनके साथ मारपीट की। थानाध्यक्ष छावनी जनार्दन प्रसाद ने बताया कि पीड़ित की तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। (जासं)

## अनियंत्रित बाइक की ठोकर से छात्रा घायल

रुधौली: बस्ती-बांसी मार्ग पर गौरा चौराहे पर रविवार की देर शाम कोचिंग से लौट रही साइकिल सवार छात्रा बाइक की ठोकर से घायल हो गई। रसूलपुर गांव के अंकित बाइक से गौरा चौराहे पहुंचे ही थे कि वाल्टरगंज थाना क्षेत्र के मझौवा जगत गांव छात्रा बीना सोनी पुत्री रामनरायन की साइकिल से उनकी बाइक अनियंत्रित होकर टकरा गई। (जासं)

# रात्रि गश्त और अपराध नियंत्रण हमारी प्राथमिकता : एएसपी

जागरण संवाददाता, बस्तीः अपराध नियंत्रण और सामाजिक सुरक्षा के लिए रात्रि गश्त को बढ़ावा देना हमारी प्राथमिकता है। कानून व्यवस्था को बाधित नहीं होने दिया जाएगा। शांति और मजबूत कानून व्यवस्था के लिए हर संभव प्रयास किए जाएंगे। यह बातें नवागत अपर पुलिस अधीक्षक श्यामकांत ने कहीं। वह एएसपी ओमप्रकाश सिंह के तबादले के बाद रविवार को बस्ती सर्किट हाउस पहुंचे। उन्होंने बताया कि हाल ही में चोरियों की अफवाहों को देखते हुए रात में लगातार चेकिंग अभियान चलाया जाएगा और गश्त व्यवस्था को मजबूत किया जाएगा। साइबर क्राइम के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए भी कदम उठाए जाएंगे। नव युवाओं को सुधारने के लिए प्रयास किए जाएंगे ताकि वे समाज की मुख्य धारा से जुड़ सकें। 40 वर्षीय युवा अधिकारी श्यामकांत ने बताया कि उन्होंने बीकाम करने के बाद दैनिक अखबार में रिपोर्टर के रूप में कार्य किया और प्रतियोगी परीक्षा में सफलता प्राप्त करने के बाद फिरोजाबाद, कानपुर, कौशांबी और बलिया में सर्किल ऑफिसर के रूप में सेवा दी है। उन्होंने साढ़े चार साल एसटीएफ में रहकर अपराधियों पर नकेल कसी है।



श्यामकांत, एएसपी

# पुलिस की सक्रियता से बची विक्षित युवक की जान

संवाद सूत्र, टिनिचः ड्रोन और चोरी की अफवाहों के बीच रविवार को पुलिस की सक्रियता के चलते एक विक्षिप्त युवक की जान बच गई। गौर थाने के टिनिच कस्बे के बुध बाजार में शाम को एक 18 वर्षीय युवक जो विक्षिप्त था, उसे लोगों ने चोर कह कर पकड़ लिया। बड़ी संख्या में बाजार के लोगों ने उसे घेर लिया। उसमें से कई लोग उसकी पिटाई करने की तैयारी में जुट गए। इसी बीच किसी ने इसकी सूचना चौकी प्रभारी हरि राय दी। तत्काल पुलिस सक्रिय हुई और विक्षिप्त युवक को चौकी पर लाकर उसकी जांच पड़ताल की गई। वह स्वेटर पहने हुए था और अपना नाम पता कुछ नहीं बता पा रहा था। जांच के बाद सभी लोगों ने स्वीकार किया कि वह मानसिक रूप से बीमार है।

# संदिग्ध परिस्थितियों में पेड़ से लटका मिला किशोर का शव



शिवा की मृत्यु के बाद रोते बिलखते स्वजन ● जागरण

संवाद सूत्र, सोनहा: क्षेत्र के गनवरिया कला गांव निवासी 16 वर्षीय शिवा गौड़ पुत्र गोपाल की संदिग्ध परिस्थितियों में मृत्यु हो गई। उसका शव गांव के दक्षिण करीब 500 मीटर दूर बेर के पेड़ की डाल से रस्सी के सहारे लटका मिला। मौके पर फोरेंसिक टीम के साथ पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में ले लिया।



शिवा ● फाइल फोटो

मां सुरेखा ने बताया कि बेटा शिवा सुबह लगभग छह बजे शौच करने के लिए घर से बाहर निकला था। काफी देर तक जब वह घर वापस नहीं लौटा तो उसकी खोजबीन शुरू की गई। वह 10वीं कक्षा का छात्र था। उसके पिता गोपाल 10 दिन पूर्व रोजी रोटी के लिए मुंबई गए हैं। शिवा की मौत को लेकर तरह तरह की चर्चा है। दबी जुबान में लोग इसे हत्या मान रहे हैं। आशंका जताई जा रही है कि उसकी हत्या कर आत्महत्या का रूप देने के लिए शव को लटका दिया गया है। प्रभारी थानाध्यक्ष शशांक कुमार सिंह ने बताया कि मृत्यु का स्पष्ट कारण जानने के लिए शव का पोस्टमार्टम कराया जा रहा है।

# पिटाई के बाद पुलिस को सौंपे गए दो संदिग्ध, वीडियो प्रसारित

जासं, वभनानः ग्रामीणों ने दो संदिग्ध व्यक्तियों को चोर समझकर पहले उनकी पिटाई की और बाद में पुलिस को सौंप दिया। घटना का वीडियो इंटरनेट मीडिया पर प्रसारित हो रहा है। लोगों के अनुसार पैकोलिया क्षेत्र के रामापुर गांव के निकट रेलवे क्रासिंग के पास रविवार की सुबह नौ बजे दो संदिग्ध गन्ने के खेत से निकलकर भाग रहे थे। इसी दौरान ग्रामीणों ने पकड़ लिया। ग्रामीणों का दावा है कि पकड़े गए दोनों संदिग्ध चोर हैं, उनका एक साथी होटल में खाना लाने गया था। थानाध्यक्ष पैकोलिया सुभाष मौर्य ने बताया कि पुलिस ने ग्रामीणों द्वारा सौंपे गए लोगों को थाने पर लाया गया। दोनों व्यक्ति देखने में मानसिक रूप से बीमार लग रहे हैं।






पैकोलिया के रामापुर में मिला संदिग्ध व छावनी पुलिस के गिरफ्त में संदिग्ध • सौ. पुलिस

**छावनी में ग्रामीणों ने संदिग्ध को पकड़कर पुलिस को सौंपा**

संवाद सूत्र, छावनीः क्षेत्र में शनिवार की रात ग्रामीणों ने एक संदिग्ध युवक को पकड़ कर पुलिस के हवाले कर दिया। बताया जा है कि संदिग्ध युवक एक दुकान के आसपास घूम रहा था। इसी दौरान ग्रामीणों ने उसे पकड़कर पूछताछ की। पहचान का कोई प्रमाण न दिखाने पर उससे हाथापाई की। कस्बे में शनिवार की रात युवक मोबाइल फोन की दुकान के आसपास मिला। ग्रामीणों ने चोरी के लिए रेकी का मामला समझ उसे देररात डेढ़ बजे पकड़ लिया। आधार कार्ड मांगने पर युवक ने कोई पहचान नहीं दिखाया। अपना नाम अरून राम पुत्र वरदोराम निवासी हरदी जिला मुजफ्फरपुर बताया।

## किशोरी के साथ दुष्कर्म का आरोपित गिरफ्तार

बस्ती : दुबौलिया पुलिस ने किशोरी के साथ दुष्कर्म करने के मामले में थाने पर दर्ज मुकदमे में आरोपित विनय कुमार निवासी कठौतिया थाना दुबौलिया को गिरफ्तार कर लिया है।

## चेन स्नेचिंग के मामले में मुकदमा दर्ज

बस्ती : मुंडेरवा पुलिस ने 19 सितंबर को मेहड़ा सैदवार गांव की पुलिया के आगे कलावती देवी पत्नी सत्यनरायन के गले से सोने का लाकेट उड़ाने के मामले में बाइक सवार दो अज्ञात युवकों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है। इसी प्रकार लालगंज पुलिस ने पांच सितंबर को सेल्हरा-सुअरहा गांव के मोड़ सेल्हरा गांव की कपूरी देवी के गले से सोने का लाकेट उड़ाने के मामले में बाइक सवार दो अज्ञात पर मुकदमा दर्ज किया गया है।

## ट्रैक्टर की चपेट में आने से महिला घायल

संसू, मखौड़ाधाम : हर्रैया थाना क्षेत्र के बांसगांव निवासी रामप्रकाश, पत्नी पूनम तथा दो बच्चों के साथ परशुरामपुर थानाक्षेत्र के नागपुर कुंवर में अपने ससुराल आए थे। रविवार की देर शाम करीब सात बजे घर वापस जाते समय उनकी बाइक परशुरामपुर-कुसमौर मार्ग पर आगे चल रहे ट्रैक्टर से टकरा गई।

# किशोरी के अपहरण में गोरखपुर के आरोपित पर मुकदमा

संवाद सूत्र, वखिराः पुलिस ने चार दिन पूर्व किशोरी के अपहरण के मामले में गोरखपुर जनपद के सहजनवां थानाक्षेत्र के अछियापार गांव निवासी हरिदयाल के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है। तहरीर में एक व्यक्ति ने बताया कि 17 सितंबर की रात 10 बजे उनकी 13 वर्षीय बेटी को आरोपित बहला-फुसलाकर भगा ले गया। खोजबीन करने के बाद भी बेटी का पता नहीं चला। थानाध्यक्ष राकेश सिंह ने बताया कि आरोपित पर अपहरण का मुकदमा दर्ज कर उसकी गिरफ्तारी के लिए पुलिस जुटी हुई है।

# सड़क किनारे किया पौधारोपण बताया हरियाली का महत्व

जासं, बस्तीः हरियाली के प्रति समर्पित गौहर अली ने सैनिक कल्याण बोर्ड के सामने सड़क किनारे पौधे रोपने के साथ ही पूर्व में लगाए गए पौधों की कटाई छंटाई भी की। पौधे लगाने के साथ ही उनकी सुरक्षा के लिए ट्री गार्ड भी लगाया। उन्होंने लोगों का आह्वान किया कि जो पौध रोपे गए हैं, उनकी देखभाल करें, जिससे वे बड़े होकर छांव के साथ ही फल और जरूरत की लकड़ियां भी दें। कहा कि अधिक संख्या में पौधारोपण से बेहतर है कि कम पौधे लगाएं और जितना लगाएं, उन्हें जीवित रखने का माहौल दें। पेड़ मनुष्य के सबसे अच्छे मित्र है और आक्सीजन देने के साथ ही जीवन में कदम-कदम पर उनका साथ देते हैं, किन्तु दुर्भाग्य है कि देखते ही देखते वन, बाग बगीचे समाप्त हो रहे हैं और इसका दुष्परिणाम हम सबको अनेक रोगों के रूप में भोगना पड़ रहा है।

# मारपीट व प्रतिमा क्षतिग्रस्त होने पर श्रद्धालुओं ने किया विरोध-प्रदर्शन

## बाइक हटाने को लेकर प्रतिमा ले रहे श्रद्धालुओं से हुई मारपीट



मारपीट की घटना होने पर मौके पर पहुंचे अपर पुलिस अधीक्षक व अन्य • जागरण

संवाद सूत्र, सोनूपार, वस्तीः ट्रैक्टर-ट्राली से प्रतिमा लेकर महसो जा रहे लोगों का जखनी गांव के पास दो युवकों से सड़क पर खड़ी बाइक को हटाने की बात को लेकर विवाद हो गया। बात आगे बढ़ी तो जखनी गांव के कुछ युवक और पहुंच गए और प्रतिमा ले जा रहे लोगों से मारपीट करने लगे। इसी बीच उनमें से किसी युवक ने प्रतिमा पर ईंट फेंक दिया, जिससे प्रतिमा क्षतिग्रस्त हो गई। इसके बाद विवाद करने वाले युवक वहां से भाग निकले। वहीं प्रतिमा ले जा रहे लोगों ने सोनूपार पुलिस चौकी के सामने प्रतिमा वाली ट्रैक्टर-ट्राली लाकर खड़ी कर दी और कार्रवाई की मांग को लेकर प्रदर्शन करने लगे। घटना की जानकारी होते ही मौके पर पहुंचे सीओ सिटी सत्येंद्र भूषण तिवारी व कोतवाल दिनेश चंद्र चौधरी ने नाराज लोगों को समझा-बुझाया और कार्रवाई का आश्वासन दिया। क्षतिग्रस्त प्रतिमा की जगह दूसरी प्रतिमा मंगवाई, तब जाकर मामला शांत हुआ।

महसो निवासी शिवम ने बताया कि वह और उनके सहयोगी प्रतिमा लेकर महसो जा रहे थे। जखनी गांव के पास जब वे पहुंचे तो सड़क पर एक बाइक खड़ी कर दो युवक आपस में बात कर रहे थे। उन्होंने बाइक को हटाने के लिए कहा तो दोनों युवक विवाद करने लगे। इतने में सड़क पर खड़े एक युवक ने फोन कर जखनी गांव से कुछ और युवकों को बुला लिया। वे मारपीट करने लगे। इसी बीच उनमें से किसी ने ट्राली पर रखी गणेश और लक्ष्मीजी की प्रतिमा को ईंट फेंक कर क्षतिग्रस्त कर दिया। प्रतिमा ले जा रहे सुनील ने महसो फोन कर प्रतिमा खंडित होने की जानकारी दी। इसके बाद वे सोनूपार चौकी के पास ट्रैक्टर-ट्राली खड़ी कर कार्रवाई की मांग करने लगे।

# भाकियू के अनिश्चितकालीन धरने को कांग्रेस का समर्थन

जासं, हर्रैयाः दुबौलिया विकास क्षेत्र के भेलमापुर गांव में गन्ना क्रय केंद्र खोलने की मांग को लेकर भारतीय किसान यूनियन के कार्यकर्ताओं का हर्रैया तहसील पर धरना तीसरे दिन रविवार को भी जारी रहा। कार्यकर्ता मांग पूरी न होने से आक्रोशित हैं तो वहीं अब इस धरने को कांग्रेस पार्टी ने भी समर्थन दे दिया है।

कांग्रेस पार्टी के पूर्वी जोन प्रदेश अध्यक्ष रामभवन शुक्ला ने आंदोलन कर रहे भाकियू कार्यकर्ताओं के साथ रविवार को धरने पर बैठकर उनकी मांगों का समर्थन किया। उन्होंने कहा कि पूरे उत्तर प्रदेश में बभनान चीनी मिल से अधिक गन्ना घटतौली कहीं नहीं होती है। धरनारत किसानों की मांगें जायज हैं। पिछले वर्ष गन्ना क्रय केंद्र स्थापित करने का आश्वासन मिला था, जो अभी तक पूरा न हुआ। यदि एक सप्ताह में मांगे पूरी न हुई तो पार्टी भाकियू के साथ मिलकर चीनी मिल के जीएम का घेराव करेगी। तहसील अध्यक्ष रामपाल सिंह ने कहा कि किसान तीन दिन से धरना-प्रदर्शन कर रहे हैं, लेकिन प्रशासन उनकी बातों को नहीं सुन रहा है। अब किसान सोमवार को तहसील गेट पर ताला लगाकर जिले भर के कार्यकर्ताओं के साथ प्रदर्शन करेंगे।

## बाइक की टक्कर से छात्रा घायल

**मानिकचंद।** वाल्टरगंज थाना क्षेत्र के बस्ती- बांसी मार्ग के गौरा चौराहे पर रविवार की देर शाम कोचिंग से लौट रही एक साइकिल सवार छात्रा को तेज रफ्तार बाइक ने टक्कर मार दी। छात्रा गंभीर रूप से घायल हो गई। पुरानी बस्ती थाना क्षेत्र के रसूलपुर गांव निवासी अंकित पुत्र रामनारायण बाइक से गौरा चौराहे पहुंचे थे इसी बीच बस्ती की तरफ से आ रही वाल्टरगंज थाना क्षेत्र के मझौवा जगत गांव की 20 वर्षीय छात्रा बीना सोनी पुत्री रामनरायन की साइकिल से जोरदार टक्कर हो गई। संवाद

## मारपीट में तीन पर केस

**बस्ती।** शहर कोतवाली के ओरीजोत मोहल्ले में पुरानी रंजिश में मारपीट हो गई। सुपेलवा के आर्यन पांडेय ने थाने में तहरीर दी है कि उनका भाई शिवा बाइक लेकर महिला अस्पताल जा रहा था। इसी दौरान ओरीजोत चौराहे पर उनके भाई को विपक्षियों ने अपशब्द कहा। मना करने पर मारापीटा। शोर मचाने पर लोग जुटे तो धमकी देते हुए आरोपी भाग गए। पुलिस ने करन, किशन यादव निवासीगण कांशीराम आवास और अरुण तिवारी निवासी शर्मा कालोनी के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। संवाद

# लाल निशान पर टिकी सरयू कई घर कटान के मुहाने पर

## दुबौलिया और विक्रमजोत के आधा दर्जन गांवों पर मंडराया संकट

संवाद न्यूज एजेंसी

**बस्ती।** सरयू नदी के जलस्तर में उतार-चढ़ाव बना हुआ है। केंद्रीय जल आयोग अयोध्या के अनुसार नदी लाल निशान 92.370 मीटर पर आकर टिक गई है। लेकिन, नदी तेजी के साथ कटान कर रही है। दुबौलिया, विक्रमजोत और कुदरहा क्षेत्र के आधा दर्जन गांवों में तबाही का मंजर है। कुछ आवासीय घर कटान के मुहाने पर आ गए हैं। ग्रामीणों में दहशत है।

दुबौलिया संवाद के अनुसार सरयू नदी का जलस्तर दोपहर से स्थिर बताया जा रहा है। माझा क्षेत्र में फैला पानी धीरे- धीरे उतर रहा है। मैरुंड गांव सुबिका बाबू के लोग अभी भी मोटर बोट से आते जाते देखे जा रहे हैं।

वहीं माझा की दूसरी सोती व मोजपुर गांव के निकट कटान बंद होने का नाम नहीं ले रही है। बाढ खंड मोजपुर गांव के निकट कटान रोकने के लिए प्रक्यूपाइन, बंबूकैरेट आदि लगाकर उपाय कर रहा है। बावजूद इसके सरयू की मुख्य धारा गांव से सट कर बहने लगी है। कुछ ग्रामीण अपना घर गृहस्थी का सामान भी समेटने लगे है। विक्रमजोत संवाद के अनुसार

नदी तटीय क्षेत्रों में तेजी से कटान कर रही है। कई लोगों के घर उजड़ने का संकट मंडराने लगा है। लोगों को कटान का डर सताने लगा है। तटबंध विहीन गांव के लोगों की नींद उड़ गई है। लोग रात में भी कटान क्षेत्र की निगरानी कर रहे हैं।



पकड़ी संग्राम में कटान की जद में आया घर। संवाद

क्षेत्र के रानीपुर कठवनियां, केशवपुर, भरथापुर, कल्यानपुर के पड़ाव क्षेत्र, संदलपुर, भौसिया, कन्हईपुर, पकड़ी संग्राम, अर्जुनपुर, मड़ना माझा, माझा किता अव्वल सहित गांवों के किनारों पर नदी दबाव बना रही है। बीते दो दिनों में पकड़ी संग्राम गांव के पास कटान तेज हो गयी है। गांव में बने ठोकरों व पेड़ों को नदी धारा में विलीन करने पर तुली हुई है। गांव निवासी तेज नरायाण निषाद, दुर्गा सिंह, संतोष कुमार ने बताया कि दो दिनों में नदी गांव में बने दो ठोकरों को धारा में बहा ले गई।

अब घरों व झोपड़ियों को निशाना बना रही है। जेई बाढ़खंड आरके नायक ने बताया कि नदी के जलस्तर में कमी होने के चलते बीते दिन पकड़ी संग्राम में कटान की सूचना मिली थी। मौके पर मुआयना किया गया है। रविवार को कटान न के बराबर रही है। जलस्तर कम हो रहा है गांव की सुरक्षा के लिए परियोजना का प्रारूप समिति को भेजा जा चुका है।

## न्यायालय के आदेश पर चार पर केस

**सोनहा।** स्थानीय पुलिस ने एसीजेएम तृतीय कोर्ट के आदेश पर चार पर घर में घुसकर युवती को मारने पीटने, जानमाल की धमकी देने व लज्जा भंग के मामले में केस दर्ज किया है। क्षेत्र के एक गांव की युवती का कहना है कि 31 मई की शाम 7 बजे वह अपने घर में फर्श की धुलाई कर रही थी। उसका पानी इंटरलॉकिंग सड़क पर चला गया। आरोप है कि इसी बात पर विशाल, गुड्डू, भगौती प्रसाद व राज घर में घुस गए और गाली गलौज करते हुए मारापीटा। उसकी टीशर्ट फाड़ दी और जानमाल की धमकी दी। प्रभारी निरीक्षक चंदन कुमार ने बताया चार पर केस दर्ज कर जांच की जा रही है। संवाद

## महिला से छेड़छाड़ के मामले में केस दर्ज

**सोनहा।** थाना क्षेत्र के एक गांव में महिला से छेड़छाड़, गाली-गलौज और जानमाल की धमकी देने के मामले में पुलिस ने पति-पत्नी के खिलाफ केस दर्ज किया है। पीड़िता ने आरोप लगाया कि 16 सितंबर की रात 8 बजे रघुनंदन पांडेय ने उसे अकेला पाकर नाजायज संबंध बनाने का दबाव डाला और छेड़छाड़ की। विरोध करने पर आरोपी की पत्नी देवकी पांडेय भी आ गई और दोनों ने मिलकर गाली-गलौज व जान से मारने की धमकी दी। प्रभारी निरीक्षक चंदन कुमार ने बताया कि केस दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी गई है। संवाद

## किशोरी से दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार

**बस्ती।** दुबौलिया पुलिस ने किशोरी से दुष्कर्म समेत अन्य धाराओं में आरोपी युवक को गिरफ्तार कर लिया है। थाना प्रभारी कृष्ण कुमार शाहू ने बताया कि इसी थानाक्षेत्र का रहने वाले आरोपी विनय कुमार को पुलिस टीम ने रविवार को दोपहर करीब साढ़े 12 बजे पद्मापुर मोड़ से गिरफ्तार कर लिया। संवाद

# जेवरात झपटने के दो मामलों में केस दर्ज

**संवाद न्यूज एजेंसी**

**बस्ती**। लालगंज और मुंडेरवा थाना क्षेत्रों में दो अलग-अलग जेवरात झपटने की घटनाओं में पुलिस ने अज्ञात बदमाशों के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। दोनों ही घटनाओं में देखा गया कि अपराधी दिन के समय सक्रिय थे और बाइक से आए।

पुलिस अब सीसीटीवी फुटेज और आसपास के लोगों से पूछताछ कर बदमाशों की पहचान करने में जुटी है लालगंज थाना क्षेत्र में रहने वाली कपूरी देवी ने पुलिस को तहरीर दी कि 5 सितंबर को दिन में वह गांव के पास सुअरहा मोड़ पर बांस की खूंटी के पास बैठी थीं। इसी दौरान बाइक सवार दो अज्ञात लोग वहां पहुंचे और उनसे गांव का नाम पूछने लगे। जब कपूरी देवी उनसे बात करने लगीं, तो बदमाशों ने उनकी बातों में उलझाकर उनके गले से सोने का लॉकिट झपट लिया और भाग गए। लालगंज पुलिस ने मामले में अज्ञात बदमाशों के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

वहीं मुंडेरवा थाना क्षेत्र के मेहड़ा सैदवार पुलिया के पास शुक्रवार को हुई दूसरी घटना में कलावती देवी ने तहरीर दी कि वह कुरियार बाजार से लौट रही थीं। इसी दौरान दो बाइक सवार बदमाश उनके पास आए और उनके गले से सोने का लॉकिट झपटकर भाग निकले। मुंडेरवा पुलिस ने भी अज्ञात बाइक सवारों के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# त्योहारों में साइबर ठगों ने फैलाया जाल क्रेडिट कार्ड और ऑफर के झांसे में ठगी

## हाल के दिनों में सामने आ चुके कई मामले, पुलिस कर रही छानबीन, बचाव के लिए सतर्कता जरूरी

संवाद न्यूज एजेंसी

**बस्ती।** त्योहारी सीजन में साइबर अपराधियों ने ऑनलाइन ठगी करने का पूरा बंदोबस्त कर लिया है। जरा भी चूके तो खाता खाली होते देर नहीं लगेगी।

कारण यह कि चार दिन पहले ही क्रेडिट कार्ड का ऑफर देकर 97 हजार की ठगी का मामला पुलिस के पास पहुंचा था। 15 दिन में इस तरह के दो मामले सामने आ चुके हैं। दोनों मामलों में केस दर्ज कर पुलिस छानबीन कर रही है।

जानकार बताते हैं कि उपभोक्ताओं के मनोविज्ञान को परखते हुए, ठग ऑनलाइन खरीदारी करने वालों, क्रेडिट कार्ड धारकों और बैंक खातों की ई-केवाईसी का झांसा देकर लोगों को फंसाने में लगे हैं। वे त्योहारों के बीच आकर्षक ऑफर, फ्री क्रेडिट कार्ड और अन्य झांसे देकर लोगों को अपने जाल में फंसा रहे हैं।

साइबर एक्सपर्ट बताते हैं कि आपकी छोटी सी सावधानी उनके इरादों पर पानी फेर सकती है, लेकिन जरा सा भी लापरवाही हुई या झांसे में आए तो नुकसान होना तय है।

ऑनलाइन लेनदेन के बारे में उपभोक्ता की सावधानी ही बचाव है। पुलिस पहले से सिर्फ सुझाव दे सकती है, लेकिन लोगों को खुद जागरूक रहना पड़ेगा। जो भी प्रकरण साइबर से संबंधित आ रहे हैं, उनकी छानबीन की जा रही है।

**– अभिनंदन, एसपी**

**केस 1**

नगर पंचायत रुधौली के रमेश चंद्र गुप्ता ने बताया कि दो सितंबर की सुबह उन्हें आईसीआईसीआई बैंक का कर्मचारी बताकर कॉल आई। कॉलर ने लाइफटाइम फ्री क्रेडिट कार्ड देने का झांसा दिया और व्हाट्सएप लिंक के माध्यम से फॉर्म भरवाया। इसके बाद उनके क्रेडिट कार्ड से 97,611.93 रुपये कट गए।

**केस 2**

हर्रैया थाना क्षेत्र के रुद्र प्रताप सिंह को पंजाब नेशनल बैंक का क्रेडिट कार्ड बनाने का झांसा दिया गया। सत्यापन के नाम पर उनसे जानकारियां ली गईं और धोखाधड़ी करके उनके बैंक खाते से 6,05,494 रुपये ट्रांसफर करा लिए गए। चार जून को पुलिस ने केस दर्ज किया था।

### विशेषज्ञ ने दिए सुझाव

*साइबर एक्सपर्ट विकास यादव बताते हैं कि त्योहारों के दौरान ऑनलाइन ठगी के मामलों में वृद्धि होती है। बचाव के लिए निम्नलिखित बातों का ध्यान रखना चाहिए।*

- किसी अनजान कॉल, लिंक या संदेश पर तुरंत भरोसा न करें।
- बैंक या क्रेडिट कार्ड की जानकारी कभी भी किसी अनजान व्यक्ति को न दें।
- ऑनलाइन भुगतान या फॉर्म भरने के लिए हमेशा बैंक की आधिकारिक वेबसाइट या मोबाइल एप का ही उपयोग करें।
- फिशिंग लिंक और संदिग्ध ईमेल/व्हाट्सएप लिंक से दूरी बनाए रखें।
- ठगी या धोखाधड़ी का तुरंत साइबर क्राइम थाना या नजदीकी पुलिस को सूचना दें।

### बरतें सावधानी

- "फ्री क्रेडिट कार्ड" और "स्पेशल ऑफर" का झांसा अक्सर धोखाधड़ी है।
- सावधानी, सतर्कता और जागरूकता ही सुरक्षा की चाबी।
- त्योहार में लापरवाही से बड़े आर्थिक नुकसान हो सकते हैं।

# नौ दिन देवीमय रहेगा माहौल...शहर से गांव तक सजेगा देवी मां का दरबार

## कलश की स्थापना के साथ नवरात्र व्रत आज से, जिले में 15 दिनों तक मची रहेगी दुर्गा पूजा की धूम, 2555 स्थानों पर सजेगा पंडाल

संवाद न्यूज एजेंसी

**बस्ती।** शारदीय नवरात्रि सोमवार से प्रारंभ हो जाएगा। इसी के साथ शुभ कार्यों का भी आगाज होने लगेगा। जिले में 15 दिनों तक पूर्णमासी तिथि तक दुर्गा पूजा उत्सव की धूम मची रहेगी। घरों में कलश की स्थापना के साथ नौ दिन का व्रत शुरू होगा।

पूजा-पाठ से माहौल भक्तिमय बना रहेगा। जगह-जगह दुर्गा पूजा समारोह का भी आयोजन किया गया है। ग्रामीण क्षेत्र में नवरात्रि प्रथम दिन से ही दुर्गा पंडाल सज जाएंगे। सुबह-शाम देवी की आराधना शुरू

**शक्ति स्वरूपा**

हो जाएगी। जबकि शहरी क्षेत्र में नवरात्रि सप्तमी के दिन से दुर्गा पूजा उत्सव जोर पकड़ेगा।

शारदीय नवरात्र की तैयारी भी एक दिन पहले रविवार से ही देखी जा रही है। पूजा भंडार पर पूजन सामग्री की खरीदारी दिन भर होती रही। मां की लाल चुनरी, नारियल, धूप, कपूर, अगरबत्ती एवं देवी के साज- सज्जा के सभी सामान खरीदे जा रहे हैं। घरों में विधिवत सफाई की गई है। सुबह कलश स्थापना के साथ पूजन-अर्चन का दौर शुरू हो जाएगा।

इस दौरान व्रतधारी श्रद्धालु देवी मंदिरों पर दर्शन के लिए भी उमड़ेंगे। इसलिए मंदिरों में नवरात्रि पर विशेष तैयारी की गई है। लाइटिंग एवं रंगरोगन से देवी मंदिरों को चमकाया गया है।

**ग्रामीण क्षेत्र में आज स्थापित होंगी दुर्गा प्रतिमाएं :** जिले के ग्रामीण अंचल में दुर्गा पंडाल सज चुके हैं। रविवार को पितृ विसर्जन होने के कारण देवी प्रतिमाओं को स्थापित नहीं किया गया है। बंगाल से आकर मूर्ति तैयार करने वाले कलाकार पहले से ही बुकिंग के हिसाब से देवी प्रतिमाओं को सजाकर तैयार कर लिए हैं। नवरात्रि प्रथम दिन सोमवार को सुबह से मूर्ति लेने वाली पूजा कमेटियों की भीड़ उमड़ेगी।

इस बार ग्रामीण अंचल के विभिन्न थाना क्षेत्रों में कुल 1952 देवी प्रतिमाएं स्थापित की जाएंगी। इसको लेकर प्रशासन भी सतर्क है। जगह-जगह आयोजन समितियों से समन्वय बनाकर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए जा रहे हैं। आयोजन समितियों का कहना है कि नवरात्रि प्रथम दिन से ही देवी पंडालों में पूजन-अर्चन, भजन-कीर्तन शुरू हो जाएगा। दशहरा के दिन इन प्रतिमाओं को नजदीकी पोखरों और नदियों के तट पर विसर्जन किया जाएगा।

### शहर में स्थापित होंगे 303 पंडाल

शहर में भी दुर्गा पूजा समारोह की तैयारियां तेजी से शुरू कर दी गई हैं। सभी जगहों पर नयनाभिराम दुर्गा पंडाल मूर्त रूप लेने लगे हैं। गांधीनगर और पुरानी बस्ती क्षेत्र की मुख्य सड़कों पर गलियों में सड़क की आधी जगह पर पंडाल तैयार किए जा रहे हैं। यहां दुर्गा पूजा उत्सव नवरात्रि सप्तमी से प्रारंभ होता है। ग्रामीण क्षेत्र में दशहरा की देवी प्रतिमाओं के विसर्जन के बाद शहर का दुर्गा पूजा उत्सव की धूम मचती है। इस बार कोतवाली और पुरानी बस्ती थाना क्षेत्र में मिलाकर कुल 303 देवी पंडाल सजाए जा रहे हैं। इन पंडालों में 9 से 10 फुट तक ऊंची प्रतिमाएं स्थापित करने की तैयारी है। पुलिस, बिजली विभाग, अग्निशमन एवं प्रशासनिक अफसर आयोजन स्थलों की निगरानी कर रहे हैं।

### थाना क्षेत्रवार देवी पंडालों की संख्या

| | | | |
|---|---|---|---|
| कोतवाली | 169 | कप्तानगंज | 245 |
| पुरानी बस्ती | 134 | सोनहा | 268 |
| वाल्टरगंज | 200 | मुंडेरवा | 123 |
| हर्रैया | 137 | लालगंज | 170 |
| छावनी | 117 | (इसके अलावा भी स्थापित होंगी देवी प्रतिमाएं) | |
| परशुरामपुर | 233 | | |

### सुरक्षा व्यवस्था सख्त

- यातायात व्यवस्था सुचारु रखने के लिए रूट डायवर्जन
- सीसीटीवी कैमरे और पेट्रोलिंग टीम की तैनाती
- बिजली और अग्निशमन विभाग की संयुक्त टीम तैनात
- मूर्ति विसर्जन के लिए सुरक्षित स्थान निर्धारित

# मूर्ति ले जा रहे श्रद्धालुओं से विवाद, पुलिस ने कराया शांत

**बस्ती।** स्थापना के लिए देवी मूर्ति लेकर जा रहे श्रद्धालुओं से महसों मार्ग पर जखनी गांव के पास रास्ते से बाइक हटाने को लेकर विवाद हो गया।

आरोप है कि ट्रॉली पर रखी गणेश और लक्ष्मीजी की प्रतिमा फेंककर खंडित कर दी गई। इससे नाराज आयोजक व श्रद्धालु सोनूपार चौकी के पास धरने पर बैठ गए।

सूचना पर पहुंचे सीओ सिटी सत्येंद्र भूषण त्रिपाठी व कोतवाल दिनेश चंद्र चौधरी ने श्रद्धालुओं को समझा-बुझाया और दूसरी प्रतिमा की व्यवस्था कर मामले को शांत करा दिया। एसएचओ ने बताया कि पुलिस आरोपियों की पहचान कर कार्रवाई करेगी। संवाद

# टाइम सिटी ग्रुप के चेयरमैन समेत छह पर ठगी का केस

संवाद न्यूज एजेंसी

**एफडी योजना में रकम दोगुनी करने का लालच देकर कराया निवेश, बाद में रुपये हड़प लेने का आरोप**

**बस्ती।** मालवीय रोड स्थित एक प्राइवेट कंपनी के लुभावने ऑफर में निवेश कराकर लाखों रुपये हड़पने का मामला सामने आया है। आरोप है कि कंपनी ने निवेशकों को रकम दोगुनी करने का ऑफर दिया, लेकिन परिपक्वता अवधि पूरी होने पर रकम देने से इन्कार कर दिया।

खीरीघाट-मड़वानगर निवासी चंद्रमती देवी ने तहरीर में कहा कि टाइम सिटी ग्रुप के लोगों ने उन्हें एफडी योजना के तहत पांच लाख 97 हजार रुपये निवेश करने के लिए लुभाया। कंपनी ने बताया कि निवेश की परिपक्वता पर 11 लाख 96 हजार रुपये का भुगतान किया जाएगा। परिपक्वता के बाद जब चंद्रमती देवी पैसे लेने गईं, तो उन्हें अपशब्द कहकर अपमानित किया गया और पूरी रकम हड़प ली गई।

एसपी अभिनंदन के आदेश पर कोतवाली पुलिस ने टाइम सिटी ग्रुप के चेयरमैन पंकज पाठक, वाइस चेयरमैन संतोष कुमार सिंह, वाइस प्रेसीडेंट अशोक कुमार सिंह, जीएम रीना शुक्ला, निदेशक सुशील कुमार मिश्रा, लीगल हेड सूर्यभान सिंह समेत छह नामजद और अन्य अज्ञात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

कोतवाल दिनेश चंद्र चौधरी ने बताया कि विवेचना एसआई अरविंद राय को सौंपी गई है और जल्द ही आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।



रजपुरवा में सड़क की मरम्मत के लिए प्रदर्शन करते ग्रामीण। संवाद

## सड़क की मरम्मत के लिए लोगों ने किया प्रदर्शन

**नगर बाजार (बस्ती)।** बहादुरपुर ब्लॉक के रजपुरवा गांव में जर्जर सड़कों से परेशान ग्रामीणों ने रविवार को प्रशासन के खिलाफ प्रदर्शन किया। ग्रामीणों का कहना है कि रजपुरवा-बहादुरपुर मार्ग वर्षों से टूटा पड़ा है। बारिश में सड़क दलदल हो जाती है। मरीजों को अस्पताल और बच्चों को स्कूल पहुंचाना मुश्किल हो जाता है। पूर्व ग्राम प्रधान विजय कुमार चौधरी ने कहा कि कई बार शिकायत के बाद भी अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई। चेतावनी दी कि यदि सड़क की मरम्मत जल्द शुरू नहीं हुई, तो आंदोलन को और तेज। संवाद

## मिशन शक्ति फेज-5.0 को मिली गति

**बस्ती।** मिशन शक्ति फेज-5.0 के अंतर्गत पुलिस लाइंस से महिला पुलिस बाइक रैली निकाली गई। एसपी अभिनंदन ने रैली को रवाना किया। रैली में महिला पुलिस कर्मियों ने महिलाओं और बालिकाओं को सुरक्षा उपायों, हेल्पलाइन नंबरों (1090, 112, 181, 1076, 1098) और साइबर अपराध से बचाव के तरीकों के बारे में जागरूक किया। महिलाओं को आत्मरक्षा और कानूनी अधिकारों के प्रति प्रेरित किया। संवाद

## बिना परमिशन निकाला गया जुलूस रोका

**गौर।** नवरात्र की गहमागहमी के बीच रविवार को रेलवे स्टेशन चौराहे से दूसरे समुदाय के कुछ नाबालिग बिना परमिशन जुलूस के साथ बाजार की ओर बढ़े। स्थानीय लोगों ने सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने उन्हें ब्लॉक गेट पर रोककर समझा कर लौटा दिया। प्रभारी निरीक्षक परमाशंकर यादव ने चेताया कि त्योहार के दौरान बिना अनुमति किसी भी प्रकार का जुलूस नहीं निकाला जाएगा। संवाद

# दुर्गा पूजा को लेकर प्रशासन सतर्क थानों में शांति समिति की बैठक

**संवाद न्यूज एजेंसी**

**बस्ती।** नवरात्रि एवं दुर्गा पूजा उत्सव को लेकर प्रशासन सतर्क हो गया है। थानों में संभ्रांत लोगों के साथ बैठक कर पुलिस अधिकारी सुझाव ले रहे हैं। शांति समिति की बैठक शांति व्यवस्था कायम रखने की अपील की जा रही है।

नगर बाजार संवाद के अनुसार, थाना प्रभारी विश्व मोहन राय के नेतृत्व में पुजारी, समाजसेवी, प्रमुख नागरिकों एवं पूजा समितियों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक हुई।

दुर्गा पूजा, मूर्ति स्थापना, विसर्जन जुलूस एवं दशहरा उत्सव को बिना किसी विघ्न के संपन्न कराने पर सहमति व्यक्त की गई। सीओ कलवारी प्रदीप कुमार तिवारी ने भीड़ प्रबंधन, ट्रैफिक व्यवस्था एवं सुरक्षा उपायों पर विस्तार से चर्चा की।

कहा कि हर पूजा समिति कम से कम 15 सदस्यों की सूची, उनके आधार कार्ड एवं मोबाइल नंबर सहित थाने को उपलब्ध कराएगी। जुलूस मार्ग निर्धारित रहेंगे। थाना स्तर पर 24 घंटे हेल्पलाइन सक्रिय रहेगी।

पैकोलिया थाना परिसर में प्रभारी निरीक्षक सुभाष मौर्य ने शांति समिति की बैठक में दुर्गा पूजा कमेटियों से सौहार्दपूर्ण माहौल में उत्सव मनाने का आह्वान किया। प्रधान कृष्ण कांत पांडेय, मो. सलीम, बबलू आदि मौजूद रहे।

## घर में सेंध लगाने की कोशिश, वारदात मोबाइल में कैद

**महराजगंज (बस्ती)।** हर्रैया थाना के कनघुसरा गांव में शनिवार देर रात घर में सेंध लगाने की कोशिश मोबाइल में कैद हो गई। करीब दो बजे मकबूल सहन के घर काले कपड़े और नकाब पहने पांच संदिग्ध पहुंचे। लोगों के अनुसार, वे हाथ में बैग और संभवतः हथियार लिए थे। जैसे ही घरवालों की नींद खुली, वे भाग गए। पीड़ित ने मोबाइल से संदिग्धों का फोटो खींच लिया। ग्रामीणों ने आसपास खोजबीन की, लेकिन कोई सुराग नहीं मिला। थाना प्रभारी टीडी सिंह ने कहा कि मामले की जांच शुरू कर दी गई है। संवाद

## खेत में काम कर रही महिला से छिनैती की कोशिश

**बस्ती।** परशुरामपुर थाना क्षेत्र के ककरा कला गांव में रविवार को खेत में काम कर रही रामकली देवी के नाक, कान और गले के जेवरात छीनने की कोशिश हुई। महिला के शोर मचाने बदमाशों ने उसके मुंह पर हाथ रखा और डंडे से वार कर भाग गए। रामकली देवी ने बताया कि सुबह करीब 11 बजे बगल के गन्ने के खेत से दो अज्ञात व्यक्ति बाहर आए। एक ने उनकी कनपटी पर तमंचा सटा दिया और दूसरा बदमाश जेवरात निकालने लगा। सूचना मिलने पर थानाध्यक्ष भानु प्रताप सिंह मय टीम मौके पर पहुंचे। थानाध्यक्ष ने कहा कि मामला संदिग्ध लग रहा है। छानबीन की जा रही है। संवाद

## दुकान के बाहर खड़ी बाइक चोरी

**हर्रैया।** कस्बे के बभनान चौराहे पर हाईवे के फ्लाईओवर के नीचे बने अंडरपास के सामने गारमेंट्स की दुकान के बाहर खड़ी बाइक शनिवार रात चोरी हो गई। दुकान के मालिक अमरनाथ गुप्ता का बेटा ऋतिक रात लगभग साढ़े दस बजे दुकान के सामने टिन शेड के नीचे बाइक खड़ी कर सोने चला गया। सुबह बाइक गायब थी। सीसीटीवी फुटेज में रात लगभग 1:20 बजे दो लोग पल्सर बाइक से आते दिख रहे हैं। एक व्यक्ति बाइक की लॉक तोड़ता है और 2-3 मिनट में बाइक स्टार्ट कर बस्ती की ओर ले जाता है। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि पुलिस चोरों की खोजबीन में जुटी है। संवाद

## अश्लील गाना बजाने के विवाद में मारपीट

**नगर बाजार।** नगर पुलिस ने अश्लील गाना बजाने के विवाद में मारपीट की घटना में केस दर्ज किया है। मरवटिया निवासी मो. सुहेल ने थाने में तहरीर देकर आरोप लगाया है कि अश्लील गाना बजाने को लेकर हुए विवाद में उन्हें अपशब्द कहते हुए जानमाल की धमकी दी गई। पुलिस ने मरवटिया निवासी सुखराम के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। संवाद

# दो महिलाओं साहित छह  लोग शान्ति भंग में गिरफ्तार




**बस्ती (एसएनबी)**। क्षेत्र की शान्ति एवं काननू व्यवस्था बनाये रखने के उद्देश्य से जिले की पुरानी बस्ती थाने की पुलिस ने आपस में वाद विवाद उत्पन्न कर माहौल खराब करने का प्रयास करने वाले दो महिला समेत छह लोगो पर शान्ति भंग की कार्यवाही करते हुए गिरफ्तार किया है। जानकारी के अनुसार पुरानी बस्ती थाना के दक्षिण दरवाजा चौकी प्रभारी उप निरीक्षक ओम प्रकाश मिश्र तथा थाने पर तैनात उप निरीक्षक शैलेंद्र शुक्ला के नेतृत्व में विजय सोनकर पुत्र छान्गुर तथा जगदीश पुत्र राम अचल निवासी चाईटोला खटीक मोहल्ला थाना पुरानी बस्ती तथा हरिलाल पुत्र सर्वजीत, रोशन शर्मा पुत्र हरिलाल, संगीता शर्मा पत्नी हरिलाल, अनीता शर्मा पत्नी रोशन शर्मा निवासीगण नरहरिया थाना पुरानी बस्ती को शान्ति व्यवस्था भंग होने की सम्भावना के ष्टिगत धारा  170, 135, 126 भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 में गिरफ्तार कर न्यायालय एसडीएम सदर के समक्ष रवाना किया गया। इस दौरान हेड कांस्टेबिल धर्मेंद्र प्रजापति, कांस्टेबिल गजेंद्र प्रताप सिंह, हेड कांस्टेबल संतोष गुप्ता, महिला आरक्षी रूपम सिंह मौजूद रही।

# दुर्गा पूजा को शांतिपूर्ण बनाने हेतुकी गयी पीस कमेटी बैठक

**नगर बाजार (बस्ती) (एसएनबी)।** आगामी नवरात्रि एवं दुर्गा पूजा के अवसर पर क्षेत्र में शांति एवं सद्भाव बनाए रखने के उद्देश्य से थाना नगर परिसर में पीस कमेटी की बैठक आयोजित की गई।

सीओ कलवारी प्रदीप कुमार तिवारी की अध्यक्षता एवं थाना प्रभारी विश्व मोहन राय के नेतृत्व में हुई। इस बैठक में स्थानीय पुजारी, समाजसेवी, प्रमुख नागरिकों एवं पूजा समितियों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। बैठक का मुख्य फोकस दुर्गा पूजा, मूर्ति स्थापना, विसर्जन जुलूस एवं दशहरा उत्सव को बिना किसी विघ के संपन्न कराना रहा। बैठक की शुरुआत में सीओ कलवारी ने सभी सदस्यों का स्वागत करते हुए कहा कि त्योहारों का मौसम आते ही प्रशासन की प्राथमिकता सामुदायिक एकता को मजबूत करना होता है। उन्होंने दुर्गा पूजा के दौरान संभावित चुनौतियों जैसे भीड़ प्रबंधन, ट्रैफिक व्यवस्था एवं सुरक्षा उपायों पर विस्तार से चर्चा की। थाना प्रभारी विश्व मोहन राय ने बताया कि पूजा पंडालों की स्थापना के लिए पूर्व अनुमति अनिवार्य होगी। सभी समितियों को निर्देश दिए गए कि पंडालों में राजनीतिक स्लोगन या विवादास्पद सामग्री का प्रदर्शन न किया जाए। इसके अलावा, विसर्जन जुलूसों में डीजे सिस्टम एवं अश्लील गीतों पर पूर्ण प्रतिबंध लगाया जाएगा। केवल धार्मिक लाउडस्पीकर की अनुमति मिलेगी। बैठक में यह भी फैसला लिया गया कि प्रत्येक पूजा समिति कम से कम 15 सदस्यों की सूची, उनके आधार कार्ड एवं मोबाइल नंबर सहित थाने को उपलब्ध कराएगी।

# मांगों को लेकर 24 को निदेशालय घेरगा एसोसिएशन

**बस्ती (एसएनबी)**। यू पी एजुकेशनल मिनिस्ट्रियल अफिसर्स एसोसिएशन उत्तर प्रदेश द्वारा चौदह सूत्रीय मांगों व समस्याओं को लेकर दिनांक 24 सितम्बर 2025 को अपर शिक्षा निदेशक बेसिक उत्तर प्रदेश प्रयागराज पर एक दिवसीय धरना दिया जायेगा। धरने में उत्तर प्रदेश के 75 जनपदों के शिक्षा विभाग के कार्यालयों में तैनात सभी लिपिक संवर्गीय कर्मचारी सम्मिलित होंगे। धरने का नेतृत्व विवेक यादव प्रांतीय अध्यक्ष और राजेश चन्द्र श्रीवास्तव प्रांतीय महामंत्री के द्वारा किया जाएगा।

इस आशय की जानकारी संगठन के पूर्व प्रांतीय उपाध्यक्ष कुन्दन सिन्हा ने दी है। श्री सिन्हा ने प्रदेश के सभी साथियों से अपील किया है कि उक्त धरने में अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर अपनी एकजुटता का परिचय देते हुए धरने को सफल बनाए। उन्होने बताया कि हमारी मांग है कि वरिष्ठ सहायक से प्रधान सहायक, प्रधान सहायक से प्रशासनिक अधिकारी और आशुलिपिक से वैयक्तिक सहायक ग्रेड 1,2 में पदोन्नति नही दी जा रही है। उन्होंने बताया कि मंडल स्तर पर संयुक्त शिक्षा निदेशकोंद्वारा कर्मचारियों का एसीपी स्वीकृति नहीं की जा रही है और कनिष्ठ सहायक की वरिष्ठता सूची निर्गत नहीं की जा रही है तथा कनिष्ठ सहायक से वरिष्ठ सहायक के पद पर पदोन्नति नहीं की जा रही है।निलंबित कर्मचारियों को बहाल किया जाए और निलंबन भत्ता का भुगतान किया जाए।

उन्होंने बताया कि जिन कर्मचारियों द्वारा स्थानांतरण हेतु आवेदन किया गया है या पारस्परिक स्थानांतरण की माँग की गई है उस पर स्थानान्तरण आदेश निर्गत किया जाए। चिकित्सा प्रतिपूर्ति का बजट स्वीकृत किया जाए। मानव संपदा पोर्टल पर त्रुटियों का संशोधन और निराकरण कराया जाए। मृतक आश्रित प्रकरण तथा उनके देयकों का भुगतान समय से किया जाए। उन्होंने बताया कि सरकार व शासन से मांग पुरानी पेंशन योजना लागू किया जाए । कर्मचारियों के पेंशन जीपीएफ आदि का भुगतान शिक्षकों की भांति मंडल स्तर से किया जाय । कनिष्ठ लिपिकों के ग्रेड पे का संशोधन किया जाए। उपार्जित अवकाश पूरे सेवा का जोड़ते हुए भुगतान किया जाए।

उन्होंने बताया कि कार्यालयों में रिकार्ड रूम बनवाई जाय तथा रिकार्ड कीपर की व्यवस्था किया जाए। जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान में प्रधान सहायक और वरिष्ठ सहायक के पदों का सृजन किया जाए। नए जनपदों के जिला विद्यालय निरीक्षक और जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी के कार्यालयों में प्रधान सहायक, वरिष्ठ सहायक और कनिष्ठ सहायक के पदों का सृजन किया जाय।

# SIDDHARTH NAGAR POLICE

4

# सराहनीय कार्य दिनांकः–22–09–2025

# आपरेशन कवच : भारत नेपाल सीमा पर सुरक्षा एजेंसियों ने की बैठक

**खुनुवां (एसएनबी)** ।सीमा सुरक्षा व्यवस्था के मद्देनजर भारत नेपाल के खुनुवा बार्डर (खुनुवा पुलिस चौकी) परिसर में अपर पुलिस अधीक्षक *प्रशान्त कुमार की अध्यक्षता में सुरक्षा एजेंसियो ने* बैठक की,जिसमें कई ग्राम प्रधान एवं कस्बावासी शामिल रहे।

आपरेशन कवच के तहत खुनुवा बार्डर पर हुई उक्त बैठक में नशीली पदार्थो की तस्करी, मानव तस्करी, गो तस्करी,भारत नेपाल के अतिरिक्त अन्य राष्ट्र के अनाधित व्यक्तियों के प्रवेश को रोकने पर विमर्श हुआ।उक्त समन्वय बैठक में सीमा चौकियों, एसएसबी की तैनाती,निगरानी व्यवस्था एवं स्थानीय पुलिस के समन्वय पर विशेष रूप से चर्चा की गई।बैठक के दौरान अधिकारियों ने सीमा पार से होने वाली तस्करी,नशीले पदार्थों की तस्करी, मानव तस्करी, सीमावर्ती कस्बों में अवैध पटाखा भंडारण व उससे होने वाले दुष्परिणाम तथा अन्य गैरकानूनी गतिविधियों पर प्रभावी नियंत्रण सुनिश्चित करने की दिशा में एक दूसरे के सहयोग दिए जाने पर सहमति जताई।

सीमावर्ती क्षेत्र के गावों में रात को चोरी की अफवाह पर लगाम लगाने के लिए ग्राम सुरक्षा समितियों को सही सूचना समय पर पुलिस को देने की अपील की गई। इस दौरान अपर पुलिस अधीक्षक ने सीमा क्षेत्र के गावों में निष्क्रिय ग्राम सुरक्षा समितियों को पुनर्गठित करने का निर्देश मौजूद अधिकारियों को दिया।बैठक का उद्देश्य सीमा की सुरक्षा को मजबूत करना और संवेदनशील बिंदुओं की पहचान कर आवश्यक सुरक्षात्मक कदम उठाना था। बैठक के बाद प्रभारी निरीक्षक शोहरतगढ़ ने अन्य एजेंसियों के साथ बार्डर पर वाहनों व हर आने-जाने वाले लोगों की गहनता से जांच कराने व सीमावर्ती गांवों से ग्राम सुरक्षा समितियों से अवैध गतिविधियों की सूचना देने की अपील किया।



बैठक करते अधिकारी। फोटो : एसएनबी

बैठक में क्षेत्राधिकारी सुजीत राय,चौकी इंचार्ज सुधीर कुमार त्रिपाठी, आपरेशन कवच के इंस्पेक्टर मनोहर लाल,एसएसबी के सहायक कमांडेंट के रनबीर सिंह,इंस्पेक्टर नीलाक्ष भूइंया, कस्टम इंस्पेक्टर आर आर गोकलानी,एलआईयू इंस्पेक्टर हरी लाल यादव,व्यापार मंडल अध्यक्ष रविन्द्र कुमार गुप्ता, महामंत्री सचमुच त्रिपाठी, बहरैची बाबा,गंगाधर मिश्रा, संतोष कुमार गुप्ता,प्रधान संजय कुमार,करम हुसैन सहित अन्य व्यापारी व ग्रामीण मौजूद रहे।

# अभियुक्त गिरफ्तार

**भवानीगंज(एसएनबी)**। पुलिस ने नौशाद पुत्र इबरार निवासी धनखरपुर उम्र 28वर्ष,थाना भवानीगंज जनपद सिद्धार्थनगर के पास से एक अदद कट्टा व दो अदद जिन्दा कारतूस बरामद करते हुए थाना स्थानीय पर मुअसं 116/2025 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट पंजीत कर माननीय न्यायालय भेजा गया।

# बाइक की ठोकर से बालक घायल

**बानगंगा(एसएनंबी)**शोहरतगढ़-चेतिया मार्ग पर ग्राम बुढ़नईया पोखरा के पास दादी के साथ एक तीन वर्षीय बालक बिस्कुट खरीदने जा रहा था कि इतने में एक बाइक सवार गति पर नियंत्रण खो बैठा और बालक को ठोकर मारते हुए भाग गया।ठोकर लगते ही बालक लहुलुहान होकर सड़क पर गिर पड़ा।दादी ने शोर मचाया इतने में गांव वालों की भीड़ इकठ्ठा हो गई।घायल बालक धर्मेंद्र पुत्र लेखराज उम्र 3 वर्ष ग्राम बुढ़नईया का रहने वाला है।लोग उसे निजी चिकित्सालय ले गये जहां उसका उपचार चल रहा है।बाइक कहां का रहने वाला है पता नहीं चल पाया।घर वाले बाइक सवार की तलाश में लगे हुए हैं।

# आर्म्स एक्ट का आरोपी गिरफ्तार

**भवानीगंज(एसएनबी)** ।भवानीगंज थानाध्यक्ष हरिओम कुशवाहा के कुशल नेतृत्व में 21 सितम्बर को नौशाद पुत्र इबरार निवासी धनखरपुर थाना भवानीगंज जनपद सिद्धार्थनगर उम्र 28 वर्ष के पास से एक अदद कट्टा व दो अदद जिन्दा कारतूस बरामद करते हुए थाना स्थानीय पर मुकदमा अपराध संख्या 116/2025 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट पंजीत कर माननीय न्यायालय भेजा गया।आरोपी को गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में थानाध्यक्ष हरिओम कुशवाहा,उप नीरीक्षक राजेन्द्र प्रसाद यादव, कांस्टेबल रामबीर,कांस्टेबल रोशन राय, कांस्टेबल अजय यादव आदि शामिल रहे।

# घर के सामने भुसैले में मिले महिला के जेवरात

**भवानीगंज(एसएनबी)** ।भवानीगंज थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत बायताल के टोला मुरावडीह में बीते शुक्रवार की शाम एक घर में अज्ञात चोरों द्वारा चोरी का मामला सामने आया था।जानकारी देते हुए सुनीता ने बताया था कि मैं अपने किसी कार्य से भवानीगंज गई थी,घर पर मेरी दो छोटे बच्चे थे जो शौच के लिए बाहर गये थे और बाहर से दरवाजे को बंद कर दिया,इसी दौरान अज्ञात चोर आए और घर में चारपाई के तकिए में रखा जेवर जिसमें करधन,पायल,झाला नथुनी, कील,पाउजेब,आदि लाखों के जेवरात अज्ञात चोर उठा ले गए।घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने पीड़िता के घर पहुँच जांच पड़ताल किया था थानाध्यक्ष भवानीगंज हरिओम कुशवाह ने बताया था कि घटना की जांच में मौके पर गया था घर के बच्चों से बयान लिया तो उन लोगों ने बताया दरवाजा बन्द था और घर पर दो बड़ी बहनें भी बाहर बैठी थी ऐसे में घटना संदिग्ध प्रतीत हो रही है।ऐसे में मामले में इतवार की सुबह महिला के घर के सामने थोड़ी ही दूरी पर भुसैले में महिला के घर से भूसा निकालने गये भगवानदीन को पूरा जेवरात उसका मिला गया,जो चर्चा का विषय है।थानाध्यक्ष हरिओम कुशवाह ने बताया कि मेरे जांच में भी घटना संदिग्ध लगी थी,उन्होंने कहा कि लोग अफवाहों पर ध्यान न दें जो भी अफवाह फैलाने का कार्य करेंगे उन्हें चिन्हित कर उनके विरुद्ध कार्रवाई की जायेगी।

# पोखरे में डूबने से वृद्ध की मौत

**बानगंगा(एसएनबी)।** शोहरतगढ़ थाना क्षेत्र के अन्तर्गत ग्राम पंचायत लखनपारा में रविवार की दोपहर तालाब में डूबकर एक वृद्ध की मौत हो गयी।पुलिस ने शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए सिद्धार्थ नगर भेज दिया गया। शोहरतगढ़ थानाक्षेत्र के ग्राम पंचायत लखनपारा निवासी ब्रहमा उर्फ टिल्लू पुत्र शिवलाल साहनी उम्र 90 वर्ष गांव के उत्तर पोखरे के पास शौच करने गया था इस दौरान उसका पैर फिसल गया और वह गहरे पानी में चला गया जिससे उसकी मौत हो गयी। इस संबंध में शोहरतगढ़ थाना प्रभारी निरीक्षक संतोष कुमार तिवारी ने कहा गांव वालों ने कहा कि मृतक काफी वृद्ध था शौच के दौरान पैर फिसलने से पोखरे में डूबकर उसकी मृत्यु हो गई है। शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए सिद्धार्थ नगर भेज दिया गया है।



### त्योहार को लेकर पुलिस की गश्त तेज

### निजी अस्पताल में महिला की मौत पर हंगामा



### जर्जर पुलिस सहायता केंद्र से पुलिसकर्मियों को खतरा

### किशोरी को मारने का आरोपित धराया

### अफवाहों से रहें सावधान, हाथ में न लें कानून



## भूसा घर में मिले तकिए से चोरी हुए जेवर

संवाद सूत्र, भवानीगंज: भवानीगंज थाना क्षेत्र के बायताल ग्राम पंचायत के मुरावडीह में शुक्रवार की शाम एक महिला के घर से तकिए में रखे जेवर चोरी हो गए। पीड़िता सुनीता, जो हृदयराम की पत्नी हैं, ने बताया कि वह किसी कार्य से बाहर गई थीं, जबकि घर पर उनके दो छोटे बच्चे थे। बच्चों के घर से बाहर जाने पर उन्होंने दरवाजे पर कुंडी लगा दी। अज्ञात चोर घर में घुसकर चारपाई पर रखा बिस्तर हटाकर तकिए में छुपाए गए जेवरात चुरा ले गए। चोरी गए गहनों में करधन, पायल, झाला, नथुनी, कील और पायजेब शामिल हैं, जिनकी कुल कीमत लाखों रुपये बताई गई है। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। रविवार की सुबह, पीड़िता के ससुर भगवानदीन ने भूसा घर में एक पोटली पाई, जिसमें चोरी हुए जेवर बरामद हुए।

## आरोपित को गिरफ्तार कर भेजा न्यायालय

भवानीगंज: थाना क्षेत्र के धनखरपुर निवासी नौशाद (28) पुत्र इबरार को आर्म्स एक्ट के तहत गिरफ्तार कर न्यायालय भेजा गया। उसके पास से एक कट्टा और दो कारतूस बरामद हुए। गिरफ्तारी में थानाध्यक्ष हरिओम कुशवाहा, राजेन्द्र प्रसाद यादव और रोशन राय, अजय यादव शामिल रहे।

## 348 स्थानों पर स्थापित होंगी मूर्तियां

डुमरियागंज: इस बार सर्किल क्षेत्र में कुल 348 स्थानों पर दुर्गा प्रतिमा स्थापित की जाएंगी। इसमें डुमरियागंज थाना क्षेत्र में 124, भवानीगंज में 119 और त्रिलोकपुर थाना क्षेत्र में 105 पंडाल शामिल हैं। सीओ बृजेश वर्मा ने बताया कि सुरक्षा व्यवस्था के लिए हल्का उप निरीक्षक, पर्याप्त पुलिसकर्मी और ग्राम प्रहरी तैनात रहेंगे। सीसीटीवी कैमरे से भी निगरानी की जाएगी।

### कट्टा-कारतूस के साथ शातिर गिरफ्तार

## एक नजर में

### कार की ठोकर से बाइक सवार तीन घायल

**जोगिया** : तेज रफ्तार कार की ठोकर से रविवार को जोगिया थाना के सनई-कटया मार्ग पर बाइक सवार तीन युवक गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। बाइक सवार युवकों का नाम जोगिया थाना के लखनापार गांव निवासी सोमनाथ, चंद्रेश व शंभू है। थाना पुलिस ने घायलों को उपचार के लिए मेडिकल कालेज भेजा। चिकित्सकों ने घायल युवक शंभू की स्थिति गंभीर देख उसे बीआरडी मेडिकल कालेज गोरखपुर रेफर कर दिया है। एसएचओ मीरा चौहान ने बताया कि घटना संज्ञान में है। तहरीर मिलने पर मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई की जाएगी।

### पोखरे में डूबने से वृद्ध की मृत्यु

**शोहरतगढ़** : लखनपारा गांव में रविवार की दोपहर तालाब में डूबकर एक वृद्ध की मृत्यु हो गयी। उनका नाम लखनपारा निवासी 90 ब्रहमा उर्फ टिल्लू है। वह गांव के उत्तर पोखरे के पास शौच करने गए थे। इस दौरान उनका पैर फिसल गया और वह गहरे पानी में चले गए, जिससे उनकी मृत्यु हो गई। प्रभारी निरीक्षक संतोष कुमार तिवारी ने कहा कि गांव वालों ने कहा कि मृतक काफी वृद्ध थे। शौच के दौरान पैर फिसलने से पोखरे में डूबकर उनकी मृत्यु हो गई है।

### तेज आवाज में डीजे बजाया तो होगी कार्रवाई

**शोहरतगढ़।** नवरात्र में डीजे और साउंड से 80 डेसीबेल से अधिक आवाज पर बजाने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। सभी लोग आपस में मिल-जुलकर एक दूसरे का सहयोग करते हुए पर्व मनाएं। इससे आनंद और बढ़ जाता है। यह बातें शोहरतगढ़ थाना परिसर में आयोजित पूजा पंडाल समिति व नगरवासियों को संबोधित करते हुए सीओ सुजीत कुमार राय ने कही। उन्होंने कहा कि शोहरतगढ़ सर्किल क्षेत्र में कुल 411 प्रतिमाएं प्रतिष्ठित की जाएगी। शोहरतगढ़ थानाक्षेत्र में कुल 137 प्रतिमाएं प्रतिष्ठित प्रतिष्ठित की जाएंगी। बैठक में पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष शिव प्रसाद वर्मा, किशोरी लाल गुप्ता, सभासद दिनेश कुमार, बब्लू गौड़, अनूप मौजूद रहे। संवाद

### पॉक्सो एक्ट के मामले का वांछित गिरफ्तार

**बिस्कोहर।** त्रिलोकपुर पुलिस ने पॉक्सो एक्ट के मामले का वांछित नूरुल हसन निवासी बेलभारिया को गिरफ्तार किया है। 18 अगस्त 2025 को पीड़ित के भाई ने शिकायती पत्र देकर आरोप लगाया था कि उसकी 16 साल की बहन को नूरुल हसन निवासी बेलभारिया बहलाकर ले गया था। तहरीर के आधार पर केस में पॉक्सो एक्ट की धाराएं जोड़ी गई थीं। पुलिस के मुताबिक 18 सितंबर को पुलिस टीम ने उसे त्रिछली घाट रोड थाना गार्डेन रिच कोलकाता राज्य पश्चिम बंगाल से गिरफ्तार कर लिया। संवाद

### रेलवे क्रॉसिंग के पास शव मिला, शिनाख्त नहीं

**बढ़नी।** ढेबरुआ थाना क्षेत्र के नगर पंचायत बढ़नी बाजार में नेपाल जाने वाले मुख्य मार्ग पर स्थित पश्चिमी रेलवे क्रॉसिंग के सामने एक अज्ञात व्यक्ति का शव मिला है। पुलिस ने लाश के पहचान की काफी कोशिश की, लेकिन पहचान नहीं हो सकी। शव मिलने की सूचना के बाद ढेबरुआ थानाध्यक्ष नारायण लाल श्रीवास्तव और चौकी इंचार्ज अनिरुद्ध सिंह टीम के साथ मौके पर पहुंचे और शव को देखा। मृतक की कद काठी मध्यम श्रेणी की है। संवाद

### दो छात्राएं संदिग्ध हालात में लापता

**सिद्धार्थनगर।** सदर थाना क्षेत्र के एक इंटर कॉलेज में पढ़ने वाली दो छात्राएं संदिग्ध हाल में लापता हो गईं। पुलिस उनकी तलाश कर रही है। जानकारी के अनुसार, बर्डपुर एक गांव और उसी के साथ सहारनपुर जिले की एक लड़की जो सदर थाना क्षेत्र के एक इंटर कॉलेज में कक्षा नौ में पढ़ती थी। 18 सितंबर को संदिग्ध हाल में लापता हो गईं। पुलिस उनकी तलाश में लगी है। इस संबंध में शहर कोतवाल दुर्गा प्रसाद ने बताया जांच पड़ताल की जा रही है। संवाद

### 24 घंटे में भूसे में मिला चोरी हुआ सामान

**भवानीगंज।** भवानीगंज के बायताल गांव में सुनीता देवी का चोरी किया सामान उसके ससुर को भूसा निकालते वक्त भूसे के ढेर में कपड़े में लपेटा हुआ मिला। 24 घंटे के अंदर ही सामान मिलने से लोगों में चर्चाएं होने लगीं हैं कि यह चोरी है या फिर अपनों की शैतानी। हालांकि, पुलिस ने पहले ही चोरी की वारदात पर संदेह जताया था। जानकारी के अनुसार, रविवार को सुनीता देवी पत्नी हृदयराम के घर अज्ञात चोरों की ओर से लाखों रुपये का जेवरात चुरा लिए थे। संवाद

## गैरकानूनी काम पर रोक लगाने पर की चर्चा

**खुनुवां।** भारत-नेपाल सीमा पर सुरक्षा व्यवस्था को और सुदृढ़ करने के लिए रविवार को पुलिस चौकी परिसर खुनुवां में ऑपरेशन कवच के तहत समन्वय बैठक आयोजित की गई। अपर पुलिस अधीक्षक प्रशांत कुमार ने बैठक में नशीली पदार्थों की तस्करी, मानव तस्करी, गो-तस्करी, पटाखों के अवैध भंडारण और अन्य गैरकानूनी गतिविधियों पर रोक लगाने के उपायों पर चर्चा की। साथ ही तीसरे देश के अनाधिकृत व्यक्तियों के प्रवेश को रोकने, सीमा चौकियों पर तैनाती और निगरानी व्यवस्था को लेकर विस्तृत समीक्षा की। अधिकारियों ने सीमावर्ती गांवों में सक्रिय ग्राम सुरक्षा समितियों के महत्व पर जोर देते हुए निष्क्रिय समितियों को पुनर्गठित करने के निर्देश दिए। अवैध गतिविधियों की सही सूचना समय पर पुलिस तक पहुंचाने के लिए ग्रामीणों से अपील की गई। संवाद

## कट्टा-कारतूस के साथ युवक गिरफ्तार

**भवानीगंज।** थाना क्षेत्र धनखरपुर गांव में पुलिस को एक कट्टा और दो कारतूस के साथ स्थानीय निवासी नौशाद को रविवार की सुबह गिरफ्तार कर लिया गया है। जानकारी के अनुसार की मुखबिर की सूचना पर भवानीगंज पुलिस थानाध्यक्ष हरिओम कुशवाहा, राजेंद्र प्रसाद यादव, रामवीर, रोशन राय, अजय यादव की टीम ने गिरफ्तार कर आर्म्स एक्ट का मुकदमा लिखकर न्यायालय भेज दिया है। संवाद

## जांच में फर्जी निकली चोरी की सूचना

**कपिलवस्तु।** क्षेत्र के बर्डपुर नंबर एक टोला गनवरिया में शनिवार रात में पहले चोरी की सूचना दी गई। गांव के लोगों ने उसका वीडियो बना इंटरनेट मीडिया पर वायरल कर दिया। सुबह में गांव की भीड़ पीड़ित के घर पहुंचने लगी, फिर सूचना पुलिस को मिली। कोतवाली पुलिस कुछ घंटे तो परेशान हुई। कोतवाली प्रभारी जब खुद मौके पर जांच और परिवार के लोगों से पूछताछ की तो मामला कुछ और निकला। गांव निवासी अतीकुर्रहमान के घर में सास के साथ दो बहु भी रहती है। किन्हीं कारणों से तीनों ने चोरी की गलत सूचना दी। घर में रखे सूटकेस को खोल कर बिखेर दिया। संवाद

# दुर्गा पूजा के अवसर डीजे संचालकों के साथ हुई बैठक

**डिडई (एसएनबी)।** रविवार को थाना शिव नगर डिड़ई में एसडीएम तथा सीओ के अगुवाई में डीजे संचालकों व सम्भ्रान्त व्यक्तियों तथा क्षेत्र के चौकीदार के साथ दुर्गा पूजा को लेकर पीस कमेटी की बैठक संपन्न हुई। अधिकारी द्वय की अध्यक्षता में थाना परिसर में आहूत बैठक में एसडीएम निखिल चक्रवर्ती सीओ मंयक द्विवेदी तथा थाना प्रभारी मनोज कुमार श्रीवास्तव ने दुर्गा पूजा के अवसर पर आने वाली समस्याओं को लेकर सभी सेवात किया।

इस दौरान दोनों अधिकारियों ने शासन की मंशा के अनुरूप त्योहार मनाने की अपील की। सीओ ने सीयूजी के अलावा अपना व्यक्तिगत नंबर भी प्रहरियों से साझा किया। उपस्थिति लोगों को सांसद प्रतिनिधि राजेन्द्र प्रसाद त्रिपाठी ने भी बैठक को संबोधित किया।

बैठक में मनीष देव मिश्र, ,त्रिलोकी मिश्रा,राजमणि पाल मनोज कन्नौजिया, तसव्वर अली शाह सहित क्षेत्र के तमाम प्रधान गंण, बीडीसी के अतिरिक्तअन्य बहुत से लोग भी मौजूद रहे।

# SANT KABEER NAGAR POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांकः–22–09–2025

# एसपी ने महिला सशक्तिकरण जागरूकता रैली को किया रवाना

संतकबीरनगर (एसएनबी)। उत्तर प्रदेश में मिशन शक्ति-5.0 के अंतर्गत महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान और आत्मनिर्भरता सुनिश्चित करने हेतु बहुआयामी कार्यक्रम संचालित किए जा रहे हैं। इस अभियान को प्रभावी ढंग से लागू करने हेतु जिले की पुलिस द्वारा ठोस कदम उठाए जा रहे हैं। यह अभियान शारदीय नवरात्रि के पहले दिन 22.09.2025 से शुरू होकर 24.12.2025 तक चलेगा। इसी क्रम में रविवार को रिजर्व पुलिस लाइन में महिला सशक्तिकरण जागरूकता रैली निकाली गई। पुलिस अधीक्षक संदीप कुमार मीना ने रैली को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया।

इस मौके पर पुलिस अधीक्षक संदीप कुमार मीना ने बताया कि उत्तर प्रदेश में महिलाओं की सुरक्षा, सम्मान और सशक्तिकरण के लिए शुरू किए गए अभियान का यह पांचवा चरण है। मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश सरकार ने गत दिवस इस अभियान की शुरूआत की जिसे 22 सितंबर शारदीय नवरात्रि के पहले दिन से पूरे राज्य में शुरू किया जाएगा। इस मिशन का मुख्य लक्ष्य महिलाओं के लिए एक सुरक्षित और सशक्त माहौल बनाना है जहां वे बिना किसी डर के आत्मविश्वास से आगे बढ़ सकें। नारी सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन को बढ़ावा देकर राज्य के समग्र विकास को गति देना इसका उद्देश्य है। एसपी ने बताया कि प्रदेश के सभी 1,647 थानों में नए मिशन शक्ति केन्द्र स्थापित किए गए हैं। ये केंद्र महिलाओं के लिए शिकायत दर्ज करने, कानूनी सहायता और परामर्श प्राप्त करने के लिए वन-स्टॉप सुविधा के रूप में काम करेंगे। हर पुलिस स्टेशन पर महिला बीट अधिकारियों को तैनात किया गया है जो सीधे महिलाओं और लड़कियों से संपर्क कर उनकी समस्याओं को सुनेंगी और सरकारी योजनाओं की जानकारी



जागरूकता रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना करते एसपी, साथ में एएसपी व अन्य। फोटो : एसएनबी

देंगी। स्कूल और कालेज जैसे स्थानों पर एंटी-रोमियो स्क्वायड को और अधिक सक्रिय किया जाएगा ताकि मनचलों पर सख्त कार्रवाई हो सके। पुलिस की पैदल गश्त बढ़ाई जाएगी ताकि सुरक्षा और निगरानी मजबूत हो। महिला पुलिस अधिकारियों द्वारा जागरूकता बढ़ाने के लिए बाइक रैलियां आयोजित की जा रही हैं। मौजूदा महिला हेल्पलाइन जैसे 1090, 181 और 112 के बारे में जागरूकता फैलाई जाएगी। इस दौरान अपर पुलिस अधीक्षक सुशील कुमार सिंह, सीओ खलीलाबाद अजय सिंह, सीओ मेंहदावल सर्वदवन सिंह, सीओ धनघटा प्रियम राजशेखर पाण्डेय, सीओ यातायात अभयनाथ मिश्रा, प्रशिक्षु क्षेत्राधिकारी अमित कुमार, प्रतिसार निरीक्षक रामबली यादव, पीआरओ पुलिस अधीक्षक पीके गुप्ता सहित पुलिस के अन्य अधिकारी/कर्मचारीगण मौजूद रहे।

# दुर्गा पूजा में नई परंपरा की नहीं दी जाएगी इजाजत : एसडीएम

**मगहर (एसएनबी)**। विजय दशमी (दशहरा) को सकुशल सम्पन्न कराने के लिए रविवार को पीस कमेटी की बैठक पुलिस चौकी परिसर में सम्पन्न हुई। जिसकी अध्यक्षता चौकी इंचार्ज मनीष कुमार जायसवाल ने की। बैठक में मुख्य अतिथि सीओ सदर अजय कुमार सिंह व एसडीएम सदर अरुण कुमार रहे।

सीओ सदर अजय कुमार सिंह ने कहा कि यह सत्य की असत्य पर जीत का पर्व है। इसे आपसी भाईचारे सौहार्द के साथ मनायें। पंडाल में मूर्तियों की ऊंचाई पांच से छह फिट तक होनी चाहिए। दुर्गा पांडाल को जितना भव्य सजाना चाहें उतना सजाएं लेकिन अखण्ड ज्योति और शार्टसर्किट का विशेष ध्यान रखें। एसडीएम सदर अरुण कुमार ने कहा कि किसी नई मूर्ति को स्थापित करने अथवा कोई नई परम्परा की कत्तई इजाजत नहीं दी जाएगी। उन्होंने कहा कि डीजे के आवाज को उच्च न्यायालय के निर्देशानुसार ही बजाएं जिससे बच्चों व बुजुर्गों को कोई तकलीफ न होने पाए। उन्होंने सभी मूर्ति आयोजकों से कहा कि इसके लिए सेशन से जरूर परमिशन आवश्य ले लें। उन्होंने कहा कि रास्ते मे कुछ विद्युत तार नीचे हो गये हैं। उन्होंने विद्युत विभाग के अवर अभियंता रवि यादव से कस्बे में ढीले तारों को दुर्गा पूजा जुलूस से पहले ठीक करने के लिये कहा। इंस्पेक्टर थाना कोतवाली खलीलाबाद पंकज कुमार पाण्डेय ने बताया कि कहा कि किसी को जुलूस के दौरान मूर्ति को आगे पीछे करने को लेकर विवाद की स्थिति पैदा न होने पाए। चौकी प्रभारी मनीष कुमार जायसवाल ने कहा कि अगर किसी को कोई परेशानी हो तो वे अपनी शिकायतें कर सकते हैं जिससे समय से उसका समाधान हो सके।

# शारदीय नवरात्र आज, देवी मंदिरों को दिया गया भव्य का रूप

**श्रद्धालुंओं की सुविधा के लिए मंदिरों में किए गए उचित प्रबंध**

संतकबीरनगर (एसएनबी)। शारदीय नवरात्र की तैयारियां पूरे जोरों पर हैं। शक्ति की आराधना का पर्व शारदीय नवरात्र आज से शुरू होने के साथ ही मंदिरों को भव्यता व सुरुचिपूर्ण ढंग से सजाया गया है। श्रद्धालुओं के दर्शन के लिए विशेष व्यवस्था की गई है। सभी देवी मंदिरों को सुसज्जित करते हुए श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए सभी संभव प्रयास किए गए हैं।

शारदीय नवरात्र के अवसर पर खलीलाबाद के विभिन्न देवी मंदिरों को भव्य रूप से सजाया गया है। प्रसिद्ध समय माता मंदिर को पूर्व की भांति बहुत ही भव्य स्वरूप दिया गया है। मंदिर परिसर के वातावरण की दिव्यता के कारण इस मंदिर में भारी संख्या में श्रद्धालु यहां पूजा-अर्चना के लिए आते हैं। आज से ही चारो ओर नवरात्र की धूम तथा चहल-पहल शुरू हो गई है। शहर के अन्य प्रमुख देवी मंदिरों-मां सिद्धिदा मंदिर (दुर्गा मंदिर बरदहिया) के साथ ही वन देवी मंदिर उस्का कला में भी भारी संख्या में भक्त पूजा अर्चना के लिए पहुंचते हैं और अपनी मनोकामनाएं पूर्ण करने की प्रार्थना करते हैं। नवरात्र के प्रथम दिन समय माता मंदिर पर भोर में 5.00 बजे से ही पूजा-पाठ करने के लिए भक्तगण की कतारें लग जाती हैं। वहीं शान्ति व्यवस्था बनाये रखने के लिए भारी संख्या में महिला-पुरुष पुलिसकर्मी तैनात किए जाते हैं। मंदिर प्रबंधन द्वारा स्काउट/गाइड की मदद से भी श्रद्धालुओं की सुरक्षा व सेवा की जाती है। समय माता मंदिर सेवा समिति के पदाधिकारीगण भक्तगण को माता के दर्शन तथा पूजा-पाठ करने में पूर्ण सहयोग देते हैं। मंदिर के अन्दर लगे सीसीटीवी कैमरे से अराजक तत्वों पर भी नजर रखने की व्यवस्था की गई है। पुलिस प्रशासन भी नवरात्र व दुर्गापूजा के मद्देनजर पर्याप्त पुलिस बल का इंतजाम कर चुका है। पुरुष एवं महिला कांस्टेबिल मंदिरों तथा आसपास तैनात किए जा रहे हैं। मंदिर के बाहर तथा बाजार में नवरात्र के पूजा-पाठ की सामग्रियों की दुकानें सज गई हैं। आज बाजारों में भारी भीड़ व चहल-पहल रही। पूजा सामग्री के साथ व्रत में फलाहार व अन्य खाने-पीने की सामग्रियों की खरीद बड़ी संख्या में लोगों ने की। मूर्तियों की भी अच्छी बिक्री हुई। जिन घरों में कलश स्थापित किया जाना है उनके लिए विशेष प्रबंध किए गए तथा धूप, दीप, नैवेद्य सहित अन्य सामग्रियों की बिक्री भारी मात्रा में हुई। दुकानों पर भारी भीड़ रही।



खलीलाबाद की समय जी महारानी।

# शराब की दुकानों के पास देर रात तक लग रही शराबियों की महफिल

**धनघटा (एसएनबी)**। तहसील क्षेत्र धनघटा अन्तर्गत धनघटा और महुली थाना क्षेत्र में जगह-जगह स्थित सरकारी शराब की दुकानों के खुलने और बन्द होने का कोई निश्चित समय नहीं रह गया है। मनमानी तौर पर सुबह 8 बजे ही क्षेत्र में अधिकांश शराब की दुकानें सज जा रही हैं और देर रात तक शराब की दुकानों पर रोज शराबियों की महफिलें सज रही है। नियम-कायदों को दरकिनार कर अधिकांश शराब की दुकानों पर पियक्कड़ देर रात तक आपस में जाम लड़ाते देखे जा रहे हैं। हालत यह है कि शराब की दुकानों पर पियक्कड़ों का हुड़दंग देर रात तक चल रहा है तो दूसरी ओर स्थानीय पुलिस और आबकारी विभाग के जिम्मेदार मौन साधे हुए है।

स्थानीय ग्रामीण प्रशासन की उदासीनता पर अचरज जताते हुए शराब की दुकानों पर चल रहे पियक्कड़ों के हुड़दंग से भविष्य में किसी अनहोनी घटना की आशंका जता रहे हैं। विदित हो कि सरकारी शराब की दुकानों के समक्ष शराब पीना पूरी तरह से प्रतिबंधित है। नियमानुसार दुकान से शराब की खरीद कर शौकीन अपने घरों पर ही शराब पी सकते है लेकिन स्थानीय पुलिस व आबकारी विभाग की उदासीनता के कारण धनघटा और महुली क्षेत्र में उक्त नियम की धज्जियां उड़ाई जा रही है। सभी शराब की दुकानों के समक्ष देर रात तक शराबियों की महफिलें सज रही हैं। दुकानों से शराब की खरीददारी कर पियक्कड़ दुकानों के समक्ष ही शराब पी रहे है और उसके बाद देर रात तक हंगामें का दौर भी चल रहा है। सर्वाधिक बदतर स्थित महुली थाना क्षेत्र के मैनसिर,महुली, गिठिनी, नाथनगर,मुखलिसपुर,घोहरट सहित धनघटा थाना क्षेत्र के प्रमुख कस्बो के बीच संचालित होने वाली देशी शराब की दुकानों पर देखने को मिल रही है। धनघटा कस्बे में अगल-बगल संचालित देशी,अंग्रेजी शराब और बीयर की दुकानों के सामने सुबह से देर रात तक पियक्कड़ों का जमावड़ा लगा रहता है।

**दुकानों के सामने शराब पीने की मनाही के बावजूद दुकान पर नशे में धुत होकर देर रात तक हंगामा कर रहे हैं पियक्कड़**

कस्बे के बीच धनघटा-खलीलाबाद मार्ग पर स्थित दुकानों के सामने पूरे दिन लगने वाले शराबियों की भीड़ के चलते मौके पर भारी दुर्घटना का हमेशा खतरा बना रहता है। धनघटा कस्बे में स्थित शराब की दुकानों के समक्ष अंडा, मीट समेत शराब पीने के दौरान खाने वाली अन्य खाद्य सामग्रियों की दुकानों दोपहर में ही सज जाती है। उसके बाद दुकानों से शराब खरीद कर पियक्कड़ उसी खाद्य सामग्रियों की दुकानों पर बैठ कर घंटों शराब पीते देखे जा रहे हैं। इतना ही नहीं शराब पीने के बाद नशा होने पर पियक्कड़ों द्वारा देर रात तक हंगामा किया जा रहा है। हालत यह है कि शराब की दुकानों के आस-पास रहने वाले पड़ोसियों और अन्य दुकानदारों का रहना दुश्वार हो गया है। पड़ोसी ग्रामीणों और दुकानदारों को शराबियों के चल रहे देर रात तक उत्पात के कारण भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। यह स्थिति सिर्फ धनघटा कस्बे तक सीमित नहीं है। क्षेत्र के अन्य प्रमुख कस्बों-बाजारों में संचालित शराब की दुकानों पर भी कमोबेश यही स्थिति देखने को मिल रही है।

दुकानों के सामने दोपहर में ही अंडा, मीट और मुर्गा समेत अन्य खाद्य सामग्रियों की दुकानें दोपहर में ही सज जाती है और दुकानों पर शराब खरीद कर उन्हीं खाद्य सामग्रियों की दुकानों पर बैठकर देर रात तक शराबी शराब का सेवन कर हुड़दंग मचाते देखे जाते है जिसका परिणाम है कि दुकानों के अगल-बगल रहने वाले ग्रामीणों समेत अन्य दुकानदारों की जीना मुहाल हो गया है। ऐसा भी नहीं है कि नियम-कायदों को दरकिनार करते हुए शराब की दुकानों के सामने सज रही पियक्कड़ों की महफिलों के बारे में स्थानीय पुलिस व आबकारी विभाग के जिम्मेदारों को जानकारी नहीं है। रोज सबकुछ आंखों से देखने के बाद भी जिम्मेदार कार्रवाई करने के बजाय चुप्पी साधे हुए है। ग्रामीणों ने प्रशासन से इस प्रकार खुलेआम दुकानों के समक्ष शराब पीकर हुड़दंग मचाने की पियक्कड़ों की कारगुजारियों पर तत्काल रोक लगाने की मांग की है। इस बारे में पूछे जाने पर स्थानीय पुलिस एवं आबकारी विभाग के जिम्मेदारों का कहना है कि शराब की दुकानों के समक्ष शराब पीने की सख्त मनाही है। जिम्मेदारों ने बताया कि जल्द ही सभी शराब की दुकानों पर औचक छापेमारी की जाएगी और दुकानों के समक्ष शराब पीने वाले लोगों के पकड़े जाने पर उनके खिलाफ सख्तीपूर्वक कार्रवाई तो होगी ही साथ ही दुकान संचालक के खिलाफ भी कार्रवाई करने के लिए आबकारी विभाग को पत्र भेजा जाएगा।

# आज से नवरात्र शुरू, सजने लगा मां दुर्गा का दरबार

धनघटा (एसएनबी)। शारदीय नवरात्र व्रत आज सोमवार से आरम्भ हो गया है। इससे पूर्व रविवार को ही तहसील क्षेत्र में जगह-जगह मां दुर्गा का दरबार सजने लगा है। बांस-बल्ली लगाकर पण्डाल का ढांचा तो श्रद्धालुओं ने पूर्व में ही तैयार कर लिया है बाकी रविवार को अधिकांश श्रद्धालुओं ने मां-दुर्गा की प्रतिमाओं की खरीददारी कर उन्हें भी पण्डाल में पहुंचा दिया। उसके बाद श्रद्धालु पण्डाल को संवारने-सजाने में तेजी से जुट गए हैं। कई स्थानों पर तो देर शाम तक पण्डालों को सजाने का काम पूरा हो गया और सोमवार यानि आज नवरात्र शुरू होते ही विद्वान आचार्यों को बुलाकर जगह-जगह प्रतिमा की प्राण-प्रतिष्ठा के साथ कलश स्थापना का भी कार्य वैदिक-मंत्रोच्चार के बीच शुरू कराने की तैयारियां पूरी कर ली गई है।

धनघटा थाना क्षेत्र के विभिन्न कस्बों जैसे धनघटा, बण्डा, हैंसर, टांडा, लोहरैया, बंसवारीगांव, ताम्बा, सेंठी, शनिचरा, पौली, दुल्हापार, गोविन्दगंज बाजार, रामपुर-बाराकोनी व उम्मरिया जैसे कस्बों-बाजारों समेत गांवों में कुल मिलाकर 149 स्थानों पर मां-दुर्गा की प्रतिमाओं को स्थापित कर श्रद्धालु पूजा-अर्चना करते हैं। इसी प्रकार महुली थाना क्षेत्र में भी नाथनगर, मुखलिसपुर, हरिहरपुर, गायघाट, कालीजगदीशपुर, भग्गोभार, विश्वनाथपुर, पिड़िया, महुली, कुशहवा, मोलनापुर, मैनसिर व गिठिनी समेत अन्य कस्बों-बाजारों और विभिन्न गांवों में कुल 144 प्रतिमाएं स्थापित कर श्रद्धालुओं द्वारा मां दुर्गा का पूजा-पाठ किया जाता है।

**जगह-जगह मां जगदम्बे का पण्डाल संवारने में जुट गए हैं श्रद्धालु**

**धनघटा थाना क्षेत्र में 149 और महुली थाना क्षेत्र में 144 स्थानों पर मां जगदम्बे की प्रतिमाएं होनी है स्थापित**

दशहरा पर्व को लेकर प्रशासन भी काफी चौकस नजर आ रहा है। पूर्व में जहां दुर्गा समिति के सदस्यों की बैठक करके प्रशासन ने उन्हें वालेन्टियर नियुक्त कर शान्ति व्यवस्था में सहयोग करने का फरमान सुना दिया है तो वहीं रविवार को भी कई स्थानों पर दुर्गा पूजा समिति के सदस्यों की बैठक कर प्रशासन ने स्थापित होने वाली सभी प्रतिमाओं की सुरक्षा और शांत व्यवस्था पर कड़ी नजर बनाए रखने का संकेत दिया है। प्रशासन की यह योजना है कि सभी प्रतिमाओं पर एक पुलिसकर्मी के साथ एक होमगार्ड के जवान सुरक्षा के लिहाज से 24 घंटे तैनात किए जाएंगे साथ ही सभी दुर्गा पण्डालों में सीसीटीवी लगाने के अलावा डीजे को निर्धारित आवाज में ही बजाने का भी निर्देश जारी किया गया है। एसडीएम धनघटा डा.सुनील कुमार का कहना है कि सुरक्षा व्यवस्था को चौकस रखने में कोई कोताही नहीं बरती जाएगी।



धनघटा कस्बे में दुर्गा पण्डाल सजाते भक्त। फोटो | एसएनबी

# 27 स्थानों पर विसर्जित होंगी 144 मूर्तियां

नाथनगर । महुली थाना क्षेत्र में शारदीय नवरात्रि के बीच 144 मूर्तियां को स्थापित करने के लिए 144 पांडाल बनाने का अंतिम रूप दिया जा रहा है। इसके लिए 27 मूर्ति विसर्जन स्थल निर्धारित किए गऐ है। थानाध्यक्ष महुली रजनीश राय ने जानकारी देते हुए बताया कि क्षेत्र में सुरक्षा-व्यवस्था को लेकर पुलिस पूर्व की तरह सतर्क है। थाना क्षेत्र के बार्डर इलाके जैसे कालीजगशपुर, पिड़िया,मुखलिसपुर,भौगीपुर जमुहट, मैनसिर, नाथनगर बाजार में लगाए गए ढाई दर्जन से अधिक सीसीटीवी कैमरे को सक्रिय कर दिया गया है जिससे बार्डर के अलावा आंतरिक स्थान की निगरानी सुनिश्चित की जा सके। थानाध्यक्ष ने बताया कि जो सीसीटीवी कैमरे महुली और नाथनगर में बंद पड़े हैं उन्हें चालू रखने के लिए संबंधित को निर्देश दिए गए है। इसके अलावा सड़कों से अतिक्रमण विसर्जन स्थल पर बैरकेटिंग लाइट की व्यवस्था के संबंध में एसडीएम धनघटा को पत्र के माध्यम से अवगत करा दिया गया है। उन्होंने बताया कि सड़कों पर झाड़-झंखाड़, बिजली के तार को हटाने के लिए वन विभाग के अलावा विद्युत अवर अभियन्ता को भी अवगत करा दिया गया है ताकि शीघ्र ही इस काम को अंजाम दिया जा सके। उन्होंने कहा कि 16 अन्य नई मुर्तियां स्थापित करने के लिए थाने पर आए श्रद्धालुओं को एसडीएम के वहां भेज दिया गया है मंजूरी मिलने के बाद ही वह मूर्ति स्थापित करेंगे तब यह संख्या 160 हो जाएगी। फिलहाल बिना तहसील प्रशासन के अनुमति बिना अगर किसी ने मूर्ति स्थापित किया तो उसके खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई किया जाएगा। उन्होंने पांडाल के कमेटी के सदस्यों को शान्तिपूर्ण माहौल में पूजा-आराधना करने के साथ ही लाउडस्पीकर को सीमित रखने का निर्देश दिया है। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में सुरक्षा बढा दी गई है तथा जरूरत पड़ने पर जिले से अतिरिक्त फोर्स की व्यवस्था कराई जाएगी। उन्होंने क्षेत्रीय जनता से शान्तिपूर्ण माहौल में पूजा-अर्चना करने व मूर्ति स्थापित और विसर्जन करने का आह्वाहन किया है। उन्होंने कहा कि अगर किसी ने किसी भी तरह की अफवाह फैलाई तो उसके खिलाफ मुकदमा दर्ज कर आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# महिलाओं व बालिकाओं को मिली सिलाई मशीन

संतकबीरनगर (एसएनबी)। खलीलाबाद शहर स्थित एक निजी होटल में सम्मान समारोह एवं सिलाई मशीन वितरण कार्यक्रम आयोजित हुआ। जिसमें मुख्य अतिथि डॉ. अखलाक अहमद तथा विशिष्ट अतिथि महिला अपराध नियंत्रण प्रमुख मीरा गुप्ता, यातायात प्रभारी परमहंस, प्रदेश उपाध्यक्ष अर्चना श्रीवास्तव ने दीप प्रज्ज्वलित का कार्यक्रम का शुभारम्भ किया।

मुख्य अतिथि डॉ. अखलाक अहमद ने महिलाओं एवं बालिकाओं को सिलाई मशीन वितरित करते हुए कहा कि बेटियों को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में यह एक सराहनीय पहल है। महिला अपराध नियंत्रण प्रमुख मीरा गुप्ता ने कहा कि नारी शक्ति को आगे बढ़ाना और उन्हें सशक्त करना है तो सबसे अच्छा माध्यम उन्हें स्वावलंबी बनाना है। बालिकाएं स्वावलंबी तभी बन सकेंगी जब उनमें कोई न कोई गुण हो या किसी कार्य में पारंगत होंगी। यातायात प्रभारी परमहंस ने कहा कि ऐसे कार्य समाज में प्रेरणा का स्रोत बनते हैं और इन्हें निरंतर जारी रखना चाहिए। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए प्रदेश अध्यक्ष अर्चना श्रीवास्तव ने कहा कि जब बेटियां पढ़ लिखकर आत्मनिर्भर होंगी तब समाज व देश तरक्की की राह पर बढ़ेगा। उन्होंने बताया कि प्रेमसुधा, राजकुमारी, कृति, प्रियंका, पूजा, शशि, प्रतिभा गौतम, मुस्कान, नरगिस, मोहसिना खातून, चंद्रकला, प्रियंका, आरोही, फातिमा, सीमा, रीना, सलमा खातून, हसीना खातून, आकृति श्रीवास्तव सहित सभी महिलाओं एवं बालिकाओं में सिलाई मशीन वितरित किया गया है। जिलाध्यक्ष विजय सैनी ने बताया कि आज सहारा चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों की बेटियों को सिलाई मशीनें वितरित की गईं। उन्होंने बताया कि इसका मात्र एक उद्देश्य समाज के पिछड़े, दबे-कुचले एवं जरूरतमंदों की सेवा करके खुशी देना और सहयोग करना है। जिला उपाध्यक्ष अमित यादव सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।



सिलाई मशीन पाने के बाद अतिथियों के साथ महिलाएं एवं बालिकाएं।

24 घंटे दुकान खुलने का आरोप लगाकर बाहर बैठ गईं महिलाएं

# शराब की दुकान हटाने को लेकर हुआ प्रदर्शन

आक्रोश

- मौके पर पहुंच अफसरों ने महिलाओं को समझाने का किया प्रयास
- इससे पूर्व भी जनप्रतिनिधियों से हटाने का मिला चुका है आश्वासन

**मगहर, हिन्दुस्तान संवाद।** मगहर कस्बे के कांजीपुर में आबादी के बीच चल रही शराब की भट्ठी को हटाने को लेकर महिलाएं दुकान पर बैठ गई। इस दौरान लोगों की भारी भीड़ इकट्ठा हो गई। शराब की बिक्री बंद हो गई। मामले की सूचना पर पहुंचे मगहर चौकी इंचार्ज व आबकारी विभाग के अधिकारियों ने उग्र महिलाओं को समझाने का प्रयास किया। जो खबर लिखे जाने तक बात नहीं बन पाई।

नगर पंचायत मगहर की जोकहिया निवासी ऋषिकेश, किरन पासवान, सुभावती गौतम, सुनीता, संगीता, रूपम, माधुरी, आशा, मिथलेश, देवी द्रोपदी, पूर्णिमा, सरस्वती, सुमन, पूनम, इलाइची, विमला, निर्मला, रंभा, सुशीला, सविता, रमावती देवी, कबूतरा देवी, शीला, पूर्वावती देवी, मुन्ना निर्मला देवी मीरा देवी काजीपुर चौराहे से इस्लामनगर को जाने वाले मार्ग पर देशी की दुकान आबादी के बीच संचालित है।

इसे हटाने के लिए दुकाने के सामने रविवार को बैठ गईं। जिसके बाद शराब की बिक्री बंद हो गई। मामले के सूचना पर आबकारी निरीक्षक विजय आनन्द और चौकी इंचार्ज मनीष जायसवाल मय फोर्स मौके पर पहुंच गए और महिलाओं को समझाने का प्रयास किया।



शराब की दुकान के बाहर धरने पर बैठीं महिलाएं।

इससे पूर्व मोहल्ले की महिलाओं ने 29 अगस्त को दुकान का घेराव किया था और कलेक्ट्रेट एहुंचकर धनघटा विधायक व मेंहदावल विधायक से शिकायत की। जहां से शराब की भट्ठी का हटाने का आश्वासन मिला था। इस पर अमल न किए जाने से नाराज महिलाएं फिर एक बार शराब की दुकान के सामने बैठने को मजबूर हुईं।

# दशहरा पर्व को लेकर पीस कमेटी की बैठक सम्पन्न

मगहर। दशहरा पर्व को सकुशल सम्पन्न कराने के लिए रविवार को पीस कमेटी की बैठक मगहर पुलिस चौकी परिसर में चौकी इंचार्ज मनीष जायसवाल की अध्यक्षता में रविवार को सम्पन्न हुई। जिसमें मुख्य अतिथि एसडीएम सदर , सीओ सदर अजय सिंह रहे। इस दौरान पर्व को सकुशल सम्पन्न कराने के लिए लोगों से सुझाव व सहयोग की अपील करते हुए कस्बे की मुर्तियों की नम्बरिंग की बात रखी गई। जिससे जुलुस को लेकर कोई समस्या न हो।

बैठक में एसडीएम सदर ने कहा कि पांडालों में जल रहे दीपक से सजग रहना होगा। बाल्टी में पानी, बालू आदि सामग्री इसके बचाव के लिये जरूर रखें। महिलाओं का आवागमन बढ़ जाता है उनकी सुरक्षा के लिए अराजक तत्वों से भी सजग रहने की आवश्यकता है। डीजे की आवाज संयमित रहे। उसके ऊपर कोई न बैठे। रास्ते की कोई समस्या हो तो जरूर बताएं। कोई नई परम्परा न डालें।

# युवक पर छेड़खानी एससीएसटी एक्ट का मुकदमा दर्ज

**संतकबीरनगर**। दो दिन पूर्व बेलहर क्षेत्र की रहने वाली खेत देखने गई महिला से छेड़खानी करने और मारने-पीटने वाले आरोपी पर पुलिस ने केस दर्ज किया। पीड़ित महिला का आरोप है कि वह 19 सितंबर को अपना खेत देख रही थी। उसी समय गांव का युवक पीछे से पहुंच गया और उससे छेड़खानी करने लगा। विरोध करने उसे जाति सूचक शब्दो से अपमानित करते हुए लात, मुक्का और थप्पड़ से मारापीटा। आरोप है कि उसकी गला पकड़ कर खेत में पटक दिया। उसके शोर मचाने पर जानमाल की धमकी देते हुए भाग गया। एसओ अनिल कुमार ने बताया कि आरोपी के खिलाफ छेड़खानी, मारपीट एससीएसटी एक्ट के तहत केस दर्ज किया गया।

# जागरूकता रैली को एसपी ने दिखाई झंडी

## अभियान

संतकबीरनगर, निज संवाददाता। एसपी संदीप कुमार मीना ने रविवार को पुलिस लाइंस से मिशन शक्ति-5.0 के तहत महिला सशक्तिकरण जागरुकता रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यह अभियान शारदीय नवरात्रि के पहले दिन 22 सितंबर से शुरू होकर 24 दिसंबर तक चलेगा। उत्तर प्रदेश में महिलाओं की सुरक्षा, सम्मान और सशक्तिकरण के लिए शुरू किया गया अभियान 'मिशन शक्ति 5.0' इसका पांचवा चरण है। सीएम ने इस अभियान की शुरुआत 20 सितंबर को किया।

एसपी संदीप कुमार मीना ने कहा कि शारदीय नवरात्रि के पहले दिन से पूरे राज्य में अभियान शुरू होगा। इस मिशन का मुख्य लक्ष्य महिलाओं के लिए एक सुरक्षित और सशक्त माहौल बनाना है, जहां वे बिना किसी डर के आत्मविश्वास से आगे बढ़ सकें। नारी सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन को बढ़ावा देकर राज्य के समग्र विकास को गति देना इसका उद्देश्य है हर पुलिस स्टेशन पर महिला बीट अधिकारियों को तैनात किया गया है जो सीधे महिलाओं और लड़कियों से संपर्क कर उनकी ***समस्याओं को सुनेंगी और सरकारी योजनाओं की जानकारी देंगी। यह*** मिशन 12 राज्य विभागों के समन्वय के साथ काम करेगा ताकि सुरक्षा, शिक्षा, और वित्तीय सशक्तिकरण सहित कई क्षेत्रों में व्यापक सहयोग सुनिश्चित हो सके। एएसी सुशील कुमार सिंह, सीओ सदर अजय सिंह, सीओ मेंहदावल सर्वदवन सिंह, सीओ धनघटा प्रियम राजशेखर पांडेय, सीओ यातायात *अभयनाथ मिश्रा, प्रशिक्षु सीओ अमित कुमार, प्रतिसार निरीक्षक रामबली यादव आदि उपस्थित रहे।*



महिला जागरूकता रैली को हरीझंडी दिखाकर रवाना करते एसपी।

# किराने की दुकान में चोरी, पुलिस जांच में जुटी

**संतकबीरनगर।** कोतवाली खलीलाबाद क्षेत्र के गोरखल में एक किराने की दुकान में पीछे से रोशनदान के रास्ते शनिवार की रात घुस कर चोरों ने चोरी की वारदात की। ऐसी सूचना पर रविवार को पुलिस मौके पर पहुंची और जांच पड़ताल की।

पीड़ित अमृतलाल ने बताया कि चोर दुकान से एक लाख नकदी उठा ले गए है। आस-पास के लोग भी जुट गए थे। पुलिस ने गहनता से जांच की। कोतवाल पंकज कुमार पांडेय ने बताया कि जिस रोशनदार के रास्ते चोर के घुसने की बात बताई जा रही है, वह करीब 10 फिट की ऊंचाई पर और एक फिट गोलाई में है। इससे घटना संदिग्ध प्रतीत हो रही है। फिर भी प्रकरण की जांच की जा रही है। जांच के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# एमवी एक्ट के तहत 46 वाहनों का किया गया चालान

**संतकबीरनगर।** पुलिस अधीक्षक संदीप कुमार मीना के निर्देश में चलाए जा रहे अभियान के तहत रविवार को अलग-अलग थाना क्षेत्रों की पुलिस ने वाहनों चेकिंग की। चेकिंग के दौरान पुलिस ने मोटर वाहन अधिनियम के तहत 46 वाहनों का चालान किया। इसके साथ ही 46,000 रुपये जुर्माना वसूल किया। अभियान आगे भी जारी रहेगा।

## थानों में स्थापित हुआ महिला सुरक्षा केंद्र, 8 केंद्र प्रभारी समेत 102 कर्मियों की हुई तैनाती

# पीड़ित महिलाओं की 360 डिग्री तक होगी काउंसिलिंग

■ शोभित कुमार पांडेय

संतकबीरनगर। महिला सुरक्षा को और सशक्त बनाने की दिशा में शासन ने विशेष पहल की है। इसके लिए थाना स्तर पर पहले से ही क्रियाशील महिला हेल्प डेस्क का दायरा बढ़ा कर उसकी जगह अब महिला सुरक्षा केंद्र स्थापित किया गया। केंद्र पर प्रभारी और अन्य महिला और पुरुष पुलिस कर्मियों की तैनाती की गई। उपलब्धता के अनुसार केंद्र को एक चार पहिया गाड़ी भी दी जाएगी।

योगी सरकार महिलाओं की सुरक्षा को लेकर बेहद संवेदनशील है। वर्ष 2020 में महिला सुरक्षा अभियान के प्रथम चरण में महिलाओं के लिए प्रत्येक थाने पर महिला हेल्प डेस्क की स्थापना करके क्रियाशील की गई। मिशन शक्ति के पांचवे फेज में विस्तार किया जाएगा। अब महिला हेल्प डेस्क का दायरा बढ़ाते हुए पुलिस थाने में पीड़ित महिला के आगमन से लेकर पुनः मानसिक एवं शारीरिक रूप से पूर्णतः सशक्त होने तक 360 डिग्री काउंसलिंग, मार्गदर्शन, सहयोग और संरक्षण संबंधी सेवाएं प्रदान करने की मंशा है, जहां महिलाओं के लिए समर्पित प्रत्येक थाना परिसर के अंदर एक महिला सुरक्षा केंद्र स्थापित हुआ है। महिला सुरक्षा केंद्र थाने में पुलिस चौकियों की भांति महिला शिकायतकर्ताओं के लिए कार्य संपादित करेंगी। उपलब्धता के अनुसार केंद्र प्रभारी समेत अन्य पुलिस कर्मियों की तैनाती की गई। इस केंद्र में नियुक्त इंस्पेक्टर या सब इंस्पेक्टर महिला संबंधी अपराधों की आवंटित महत्वपूर्ण अभियोगों की विवेचना भी करेंगे। महिला सुरक्षा केंद्र में कर्मियों को प्रथम बार कम से कम 03 से 05 वर्ष की अवधि के लिए नियुक्त किया जाएगा। इन महिला कर्मियों का एक महिला सुरक्षा केंद्र से दूसरे महिला सुरक्षा केंद्र पर स्थानांतरण नोडल अधिकारी के प्रस्ताव पर जनपदीय पुलिस प्रभारी के माध्यम से कराया जाएगा। थानाध्यक्ष थाने में ही महिला सुरक्षा केंद्र के लिए एक कक्ष उपलबध कराएंगे।

■ स्कूलों में लगेगी पिंक पेटिका, छात्राएं लिखकर डाल सकेंगी समस्याएं
■ महिलाओं को सशक्त बनाने की मिशन शक्ति के पांचवे फेज की कवायद

### पुलिस प्रशासन ने 102 पुलिस कर्मियों की तैनाती की

जिले में आठ केंद्रों पर प्रभारी समेत 102 पुलिस कर्मियों की तैनाती की गई है। इसमें कोतवाली खलीलाबाद में स्थापित महिला सुरक्षा केंद्र के प्रभारी पद पर इंस्पेक्टर क्राइम विनोद राय की तैनाती हुई है। जबकि मेंहदावल केंद्र पर एसएसआई हरि नारायण दीक्षित, बखिरा केंद्र पर एसएसआई हरिकेश भारती, धनघटा केंद्र पर इंस्पेक्टर क्राइम रामेश्वर यादव, महुली केंद्र पर एसएसआई परवेज अहमद, दुधारा केंद्र पर एसआई राजीव कुमार सिंह, बेलहर केंद्र पर एसएसआई राजेश दूबे और धर्मसिंहवा केंद्र पर एसएसआई राम करन निषाद को प्रभारी बनाया गया है।

**स्कूलों में लगेगा पिंक पेटिका :** ऐसे स्कूल जिनमें छात्राएं पढ़ती है, उन स्कूलों को चिन्हित करके वहां पिंक पेटिका, शिकायत पेटिका लगाया जाएगा। छात्राएं अपनी समस्याएं उस पेटिका में लिखकर डाल सकेंगी। शिकायत करने वाली छात्रा का नाम, पता गोपनीय रखा जाएगा पेटिका की चाभी संबंधित थाने के महिला सुरक्षा केंद्र के प्रभारी के पास उपलबध रहेगा। हर दो दिन पर उक्त पेटिका से शिकायतें निकाली जाएगी और उसकी जांच कर पुलिस त्वरित कार्रवाई करेंगी। स्कूलों व गांवों में जागरुकता कार्यक्रम आयोजित होगा। जिसमें छात्राओं, बालिकाओं और महिलाओं को कानूनी सहायता की जानकारी दी जाएगी। शासन स्तर से जारी हेल्पलाइन नंबर की जानकारी दी जाएगी। इसके साथ ही सरकारी योजनाओं के बारे में बताया जाएगा।

" शासन के निर्देश के क्रम में थानों में महिला सुरक्षा केंद्र स्थापित किया गया है। सीएम योगी आदित्यनाथ के जरिए महिला सुरक्षा केंद्र का वर्चुअल उदघाटन भी कर दिया किया। यह केंद्र एकल विंडों की तर्ज पर काम करेगा। यह केंद्र थाने पर पहुंचने वाली पीड़ित महिलाओं के लिए कारगर साबित होगा। महिलाओं के उत्थान और सुरक्षा के लिए जागरुकता कार्यक्रम भी चलाया जा रहा है।

**संदीप कुमार मीना**, एसपी

# बाइकों की टक्कर में पिता-पुत्र घायल

संतकबीरनगर। मेंहदावल क्षेत्र के कुसुमा के पास बाइकों की टक्कर में दो लोग घायल हो गए। घटना की सूचना पर पीआरवी टीम के मुख्य आरक्षी मदनपाल नाथ त्रिपाठी, आरक्षी भीम सिंह यादव, होमगार्ड चालक अखिलेश सिंह मौके पर पहुंच गए। पीआरवी टीम ने घायल कपिल देव पुत्र भगवान दास, राजेश चौधरी पुत्र कपिल देव निवारी डुमरिया को इलाज के लिए सीएचसी मेंहदावल भेजवाया। इसके साथ ही घटना के संबंध में थाना मेंहदावल पुलिस को अवगत कराया।

# किशोरी को भगा ले गया गोरखपुर का युवक

संतकबीरनगर। तीन दिन पूर्व बखिरा क्षेत्र की रहने वाली किशोरी को बहला फुसला कर भगा ले जाने के मामले में पुलिस ने गोरखपुर के युवक पर केस दर्ज किया। पीड़ित पिता का आरोप है कि उसकी 13 वर्ष पांच महीने की बेटी को 17 सितंबर को बहला-फुसला कर गोरखपुर जिले के सहजना क्षेत्र का रहने वाला हरदयाल भगा ले गया। तलाश के बाद बेटी का पता नहीं चलने पर पीड़ित पिता ने बखिरा पुलिस को तहरीर देकर आरोपी पर केस दर्ज कराया। एसओ राकेश कुमार सिंह ने बताया कि आरोपी हरदयाल पर केस दर्ज कर जांच शुरु कर दी गई है।

# दबंगों ने बाजार गए युवक को पीटा, पांच पर केस दर्ज

**मेंहदावल, हिन्दुस्तान संवाद।** नगर पंचायत मेंहदावल के घोड़ागली में शनिवार की देर शाम एक युवक पर दबंगों ने हमला बोल दिया। कपड़ा खरीदकर लौट रहे युवक को आरोपितों ने गाली-गलौज कर मारा-पीटा और घसीटते हुए गलियों में ले गए। हमले में युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। शोर मचाने पर मौके पर भीड़ जुटी तो हमलावर वहां से भाग निकले।

पीड़ित संदीप कन्नौजिया पुत्र सुभाष निवासी पश्चिमटोला ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि वह अपने मित्र के साथ बाजार में कपड़ा खरीदने गया था। इसी दौरान शंभू निषाद समेत कुछ लोग दुकान के बाहर खड़े होकर उसे घेर लिए और गाली-गलौज शुरू कर दी। विरोध करने पर सभी ने उस पर हमला कर दिया और घसीटते हुए घोड़ागली के अंदर ले गए। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और घायल युवक को बचाया। प्रभारी निरीक्षक सतीश कुमार सिंह ने बताया कि पीड़ित की तहरीर पर शंभू, अमरजीत, श्रवण, रिंकू तथा एक अज्ञात आरोपित पर केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

# सात लोगों पर दहेज उत्पीड़न का केस

**संतकबीरनगर।** दहेज के लिए विवाहिता को प्रताड़ित करने के आरोप में महिला थाना पुलिस ने पति समेत सात ससुरालियों पर केस दर्ज किया।

पीड़िता समीक्षा राय का आरोप है कि उसकी शादी छह फरवरी 2024 को धनघटा क्षेत्र के बड़गों निवासी शिवमणि राय पुत्र अखिलेश राय के साथ हुई थी। आरोप है कि पति और ससुरालजनों के जरिए दहेज में बुलेट और चार लाख रूपये की मांग को लेकर उसे प्रताड़ित किया जा रहा है। आरोप है कि ससुराली उसे दहेज की मांग को लेकर गाली गलौज देते हुए मारेपीटे और जान माल की धमकी दे रहे है। महिला थाना एसओ ने बताया कि पति शिवमणि राय, ससुर अखिलेश राय, सास तारा देवी, जेठ नित्यानंद राय, जेठानी रूचि,ननद बेबी, ननद को शीशमणि निवासी बड़गों के खिलाफ दहेज उत्पीड़न का केस दर्ज किया गया।

# महिला से छेड़छाड़ में मुकदमा दर्ज

**बेलहर।** बेलहर थाना क्षेत्र के एक गांव में खेत देखने गई एक महिला के साथ छेड़खानी करने का मामला प्रकाश में आया है। उक्त मामले में बेलहर पुलिस ने आरोपित के खिलाफ छेड़खानी, एससी एसटी समेत अन्य गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है। दिए गए तहरीर में पीड़िता ने लिखा है कि शुक्रवार की सुबह वह अपना खेत देख रही थी कि गांव के अरमान पुत्र अनवर ने पीछे से आकर हमको पकड़ लिया और छेड़खानी करने लगा।

# अज्ञात वाहन की ठोकर से युवक की मौत, कोहराम

**संतकबीरनगर, निज संवाददाता।** कोतवाली खलीलाबाद क्षेत्र के जंगलकला के पास शनिवार की रात अज्ञात वाहन की टक्कर से युवक की मौत हो गई। गश्त कर रही पुलिस टीम ने युवक को एबुलेंस से जिला अस्पताल भेजवाया, जहां डॉक्टर ने देखते ही उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पीड़ित परिजन अस्पताल पहुंच गए।

बघौली चौकी इंचार्ज सूर्यभान यादव ने बताया कि शनिवार की रात करीब साढ़े बारह बजे गश्त कर रही पुलिस टीम जंगलकला के पास हादसे में घायल युवक को देख कर सूचना दी। सूचना पर चौकी इंचार्ज भी मौके पर पहुंच गए और घायल को एबुलेंस की मदद से जिला अस्पातल भेजवाएं, जहां डॉक्टर ने युवक को मृत घोषित कर दिया।युवक के पास मिली मोबाइल से उसकी पहचान 38 वर्षीय रवींद्र पुत्र मिकहू निवासी चदवा कोतवाली खलीलाबाद के रूप में हुई। सूचना पर पहुंचे परिजनों ने शव के शिनाख्त की पुष्टि की। पूछताछ में पता चला कि युवक पैदल ही कहीं से घर जा रहा था और अज्ञात वाहन की टक्कर से उसकी मौत हो गई। युवक के पास दो बेटियां और एक बेटा है। पीड़ित पत्नी माला देवी का रो-रो कर बुरा हाल था। रविवार को शव का पोस्टमार्टम कराया गया।

# सांथा ब्लाक के प्रधान संघ अध्यक्ष पर ईंट व राड से हमला, घायल

- जान से मारने की नीयत से साजिश के तहत हमले का लगाया आरोप
- तहरीर देकर आरोपितों के विरुद्ध कार्रवाई करने की मांग

संवाद सूत्र, सांथा: बखिरा थाना क्षेत्र के अठलोहिया गांव में ग्राम प्रधान व प्रधान संघ अध्यक्ष रणवीर पांडेय पर जानलेवा हमले का मामला सामने आया है। पीड़ित प्रधान ने गांव के ही कुछ लोगों पर ईंट और लोहे की राड से हमला करने का आरोप लगाया है। घटना में उनके चेहरे और सिर पर गंभीर चोटें आई हैं। उन्होंने बखिरा थाने में तहरीर देकर हमलावरों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।


रणवीर पांडे, प्रधान संघ अध्यक्ष, सांथा।

तहरीर के अनुसार, रविवार की शाम लगभग 5:30 बजे रणवीर पांडेय अपने प्लांट पर बैठे थे। इसी दौरान गांव के कुछ लोग वहां पहुंचे और शौचालय योजना की भुगतान प्रक्रिया पर सवाल उठाने लगे। उन्होंने बताया कि संबंधित अधिकारियों से फोन पर बातचीत कर उन्हें स्थिति स्पष्ट की गई। तभी अचानक दो लोगों ने राड और ईंट से उन पर हमला कर दिया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए। प्रधान ने बताया कि शोर सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और बीच-बचाव किया। इसके बाद वह चौराहे स्थित एक मेडिकल स्टोर पर दवा लेने पहुंचे, तो देखा कि हमलावर एक अन्य स्थानीय व्यक्ति के साथ बैठे हैं। जिससे उन्होंने उस व्यक्ति की घटना में संलिप्तता का भी आरोप लगाया है। दूसरी ओर, हमलावर बताए जा रहे पक्ष ने भी बखिरा थाने पर प्रधान पर जातिसूचक शब्दों के इस्तेमाल और मारपीट करने का आरोप लगाते हुए तहरीर दी है। देर रात तक दोनों पक्षों का थाने पर जमावड़ा बना रहा।

मैं अभी बाहर हूं। थाने पर पहुंचकर पूरे प्रकरण की जानकारी करूंगा। जांच-पड़ताल में जो तथ्य सामने आएंगे, उसके अनुसार आगे की विधिक कार्रवाई की जाएगी।
राकेश कुमार सिंह, प्रभारी निरीक्षक बखिरा

# शराब की दुकान हटाने को लेकर सड़क पर उतरीं महिलाएं

## धरना देकर बुलंद की आवाज, छेड़छाड़, मिला आश्वासन और कोचिंग सेंटर के सामने दुकान से परेशानी

संवाद सूत्र, मगहर : नगर पंचायत मगहर के काजीपुर चौराहे से रेलवे पुलिया की ओर जाने वाले मार्ग पर स्थित देशी शराब की दुकान को हटाने की मांग को लेकर शिकायत करने पर जब कार्रवाई नहीं हुई तो आक्रोशित महिलाएं रविवार की शाम को सड़क पर उतर गईं। धरना देकर शराब की दुकान हटाने की मांग को लेकर अड़ी रहीं।

इस दौरान शराब की दुकान करीब दो घंटे तक बंद रही। सूचना पर मगहर पुलिस मौके पर पहुंची, लेकिन महिलाएं अधिकारी को बुलाने की मांग पर अड़ी रहीं। काफी समय बाद पहुंचे आबकारी निरीक्षक विजय आनंद ने महिलाओं से बातचीत कर समस्या के शीघ्र समाधान का आश्वासन दिया।

महिलाओं ने आरोप लगाया कि दुकान आबादी के बीच है, जिससे छेड़छाड़ की घटनाएं होती हैं। दुकान के सामने कोचिंग सेंटर है, जहां रोजाना छात्र-छात्राएं पढ़ने जाती हैं। शराबियों की भीड़ के कारण माहौल बिगड़ता है और मासूमों का मनोबल प्रभावित होता है। शाम के वक्त मार्ग पूरी तरह जाम हो जाता है, जिससे राहगीरों और वाहन चालकों को परेशानी होती है। शराब ठीकेदार द्वारा मनमानी कर प्रतिबंधित समय में भी शराब बेची जा रही है। नशे में धुत वाहन चालकों से विवाद और झगड़े आम हो गए हैं।


आक्रोशित महिलाओं से वार्ता करते आबकारी निरीक्षक विजय आनंद व अन्य• जागरण

### धरने में शामिल रहीं यह महिलाएं

ऋषिकेश, किरण पासवान, सुभावती गौतम, सुनीता, संगीता, रूपम, माधुरी, आशा, मिथलेश देवी, द्रौपदी, पूर्णिमा, सरस्वती, सुमन, पूनम, इलाइची, विमला, निर्मला, रंभा, सुशीला, सविता, रमावती देवी, कबूतरा देवी, शीला, पूर्वावती देवी, मुन्ना निषाद, मीरा देवी सहित बड़ी संख्या में महिलाएं धरने में शामिल रहीं।

आबादी के बीच से शराब की दुकान हटाने की मांग को लेकर महिलाओं के धरना देने की जानकारी हुई है। मजिस्ट्रेट से इसकी जांच कराई जाएगी। अगर दुकान नियमों के विपरीत खोली गई है या फिर कोई विशिष्ट कारण पाया जाता है, तो इसे हटाने के बारे में विचार किया जाएगा।
आलोक कुमार, जिलाधिकारी

### पूर्व में शिकायत की है महिलाएं

धरने पर बैठी महिलाओं ने बताया कि एक सप्ताह पूर्व ही डीएम और जिला आबकारी अधिकारी को ज्ञापन सौंपा था, दुकान को आबादी क्षेत्र से हटाने की मांग की गई थी। अधिकारियों ने सात दिन में कार्रवाई का आश्वासन दिया।


शराब की दुकान हटाने की मांग को लेकर धरना देती महिलाएं• जागरण

# छह फीट से अधिक नहीं होंगी मूर्तियां, डीजे की आवाज होगी नियंत्रित

संवाद सूत्र, मगहर : दशहरा पर्व को सौहार्दपूर्ण और शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न कराने के उद्देश्य से रविवार को मगहर पुलिस चौकी परिसर में शांति कमेटी की बैठक का आयोजन किया गया। अध्यक्षता चौकी इंचार्ज मनीष जायसवाल ने की। बैठक में मूर्ति विसर्जन व जुलूस को लेकर व्यवस्थाओं की समीक्षा की गई। सभी मूर्तियों को क्रम संख्या (नंबरिंग) दिए जाने पर सहमति बनाने के साथ ही डीजे की आवाज नियंत्रित रखने और भीड़ नियंत्रण पर जोर दिया गया।

एसडीएम अरूण कुमार ने कहा कि पंडालों में जलते दीपकों से सतर्क रहने की जरूरत है। पास में बाल्टी, पानी, बालू आदि की व्यवस्था हो। महिलाओं की सुरक्षा के लिए सतर्कता बरती जाए। कोई भी नई परंपरा शुरू न की जाए। अगर रास्ते में कोई समस्या है, तो तत्काल सूचना दें।



मगहर पुलिस चौकी परिसर मे पीस कमेटी की बैठक करते एसडीएम अरूण कुमार, सीओ अजय सिंह व अन्य● जागरण

सीओ अजय सिंह ने कहा कि यह पर्व सत्य की असत्य पर विजय का प्रतीक है। इसे आपसी भाईचारे और सौहार्द के साथ मनाएं। मूर्तियों की ऊंचाई छह फीट से अधिक न हो। रूट का पालन करें, नई रूट की अनुमति नहीं दी जाएगी।

कोतवाली प्रभारी पंकज कुमार पांडेय ने कहा कि डीजे की ध्वनि सीमा के अनुसार ही रखी जाए। विशेष ध्यान रखा जाए कि बेस अत्यधिक न हो। प्रत्येक मूर्ति स्थल पर दो वालंटियरों की ड्यूटी तय हो। विद्युत तारों की ऊंचाई कम होने की सूचना अवर अभियंता को दे दी गई है, जल्द समाधान होगा।

चौकी इंचार्ज मनीष जायसवाल ने कहा कि मगहर संतकबीर की धरती है, जहां से सांप्रदायिक सौहार्द का संदेश पूरी दुनिया को जाता है। पर्व का उद्देश्य है कि हम एक-दूसरे के प्रति उदार और सहयोगी बनें। सभी नगरवासी पर्व को शांतिपूर्ण तरीके से मनाएं।

पूर्व चेयरमैन प्रतिनिधि राजेश बर्मा उर्फ गुड्डू बर्मा, मेंहदी हसन, अमीरुद्दीन कादरी, अब्दुल कलाम, अवधेश सिंह, त्रिलोकीनाथ बर्मा, अतुल श्रीवास्तव, चंदन सैनी, रविन्द्र कुमार, सुजीत कुमार, रणजीत सिंह, विशाल बर्मा, मुरारी गुप्त, भोलू पासवान, रईस आलम, परमात्मा मित्र सहित बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक, दुर्गा पूजा समितियों के प्रतिनिधि, एवं पुलिसकर्मी उपस्थित रहे।

# पुलिस के लिए सिर दर्द बनी कस्बे में हुई चोरी

जासं, मेंहदावल, संतकबीर नगर: मेंहदावल नगर पंचायत के नायक टोला मोहल्ले में सत्यवान पाठक के घर हुई चोरी की घटना पुलिस के लिए सिर दर्द बन गई है।

घटना के दूसरे दिन रविवार को मेंहदावल सीओ सर्वदमन सिंह, प्रभारी निरीक्षक सतीश कुमार सिंह जांच के लिए पहुंचे। सर्विलांस की टीम ने बीटीएस निकाला। इसके साथ ही लोकल फील्ड यूनिट ने भी घटना की गहनता से जांच की। फारेंसिक टीम पहले की जांच व साक्ष्य जुटा चुकी है। देर शाम एसओजी की टीम भी पीड़ित परिवार के घर पहुंची। घटना को लेकर परिवार के सदस्यों से वार्ता की गई।

इसके साथ ही चोरों ने घटना को अंजाम कैसे दिया, इसको लेकर बिंदुवार जांच पड़ताल की गई। हालांकि अभी तक इस मामले में चोरी का केस दर्ज नहीं किया गया है, लेकिन कस्बे में हुई यह चोरी पुलिस के लिए सिर दर्द बन गई है। प्रभारी निरीक्षक मेंहदावल सतीश कुमार सिंह ने कहा कि घटना की गहनता से जांच की जा रही है। अलग-अलग टीमों ने जांच किया है। अभी तक चोरी को लेकर कोई साक्ष्य नहीं मिले है। जल्द इस मामले में केस दर्ज कर मामले का अनावरण किया जाएगा।

# महिलाओं की सुरक्षा, सम्मान और सशक्तीकरण आवश्यक

- पुलिस लाइन परिसर से जागरूकता रैली को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना
- जनपद में मिशन शक्ति अभियान को प्रभावी ढंग से किया जाएगा लागू

जासं, संतकबीर नगर: एसपी संदीप कुमार मीना ने रविवार को पुलिस लाइन परिसर में एएसपी सुशील कुमार सिंह की उपस्थिति में महिला सशक्तीकरण जागरूकता रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यह रैली मिशन शक्ति-5.0 के तहत आयोजित की गई, जिसमें स्कूटी पर सवार महिला पुलिस कर्मियों का काफिला शामिल था।

एसपी ने कहा कि महिलाओं और बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान और सशक्तीकरण सुनिश्चित करने के लिए विभिन्न कार्यक्रम संचालित किए जा रहे हैं। पुलिस विभाग ने इस अभियान को प्रभावी ढंग से लागू करने के लिए ठोस कदम उठाए हैं। मिशन शक्ति 5.0 अभियान शारदीय नवरात्रि के एक दिन पहले यानी रविवार से शुरू होकर आगामी 24 दिसंबर तक चलेगा। यह अभियान प्रदेश में महिलाओं और बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान और सशक्तीकरण के लिए चलाया जा रहा है, और यह मिशन शक्ति का पांचवां चरण है। इसका मुख्य उद्देश्य महिलाओं के लिए एक सुरक्षित और सशक्त माहौल बनाना है, ताकि वे बिना किसी डर के आत्मविश्वास से आगे बढ़ सकें।



पुलिस लाइन परिसर में महिला सशक्तीकरण जागरूकता रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना करते एसपी संदीप कुमार मीना व एएसपी सुशील कुमार सिंह • जागरण

इस अवसर पर खलीलाबाद के सीओ अजय सिंह, मेंहदावल के सीओ सर्वदवन सिंह, धनघटा के सीओ प्रियम राजशेखर पाण्डेय, क्षेत्राधिकारी यातायात अभयनाथ मिश्र, प्रशिक्षु सीओ अमित कुमार, प्रतिसार निरीक्षक रामबली यादव, एसपी के पीआरओ पीके गुप्ता सहित अन्य पुलिस अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित रहे।

**मिशन शक्ति 5.0 की मुख्य विशेषताएं :** एसपी संदीप कुमार मीना ने बताया कि सभी थानों में 'मिशन शक्ति केंद्र' स्थापित किए गए हैं। ये केंद्र महिलाओं के लिए शिकायत दर्ज करने, कानूनी सहायता और परामर्श प्राप्त करने के लिए वन-स्टॉप सुविधा के रूप में कार्य करेंगे। हर पुलिस स्टेशन पर महिला बीट अधिकारियों को तैनात किया गया है, जो सीधे महिलाओं और लड़कियों से संपर्क कर उनकी समस्याओं को सुनेंगी और उन्हें सरकारी योजनाओं के बारे में जानकारी देंगी।

स्कूलों और कालेजों सहित अन्य स्थानों पर एंटी-रोमियो स्क्वाड को और अधिक सक्रिय किया जाएगा, जिससे मनचलों पर सख्त कार्रवाई हो सके। पुलिस की पैदल गश्त बढ़ाई जाएगी, जिससे सुरक्षा और निगरानी मजबूत हो सके। महिला पुलिस अधिकारियों द्वारा जागरूकता बढ़ाने के लिए बाइक रैलियां आयोजित की जा रही हैं। महिला हेल्पलाइन नंबर-1090, 181 और 112 के बारे में महिलाओं और बालिकाओं को जागरूक किया जाएगा।

---

# 46 वाहनों से वसूले 46 हजार रुपये शमन शुल्क

जासं, संतकबीर नगर: जिले की विभिन्न थानों की पुलिस व यातायात पुलिस कर्मियों ने रविवार को सार्वजनिक स्थानों पर वाहनों की जांच की। यातायात नियमों की अवहेलना कर आवागमन करने वाले वाहन चालकों को रोका। मोटर वाहन अधिनियम के तहत 46 वाहन स्वामियों से 46 हजार रुपये शमन शुल्क की वसूली की।

# शांतिभंग की आशंका में दो को दबोचा

पुरानी रंजिश को लेकर मारपीट करने पर उतारू थे, सूचना मिलने पर गांव में पहुंची पुलिस

जासं, संतकबीर नगर: जनपद की दो थाने की पुलिस ने रविवार को दो लोगों को पकड़कर थाने पर लाई। उनसे विवाद के कारण के बारे में पूछताछ की।

इसमें बेलहरकला पुलिस ने एक व धर्मसिंहवा पुलिस ने भी एक आरोपित को दबोचा है। ये लोग पुरानी रंजिश को लेकर मारपीट करने पर उतारू हो चुके थे। एएसपी सुशील कुमार सिंह ने बताया कि सूचना मिलने पर पुलिस गांव में पहुंची। पुलिस के हस्तक्षेप से मामला शांत हुआ।

# लंबित विवेचनाओं का जल्द करें निस्तारण

जासं, संतकबीर नगरः एएसपी सुशील कुमार सिंह ने गत शनिवार की रात धनघटा थाने में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की। इस बैठक में सीओ प्रियम राजशेखर पाण्डेय की उपस्थिति में धनघटा और महुली थाने के थानाध्यक्षों तथा उप निरीक्षकों के साथ चर्चा की गई।

एएसपी ने लंबित विवेचनाओं के मुद्दे पर गहन वार्ता की और विवेचकों से उन मामलों के लंबित रहने के कारणों के बारे में जानकारी प्राप्त की। उन्होंने स्पष्ट किया कि बिना उचित कारण के विवेचनाओं को लंबित रखने पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। एएसपी ने सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे इन मामलों का शीघ्र निस्तारण करें। उन्होंने जनशिकायतों की सुनवाई के महत्व पर जोर देते हुए तत्काल जांच और निस्तारण की आवश्यकता को रेखांकित किया। आपराधिक गतिविधियों पर प्रभावी नियंत्रण के लिए एएसपी ने सभी हल्का उप निरीक्षकों और सिपाहियों को निरंतर भ्रमण कर स्थिति का जायजा लेने के लिए कहा। थानाध्यक्ष धनघटा जय प्रकाश दूबे, थानाध्यक्ष महुली रजनीश राय और दोनों थानों के उप निरीक्षक भी उपस्थित रहे।



धनघटा में थानाध्यक्ष, एसआइ संग बैठक करते एएसपी सुशील कुमार सिंह • जागरण

# खेत देखने गई महिला से छेड़खानी, मुकदमा

संवाद सूत्र, सांथा: बेलहर थाना क्षेत्र के एक गांव में शुक्रवार को खेत देखने गई महिला के साथ छेड़खानी और मारपीट का मामला सामने आया है।

पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने आरोपित के खिलाफ छेड़खानी, मारपीट, अभद्र भाषा का प्रयोग और एससी/एसटी एक्ट सहित गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है।

पीड़िता ने आरोप लगाया है कि शुक्रवार की सुबह जब वह खेत देखने गई थी, उसी दौरान गांव का युवक अरमान पुत्र अनवर पीछे से आकर उसे पकड़ लिया और गलत नीयत से छेड़खानी करने लगा। जब महिला ने विरोध किया तो आरोपित ने अपशब्द कहे और उसके साथ मारपीट की। इस दौरान आरोपित ने महिला को गला पकड़कर जमीन पर पटक दिया, जिससे उसका सिर खेत के कीचड़ में दब गया। प्रभारी निरीक्षक अनिल कुमार ने बताया कि पीड़िता की तहरीर के आधार पर प्राथमिकी दर्ज कर आगे की विधिक कार्रवाई की जा रही है।

# भाजपा नेता के साथ मारपीट

जासं, मेंहदावल: मेंहदावल में भारतीय जनता पार्टी से जुड़े नेता कौशल त्रिपाठी के साथ मारपीट का मामला प्रकाश में आया है। पुलिस ने प्रधान पुत्र समेत सात अज्ञात आरोपितों के खिलाफ केस दर्ज किया है।

तहरीर में भाजपा के मंडल महामंत्री कौशल त्रिपाठी पुत्र छेदीराम त्रिपाठी निवासी ईमिलीडीहा ने बताया कि वह गत 17 सितंबर की रात 8:30 बजे मित्रों के साथ सब्जी लेकर वापस घर जा रहे थे। गांव के बगीचे में सत्यभान साथियों के साथ पुरानी रंजिश को लेकर मेरे ऊपर हमला कर दिया। मेरे साथ मारपीट की गई। ग्रामीणों ने उनकी जान बचाई। प्रभारी निरीक्षक सतीश सिंह ने कहा कि केस दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है।

# युवक की पिटाई के मामले में पांच आरोपितों पर केस

जासं, मेंहदावल: पुलिस ने दो दिन पूर्व बाजार गए युवक की पिटाई के मामले में पांच आरोपितों के खिलाफ मारने-पीटने, जान-माल की धमकी देने, एससी-एसटी एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया है। तहरीर में पश्चिम टोला निवासी संदीप कुमार पुत्र सुभाष ने उल्लेख किया है कि वह मित्र के साथ कपड़ा खरीदने गए थे।

# सोहरवलिया में प्राथमिक विद्यालय की भूमि पर अवैध कब्जा करने का आरोप

**जासं, मेंहदावल**: मेंहदावल थाना क्षेत्र के सोहरवलिया में प्राथमिक विद्यालय की जमीन पर अवैध कब्जा करने का मामला प्रकाश में आया है। इस मामले में मुख्यमंत्री के जनता दरबार में शिकायत कर कार्रवाई करने की मांग की गई है। दिए गए शिकायती पत्र में साड़ेकला के सोहरवलिया टोला निवासी चौथी प्रसाद ने उल्लेख किया है कि प्राथमिक विद्यालय की भूमि पर कुछ लोगों ने दीवार बनाकर व सीमेंट शेड डालकर अवैध रूप से कब्जा कर लिए है। कई बार शिकायत करने के बाद भी इनके कब्जे से भूमि मुक्त नहीं हो पाई है। पीड़ित ने अवैध कब्जा हटवाने की मांग की है।

# तेज रफ्तार वाहन की ठोकर से सड़क पार कर रहे युवक की मौत

संवाद सूत्र, बघौली : कोतवाली खलीलाबाद क्षेत्र के जंगल कला (पल्थिया खुशिया) के पास शनिवार की देर रात सड़क हादसे में 38 वर्षीय युवक की मौत हो गई। युवक काम से लौटते समय मेंहदावल-खलीलाबाद मार्ग पार कर रहा था, तभी तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने उसे टक्कर मार दी।



रविन्दर यादव • (फाइल फोटो)

मृतक की पहचान रविंदर यादव पुत्र निकहू यादव निवासी ग्राम चनवापार, थाना खलीलाबाद के रूप में हुई है। रविंदर खलीलाबाद में पेंट-पालिश का कार्य करता था। रोज की भांति शनिवार की रात 12 बजे वह अपने घर लौट रहा था। कस्तूरबा स्कूल, जंगल कला के पास सड़क पार करते समय यह हादसा हो गया।

रविंदर यादव अपने पीछे पत्नी मालती देवी, तीन बेटे और एक बेटी छोड़ गया है। घर का इकलौता कमाने वाला व्यक्ति अब नहीं रहा, जिससे परिवार पर आर्थिक और भावनात्मक संकट आ गया है। पत्नी मालती देवी का रो-रोकर बुरा हाल है। सूचना मिलने पर कोतवाली खलीलाबाद पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस अज्ञात वाहन की तलाश में जुट गई है।

# महिला जागरूकता रैली को दिखाई हरी झंडी

संवाद न्यूज एजेंसी

संतकबीरनगर। एसपी संदीप कुमार मीना ने रविवार को रिजर्व पुलिस लाइंस में महिला सशक्तिकरण जागरूकता रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। अभियान शारदीय नवरात्रि के पहले दिन 22 सितंबर से शुरू होकर 24 दिसंबर तक चलेगा ।

महिलाओं की सुरक्षा, सम्मान और सशक्तिकरण के लिए शुरू किया गया अभियान 'मिशन शक्ति 5.0' का पांचवा चरण प्रारंभ है।

## सोमवार से तीन माह तक लगातार चलेगा अभियान

एसपी संदीप कुमार मीना ने बताया कि इस मिशन का मुख्य लक्ष्य महिलाओं के लिए एक सुरक्षित और सशक्त माहौल बनाना है। जहां वह बिना किसी डर के आत्मविश्वास से आगे बढ़ सकें। नारी सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन को बढ़ावा देकर समग्र विकास को गति देना इसका उद्देश्य है। इसके लिए जिले में 9 मिशन शक्ति केंद्र स्थापित किए गए हैं।

# खेत गई महिला से छेड़खानी, केस दर्ज

**बेलहर।** बेलहरकला थाना क्षेत्र के एक गांव में खेत देखने गई महिला के साथ छेड़खानी के आरोप में पुलिस ने केस दर्ज किया है। एसओ अनिल कुमार ने बताया कि पुलिस को दी तहरीर में महिला ने बताया कि शुक्रवार की सुबह वह अपना खेत देख रही थी। उसी दौरान गांव का अरमान पीछे से आकर उनको पकड़ लिया और छेड़खानी करने लगा। जिसका विरोध करने पर गाली व लात मुक्का थप्पड़ से मारते हुए गला पकड़कर पटक दिया। जिससे खेत के कीचड़ में वह दबी रही। शोर मचाने के बाद छोड़ दिया और जाति सूचक शब्द का प्रयोग करके गाली देते हुए धमकी देने लगा। संवाद

# महिला को धमकी देने के आरोप में केस

**संतकबीरनगर।** कोतवाली खलीलाबाद पुलिस ने महिला की शिकायत पर एक आरोपी के खिलाफ केस दर्ज किया है। कोतवाल पंकज कुमार पांडेय ने बताया कि शहर निवासी महिला विजयलक्ष्मी ने अपने शिकायत में बताया कि उनके घर पर काम करने वाली लड़की लव मैरिज की है। उसका अपने पति बालमुकुंद निवासी ओदवलिया थाना सहजनवा जनपद गोरखपुर से संबंध अच्छा नही है। जिसके वजह से उक्त आरोपी 20 सितंबर को दिन में 12 बजे सेक्स रैकेट चलाने वाली कहकर अपशब्द का प्रयोग करने लगा। लड़की के ससुराल वाले उनको फोनकर व सोशल मीडिया पर गाली व जान से मारने की धमकी दे रहे हैं। संवाद

# शांतिभंग में दो आरोपियों का चालान

**संतकबीरनगर।** पुलिस टीम ने अलग-अलग मामले में दो आरोपियों का शांतिभंग में चालान किया। थाना बेलहरकला व धर्मसिंहवा पुलिस ने एक-एक आरोपी को पकड़कर समस्त विधिक कार्रवाई पूरी करके संबंधित मजिस्ट्रेट के समक्ष प्रस्तुत किया। जहां से दोनों आरोपी को जमानत पर रिहाकर दिया गया। संवाद

# साइकिल की चपेट में आने से घायल बुजुर्ग महिला की मौत

**बेलहर।** नगर पंचायत बेलहर कला में बेलहर चौराहे पर साइकिल की चपेट में आने से एक महिला की मौत हो गई। बेलहरकला के वार्ड नंबर दो चमरहिया निवासी कैलाशी (85) पत्नी स्व. झिनकू घर से दवा लेने चौराहे पर आ रही थी। इसी बीच सतई (32) पुत्र जगदीश कहार निवासी भटली जो पूर्ण रूप से दिव्यांग हैं वह साइकिल के सहारे पैदल बेलहर चौराहे से सब्जी लेकर जा रहे थे। इसी दौरान वृद्ध महिला के हाथ में एक डंडा था जो साइकिल के पहिये में फंस जाने से कैलाशी गिर गई और घायल हो गईं। परिजनों ने सीएचसी बेलहर पहुंचाया जहां डाक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। संवाद

# बाइक की टक्कर में दो लोग घायल

**संतकबीरनगर।** मेंहदावल थाना क्षेत्र के कुसम्हा गांव में दो बाइक की आपस में टक्कर हो गई। सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने स्थानीय लोगों की मदद से घायलों को उपचार के लिए एम्बुलेंस की मदद से सीएचसी मेंहदावल भेजवाया। जहां पर चिकित्सक की टीम ने घायल का दवा इलाज शुरू कर दिया। घायल की पहचान कपिलदेव व राजेश चौधरी निवासी डुमरिया के रूप में हुई। संवाद

# 46 वाहन चालकों से शमन शुल्क वसूला

संतकबीरनगर। पुलिस टीम ने ट्रैफिक नियम तोड़ने वाले 46 वाहन के चालकों पर नियमानुसार कार्रवाई की है। चेकिंग के दौरान यातायात संयुक्त पुलिस टीम ने यातायात नियम का उल्लंघन करने के मामले में 46 वाहन के चालकों से 46 हजार रुपये शमन शुल्क वसूल किया। संवाद

# शराब की दुकान हटाने के लिए धरने पर बैठीं महिलाएं

## काजीपुर मोहल्ले में आबादी के बीच 24 घंटे शराब की दुकान खुलने से आक्रोश

संवाद न्यूज एजेंसी

**मगहर।** नगरपंचायत मगहर के काजीपुर मोहल्ले में आबादी के बीच चल रही देशी शराब की दुकान को हटाने को लेकर महिलाओं ने रविवार को देर शाम हंगामा करते हुए धरने पर बैठ गईं।

इस दौरान सूचना पर पहुंची मगहर पुलिस चौकी इंचार्ज मनीष जायसवाल व आबकारी अधिकारियों के द्वारा महिलाओं को देर शाम तक समझाने का प्रयास किया जा रहा था।

नगर पंचायत मगहर के मोहल्ला जोकहिया निवासी ऋषिकेश, किरन पासवान, सुभावती गौतम, सुनीता, संगीता, रूपम, माधुरी, आशा, मिथलेश, देवी द्रोपदी, पूर्णिमा, सरस्वती, सुमन, पूनम, इलाइची, विमला, निर्मला, रंभा, सुशीला, सविता, रमावती देवी, कबूतरा देवी, शीला, पूर्वावती देवी, मुन्ना निषाद निर्मला देवी मीरा देवी आदि का कहना है कि काजीपुर चौराहे से इस्लामनगर मोहल्ले को जाने वाले मार्ग पर शराब की दुकान आबादी के बीच संचालित हो रही है। इस रास्ते से गुजरने वाली महिलाओं से शराबी बदतमीजी करते हैं। शराब की दुकान के सामने ही कोचिंग भी सेंटर है।



मगहर में शराब की दुकान हटाने को लेकर धरना दे रहे लोगों को समझाते पुलिसकर्मी। स्रोत - ग्रामीण

इसे हटाने के लिए मोहल्ले की महिलाओं ने 29 अगस्त को दुकान का घेराव किया था और कलेक्ट्रेट पहुंचकर धनघटा और मेंहदावल विधायक से शिकायत की। जहां से सभी को दुकान हटाए जाने का आश्वासन मिला था।

परंतु समय पूरा होने के बाद भी कोई कार्रवाई न होने से नाराज महिलाओं ने रविवार की सांय शराब की दुकान के सामने बैठ कर फिर धरना-प्रदर्शन पर करना पड़ रहा है।

मौके पर पहुंचे आबकारी निरीक्षक विजय आनन्द ने बताया कि महिलाओं के शिकायती पत्र पर विभाग गंभीरता से विचार कर रहा है। जल्द ही इसका निस्तारण किया जाएगा।

# सड़क हादसे में घायल युवक की मौत

## कोतवाली क्षेत्र के जंगलकला के पास शनिवार रात हुआ हादसा

संवाद न्यूज एजेंसी

**संतकबीरनगर।** कोतवाली खलीलाबाद थाना क्षेत्र के जंगल कला पोखरा के पास शनिवार की देर रात को अज्ञात वाहन की टक्कर से एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस ने उसे एम्बुलेंस की मदद से उपचार के लिए जिला अस्पताल भेजवाया। जहां पर चिकित्सक ने जांच के दौरान उसे मृत घोषित कर दिया।

कोतवाल पंकज कुमार पांडेय ने बताया कि शनिवार रात लगभग 12:30 बजे बघौली चौकी के जंगल कला पोखरा के पास हादसे में एक युवक के घायल होने की सूचना के बाद बघौली चौकी पुलिस को मौके पर भेजा गया था। पुलिस ने घायल को उपचार के लिए जिला अस्पताल भेजवाया। जहां पर चिकित्सक की टीम ने जांच के बाद उसके मौत होने की पुष्टि की। उसके पास एक मोबाइल बरामद हुआ था। बरामद मोबाइल फोन से पता कर फोन किया गया तो माला देवी पत्नी रविन्द्र निवासी चंदवा पोस्ट बघौली थाना कोतवाली खलीलाबाद ने शव की पहचान की और बताया कि वह उनके पति रविन्द्र पुत्र निकहू का है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिएजिला अस्पताल भेज दिया गया है। मामले में अभी तक कोई तहरीर नहीं मिला है।

# कांटे के पास बस की चपेट में आने से बाइक सवार गंभीर

**संतकबीरनगर।** कोतवाली खलीलाबाद थाना क्षेत्र के नेशनल हाईवे कांटे के पास शव लेकर जा रहे वाहन की चपेट में आने से एक युवक घायल हो गया। उपचार एक प्राइवेट अस्पताल में चल रहा है।

जानकारी के अनुसार खम्हरिया गांव निवासी हर्षित शनिवार की देर शाम को किसी काम से कांटे चौराहा पर आए हुए थे। वापसी के दौरान अयोध्या की तरफ शव लेकर जा रहे वाहन की चपेट में वह आने से घायल हो गए। सूचना के बाद कांटे चौकी पुलिस ने स्थानीय लोगों की मदद से उन्हें उपचार के लिए जिला अस्पताल भेजवाया। जहां पर चिकित्सक ने प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर स्थिति देखकर गोरखपुर मेडिकल कॉलेज के लिए रेफर कर दिया। परिजन निजी अस्पताल में इलाज करा रहे हैं। वहीं कांटे चौकी पुलिस शव को दूसरे वाहन से भेज दिया और बस को कब्जे में लेकर चालक से पूछताछ शुरू कर दी है। कोतवाली पुलिस को मामले में अभी तहरीर भी नहीं मिली है। संवाद

# महुली क्षेत्र में 144 मूर्तियां होंगी स्थापित

**धनघटा।** महुली थाना क्षेत्र में शारदीय नवरात्रि पर्व विभिन्न स्थानों पर 144 मूर्तियां स्थापित होगी। इसके लिए 144 पंडाल बनाने को अंतिम रूप दिया जा रहा है। तथा मूर्ति विसर्जन के लिए भी स्थल निर्धारित किया गया हैं। थानाध्यक्ष महुली रजनीश राय ने जानकारी देते हुए बताया कि क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पुलिस पूरी तरह सतर्क है। थाना क्षेत्र के बॉर्डर इलाके जैसे काली चौकी क्षेत्र के पीडिया बाजार, मुखलिसपुर, भोगीपुर, जमुहट मैनसिर, नाथनगर बाजार में लगाए गए सीसीटीवी कैमरे को सक्रिय कर दिया गया है। जिससे बॉर्डर के अलावा आंतरिक स्थान की निगरानी सुनिश्चित की जा सके। उन्होंने क्षेत्रीय जनता से शांतिपूर्ण माहौल में पूजा अर्चना करने व मूर्ति स्थापित और विसर्जन करने की बात कही। संवाद



मगहर पुलिस चौकी पर पीस कमेटी की बैठक हुई। स्रोत पुलिस

# आपसी सौहार्द और भाईचारे के साथ मनाएं त्योहार : एसडीएम

संवाद न्यूज एजेंसी

मगहर। दशहरा पर्व को सकुशल सम्पन्न कराने के लिए रविवार को पीस कमेटी की बैठक मगहर पुलिस चौकी परिसर में चौकी इंचार्ज मनीष जायसवाल की अध्यक्षता में हुई। इस दौरान लोगों से सुझाव व सहयोग की अपील करते हुए कस्बे की मूर्तियों की नंबरिंग की बात रखी गई, जिससे जुलूस को लेकर कोई समस्या न हो।

एसडीएम सदर अरुण कुमार ने कहा कि पंडालों में जलने वाले दीपक से सजग रहना होगा। बाल्टी में पानी, बालू आदि सामग्री जरूर रखें। सुरक्षा के लिए पुख्ता इंतजाम किए जाए। डीजे की आवाज संयमित रहे, उसके ऊपर कोई न बैठें, यह सुनिश्चित कराया जाए। कोई नई परंपरा न डालें। सीओ सदर अजय सिंह ने कहा कि यह सत्य की असत्य पर जीत का पर्व है। इसे आपसी भाईचारे सौहार्द के साथ मनाएं।

मूर्तियों की ऊंचाई छह फिट से ज्यादा न रहे। मूर्ति के क्रम को लेकर विवाद न करें। इसका खुद निर्धारण कर लें। विसर्जन का पुख्ता इंतजाम रहेगा। दुर्घटना को रोकने का प्रयास किया जाएगा। नए रूट की अनुमति नहीं होती।

इस दौरान कोतवाली प्रभारी पंकज कुमार पांडेय, राजेश वर्मा उर्फ गुड्डू मेंहदी हसन, अमीरुद्दीन कादरी, अब्दुल कलाम, अहमद अली, अवधेश सिंह, त्रिलोकीनाथ, अतुल श्रीवास्तव आदि मौजूद रहे।

# बाजार गए युवक को दबंगों ने पीटा पांच पर केस

**मेंहदावल।** बाजार गए युवक पर एकजुट होकर कुछ लोग टूट पड़े। उसे मारपीट कर घायल किया। मामले में मेंहदावल पुलिस ने पांच आरोपियों पर केस दर्ज किया है। मामला नगर पंचायत मेंहदावल के घोड़ागली का है।

पुलिस को दी तहरीर में संदीप कुमार पुत्र सुभाष निवासी पश्चिमटोला ने बताया कि शनिवार को वह अपने मित्र के साथ कपड़ा खरीदने गया था। तभी शंभू निषाद सहित कुछ अन्य लोग उसे कपड़े की दुकान से निकलते हुए देख लिए और गाली-गलौज करने लगे। विरोध करने पर सभी लोगों ने एकजुट होकर मारपीट कर घायल कर दिया और घसीटते हुए घोड़ागली के अंदर ले गए। मौके पर काफ़ी भीड़ जुट जाने के बाद वे उसे छोड़कर फरार हो गए।

मामले में पुलिस ने शंभू निषाद, अमरजीत निषाद, श्रवण, रिंकू साहनी निवासी मेंहदावल व एक अज्ञात पर मारपीट व एससी/एसटी एक्ट के तहत के दर्ज किया है। संवाद

# चोर के शोर में रतजगा कर रहे लोग, दे रहे पहरा

## शाम से ही युवाओं की टोली हाथ में लाठी-डंडा लेकर घूम रही गांव में

संवाद न्यूज एजेंसी

संतकबीरनगर। जिले में चोरी की घटनाएं बढ़ रही हैं, जिससे लोग दहशतजदा हैं। देर शाम से ही युवाओं की टोली हाथ में लाठी-डंडा लेकर पहरा दे रही है। गांव गली व मोहल्ले में जागते रहो का शोर गूंज रहा है। खलीलाबाद शहर से सटे लकाड़ी मिश्रौलिया, मड़या, अचकवापुर, पटखौली, सरौली और सरैया में लोग रतजगा कर रहे हैं। यही नहीं टोली बनाकर गांव में पहरा भी दे रहे हैं।

जनपद में चोर का शोर थमने का नाम नही ले रहा है। देर शाम से ही अनजान व्यक्तियों पर लोगों की निगाह टिक जा रही है। गांव गली व मोहल्ले में कोई अपरिचित चेहरा देखते ही लोग उसे सशंकित निगाह से देखने लगते है। चोर समझकर कई लोगों की पिटाई का भी मामला सामने आ चुका है। पुलिस भी लोगों को अफवाह से बचने के लिए जागरूक किया जा रहा है। इसके बाद भी चोर का शोर का नाम नहीं थम रहा है।

नगर पालिक परिषद खलीलाबाद के मड़या, अचकवापुर, मिश्रौलिया, सरैया पटखौली आदि मोहल्लों में शनिवार की शाम को चोर का शोर उठा। मिश्रौलिया मोहल्ला से सटे गांव लकाड़ी में भी लोग चोर आने से आशंकित होकर घर के बाहर निकलकर रखवाली करने में जुट गए। वहीं उड़सरा गांव में भी चोर की आशंका में लाठी-डंडा लेकर गांव के मुख्य मार्ग पर आकर निगरानी करने में जुटे रहे। शहर से लेकर गांव तक की गलियों में युवाओं की टोली जागते रहो का आवाज बुलंद कर रही है।

सूचना के बाद पुलिस टीम भी गश्त के लिए निकल गई। कोतवाल पंकज कुमार पांडेय ने बताया कि मामले की जानकारी के बाद पुलिस टीम जांच पड़ताल करने के लिए निकली थी। कहीं पर भी कोई संदिग्ध गतिविधि नहीं पाया गया।



मेंहदावल कस्बे में चोरों की अफवाह पर रात में पहरा देते लोग। संवाद

### ड्रोन की अफवाह ने भी उड़ाई नींद

मेंहदावल थाना क्षेत्र में चोर तथा ड्रोन का अफवाह प्रतिदिन सामने आ रहा है। बीते दिनों दो घरों में चोरी की घटना भी हो चुकी है। ऐसे में क्षेत्र में दहशत का माहौल है। शनिवार की रात में नायक टोला, सानी केवटलिया, बारागद्दी मुहल्लों में चोर आने का अफवाह उड़ा। जिस पर मोहल्लों के लोग हाथों में लाठी डंडा लेकर दौड़ पड़े। घंटों लोगों ने मशक्कत किया सूचना पाकर पुलिस भी पहुंची। लेकिन जांच पड़ताल के बाद न तो कोई चोर हाथ लगा और न ही किसी ने चोर को देखने की बात कबूल की। फिर भी टोली बनाकर लोग रात में पहरा दे रहे हैं। एसओ सतीश कुमार सिंह का कहना है कि थाना क्षेत्र में दो चोरी का मामला सामने आया है। जिसमें गहराई से जांच पड़ताल की जा रही है जल्द ही दोनों मामलों का खुलासा होगा।

जनता से अपील की जाती है कि वह अफवाहों से सावधान रहें। पुलिस उनकी सुरक्षा के लिए निरंतर गश्त कर रही है। जो युवा गश्त कर रहे हैं वह इस बात को ध्यान में रखें कि कानून को हाथ में लेने का प्रयास न करें। अगर कोई संदिग्ध दिखाई देता है तो इसकी जानकारी पुलिस को दें।
**-सुशील कुमार सिंह,** अपर पुलिस अधीक्षक

# पुलिस ने सात जोड़ों को बिखरने से बचाया

संतकबीरनगर। महिला थाना पर रविवार को टूटते परिवार को जोड़ने की एक पहल साथ-साथ कार्यक्रम के तहत पुलिस टीम ने सात जोड़ों को बिखरने से बचाया।

परिवार परामर्श केंद्र महिला थाना पर एसओ पूनम मौर्या एवं नियुक्त सदस्य रिफातुल्लाह अंसारी के अध्यक्षता में सात शिकायत पत्र की सुनवाई की गई। जानकारी के अनुसार रोशनी व सूरज, सरिता व जुगेश, बिंन्दू व अरुण, सरिता शर्मा व गुलाबचन्द्र, शकीला खातून व असगर अली, शकुंतला व पप्पू और सहजादी व मोहम्मद अकरम के मध्य पारिवारिक विवाद के कारण रिश्ता टूटने के कगार पर पहुंच गया था।

पुलिस टीम ने दोनों पक्षों को काफी समझा-बुझाकर एक साथ रहने के लिए तैयार कराया। संवाद

# महिलाओं ने शराब की दुकान हटाने को लेकर दिया धरना

मगहर(एसएनबी)। नगर पंचायत मगहर के मोहल्ला काजीपुर में आबादी के बीचो-बीच चल रही देशी शराब की दुकान को को लेकर आक्रोशित महिलायें रविवार की सायं दुकान पर धरने पर बैठ गई। महिलाओं को देख लोगों की भारी भीड़ इकट्ठा हो गई। जिसके कारण शराब की बिक्री बंद हो गई। सूचना पर पहुंचे मगहर चौकी इंचार्ज व आबकारी विभाग के अधिकारियो ने आक्रोशित महिलाओं को समझाने का प्रयास किया। लेकिन खबर लिखे जाने तक बात नहीं बन पाई थी।

**पन्द्रह दिन बाद भी दुकान हटाने की नहीं हुई कारवाई**

**24 घंटे शराब की दुकान खुलने का लगाया आरोप**

नगर पंचायत मगहर के जोकहिया निवासी ऋषिकेश, किरन पासवान, सुभावती गौतम, सुनीता, संगीता, रूपम, माधुरी, आशा, मिथिलेश देवी, द्रोपदी, पूर्णिमा, सरस्वती, सुमन, पूनम, इलाइची, विमला, निर्मला, रंभा, सुशीला, सविता, रमावती देवी, कबूतरा देवी, शीला, पूर्वावती देवी, मुन्ना निषाद निर्मला देवी मीरा देवी का कहना है कि काजीपुर चौराहे से इस्लामनगर को जाने वाले मार्ग पर देशी शराब की दुकान आबादी के बीचो बीच संचालित है। जिसे हटाने के लिए मोहल्ले की महिलाओं ने 29 अगस्त को दुकान का घेराव किया था। उसके बाद ज़िलाधिकारी कार्यालय पहुंचकर ज्ञापन दिया था। इस बीच धनघटा विधायक गणेश चौहान व मेंहदावल विधायक अनिल त्रिपाठी को भी समस्या से अवगत कराया था। दोनों जनप्रतिनिधियों और प्रशासनिक अधिकारी के आश्वासन पर आक्रोशित महिलाएं मान गई थीं। जब पंद्रह दिन बाद भी समस्या का समाधान नहीं हुआ तब उसके बाद दुकान के दरवाजे पर धरने पर बैठीं। इसकी सूचना चौकी प्रभारी मनीष जायसवाल को होनें पर हमराही के साथ शांति व्यवस्था में लग गए। आबकारी निरीक्षक विजयानंद ने भी आक्रोशित महिलाओं को समझाने का प्रयास किया लेकिन महिलाएं शराब की दुकान आबादी से बाहर ले जाने पर अड़ी रहीं। समाचार लिखे जाने तक बात बन नहीं पाई थी।

GONDA POLICE

4

# सराहनीय कार्य दिनांकः–22–09–2025

# प्रधान ने मारपीट का आरोप लगाया

छपिया। क्षेत्र के टेकगांव निवासी प्रधान रवीन्द्र ने पीटने का आरोप लगाया है। तहरीर के मुताबिक 19 सितम्बर की रात वह गांव के अनिल भारती के साथ रात में भ्रमण करके ग्रामीणों को सतर्क कर रहे थे। इसी बीच गांव के ही रहने वाले राजेश सहित अन्य ने रंजिश को लेकर अपशब्द कहते हुए दोनों को थप्पड़, लाठी, डंडे से मारने पीटने लगे।

# चोरों का खौफ, अफसरों ने संभाला मोर्चा

गोण्डा। चोरी की अफवाहों को लेकर पब्लिक व पुलिस दोनों इस समय सड़क पर हैं। पब्लिक हाथ में लाठी घूमकर रतजगा कर रही है तो पुलिस लोगों को अफवाहों से दूर रहने की सलाह देने में जुटी हुई है।

एसपी विनीत जायसवाल के निर्देश पर शनिवार रात्रि जनपद के सभी थाना क्षेत्रों में रात्रि गश्त एवं सघन चेकिंग अभियान चलाया गया। जनपद के सभी राजपत्रित अधिकारी ने अपने-अपने थाना क्षेत्रों में भ्रमण कर कानून-व्यवस्था की स्थिति का जायजा लेते रहे और आम नागरिकों को सतर्क एवं जागरूक रहने के लिए प्रेरित किया। इसी प्रकार सभी प्रभारी निरीक्षक व थानाध्यक्ष, चौकी प्रभारी,



रात में गश्त के दौरान लोगों से बातचीत करते पुलिस अफसर।

हल्का प्रभारी व बीट आरक्षियों ने नगर और ग्रामीण इलाकों के मुख्य चौराहों, बाजारों, कॉलोनियों, राजमार्गों तथा सुनसान स्थलों पर विशेष निगरानी की। दो व चार पहिया वाहनों की जांच की गई। बिना नंबरप्लेट या संदिग्ध वाहनों पर कार्रवाई की गई। बैंक, एटीएम, पेट्रोल पंप, होटल, ढाबों आदि संवेदनशील स्थानों की सुरक्षा जांच के साथ सुरक्षाकर्मियों को सतर्क रहने और संदिग्ध गतिविधि पर तुरंत पुलिस को सूचित करने को कहा है।

पहले दिन लोगों के घरों में हवन पूजन के साथ मंगल कलश की स्थापना के साथ 10 दिनों तक पूजा-अर्चना जारी रहेगी

# कलश स्थापना के साथ गूंजेंगे मां के जयकारे

**आस्था**

गोण्डा, हिटी। शक्ति स्वरुपा मां दुर्गा के सभी नौ स्वरुपों की उपासना का महापर्व शारदीय नवरात्र सोमवार से शुरू हो रहा है। पर्व में पहले दिन घरों में हवन पूजन के साथ मंगल कलश की स्थापना के साथ 10 दिनों तक पूजा-अर्चना जारी रहेगी। जिलेभर में 22 सौ से ज्यादा स्थानों पर पूजा पंडालों में मां की आराधना की जाएगी। रविवार को शहर की बाजारों में नवरात्र पूजन की सामग्रियों की दुकानों पर खरीदारों की भीड़ रही।



शहर में दुखहरण नाथ मंदिर के पास सजी पूजन सामग्री दुकान।

**कलश स्थापित करने से प्रसन्न होती है दुर्गा:** नवरात्रि पर्व पर कलश स्थापना का विशेष महत्व है। इसे शुभता, समृद्धि और शक्ति का प्रतीक माना जाता है। धार्मिक मान्यता है कि कलश में स्थापित जल जीवन और ऊर्जा का स्वरूप होता है। शास्त्रों में कलश को ब्रह्मा, विष्णु और महेश सहित समस्त देवी-देवताओं का स्थान बताया गया है। घर में कलश स्थापना से सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है और परिवार में सुख-शांति तथा समृद्धि बनी रहती है।

**शुभ मुहूर्त में कलश स्थापना फलदायी:** पंडित अमन तिवारी शास्त्री ने बताया कि कलश स्थापना हमेशा शुभ मुहूर्त में करनी चाहिए। इस बार कलश स्थापना का मुहूर्त सुबह 6 बजकर 09 मिनट से लेकर सुबह 08 बजकर 05 मिनट है। वहीं अभिजीत मुहूर्त में 11 बजकर 49 मिनट से लेकर दोपहर 12 बजकर 38 मिनट तक श्रद्धालु कलश स्थापना कर सकते हैं। कलश स्थापना से ही नवरात्रि की शुरुआत होती है और मां दुर्गा की आराधना पूर्ण फलदायी मानी जाती है। उन्होंने कहा कि कलश स्थापना के समय माता दुर्गा का आह्वान कर दीप प्रज्वलित किया जाता है। अक्षत, रोली, चावल और पुष्प अर्पित किए जाते हैं। गंगाजल, सुपारी, पंचमेवा और सिक्के डालकर कलश को पवित्र माना जाता है। फिर दुर्गा सप्तशती अथवा देवी कवच का पाठ किया जाता है। कलश के पास अखंड ज्योति जलाने का विधान है। श्रद्धालु नौ दिनों तक नियमपूर्वक आरती, भोग और मां की आराधना करते हैं।

**छपिया में नवरात्र की तैयारियां पूरी:** शारदीय नवरात्रि के मद्देनजर मसकनवा कस्बा सहित ग्रामीण क्षेत्रों में नव दुर्गा की तैयारियां जोरों पर है । मसकनवा कस्बा सहित ग्रामीण क्षेत्रों में दुर्गा मूर्तियों की स्थापना के लिए पंडाल सजाया जा रहा। क्षेत्र के हथियागढ़ बाजार, गड़रही, छपिया, परसा तिवारी, फुटहिया, चांदनी चौक, तालगंज ग्रंट, भोपतपुर में मूर्तियों की स्थापना की जायेगी। भगवान घनश्याम महराज की जन्मस्थली स्वामिनारायण मंदिर के महंत देव स्वामी, गुरु जगत प्रकाश स्वामी और कोठरी विष्णु स्वामी ने बताया कि नव दुर्गा की तैयारियां पूरी कर ली गयी है।

## वजीरगंज में 151 स्थानों पर होगी मूर्ति की स्थापना

वजीरगंज। स्थानीय थानाक्षेत्र मे 151 स्थानों पर पर दुर्गा प्रतिमाओं की स्थापना की जाएगी। पूजास्थलों की सजावट का कार्य किया जा रहा। केंद्रीय पूजा समिति के अध्यक्ष हरीश भारती ने बताया कि थाने पर पूजा समितियों के साथ बैठक कर नवरात्रि महोत्सव शांतिपूर्वक संपन्न कराने की तैयारियां पूरी कर ली गई है। नवरात्र का शुभारंभ सोमवार से हो रहा है। देवी प्रतिमाएं इसी दिन पूजास्थलों पर पहुंचेगी। मूर्ति कलाकार प्रतिमाओं को अंतिमरूप देने में लगे है।

## नवरात्र में दुर्गासप्तशती का पाठ कराने पर चर्चा

इटियाथोक। अंतराष्ट्रीय हिंदू परिषद, राष्ट्रीय बजरंग दल की ब्लॉक ईकाई की बैठक ब्लॉक अध्यक्ष श्रवण कौशल के आवास पर हुई। इसके मुख्य अतिथि विभाग संगठनमंत्री शिवराम सिंह रहे। उन्होंने कहा कि नवरात्र मे पूजा पंडालो मे लोकतांत्रिक पद्धति से शस्त्र पूजन कराना, दुर्गा सप्तशती का पाठ कराना और अधिक से अधिक हनुमान चालीसा केंद्र स्थापित कराना। विभाग महामंत्री फूल चंद्र आर्य ने कहा कि सभी पदाधिकारियों को आस पास के लोगो को मगलवार के दिन एकत्रित करके हनुमान चालीसा केन्द्र चलाना है। चालीसा केंद्रों के मजबूत होने से हिंदुत्व का पुनर्जागरण होगा। बैठक में राष्ट्रीय किसान परिषद बलरामपुर जिला कार्याध्यक्ष कृष्ण कुमार शुक्ल, अहिप ब्लॉक अध्यक्ष श्रवण कौशल, ब्लॉक महामंत्री सुरेंद्र सिंह, राष्ट्रीय बजरंग दल ब्लॉक अध्यक्ष मनसिज तिवारी ,ब्लॉक महामंत्री अमरेंद्र सिह, गिरीश, चंद्र भूषण आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## सीढ़ियों से गिरी किशोरी, मौत

मनकापुर : ग्राम बावसरा आझाराम के सोनबरसा पुरवा की आंचल मौर्या रविवार दोपहर में घर के छत पर कपड़ा फैलाने गई थी। उतरते समय सीढ़ियों से पैर फिसलने के कारण नीचे गिर गई। स्वजन ने नर्सिंग होम में भर्ती कराया, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। कोतवाल निर्भय नारायण सिंह ने बताया कि प्रकरण के बारे में जानकारी कर रहे हैं। (संसू)

## मोवाइल चोर गिरफ्तार

गोंडा : राजकीय रेलवे पुलिस ने रविवार को स्टेशन पर चेकिंग अभियान चलाया। निरीक्षक बांकेलाल ने बताया कि सीतापुर के शेखन टोली निवासी सलमान को गिरफ्तार किया गया है। आरोपित के पास से आइ फोन समेत दो मोबाइल बरामद किया गया। आरोपित पर अलग-अलग थाने में दस मुकदमे दर्ज हैं। (संसू)

## पारिवारिक विवाद में पी लिया ज्वलनशील पदार्थ, हालत गंभीर

पंड़रीकृपाल : नगर कोतवाली के जिगर स्कूल के पीछे की रहने वाली रिम्मी ने पारिवारिक विवाद में ज्वलनशील पदार्थ पी लिया। महिला की हालत बिगड़ने पर स्वजन ने ओएन पांडेय हास्पिटल में भर्ती कराया है। निरीक्षक अपराध सभाजीत सिंह ने बताया कि तहरीर नहीं मिली है। (संसू)

# बिजली विभाग के अवर अभियंता पर जानलेवा हमला, रंगदारी मांगी

## अभियंताओं में आक्रोश आंदोलन की चेतावनी



बिजली विभाग के कार्यालय में बैठक करते इंजीनियर्स • सौ. संगठन

संसू, जागरण • गोंडा : बिजली विभाग के अवर अभियंता (जेई) पर जानलेवा हमला करने के साथ ही रंगदारी मांगे जाने का मामला सामने आया है। जेई ने देहात कोतवाली में आरोपित के विरुद्ध मुकदमा कराया है। हमले को लेकर बिजली अभियंताओं में आक्रोश है। आरोपित की गिरफ्तारी न होने पर आंदोलन की चेतावनी दी गई है।

विद्युत उपकेंद्र खोरहसा के अवर अभियंता विशाल चौरासिया ने कहा कि वह 19 सितंबर को दोपहर में कार्यालय में बैठकर काम निपटा रहे थे। नेवारी गांव के रहने वाले अवनीश सिंह शराब पीकर उपकेंद्र परिसर में आ गए। उनके साथ गाली-गलौज की। मना करने पर धारदार हथियार से हमला कर दिया, जिससे उनके सिर व हाथ में चोट लगी है। आरोपित ने दस्तावेज छीने और 50 हजार रुपये रंगदारी मांगी। रुपये न देने पर जान से मारने की धमकी दी गई है। अवर अभियंता ने कहा कि वह काफी डरा सहमा है। ऐसे माहौल में काम कर पाना मुश्किल हो रहा है। राज्य विद्युत परिषद जूनियर इंजीनियर्स संगठन के क्षेत्रीय अध्यक्ष रामाजी ने जेई के साथ हुई घटना की निंदा की। कहा कि अवर अभियंता पर हमला करना दुर्भाग्यपूर्ण है। पुलिस ने अभी तक गिरफ्तारी नहीं की है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि पांच दिनों में आरोपित की गिरफ्तारी नहीं की जाती तो संगठन आंदोलन के लिए बाध्य होगा। इस संबंध में अधीक्षण अभियंता व मुख्य अभियंता से मुलाकात कर कार्रवाई के लिए कहा जाएगा। क्षेत्राधिकारी नगर आनंद राय ने कहा कि जेई की तहरीर पर आरोपित के विरुद्ध मुकदमा किया गया है। प्रभारी निरीक्षक को कार्रवाई का निर्देश दिया गया है।

# केंद्रीय राज्यमंत्री के खिलाफ मुकदमे का वादी गिरफ्तार

संसू, जागरण • गोंडा : केंद्रीय राज्यमंत्री कीर्तिवर्धन सिंह समेत छह आरोपितों के विरुद्ध मुकदमे के वादी को दूसरे प्रकरण में गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। केंद्रीय राज्यमंत्री के प्रतिनिधि राजेश सिंह के वाहन चालक के साथ मारपीट के मामले में कार्रवाई की गई है।

मनकापुर के भाले सुल्तानपुरवा निवासी पिंकू ने एफआइआर में कहा था कि वह केंद्रीय राज्यमंत्री के प्रतिनिधि राजेश सिंह की गाड़ी के चालक हैं। पांच मार्च की शाम को वह वाहन स्वामी को घर छोड़कर पैदल अपने घर जा रहे थे। रास्ते में ईदगाह के पास दूसरी तरफ से आ रहे भिटौरा निवासी अजय सिंह व दो अज्ञात व्यक्तियों ने रोक लिया और अभद्रता करते हुए जानमाल की धमकी दी। यही नहीं, आरोपितों ने पुराने मुकदमे में पैरवी करने से रोकते हुए मारपीट भी की। पुलिस ने एक नामजद समेत तीन लोगों के खिलाफ मुकदमा किया था।

पुलिस ने न्यायालय में आरोप पत्र दाखिल किया था। आरोपित न्यायालय में उपस्थित नहीं हो रहे थे, इसके बाद गैर जमानती वारंट जारी

**न्यायालय में उपस्थित न होने पर जारी किया गया था गैर जमानती वारंट, पुलिस ने की कार्रवाई**

**केंद्रीय राज्यमंत्री समेत छह के विरुद्ध मुकदमे का वादी है अजय सिंह**

जेल भेजे गए अजय सिंह के प्रार्थना पत्र पर सुनवाई करते हुए 11 अगस्त को एमपी/एमएलए न्यायालय की विशेष मजिस्ट्रेट अपेक्षा सिंह ने केंद्रीय मंत्री व उनके सहयोगियों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज करने का आदेश दिया था। केंद्रीय राज्यमंत्री ने विशेष मजिस्ट्रेट के आदेश को चुनौती देते हुए जिला न्यायाधीश के न्यायालय पर निगरानी प्रार्थनापत्र प्रस्तुत किया था। न्यायालय ने सुनवाई के लिए 13 अक्टूबर की तारीख नियत की है।

किया गया था।

मनकापुर कोतवाल निर्भय नारायण सिंह ने बताया कि न्यायालय से वांछित अजय सिंह को गिरफ्तार करके जेल भेज दिया गया है।

# मिशन शक्ति भवन का किया गया उद्घाटन

संसू, जागरण • वजीरगंज (गोंडा) : थाना परिसर में मिशन शक्ति भवन का उद्घाटन किया गया।

प्रभारी निरीक्षक यशवंत कुमार सिंह ने कहा कि 17 अक्टूबर 2020 को मिशन शक्ति अभियान के तहत महिलाओं व बालिकाओं की सुरक्षा, सशक्तिकरण व सम्मान का शुभारंभ किया गया। चार चरणों में इसका संचालन किया जा चुका है। तीन अक्टूबर 2024 से अभियान का पांचवा चरण शुरू किया गया है। थाना परिसर में मिशन शक्ति भवन बनाया गया है। महिलाओं और बालिकाओं की मदद की जाएगी आरोपितों पर कठोर कार्रवाई की जाएगी।

# व्यापारी ने खुद चुराया आभूषण, ग्राहक को पिटवाया, जांच में सामने आया सच

## चांदी का आभूषण **बेचने आए युवक पर** लगाया था चोरी का आरोप

संसू, जागरण • परसपुर (गोंडा): चोर-चोर की गुहार लगाकर जिस व्यक्ति की पिटाई कर पुलिस के हवाले किया गया था, जांच में वह बेकुसूर मिला है। शोर मचाने वाले सराफा व्यापारी ने ही पायल चुराई थी।

मामला पसका बाजार का है। बुधवार को सराफा व्यापारी आकाश सोनी चोर-चोर कहते हुए शोर मचाने लगा, जिससे काफी भीड़ एकत्र हो गई। दुकानदार ने बताया कि ग्राहक नकली चांदी का सामान बेचने आया था। इतना सुनते ही लोगों ने उस व्यक्ति की पिटाई शुरू कर दी। सूचना मिलते ही पसका चौकी की पुलिस ग्राहक को चौकी ले गई। चौकी प्रभारी सावन सिंह ने बताया कि बहुअन मदार मांझा गांव का रहने वाले अरुण निषाद चांदी का आभूषण सराफा दुकानदार के यहां बेचने आया था, जिसमें से एक जोड़ी पायल दुकानदार ने चोरी कर लिया और बचे आभूषण को नकली बताने लगा, इसी को लेकर दोनों में नोकझोंक होने लगी। दुकानदार ग्राहक को ही चोर बताते हुए शोर मचाने लगा। पुलिस की सख्ती पर दुकानदार ने चोरी की गई पायल को ग्राहक को वापस किया। भविष्य में ऐसी गलती नहीं करने को कहा। थानाध्यक्ष अनुज त्रिपाठी ने बताया कि ग्राहक को उसका सामान मिल गया है। जिसके बाद दोनों के बीच समझौता हो गया है।

## अफवाहों पर नहीं लगा विराम, ग्रामीण परेशान



तरबगंज कस्बे में गश्त के दौरान नागरिकों से बात करते एएसपी राधेश्याम राय• सौ. पुलिस

जागरण टीम • गोंडा: चोरी व छिनैती की अफवाहें कम नहीं हो रही हैं। शनिवार की रात में भी कई गांवों में ऐसे मामले सामने आए हैं। पीड़ितों ने पुलिस को तहरीर दी है। चोरी की अफवाह को लेकर ग्रामीण रात भर लाठी, डंडा व टार्च लेकर रतजगा कर रहे हैं। पुलिस गश्त बढ़ाने का दावा का कर रही है।

पंड़रीकृपाल: चिलबिला खत्तीपुर निवासी राजदत्त तिवारी ने बताया कि शनिवार की रात में अज्ञात चोर घर में घुसकर उनकी बहू से आभूषण छीन ले गया। देहात कोतवाल संजय सिंह ने बताया कि जांच में प्रकरण संदिग्ध लग रहा है।

परसपुर: राजापुर के सूर्य पुरवा में मनीष तिवारी ने दी गई तहरीर में कहा कि घर में घुसकर चोर सात लाख के आभूषण व 10 हजार रुपये नकद चुरा ले गए। वहीं, पसका के कोयलरिहन पुरवा के रहने वाले कैलाश यादव के घर मे घुसकर चोर करीब तीन लाख के आभूषण चुरा ले गए। थानाध्यक्ष अनुज त्रिपाठी ने कहा जांच की ज रही है।

छपिया: देवगांव निवासी प्रधान रवींद्र कुमार वर्मा ने बताया कि 1 सितंबर की रात में गांव के अनिल कुमार भारती के साथ भ्रमण कर रहे थे। ग्रामीणों को चोरी की अफवाहें से सतर्क किया जा रहा था। गांव के राजेश वर्मा, बृजेश वर्मा, लवकुश और अविनाश ने लाठी-डंडों से हमला कर घायल कर दिया। प्रभारी निरीक्षक विंदेश्वरी मणि त्रिपाठी ने बताया कि आरोपितों के खिलाफ मुकदमा किया गया है। वहीं, नगर कोतवाली पुलिस ने मंदिर से घंटा चुराने के आरोपित पुष्पेंद्र पांडेय निवासी मछली गांव रोहावां को गिरफ्तार किया है।

# बुखार से बालक की मौत, आठ मरीज मेडिकल कॉलेज में भर्ती

**गोंडा।** बारिश के बाद वायरल बुखार का प्रकोप तेजी से बढ़ रहा है। मेडिकल कॉलेज में भर्ती बुखार पीड़ित बालक की रविवार को मौत हो गई। वहीं, 48 घंटे के भीतर मेडिकल कॉलेज में बुखार के आठ मरीज भर्ती कराए गए हैं।

बहराइच के भोपतपुर अल्लीपुर निवासी चंद्रपाल ने बताया कि उनके पौत्र गुरमीत (7) को शुक्रवार शाम तेज बुखार हो गया। उसे करनैलगंज के निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। रविवार को हालत बिगड़ने पर मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया। मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराने के दो घंटे बाद गुरमीत की मौत हो गई। परसपुर के हरिशंकर, धनोहरी की आरती, मोतीगंज के कासिम, भुलभुलिया की अंशिका, कटरा बाजार के पूरे बहोरी निवासी आशा सहित आठ लोगों को मेडिकल कॉलेज में भर्ती किया गया है।

**डेंगू वार्ड में एक मरीज भर्ती :** मेडिकल कॉलेज में प्रथम तल पर बने 10 बेड के डेंगू वार्ड में एक मरीज भर्ती है। मछलीगांव निवासी शिवशंकर की जांच रिपोर्ट डेंगू पॉजिटिव आने पर उन्हें आइसोलेशन में भर्ती कर उपचार किया जा रहा है। कई की डेंगू जांच के लिए सैंपल भेजा गया है। (संवाद)

# पूर्व सांसद बृजभूषण ने राहुल के खिलाफ खोला मोर्चा

**गोंडा।** पूर्व सांसद बृजभूषण शरण सिंह ने रविवार को कहा कि राहुल गांधी की भाषा जिहादियों और आतंकवादियों जैसी है। पूर्व सांसद आवास पर जनता दर्शन में लोगों की समस्याएं सुन रहे थे।

वोट चोरी के पक्के सबूत और हाइड्रोजन बम फोड़ेंगे... जैसे राहुल गांधी के बयान पर बृजभूषण ने कहा कि जिस भाषा का इस्तेमाल राहुल गांधी कर रहे हैं, वह संसदीय भाषा नहीं है। उन्हें अगर कोई दिक्कत है। कोई घोटाला पकड़ा है तो बताना चाहिए। संसद में चर्चा कर सकते हैं। सुप्रीम कोर्ट जा सकते हैं।

मीडिया से बात करते हुए पूर्व सांसद ने कहा कि दलित उत्पीड़न, दहेज उत्पीड़न और यौन शोषण से जुड़े कानूनों का राजनीतिक दुरुपयोग किया जा रहा है। उन्होंने इन कानूनों की समीक्षा कर आवश्यक संशोधन की सरकार से मांग की। पीओके से संबंधित सवाल पर उन्होंने कहा कि जब तक पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर भारत के कब्जे में नहीं आता, तब तक सीमा पर शांति संभव नहीं है। भारत-पाकिस्तान क्रिकेट मैच पर हल्के अंदाज में उन्होंने कहा कि भारत हमेशा पाकिस्तान को हराता है और इस बार भी जीत दर्ज करेगा। (संवाद)

# प्रधान को धमकाने में चार पर मुकदमा

**बभनान/मसकनवा।** देवगांव के ग्राम प्रधान रवींद्र कुमार वर्मा को धमकाने और गाली गलौज करने के आरोप में पुलिस ने चार लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। प्रधान ने छपिया थाने में रविवार को तहरीर दी थी कि 19 सितंबर रात 8:30 बजे वह और अनिल कुमार भारती गांव में भ्रमण कर रहे थे। तभी राजेश वर्मा, बृजेश वर्मा, लवकुश व अभिनाप ने पुरानी रंजिश के चलते उन्हें गाली देते हुए अनिल पर हमला कर दिया। प्रभारी निरीक्षक बिंदेश्वरी मणि त्रिपाठी ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर विवेचना क्षेत्राधिकारी मनकापुर को भेजी गई है। (संवाद)

# मारपीट के मामले में केस दर्ज

**खोड़ारे।** महराजगंज ग्रंट के सहियवा निवासी प्रमिला ने बताया कि शुक्रवार रात वह अपने घर में सो रही थी। गांव निवासी रामू शराब के नशे में घर के दरवाजे पर आया और गाली-गलौज करने लगा। मना करने पर मारपीट की। थानाध्यक्ष प्रबोध कुमार ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। (संवाद)

# विवाद में मारपीट, केस दर्ज

**वजीरगंज।** गेड़सर के साकलदीपी पुरवा निवासी माया देवी ने थाने में तहरीर देकर बताया कि शनिवार रात नौ बजे गांव का आनंद कुमार गौतम उनके दरवाजे पर आया और पूर्व में हुई कहासुनी को लेकर उन्हें और उनके पुत्र नितेश को मारा पीटा। प्रभारी निरीक्षक यशवंत सिंह ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर जांच की जा रही है। (संवाद)

# संदिग्ध व्यक्ति हिरासत में

**दुबहा बाजार/माधोपुर।** कौड़िया के सेहरिया कला चौराहे पर शनिवार रात ग्रामीणों ने एक संदिग्ध व्यक्ति को चोर समझकर पकड़ लिया। सूचना पर चौकी प्रभारी अजय कुमार सिंह मौके पर पहुंचे और उसे हिरासत में ले लिया। पुलिस के अनुसार वह व्यक्ति मानसिक रूप से बीमार प्रतीत हो रहा है और अपना नाम-पता तक नहीं बता पा रहा। जांच जारी है। (संवाद)

# युवती के अपहरण का मुकदमा दर्ज

**कटरा बाजार।** एक गांव निवासी व्यक्ति ने शनिवार को रिपोर्ट दर्ज कराई कि पहाड़ापुर निवासी मुन्ना श्रीवास्तव बीते 14 सितंबर को उसकी 18 वर्षीय बेटी को अगवा कर ले गया है। इंस्पेक्टर राजेश कुमार सिंह ने बताया कि आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच की जा रही है। (संवाद)

# पंजाब-हरियाणा तक हो रही थी खैर की तस्करी

संजय तिवारी

बलरामपुर। सोहेलवा वन्यजीव प्रभाग के जंगलों में वर्षों से चल रहे खैर लकड़ी (लाल सोना) तस्करी के खेल का भंडाफोड़ हुआ है। इसकी मांग हरियाण और पंजाव के साथ ही कन्नौज में भी है। कन्नौज में इस लकड़ी का प्रयोग इत्र वनाने, तो हरियाणा व पंजाव में कत्था व वेशकीमती फर्नीचर के काम में आता है। करीव पांच हजार रुपये प्रति किलो की दर से विकने वाली लकड़ी की नेपाल और थाइलैंड में भी अच्छी मांग है।

**फॉलोअप**

इसी कारण इसकी व्यापक स्तर पर तस्करी हो रही है। पुलिस सूत्रों के अनुसार वलरामपुर के साथ ही खैर तस्करों के तार महराजगंज और कुशीनगर से भी जुड़े हैं।

शुक्रवार की रात पुलिस को सूचना मिली कि गिरोह के लोग लकड़ी लादकर लखनऊ भेजने वाले हैं। हरैया रेंज की सीमा में जैसे ही संदिग्ध ट्रक दाखिल हुआ, पुलिस ने पीछा किया। ट्रक को रोका तो उसके अंदर गिट्टी और खाद भरी थी, लेकिन नीचे खैर की मोटी-मोटी वल्लियां छिपी हुई थीं। वन्यजीव विशेपज्ञ जीतेंद्र के अनुसार खैर की अंधाधुंध कटान से जंगल का संतुलन विगड़ गया है। शनिवार को रेंजर व 18 अन्य के विरुद्ध गैंगस्टर की कार्रवाई के वाद पुलिस ने कार्रवाई व दायरा वढ़ा दिया है।

### रेंजर करता था मदद, सोहेलवा जंगल में लंबे समय से चल रहा थ लाल सोने का काला कारोबार

## रेंजर गिरोह को रखता था सुरक्षित

वन विभाग का रेंजर राकेश पाठक गिरोह को सुरक्षा कवच प्रदान करता था। आरोप कि वह गश्त के समय और रूट की जानकारी माफिया को पहले ही दे देता था। कई बार तो विभागीय कागजों में अवैध लकड़ी को वैध दिखाने का खेल भी इसी की मदद से हुआ। पुलिस ने अब उसके खिलाफ भी सख्त कार्रवाई की तैयारी की है। गिरोह ने खैर की लकड़ी छुपाने के लिए गांवों के किनारे गुप्त गोदाम बना रखे थे। पुलिस की कार्रवाई में कटहरी, हरैया और रेहरा क्षेत्र में कई जगहों से बड़ी मात्रा में लकड़ी बरामद हुई है।

## गिरोह का खेल

- जंगल में खैर के पेड़ की जड़ों में पहले आरी चलाते थे।
- कुछ दिन बाद पेड़ गिरता तो लकड़ी उठाकर खेतों और नालों में छिपा देते।
- ट्रकों में ऊपर खाद-गिट्टी भरकर नीचे लकड़ी भेजते।
- सौदेबाजी और ट्रांसपोर्ट का संचालन लखनऊ से।

## लखनऊ से संचालित हो रहा था तस्करी का नेटवर्क

पुलिस की जांच में सामने आया कि लकड़ी तस्करी गैंग का सरगना अनूप शुक्ला तुलसीपुर का रहने वाला है। गिरोह का संचालन लखनऊ से होता था। लखनऊ निवासी प्रीतमपाल सिंह को अनूप ने गिरोह में शामिल कर रखा था। पुलिस के अनुसार उसके घर पर ही सौदा तय होता था। गाड़ियों की रवानगी का समय भी वहीं तय होता था। इसमें लखनऊ के भी कुछ ट्रांसपोर्टर शामिल हैं। अब पुलिस ऐसे ट्रांसपोर्टरों की सूची बना रही है, जिनके माध्यम से खैर की लकड़ी पंजाब-हरियाणा तक भेजी जाती थी। रेंजर के साथ अनूप शुक्ला और उसके साथियों पर पुलिस ने गैंगस्टर एक्ट लगाया है। अब उनकी करोड़ों की अवैध संपत्तियों की कुर्की की तैयारी चल रही है। लखनऊ और गोंडा में उनके नाम पर खरीदे गए प्लॉट, मकान और गोदामों की सूची प्रशासन ने तैयार चल रही है।

# कीर्तिवर्धन के चालक को पीटने का आरोपी गिरफ्तार

गोंडा। केंद्रीय राज्यमंत्री कीर्तिवर्धन सिंह के चालक पिंकू की पिटाई करने के आरोपी अजय सिंह को शनिवार देर रात पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। कोतवाल निर्भय नारायण सिंह ने बताया कि मनकापुर गांव निवासी पिंकू छह माह पहले पटेलनगर में गाड़ी खड़ी करने के बाद अपने घर जा रहा था। तभी कर्बला के पास अजय सिंह निवासी भिटौरा ने उसे रोक लिया और आपसी विवाद में पिटाई कर दी।

मामले में मारपीट व एससी/एसटी एक्ट की धारा में मुकदमा दर्ज किया गया था, लेकिन आरोपी की गिरफ्तारी नहीं हो पाई थी। एससी/एसटी कोर्ट ने गैर जमानतीय वारंट जारी किया था। इसके बाद पुलिस ने आरोपी अजय सिंह को गिरफ्तार कर लिया। (संवाद)




# बाइक रैली से दिया बेटियों की सुरक्षा का संदेश

**गोंडा। मिशन शक्ति 5.0 के तहत रविवार शाम शहर के अंबेडकर चौराहे से एलबीएस चौराहा, गुरुनानक चौराहे से बड़गांव तक पुलिसकर्मियों ने बाइक रैली निकाली। अंबेडकर चौराहे से एसपी विनीत जायसवाल ने हरी झंडी दिखाकर रैली को रवाना किया। इस दौरान एएसपी (पूर्वी) मनोज कुमार रावत, एएसपी (पश्चिमी) राधेश्याम राय, सीओ सिटी आनंद कुमार राय, अभिषेक दावाच्या, शिल्पा वर्मा व अन्य पुलिस अधिकारी मौजूद रहे। (संवाद)**

# 2,195 स्थानों पर सजेंगे पंडाल, 82 जगह होगी रामलीला

## नवदेवी की पूजा-अर्चना आज से शुरू, सुरक्षा के लिए मुस्तैद हुई पुलिस

संवाद न्यूज एजेंसी

गोंडा। नवरात्र से पहले सीएम योगी आदित्यनाथ ने महिलाओं की सुरक्षा के लिए शक्ति मिशन 5.0 का आगाज कर दिया है। वहीं, जिले की पुलिस ने सक्रियता बढ़ा दी है। रविवार को पूरे दिन महिला हेल्प डेस्क को महिला सुरक्षा केंद्रों में तब्दील करने की कवायद चली। जिले में 2,195 स्थानों पर पूजा पंडाल तो 82 स्थानों पर रामलीला मंचन को लेकर तैयारी की गई है।

एएसपी (पश्चिमी) राधेश्याम राय ने बताया कि पूजा पंडाल और रामलीला मंचन के मद्देनजर पुलिस सुरक्षा बढ़ाई गई है। स्थानीय थाने की पुलिस के साथ ही पीएसी को जिम्मेदारी दी गई है। मिशन शक्ति 5.0 के तहत महिला हेल्प डेस्क को महिला सुरक्षा केंद्रों में तब्दील कर दिया गया है। एंटी रोमियो स्क्वायड को सक्रिय




धानेपुर थाने के महिला सुरक्षा केंद्र में कराई जा रही पेंटिंग। - संवाद

किया गया है। महिला हेल्पलाइन 1090, 112, 181, 1076 आदि टोल-फ्री नंबरों का प्रचार-प्रसार किया जा रहा है। स्कूल-कॉलेजों, बाजारों एवं सार्वजनिक स्थानों पर महिलाओं व छात्राओं से संवाद स्थापित करने के साथ ही उनके अधिकारों के प्रति जागरूक किया जा रहा है।

एएसपी ने बताया कि दुर्गापूजा व रामलीला के दौरान सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम रहेंगे। अगर कोई दुस्साहस करेगा तो उसके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। हेल्प डेस्क को महिला सुरक्षा केंद्र में तब्दील करने के बाद महिला अपराधों में फौरी कार्रवाई की जाएगी।

## महिलाओं को काउंसिलिंग सहयोग व संरक्षण मिलेगा

अधिकारियों ने बताया कि मिशन शक्ति के तहत वर्ष 2020 में थानों में बनाए गए महिला हेल्प डेस्क का दायरा बढ़ा दिया गया है। इसे महिला सुरक्षा केंद्रों में तब्दील किया गया है। यहां किसी भी पीड़ित महिला की काउंसिलिंग, मार्गदर्शन, सहयोग व संरक्षण की व्यवस्था की गई है। इन केंद्रों में महिला अपराध के मामलों में त्वरित कार्रवाई की व्यवस्था की गई है।

- **मिशन शक्ति 5.0 के पहले दिन ही मिली थी चुनौती :** मिशन शक्ति 5.0 की शुरूआत के कुछ घंटों में ही कौड़िया इलाके में युवती पर चाकू से हमला करके मनचले ने पुलिस को चुनौती दी थी। पुलिस ने पांच घंटे में ही मनचले जितेंद्र की घेराबंदी कर ली। मुठभेड़ में जितेंद्र के पैर में गोली लगी थी। उसे गिरफ्तार कर लिया गया था। पीड़ित परिजनों का कहना है कि ऐसे मामलों में और कठोर कार्रवाई हो, ताकि कोई ऐसी हिमाकत न करे। इंस्पेक्टर गोविंद कुमार ने बताया कि आरोपी को जेल भेज दिया गया है।

# आपसी विवाद में महिला को पीटा, केस

वजीरगंज। थानाक्षेत्र के ग्राम पंचायत गेड़सर सकलदीप पुरवा की माया देवी पत्नी अरविन्द कुमार गौतम ने पूर्व कहासुनी के विवाद को लेकर मुकदमा दर्ज कराया है। आरोप है कि गांव के आनन्द कुमार गौतम उसके सहन पर आए। अपशब्दों का प्रयोग करते हुए महिला के बेटे नीतेश को मुक्का-थप्पड़, लाठी-डंडे से मारा-पीटा तथा दुबारा मारने की धमकी देते हुए मोटरसाइकिल, चारा मशीन, हैंडपंप तोड़ डाला। प्रभारी निरीक्षक यशवंत कुमार सिंह ने बताया कि मुकदमा दर्ज किया गया है।

# साप्ताहिक गायत्री यज्ञ में श्रद्धालुओं ने हिस्सा

छपिया। रॉयलसन विद्यालय भोपतपुर में रविवार की सुबह साप्ताहिक गायत्री यज्ञ का कार्य संपन्न हुआ। यज्ञाचार्य श्यामबरन पांडेय ने मुख्य यजमान सुधा शर्मा सहित अन्य लोगों का यज्ञ कार्य सम्पन्न कराया। आयोजक डॉ. वीएन शर्मा ने बताया की अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार पूरे देश में गृहे-गृहे गायत्री यज्ञ का उपक्रम चल रहा है।

# दो बाइकों की भिड़ंत में दो लोग जख्मी हुए

खरगूपुर। दो बाइकों की आमने सामने हुई भिड़ंत में दोनो चालक घायल हो गए। रविवार की शाम को विशुनापुर मनिहार पुरवा निवासी कादिर (45) घर से पृथ्वीनाथ की ओर जा रहे थे।सामने से ढोरिया थाना विशेश्वरगंज जनपद बहराइच निवासी अनिल कुमार(40) पेट्रोल पम्प से पेट्रोल भरवा कर आ रहे थे।

# सड़क दुर्घटना में घर लौट रहे मजदूर की मौत

करनैलगंज। मंडी से लौट रहे मजदूर की साइकिल में किसी वाहन ने टक्कर मार दी। जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। दुर्घटना के बाद वाहन मौके से फरार हो गया। घटना रविवार देर शाम की है। स्थानीय फल एवं गल्ला मंडी में मिश्रीलाल 52 वर्ष निवासी दिनारी उसरेरिया मजदूरी करते थे। काम खत्म कर मिश्रीलाल साइकिल से घर जा रहे थे। मेहंदीहाता के पास बेकाबू ट्रक ने उनकी साइकिल में टक्कर मार दी।

# BALRAMPUR POLICE

4

# सराहनीय कार्य दिनांकः–22–09–2025



आदि शक्ति देवीपाटन मंदिर में सुरक्षा व्यवस्था को लेकर बैठक करते पुलिस अधिकारी

# देवीपाटन मेला की तैयारियों को लेकर बैठक

बलरामपुर। आदि शक्ति देवीपाटन मंदिर की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर एएसपी विशाल पांडेय ने बैठक की। एएसपी ने सुरक्षा में लगे पुलिस कर्मियों को हमेशा सतर्क रहने की नसीहत दी। उन्होंने कहा कि मंदिर में प्रवेश करने वाले प्रत्येक द्वार पर प्रत्येक व्यक्तियों की तलाशी ली जाए। कोई व्यक्ति या महिला संदिग्ध प्रतीत होने पर तुरंत इसकी जांच हो और जरूरत पड़ने पर उच्चाधिकारियों को भी सूचित किया जाए।

सूचित किया जाए।

# इलाज के दौरान दरोगा की मौत

ललिया। ललिया थाना में तैनात रहे 37 वर्षीय उपनिरीक्षक आशीष कुमार कनौजिया की इलाज के दौरान जिला संयुक्त चिकित्सालय में मौत हो गई। प्रभारी निरीक्षक सतेंद्र वर्मा ने बताया कि उपनिरीक्षक की तबीयत शनिवार रात में अचानक खराब होने पर उन्हें सीएचसी शिवपुरा में भर्ती कराया गया। हालत में सुधार न होने पर उनहें जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया गया।

# सड़क जाम करने वाले पर हो कार्रवाई

बलरामपुर। गोंडा मार्ग पर भगवतीगंज में भारी वाहनों को मार्ग पर खड़ा कर सामान अपलोड व अनलोड किया जाता है। इससे सड़क पर जाम की समस्या बनी रहती है। इससे लोगों को आवागमन करने में परेशानी होती है। राहगीर पिंटू, संतोष कुमार, राजेश कुमार, सत्यदेव, रमेश कुमार का कहना है कि चौराहे पर यातायात सिपाहियों का पहरा होने पर भी नियमों की धज्जियां उड़ाई जा रही हैं।

# जेल में बंद तस्करों को रिमांड पर लेगी पुलिस

## जरवा कोतवाल करेंगे विवेचना, संरक्षित क्षेत्र में रेंजर की मिलीभीगत से माफिया सक्रिय

जासं • बलरामपुर: वन विभाग के अधिकारियों की संलिप्तता के कारण जंगल में हरे पेड़ों की कटान थम नहीं रही है। बरहवा व तुलसीपुर रेंज में सक्रिय वन माफिया गिरोह पर बड़ी कार्रवाई की गई है।

वन क्षेत्राधिकारी राकेश पाठक निवासी माधोगंज कटरा प्रयागराज व लखनऊ के मोतीनगर राजेंद्र नगर नाका हिंडोला निवासी प्रीतपाल सिंह समेत 19 लोगों के विरुद्ध गैंगस्टर की कार्रवाई की गई है। मामले की विवेचना जरवा कोतवाली प्रभारी निरीक्षक राकेश पाल करेंगे। वहीं,


सोहेलवा जंगल • जागरण आर्काइव

❝ स्थानीय लोगों और वन्य जीवों की सुरक्षा के मद्देनजर वन क्षेत्र में नियमित गश्त, ड्रोन से निगरानी और पीसीआर की तैनाती बढ़ा दी गई है। लकड़ी कटान गिरोह के खात्मे के लिए जेल में बंद चार आरोपितों को रिमांड पर लेकर पूछताछ की जाएगी। इसमें कुछ चौंकाने वाले नाम भी सामने आ सकते हैं। -विकास कुमार, एसपी

इनमें जेल में निरुद्ध चार आरोपितों को पुलिस रिमांड पर लेगी। साथ ही बाहर घूम रहे अन्य आरोपितों की गैंगस्टर एक्ट के तहत गिरफ्तारी की जाएगी। तुलसीपुर थाने के प्रभारी निरीक्षक राजकुमार सिंह ने बताया कि रेंजर राकेश पाठक मूल रूप से प्रयागराज के रहने वाले हैं, वर्तमान में अयोध्या के बीकापुर क्षेत्र के पठकौली में परिवार सहित रहते हैं। गिरोह का सरगना अनूप कुमार शुक्ल स्थानीय पुरानी बाजार का निवासी है।

**संरक्षित क्षेत्रों में करते थे तस्करी:** प्रभारी निरीक्षक राजकुमार सिंह ने बताया कि यह गिरोह इतना दुस्साहसी है कि संरक्षित क्षेत्रों में घुसकर लकड़ी की तस्करी कर रहे थे। इस गिरोह के पास से दो बार में 289 बोटा खैर की लकड़ी बरामद की जा चुकी है, जो जंगल से अवैध रूप से काटी गई थी। यह बरामदगी 10 अक्टूबर 2024 में की गई थी।



महिलाओं व बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से उप्र सरकार ने मिशन शक्ति का पांचवां चरण शुरू किया है। जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से एसपी विकास कुमार ने रविवार को बाइक रैली आयोजित की गई। मिशन शक्ति 5.0 जागरूकता रैली की अगुवाई करते एसपी विकास कुमार व एडीएम न्यायिक शिव नारायण सिंह, एडीएम वित्त एवं राजस्व ज्योति राय, एएसपी विशाल पांडेय। ● सौ. पुलिस मीडिया सेल

# ललिया थाना में तैनात दारोगा की इलाज के दौरान मौत

संसू, जागण • हरैयासतघरवा : ललिया थाने में तैनात एसआइ 37 वर्षीय आशीष कुमार कनौजिया की रविवार को संयुक्त अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हो गई। वह मूल रूप से सीतापुर के कनवाखेड़ा गांव के रहने वाले थे। थानाध्यक्ष ललिया सत्येंद्र वर्मा ने बताया कि उनकी तबीयत अचानक बिगड़ने पर सीएचसी शिवपुरा ले जाया गया, जहां हालत गंभीर देख जिला अस्पताल रेफर कर दिया। वहां इलाज के दौरान उन्होंने दम तोड़ दिया। आशीष कुमार 2013 बैच के मृतक आश्रित कोटे से पुलिस विभाग में उपनिरीक्षक के पद पर नियुक्त हुए थे। मृतक के छोटे भाई अंकित कुमार रात में सूचना मिलते ही अपनी भाभी रूबी और 10 वर्षीय भतीजे शौर्य के साथ तत्काल अस्पताल पहुंच गए थे।



एसआइ आशीष कुमार कनौजिया • फाइल

# पईडीहा डिपो से 10-10 बसें होंगी संचालित

## देवीपाटन धाम के लिए आज से चलेंगी दो विशेष ट्रेन

**बलरामपुर।** शारदीय नवरात्र में देवीपाटन धाम के लिए 22 सितंबर से दो विशेष ट्रेनों का संचालन होगा। दोनों ट्रेनें तुलसीपुर से गोंडा तक चलेंगी। शक्तिपीठ देवीपाटन मंदिर आने वाले श्रद्धालुओं का आवागमन सुगम होगा। मुख्य जनसंपर्क अधिकारी पूर्वोत्तर रेलवे गोरखपुर पंकज कुमार सिंह ने बताया कि शारदीय नवरात्र के दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालु शक्तिपीठ देवीपाटन मंदिर आते हैं। इसे देखते हुए 05078/05077 गोंडा-तुलसीपुर पूजा विशेष ट्रेन का संचालन करने का निर्णय लिया गया है। 05078 गोंडा-तुलसीपुर अनारक्षित पूजा विशेष ट्रेनों को 22 सितंबर से छह अक्तूबर तक प्रतिदिन 15 फेरों के लिए चलाया जाएगा। यह ट्रेन प्रतिदिन गोंडा से रात 9:50 बजे प्रस्थान कर सुभागपुर, इटियाथोक, भवानीपुर कला, बलरामपुर, झारखंडी, गैंजहवा, कौवापुर व लक्ष्मणपुर हॉल्ट स्टेशन से होकर तुलसीपुर में रात 12:15 बजे पहुंचेगी। 05077 विशेष ट्रेन तुलसीपुर से गोंडा तक 23 सितंबर से सात अक्तूबर तक 15 फेरों के लिए चलाई जाएगी। प्रतिदिन तुलसीपुर से सुबह 3:10 बजे प्रस्थान करेगी, जो लक्ष्मणपुर हाल्ट, कौवापुर, गैंजहवा, झारखंडी, बलरामपुर, भवानीपुर कला, इटियाथोक व सुभागपुर से होकर सुबह पांच बजे गोंडा पहुंचेगी। (संवाद)

## मेले में श्रद्धालुओं के स्वास्थ्य की निगरानी करेंगी आठ टीमें

**बलरामपुर।** शारदीय नवरात्र पर शक्तिपीठ देवीपाटन मंदिर में आज से मेला शुरू होगा। श्रद्धालुओं की सुविधा व सुरक्षा को लेकर प्रशासन अलर्ट मोड पर है। श्रद्धालुओं को स्वास्थ्य सुविधाएं मुहैया कराने के लिए स्वास्थ्य विभाग ने भी विशेष तैयारी की है। मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. मुकेश कुमार रस्तोगी ने बताया कि आकस्मिक समय पर श्रद्धालुओं को तत्काल स्वास्थ्य सुविधा मुहैया कराई जाएगी। मेला परिसर में गैर संचारी रोग वाले मरीजों की स्क्रीनिंग के लिए शिविर लगाया जाएगा। शिविर में 24 घंटे स्वास्थ्य कर्मियों की तैनाती की जाएगी। मेला परिसर में तीन एंबुलेंस 24 घंटे उपलब्ध रहेगी। देवीपाटन मंदिर में विशेषज्ञ चिकित्सकों की चार टीमें मौजूद रहेंगी। इसके अलावा तुलसीपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र व रेलवे स्टेशन पर भी स्वास्थ्य टीमें लगाई जाएंगी। (संवाद)

# पंजाब-हरियाणा तक हो रही थी खैर की तस्करी

संजय तिवारी

**बलरामपुर।** सोहेलवा वन्यजीव प्रभाग के जंगलों में वर्षों से चल रहे खैर लकड़ी (लाल सोना) तस्करी के खेल का भंडाफोड़ हुआ है। इसकी मांग हरियाण और पंजाब के साथ ही कन्नौज में भी है। कन्नौज में इस लकड़ी का प्रयोग इत्र बनाने, तो हरियाणा व पंजाब में कत्था व बेशकीमती फर्नीचर के काम में आता है। करीब पांच हजार रुपये प्रति किलो की दर से बिकने वाली लकड़ी की नेपाल और थाइलैंड में भी अच्छी मांग है।

फॉलोअप

इसी कारण इसकी व्यापक स्तर पर तस्करी हो रही है। पुलिस सूत्रों के अनुसार बलरामपुर के साथ ही खैर तस्करों के तार महराजगंज और कुशीनगर से भी जुड़े हैं।

शुक्रवार की रात पुलिस को सूचना मिली कि गिरोह के लोग लकड़ी लादकर लखनऊ भेजने वाले हैं। हरैया रेंज की सीमा में जैसे ही संदिग्ध ट्रक दाखिल हुआ, पुलिस ने पीछा किया। ट्रक को रोका तो उसके अंदर गिट्टी और खाद भरी थी, लेकिन नीचे खैर की मोटी-मोटी बल्लियां छिपी हुई थीं। वन्यजीव विशेषज्ञ जीतेंद्र के अनुसार खैर की अंधाधुंध कटान से जंगल का संतुलन बिगड़ गया है। शनिवार को रेंजर व 18 अन्य के विरुद्ध गैंगस्टर की कार्रवाई के बाद पुलिस ने कार्रवाई का दायरा बढ़ा दिया है।

**रेंजर करता था मदद, सोहेलवा जंगल में लंबे समय से चल रहा था लाल सोने का काला कारोबार**

## रेंजर गिरोह को रखता था सुरक्षित

वन विभाग का रेंजर राकेश पाठक गिरोह को सुरक्षा कवच प्रदान करता था। आरोप है कि वह गश्त के समय और रूट की जानकारी माफिया को पहले ही दे देता था। कई बार तो विभागीय कागजों में अवैध लकड़ी को वैध दिखाने का खेल भी इसी की मदद से हुआ। पुलिस ने अब उसके खिलाफ भी सख्त कार्रवाई की तैयारी की है। गिरोह ने खैर की लकड़ी छुपाने के लिए गांवों के किनारे गुप्त गोदाम बना रखे थे। पुलिस की कार्रवाई में कटहरी, हरैया और रेहरा क्षेत्र में कई जगहों से बड़ी मात्रा में लकड़ी बरामद हुई है।

## गिरोह का खेल

■ जंगल में खैर के पेड़ की जड़ों में पहले आरी चलाते थे। ■ कुछ दिन बाद पेड़ गिरता तो लकड़ी उठाकर खेतों और नालों में छिपा देते। ■ ट्रकों में ऊपर खाद-गिट्टी भरकर नीचे लकड़ी भेजते। ■ सौदेबाजी और ट्रांसपोर्ट का संचालन लखनऊ से।

## लखनऊ से संचालित हो रहा था तस्करी का नेटवर्क

पुलिस की जांच में सामने आया कि लकड़ी तस्करी गैंग का सरगना अनूप शुक्ला तुलसीपुर का रहने वाला है। गिरोह का संचालन लखनऊ से होता था। लखनऊ निवासी प्रीतमपाल सिंह को अनूप ने गिरोह में शामिल कर रखा था। पुलिस के अनुसार उसके घर पर ही सौदा तय होता था। गाड़ियों की रवानगी का समय भी वहीं तय होता था। इसमें लखनऊ के भी कुछ ट्रांसपोर्टर शामिल हैं। अब पुलिस ऐसे ट्रांसपोर्टरों की सूची बना रही है, जिनके माध्यम से खैर की लकड़ी पंजाब-हरियाणा तक भेजी जाती थी। रेंजर के साथ अनूप शुक्ला और उसके साथियों पर पुलिस ने गैंगस्टर एक्ट लगाया है। अब उनकी करोड़ों की अवैध संपत्तियों की कुर्की की तैयारी चल रही है। लखनऊ और गोंडा में उनके नाम पर खरीदे गए प्लॉट, मकान और गोदामों की सूची प्रशासन ने तैयार चल रही है।

# वन विभाग की टीम ने किया जागरूक

**जरवा।** सोहेलवा वन्यजीव प्रभाग रेंज तुलसीपुर की टीम ने शनिवार देर शाम प्रतापपुर, पिपरा, दुर्गा नगर में लोगों को जागरूक किया। वनकर्मियों ने जंगली जानवरों से बचने उपाय व सावधानियां बताईं। वन क्षेत्राधिकारी अमरजीत प्रसाद ने कहा कि जंगली जानवर अक्सर भोजन या पानी की तलाश में मानव बस्तियों के पास आ जाते हैं। ऐसे में घबराने के बजाय संयम बरतना चाहिए और तुरंत वन विभाग को सूचना देनी चाहिए। उन्होंने कहा कि छोटे बच्चों को अकेले बाहर न भेजें। (संवाद)

# परामर्श केंद्र में चार मामलों की हुई सुनवाई, तीन का निपटारा



परिवार परामर्श केंद्र में सुनवाई करते परामर्शदाता। -संवाद

**बलरामपुर।** महिला थाना सभागार में पति-पत्नी के बीच विवादों को सुलझाने के लिए रविवार को सुनवाई की गई। इस दौरान चार मामलों की सुनवाई की गई, जिनमें तीन मामलों का निपटारा करा दिया गया।

परिवार परामर्श केंद्र में रविवार को 20 शिकायतों के आधार पर दोनों पक्ष बुलाए गए थे। इनमें चार मामलों के दोनों पक्ष सुनवाई में उपस्थित हुए। नगर क्षेत्र के एक गांव में पत्नी ने एक माह पहले परिवार परामर्श केंद्र में विवाद का निस्तारण कराने के लिए प्रार्थनापत्र दिया था, लेकिन किसी भी सुनवाई में दोनों पक्ष उपस्थित ही नहीं हुए। पत्नी ने दहेज उत्पीड़न का केस दर्ज कराकर परामर्श केंद्र से अपना प्रार्थनापत्र वापस ले लिया।

नगर क्षेत्र के एक मामले में पड़ोसी के विवाद को लेकर परामर्श केंद्र में प्रार्थनापत्र दिया गया। पुलिस ने झगड़े का निस्तारण करा दिया। देहात क्षेत्र के एक गांव में पति-पत्नी के बीच छोटी-मोटी बातों को लेकर आए दिन झगड़े हो रहे थे, जिससे रिश्ता टूटने के कगार पर पहुंच गया था। परामर्शदाताओं के समझाने पर पति-पत्नी मान गए। एएसपी विशाल पांडेय ने बताया कि जिने 17 मामलों में निपटारा नहीं हो सका है उनकी अगली बार सुनवाई की जाएगी। (संवाद)

# उपनिरीक्षक की तबीयत बिगड़ी, मौत

**ललिया।** थाने में तैनात उपनिरीक्षक आशीष कुमार कनौजिया (37) का इलाज के दौरान जिला संयुक्त चिकित्सालय में रविवार को निधन हो गया। उनके असामयिक निधन से पुलिस विभाग में शोक की लहर दौड़ गई। प्रभारी निरीक्षक सतेंद्र वर्मा ने बताया कि उपनिरीक्षक की तबीयत शनिवार रात अचानक बिगड़ गई। उन्हें पहले सीएचसी शिवपुरा में भर्ती कराया गया, हालत में सुधार न होने पर उन्हें जिला चिकित्सालय ले जाया गया था। वह सीतापुर जिले के रहने वाले थे। उनके परिजनों को सूचना विभाग ने दी है। थाने में वह अकेले ही रहते थे। (संवाद)

# रंजिश में की पिटाई, केस दर्ज

**बलरामपुर।** गौरा चौराहा क्षेत्र के ग्राम टेड़ौठी निवासी राम सरन ने बताया कि 19 सितंबर शाम करीब 4:30 बजे पिपरा गांव गए थे। वहीं विपक्षी सुग्रीव ने मारा पीटा। जान से मारने की धमकी दी। प्रभारी निरीक्षक गौरा चौराहा अनिल कुमार सिंह ने बताया कि राम सरन की तहरीर पर सुग्रीव के खिलाफ केस दर्ज कर जांच की जा रही है। (संवाद)

# घर में घुसकर पीटा, दो पर मुकदमा

**बलरामपुर।** हरैया क्षेत्र के ग्राम इमिलिया गनेशपुर निवासी चिनके ने बताया कि 19 सितंबर को सुबह करीब नौ बजे रंजिश को लेकर गांव के दिनेश व मनीष ने घर आकर मेरे बेटे को मारा-पीटा। बेटे ने यूपी 112 को जानकारी दी तो दोनों लोग भाग गए। हरैया थाने में प्रार्थनापत्र दिया तो अभी तक कोई कार्रवाई नहीं हुई। पीड़ित ने एसपी से न्याय की गुहार लगाई। एसपी विकास कुमार के निर्देश पर दोनों के खिलाफ केस दर्ज किया गया है। (संवाद)

# युवक को पीटा, दो पर केस दर्ज

**बलरामपुर।** देहात क्षेत्र के ग्राम जबदही निवासी शिवम पांडेय ने बताया कि 18 सितंबर रात करीब 10 बजे हरिहरगंज बाजार में सड़क किनारे मोबाइल से बात कर रहा था। तभी ग्राम कटरा शंकरनगर निवासी सज्जन पांडेय व शैलेंद्र पांडेय की बाइक से टक्कर हो गई। लापरवाही से वाहन चलाने पर रोका तो दोनों लोगों ने मारा पीटा और गालियां दीं। प्रभारी निरीक्षक देहात गिरजेश तिवारी ने बताया कि शिवम की तहरीर पर दोनों के खिलाफ केस दर्ज कर जांच की जा रही है। (संवाद)

# रंजिश में पीटा, चार पर केस दर्ज

**बलरामपुर।** पचपेड़वा क्षेत्र के ग्राम औरहवा निवासी मयंक शुक्ल ने तहरीर देकर बताया कि वह 20 सितंबर शाम करीब पांच बजे गनेशपुर से गैस सिलिंडर लाने जा रहे थे। तभी गांव के अमित कुमार, सुमित, फूलमती व फरीना ने पुरानी रंजिश को लेकर मारा पीटा। गांव के लोग पहुंचे तो धमकी दी और भाग गए। प्रभारी निरीक्षक पचपेड़वा ओम प्रकाश चौहान ने बताया कि मयंक की तहरीर पर चार के खिलाफ केस दर्ज कर जांच की जा रही है। (संवाद)

# मंदिर की सुरक्षा में न बरतें लापरवाही

**बलरामपुर।** शक्तिपीठ देवीपाटन मंदिर में 15 दिवसीय मेला सोमवार से शुरू होगा। एएसपी विशाल पांडेय ने रविवार को मंदिर परिसर का निरीक्षण कर सुरक्षा व्यवस्था की तैयारी देखी। मंदिर में आने वाले श्रद्धालुओं की सुरक्षा में लापरवाही न बरतने का निर्देश दिया। एएसपी ने कहा कि श्रद्धालुओं की सुरक्षा के लिए पर्याप्त पुलिस फोर्स तैनात कर दी गई है। सभी अधिकारियों व कर्मचारियों को सुरक्षा के प्रति सतर्क रहने का निर्देश दिया। (संवाद)

# प्रतिमा विसर्जन में रहेगी कड़ी सुरक्षा

**बलरामपुर।** दुर्गा पूजा समितियों के पदाधिकारियों के साथ रविवार को नगर कोतवाली में पीस कमेटी की बैठक हुई। इसमें दो अक्तूबर को प्रतिमा विसर्जन के दौरान नगर से बिजलीपुर मंदिर तक चूना व पानी का छिड़काव कराए जाने का निर्णय लिया गया। सदर एसडीएम हेमंत कुमार गुप्त व प्रभारी निरीक्षक सुधीर कुमार सिंह ने कहा कि राप्ती नदी के सिसई घाट पर नगर की दुर्गा प्रतिमाओं का विसर्जन किया जाएगा। (संवाद)

# बालश्रम न कराने की अपील

**बलरामपुर/जरवा।** बालश्रम रोकने के लिए रविवार को धुसाह गांव में हस्ताक्षर अभियान चलाया गया। देहात इंडिया बलरामपुर संस्था के जिला समन्वयक अरुण चौधरी ने बालश्रम के दुष्प्रभाव के बारे में लोगों को जागरूक किया। जरवा में भी बचपन बचाओ अभियान के तहत शनिवार को ग्राम मझगवा, बालापुर में चौपाल लगाकर बालश्रम व बाल भिक्षावृत्ति के बारे में जागरूक कर बालश्रम न कराने की अपील लोगों से की। (संवाद)

# परेशान करने वालों की करें शिकायत

**बलरामपुर।** बेटियों व महिलाओं को जागरूक करने के लिए रविवार को विद्यालयों व सार्वजनिक स्थलों पर कार्यक्रम आयोजित किए गए। उतरौला के प्रभारी निरीक्षक अवधेश राज सिंह की अध्यक्षता में जागरूकता कार्यक्रम कराया गया। उन्होंने परेशान करने वाले के खिलाफ शिकायत करने की सलाह युवतियों को दी। महिला सब इंस्पेक्टर शालिनी सिंह के नेतृत्व में नारी सुरक्षा दल व महिला बीट की पुलिसकर्मियों ने महिलाओं को हेल्पलाइन नंबर 1090, 181, 108, 112 व 1098 के बारे में जानकारी दी। (संवाद)

# अवैध कटान में रेंजर सहित 19 पर गैंगस्टर

- **चार जेल में निरुद्ध, रेंजर हो चुके निलंबित, माफिया समेत 14 चल रहे फरार**
- **एसचओ की तहरीर पर दर्ज हुआ केस, आज न्यायालय में तलब होंगे चारों**

**बलरामपुर,संवाददाता।** सुहेलवा वन्यजीव प्रभाग के दो रेंजों में खैर व अन्य प्रतिबंधित प्रजातियों के पेड़ों की अवैध कटान करने में सक्रिय वन माफिया के गिरोह पर तुलसीपुर पुलिस ने गैंगस्टर की कार्रवाई की है। मुकदमा दर्ज होने पर पहले ही रेंजर निलंबित हो चुके हैं, जबकि चार लोग जेल में निरुद्ध चल रहे हैं।

इन चारों आरोपितों के खिलाफ न्यायालय ने तलबी वारंट जारी किया है। पुलिस सोमवार को रिमांडर पर लेने का प्रयास करेगी। जबकि वन माफिया समेत 14 लोग फरार चल रहे हैं, जल्द ही पुलिस टीमें इन अपराधियों को भी दबोचने के लिए कदम उठाएंगी।

सहुलेवा सेंचुरी का संरक्षित बरहवा व तुलसीपुर वन क्षेत्र में लंबे समय से वन माफिया गिरोह सक्रिय है,जो वन कर्मियों से मिलीभगत कर प्रतिबंधित बेशकीमती पेड़ों की कटान कर रहा है। इस मामले में लगभग चार माह पहले पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की थी। जिसमें गिरोह का सरगना अनूप कुमार शुक्ल स्थानीय पुरानी बाजार निवासी है। वह तुलसीपुर रेंज के कीमती लकड़ियों की तस्करी कर रहा था। गिरोह में श्रीमन शुक्ला, शंकर, आजाद चौहान, सुहेल अहमद, विमल कुमार पांडेय, मुकेश मौर्या, शिवकुमार,विकास यादव, गुड्डु पांडेय, कलाम, शंकरलाल, राजेश, मुबारक, आनंद कुमार सिंह,पिंटू, महबूब आलम, प्रीतपाल सिंह, अजीत सिंह शामिल रहे हैं। इनमें पिंटू, महबूब समेत चार लोगों को पहले ही पुलिस ने जेल भेज चुकी है। जबकि वनमाफिया को संरक्षण देने व कटान संग तस्करी में शामिल होने के आरोप में रेंजर राकेश पाठक को भी निलंबित किया जा चुका है। अब एसएचओ तुलसीपुर राजकुमार सिंह की तहरीर पर रेंजर समेत 19 लोगों पर गैंगस्टर की कार्रवाई से हड़कंप मच गया है। एसएचओ ने बताया कि चारों आरोपितों को रिमांड में लेने के साथ ही वन माफिया समेत अन्य की धरपकड़ शुरू की जाएगी।

## हरियाणा व नेपाल में आपूर्ति कर रहे थे खैर

संरक्षित क्षेत्र को वीरान कर बैंक बैलेंस बढ़ाने में लगे वन माफिया व रेंजर रातोंरात खैर के पेड़ों की कटान कर लकड़ियों को पड़ोसी राष्ट्र नेपाल, हरियाण समेत अन्य प्रांतों में आपूर्ति कर रहे थे। लिहाजा इन वन माफियों की कमर तोड़ने को लेकर पुलिस ने यह कदम उठाया है।

> गैंगेस्टर के चार आरोपित जेल में निरुद्ध हैं। जिनके खिलाफ न्यायालय की ओर से तलबी जारी किया गया है। इनको रिमांड पर लेने के साथ अन्य आरोपितों की गिरफ्तारी भी की जाएगी।
> **राजकुमार सिंह**, प्रभारी निरीक्षक, तुलसीपुर कोतवाली

BAHRAICH POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांकः–22–09–2025

# बाइक रैली में दिया नारी सशक्तीकरण का संदेश



बहराइच के पुलिस लाइन से निकाली गई महिला सशक्तिकरण रैली। - स्रोत : विभाग

संवाद न्यूज एजेंसी

**बहराइच।** रिजर्व पुलिस लाइन में रविवार को महिलाओं और बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन के लिए संचालित मिशन शक्ति के पंचम चरण का शुभारंभ विशेष कार्यक्रम के साथ किया गया। इस मौके पर पुलिस अधीक्षक आरएन सिंह ने महिला सशक्तिकरण रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

रैली के दौरान मिशन शक्ति और महिला सशक्तिकरण से संबंधित गीत और जिंगल भी प्रसारित किए गए। रैली

## एसपी ने हरी झंडी दिखाकर रैली को किया रवाना

का उद्देश्य महिलाओं को उनकी ताकत, अधिकार और समाज में सुरक्षित एवं आत्मनिर्भर बनने के प्रति जागरूक करना था। रैली में पीआरवी वाहन, चार पहिया और 80 दोपहिया वाहनों पर 160 पोस्टर्स और जागरूकता बैनर लगाए गए थे।

रैली पुलिस लाइन से शुरू होकर मरीमाता मंदिर होते हुए गोलवाघाट पर समाप्त हुई। इस दौरान समस्त थानों की एंटी रोमियो टीम भी मौजूद रही।

# आरोपियों को पकड़ा फिर छोड़ा, जांच पर उठे सवाल

**पयागपुर।** पयागपुर में बुधवार को एक युवक के शव को तेज रफ्तार कार से घसीटने का मामला सामने आया था। घटना के बाद पुलिस ने मृतक का शव बरामद कर हत्या का मुकदमा दर्ज किया और उपयोग की गई कार भी जब्त कर ली। आनन-फानन में चार लोगों को हिरासत में लिया गया, लेकिन उनकी गिरफ्तारी के तुरंत बाद राजनीतिक दबाव शुरू हो गया। इस पर पुलिस सभी आरोपियों को छोड़कर मामले की लीपापोती में जुट गई है।

भूपगंज-झाला तरहर मार्ग पर बुधवार को अज्ञात युवक के शव को वाहन से घसीटकर फेंकने का मामला पहेली बना हुआ है। घटना को पांच दिन बीत गए हैं, लेकिन पुलिस हाथ पर हाथ धरे बैठी है।

झाला तरहर के प्रधान प्रतिनिधि कामेश सिंह की सूचना पर पुलिस ने बुधवार को अज्ञात युवक का शव बरामद किया था। इसके बाद हत्या और सबूत मिटाने का मामला दर्ज किया था। उसी दिन पुलिस ने घटना में प्रयुक्त वाहन भी कुछ दूरी पर बरामद कर कब्जे में ले लिया था।

फॉरेंसिक टीम ने घटनास्थल से साक्ष्य जुटाए और

**कार से शव घसीटने का मामला, थाने में दर्ज है हत्या और सबूत मिटाने का मुकदमा**

पोस्टमार्टम रिपोर्ट में पुष्टि हुई कि युवक को कार से करीब 10 किलोमीटर तक घसीटा गया था। मामले की जांच में कार का मालिक विशेश्वरगंज का रहने वाला पाया गया।

घटना के दूसरे दिन पुलिस ने चार आरोपियों को विशेश्वरगंज से हिरासत में लिया। लेकिन थाने पर पहुंचे एक माननीय और जिला स्तर के अन्य जनप्रतिनिधियों के दबाव के कारण आरोपियों को रिहा कर दिया गया। इस कार्रवाई ने क्षेत्र में सवाल खड़े कर दिए हैं कि हत्या का केस दर्ज होने और आरोपियों के पकड़ में आने के बावजूद उन्हें क्यों छोड़ा गया।

थाना अध्यक्ष अखिलेश राय ने बताया कि प्रथम दृष्टि में यह मामला दुर्घटना का प्रतीत हो रहा है और जांच जारी है। दोषियों के खिलाफ उचित कार्रवाई की जाएगी। हालांकि आरोपियों को छोड़ने के पीछे की वजह पर थानाध्यक्ष कोई स्पष्ट जवाब नहीं दे सके, बोले जांच चल रही है। (संवाद)

# ड्रोन और चोरों के आने की अफवाह, रतजगा कर रहे लोग

**शहर के बड़ीहाट, बख्शीपुरा व ग्रामीण इलाके में हो रही पहरेदारी**

संवाद न्यूज एजेंसी

**बहराइच/फखरपुर।** शहर और ग्रामीण क्षेत्रों में पिछले एक सप्ताह से ड्रोन और चोरों के आने की अफवाहों ने लोगों में भय का माहौल है। लोग गांवों और मोहल्लों में रात जागते हुए बिता रहे हैं।

शहर के मोहल्ला बड़ीहाट, बख्शीपुरा नई बस्ती और मेवातीपुरा में शनिवार की रात भी लोग छतों पर जागकर निगरानी रख रहे थे।

लोगों का कहना है कि कभी ड्रोन उड़ता दिखाई देता है तो कभी रात में संदिग्ध व्यक्ति घूमते दिखाई देते हैं। जब तक उनसे पूछताछ की कोशिश की जाती है, वे भाग जाते हैं। इस बीच कुछ स्थानों पर चोरी की घटनाएं भी हुई हैं, लेकिन पुलिस इसे अफवाह मान रही है।

फखरपुर क्षेत्र में भी यह अफवाह प्रतिदिन तेजी से फैल रही है। फखरपुर बाजार, हैबतपुर, छपरतल्ला, पंडितपुरवा



धोबाही गांव में चोर की अफवाह से पुलिस और ग्रामीण कर रहे पहरेदारी। -संवाद

और आसपास के दर्जनों गांवों में लोग रात भर लाठी-डंडे लेकर पहरेदारी कर रहे हैं। हैबतपुर प्रधान प्रतिनिधि अजय शुक्ल ने बताया कि इंदूर गांव में पूरी रात लोग जग रहे हैं। उपनिरीक्षक जयहिंद विश्वकर्मा ने बताया गश्त निरंतर की जा रही है।

नवाबगंज के धोबाही, रहीम नगर, उमरिया और गंगापुरवा गांवों में भी पशु चोरी और चोरी की अफवाहें थमने का नाम नहीं ले रही हैं। हाल ही में गंगापुरवा में दो आरोपियों को पकड़कर जेल भेजा गया है। ग्रामीण पवन कुमार, विशाल सिंह, अर्जुन, प्रेम लाल, अरविंद कुमार, किशोरी लाल भार्गव, मुलायम, शोभा राम आदि ने बताया कि चोरों के डर से वे रात भर चौकसी में जुटे रहते हैं।

# संदिग्ध परिस्थितियों में विवाहिता की मौत

**रामगांव।** पतुरिया चक धर्मनपुर गांव में अनीता (24) पत्नी विनोद का शव रविवार को संदिग्ध हालात में घर के अंदर फंदे पर लटकता मिला। परिजनों ने बताया कि अनीता की शादी चार साल पहले हुई थी। मृतका का मायका करीब पांच किलोमीटर दूर टिकुवापारा गांव में है। चौकी प्रभारी राणा राज सिंह ने शव को कब्जे में लेकर मामले की जांच शुरू कर दी है। थानाध्यक्ष मदन लाल ने बताया कि परीक्षण रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के कारण की पुष्टि हो सकेगी। (संवाद)

# घर में घुसकर एक लाख की चोरी

**चित्तौरा।** मसीहाबाद गांव में चोरों ने रात के समय घर में घुसकर करीब एक लाख रुपये मूल्य की संपत्ति चोरी कर ली। पीड़ित बूटे ने बताया कि परिवार के लोग सो रहे थे, तभी चोरों ने दीवार फांदकर घर में प्रवेश किया। चोर 50 हजार रुपये नकदी, 30 हजार रुपये मूल्य के जेवरात, बर्तन और कपड़े चुरा ले गए। कोतवाली देहात के प्रभारी निरीक्षक दद्दन सिंह ने बताया कि मामले की छानबीन की जा रही है। (संवाद)

# चेकिंग अभियान में चार ई-रिक्शा सीज

**मिहींपुरवा।** थाना मोतीपुर पुलिस ने रविवार को कस्बा में चेकिंग अभियान चलाया। इस दौरान बिना कागजात और ओवरलोडिंग करते हुए चार ई-रिक्शा को पकड़ लिया गया। पुलिस ने ई-रिक्शा चालक मुनव्वर अली, संदीप कुमार, मेराज अहमद और प्रमोद कुमार को रोका। सभी ई-रिक्शा पर माल लादा हुआ था और छत व दोनों तरफ बाहर तक सामान निकला था। पुलिस ने कागजात मांगे लेकिन चालक कोई दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर सके। इसके बाद चारों ई-रिक्शा को मोटर व्हीकल एक्ट के तहत सीज कर दिया गया। (संवाद)

# कैसरगंज में प्रदर्शन, 350 अज्ञात पर मुकदमा दर्ज

संवाद न्यूज एजेंसी

**बहराइच।** कानपुर में आई लव मुहम्मद पोस्टर विवाद के बाद शनिवार देर शाम कैसरगंज में एक समुदाय विशेष के लोगों ने सड़क पर उतर कर प्रदर्शन किया। पुलिस ने इस मामले में 5 नामजद और 350 अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज किया है। प्रदर्शन करने वाले आरोपियों में अलीगढ़ मुस्लिम यूनिवर्सिटी के भी कुछ छात्र शामिल हैं।

कानपुर में आई लव मुहम्मद पोस्टर विवाद में पुलिस ने 25 लोगों पर एफआईआर दर्ज की था। उसके विरोध में शनिवार देर शाम को समुदाय विशेष के लोग मुकदमा वापस लेने की मांग करते हुए कैसरगंज में लखनऊ-बहराइच मार्ग पर उतर आए।

बड़ी संख्या में लोग आई लव मुहम्मद के पोस्टर और बैनर लिए हुए नारेबाजी भी कर रहे थे। देर शाम को हुए प्रदर्शन को

## प्रदर्शन करने वाले आरोपियों में अलीगढ़ मुस्लिम यूनिवर्सिटी के छात्र भी शामिल

## पुलिस ने पांच आरोपियों को नामजद भी किया, बढ़ेगी प्रदर्शन करने वालों की मुश्किल

देखते हुए कैसरगंज पुलिस ने रविवार को बिना अनुमति प्रदर्शन करने और आपत्तिजनक नारे लगाने के आरोप में कार्रवाई की है।

कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक बृजेंद्र कुमार मिश्र ने बताया कि प्रदर्शनकारियों में फैजुल हसन, मुफीद, रिजवान, अरशद खान और बाबू खान को नामजद करते हुए करीब 350 अज्ञात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। अज्ञात लोगों को जल्द ही चिह्नित करके कार्रवाई की जाएगी। (संवाद)

# मुठभेड़ में गोहत्या के आरोपी को लगी गोली

## साथी के संग हुआ गिरफ्तार, बिना नंबर की बाइक व दो तमंचे बरामद

संवाद न्यूज एजेंसी

**बहराइच/शिवपुर।** गोहत्या के मामले में वांछित आरोपियों और पुलिस के बीच रविवार सुबह करीब करीब 6:10 बजे जुमईपुरवा इलाके में नहर के पास मुठभेड़ हो गई। इसमें मुख्य आरोपी जमईपुरवा नानपारा निवासी वसीर पैर में गोली लगने से घायल हो गया। पुलिस ने उसे व उसके साथी खजुआ रामगांव निवासी खुदा बक्श दबोच लिया। दोनों बिना नंबर की बाइक से भागने की फिराक में थे। जब पुलिस ने इन्हें रोकना चाहा तो आरोपियों ने फायरिंग शुरू कर दी। जवाबी कार्रवाई में वसीम के बाएं पैर में गोली लगी। दोनों के पास से 315 बोर के दो तमंचे बरामद हुए हैं।

एएसपी दुर्गा प्रसाद तिवारी ने बताया कि मुठभेड़ नानपारा में हुए गोहत्याकांड से जुड़ी है। इस मामले में पहले ही पुलिस ने चार लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ की थी। पकड़े गए आरोपियों से पूछताछ के दौरान पता चला कि मुख्य दो आरोपी क्षेत्र से भागने की फिराक में हैं। मुठभेड़ की खबर मिलते ही पुलिस अधीक्षक आरएन सिंह, अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण डॉ. डीपी तिवारी और क्षेत्राधिकारी प्रद्युम्न सिंह मौके पर पहुंचे और कार्रवाई का जायजा लिया। फोरेंसिक टीम ने भी मौके पर पहुंच कर साक्ष्य एकत्रित किए।

पुलिस अधीक्षक ने बताया कि मुठभेड़ में प्रभारी निरीक्षक राजनाथ सिंह, वरिष्ठ उप निरीक्षक शशि प्रताप, चौकी इंचार्ज राजा बाजार राम गोविंद वर्मा और उप निरीक्षक राजेश्वर सिंह की टीम शामिल रही। गोली लगने से घायल वसीर को सीएचसी ले जाया गया। वहा से उसे मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया।



मुठभेड़ में गोली लगने के बाद घायल आरोपी को ले जाती पुलिस। - स्रोत : विभाग



गोली लगने से घायल आरोपी वसीर। -संवाद

**तालाब से बरामद हुए थे अवशेष :** प्रभारी निरीक्षक राजनाथ सिंह ने बताया कि शनिवार को क्षेत्र में स्थित तालाब से गोवंश के अवशेष बरामद हुए थे। बरामद अवशेष का स्थानीय पशु चिकित्सक से परीक्षण कराने के बाद आरोपियों की धर पकड़ का अभियान चलाया गया। उन्होंने कहा कि कुछ और लोगों की संलिप्तता का पता चला है, जांच की जा रही है।



मुठभेड़ के बाद मौके पर पड़ी आरोपियों की बाइक व जांच करती पुलिस। - स्रोत : विभाग



रैली को हरी झंडी दिखाते एसपी

# एसपी ने रैली को दिखाई झंडी

**बहराइच।** मिशन शक्ति के पांचवें चरण पर पुलिस अधीक्षक ने रिजर्व पुलिस लाइन से महिला सशक्तिकरण हेतु बाइक रैली को हरी झण्डी दिखा कर रवाना किया। महिला सशक्तीकरण रैली के दौरान मिशन शक्ति एवं महिला सशक्तिकरण से सम्बन्धित गीत, जिंगल प्रसारित किए गए । पीआरवी वाहन व अन्य चार पहिया व 80 दोपहिया वाहनों पर 160 महिला सशक्तिकरण से सम्बन्धित विभिन्न पोस्टर्स और बैनर से बालिकाओं को जागरूक किया जाएगा।

# साइबर फ्रॉड से निकली रकम वापस दिलाई

**बहराइच।** थाना कोतवाली नगर द्वारा पीड़िता की अनाधिकृत रूप से आहरित धनराशि करायी90 हजार की रकम वापस दिलाई। महिला ने अपने बैंक खाते से कुल ₹90 की धनराशि अनाधिकृत रूप से आहरित किए जाने के संबंध में नेशनल साइबर क्राइम रिपोर्टिंग पोर्टल (1930) पर शिकायत पंजीकृत कराई गई थी।

हिन्दुस्तान

# नेपालगंज में लोगों ने पकड़े दो चोर

**रुपईडीहा।** पड़ोसी नेपाली जिला बांके के मुख्यालय नेपालगंज में एक नेपाली व एक भारतीय चोर को स्थानीय लोगों ने पकड़ लिया। तलाशी के दौरान इनके पास 2 हजार 97 गोलियों के खाली खोखे मिले हैं। दोनों को पुलिस को सौप दिया गया है।

रविवार को तड़के 3 बजे नेपालगंज उप महानगर पालिका वार्ड नं 3 एक्लैनी मे चोर पहुंचे। चोरों ने पत्थर फेंक कर बिजली के खम्भे पर लगी लाइट तोड़ने की कोशिश की। आवाज सुनकर वार्ड अध्यक्ष अयूब सिद्दीकी सहित मोहल्ले के लोग जाग गए। आवाज सुनकर आसपास के लोग आ गए। एक को पकड़ लिया। शेष अंधेरे का लाभ उठाकर भाग खड़े हुए। परंतु एक चोर बोरा लेकर कूड़ा उठाने के बहाने आया।




नेपालगंज में पकड़े गए चोरों को रस्सी से बांधकर ले जाते

उसे भी पकड़ लिया गया। उसके बोरे में उक्त खोखे बरामद हुए। जानकारी देते हुए बांके जिले के डीएसपी व पुलिस प्रवक्ता दीपक पातली ने बताया कि इनमें एक चोर बर्दिया जिले का है व दूसरा रुपईडीहा थाने के बाबागंज का निवासी है। पिछले 15 दिनों से नेपालगंज के विभिन्न स्थानों पर पर्ची चिपकाए गए हैं। जिनमे चोरी की धमकी दी गयी है। चोरों से पूछताछ जारी है।

हिन्दुस्तान

# ग्राम प्रधान के साथ एसपी ने की बैठक

**बहराइच।** पुलिस अधीक्षक आरएन सिंह ने आगामी त्योहारों के मद्देनजर ग्राम प्रधान संघ के पदाधिकारियों के साथ बैठक की। दुर्गापूजा के शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण आयोजन हेतु विभिन्न बिंदुओं पर विस्तार से चर्चा की गई।

बैठक में दुर्गापूजा पंडालों में सुरक्षा व्यवस्था को लेकर दिशा-निर्देश दिए गए। ग्राम सुरक्षा समितियों की सक्रिय भूमिका सुनिश्चित करने के लिए सदस्यों को जिम्मेदारियां सौंपी गईं। कानून-व्यवस्था एवं भाईचारे को बनाए रखने में पुलिस प्रशासन तथा ग्राम सुरक्षा समिति के बीच आपसी सहयोग पर बल दिया गया। त्योहारों के दौरान किसी भी अफवाह पर ध्यान न दें। पुलिस अधीक्षक कहा कि अपने-अपने क्षेत्र में जनप्रतिनिधियों, नागरिकों एवं समितियों के सहयोग से शांति, और सौहार्द का वातावरण बनाए रखें।

# कार के बंपर में फंसकर घिसटने के मामले में चार पर मुकदमा दर्ज

संसू, जागरण • पयागपुर (बहराइच) : गोंडा-बहराइच मार्ग पर बीते दिनों कार से अज्ञात व्यक्ति के टकराकर बंपर में फंसकर उसकी मौत हो गई थी। कार सवार उसे कई किलोमीटर घसीटते हुए चले गए। पुलिस ने कार नंबर के आधार पर सभी की पहचान कर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पयागपुर इलाके के झाला गांव के पास 17 सितंबर सुबह साढ़े पांच बजे ब्रेजा कार से शव को फेंके जाने का मामला सामने आया था। थानाध्यक्ष मिथिलेश कुमार राय ने बताया कि गाड़ी मालिक लवकुश मिश्र निवासी तेंदुआ कबीर विशेश्वरगंज की ब्रेजा कार को उनके पहचान वाले अद्वैत त्रिपाठी मांग कर अयोध्या जाने की बात कहकर ले गए थे। विशेश्वरगंज से बहराइच पहुंचकर उन्होंने अपने दोस्त शैलेश राय निवासी पुलिस लाइन को साथ में लिया और वहां से अयोध्या रवाना हुए। रास्ते में पहुंचकर पयागपुर के फरदा सुमेरपुर निवासी अपने मित्र मानवेंद्र सिंह और हर्ष सिंह को गाड़ी




बरामद वाहन • जागरण

में बैठाया और चारों लोग अयोध्या दर्शन के लिए चल दिए। एसओ ने बताया कि वापस लौटते समय विशेश्वरगंज पहुंचने पर वैष्णो ढाबा के पास अज्ञात व्यक्ति से कार की टक्कर हो गई। वह वाहन के बंपर में ही फंस कर घिसटता हुआ चला गया। वाहन चला रहे अद्वैत त्रिपाठी ने घबराकर वाहन को भूपगंज की ओर मोड़ दिया और पीछे के रास्ते से होते हुए झाला तरहर के पास पहुंच गए। यहां मृत व्यक्ति के सारे कपड़े फट गए और शव से खाल उतर गई। शव को वाहन से निकाल कर रोड पर फेंक कर चले गए। पुलिस ने बताया कि मृतक अज्ञात है। हादसे को छिपाने समेत अन्य धाराओं में सभी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

## महिला ने फांसी लगाई

रामगांव : इलाके के ग्रामपंचायत धर्मनपुर के पतुरियाचक निवासी विनोद की 24 वर्षीय पत्नी अनीता ने अज्ञात कारणों से रविवार को फांसी का फंदा लगाकर जान दे दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने फोरेंसिक टीम ने जांच की। एसओ मदन लाल ने बताया कि शव का पोस्टमार्टम कराया जा रहा है। रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।(संसू)

## मवेशी चोरी

महसी : वाजपेयीपुरवा निवासी लाल बिहारी वाजपेयी व धीरू वाजपेयी की भैंस चोर खोल ले गए। पीड़ित का कहना है कि भैंस घर के सामने बंधी थी। रविवार सुबह खूंटे पर नहीं मिली। एसओ आलोक सिंह ने बताया कि जानकारी की जा रही है।(संसू)

# 'प्रधान गांव का सर्वाधिक जिम्मेदार व्यक्ति'

जासं • वहराइचः पुलिस लाइन सभागार में रविवार को प्रधान संघ की बैठक का आयोजन किया गया। इसमें विधि व्यवस्था मजबूत बनाए रखने के लिए पुलिस उच्चाधिकारियों के साथ ग्रामीण स्तर पर समन्वय एवं संवाद हुआ। इसके आधार पर स्थाई एवं प्रभावी समाधान के लिए समन्वय बैठक कर विचार विमर्श किया गया।

पुलिस अधीक्षक राम नारायण सिंह ने कहा कि प्रधान ग्राम पंचायत के सर्वाधिक जिम्मेवार एवं सम्मानित व्यक्ति होते हैं। वह जन अभिभावक की भूमिका में रहते हैं, इसलिए कानून व्यवस्था मजबूत बनाएं रखने में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका होती है। प्रधान संघ के जिलाध्यक्ष भगवान दीन मिश्र ने कहा कि ग्राम पंचायतों के विकास के साथ ही जनता व प्रशासन से बेहतर समन्वय व संवाद स्थापित करने का उत्तरदायित्व प्रधान निर्वाहन कर रहे हैं।

# नेपालगंज में चोरों के पास मिले 2097 खोखे

संसू, जागरण • रुपईडीहा(बहराइच) : नेपाल के बांके जिले के नेपालगंज में शनिवार रात एक नेपाली व एक भारतीय चोर को पकड़ लिया गया। उनके पास से 2097 कारतूस के खोखे बरामद हुए हैं।

नेपालगंज उप महानगर पालिका वार्ड नंबर तीन एक्लैनी में चोरों ने पत्थर फेंक कर पोल पर लगी लाइट तोड़ने की कोशिश की। आवाज सुनकर वार्ड अध्यक्ष अयूब सिद्दीकी सहित मुहल्ले के लोग जाग गए। दो चोरों को पकड़ लिया गया। अन्य अंधेरे का फायदा उठाकर भाग गए। बांके जिले के डीएसपी व पुलिस प्रवक्ता दीपक पातली ने बताया कि इनमें एक चोर बर्दिया व दूसरा रुपईडीहा के बाबागंज का है। इनसे पूछताछ जारी है।

# बबुरी गांव में मिलीं भेड़िये की आठ मांद, दहशत

## गन्ने के खेतों में छिपकर हमला करने की कोशिश, शोर मचाने पर भागा भेड़िया

संवाद न्यूज एजेंसी

बौंडी। सरयू नदी के कछार में बसे मंझारा तौकली के बबुरी गांव के पास घने जंगल में रविवार को भेड़िये की आठ से ज्यादा मांद मिलने से ग्रामीणों में दहशत का माहौल है। रविवार सुबह ग्रामीण जब मौके पर पहुंचे तो एक मांद से अचानक भेड़िया निकलकर गन्ने की ओर भाग गया।

ग्रामीणों ने बताया कि भेड़िया लंबे समय से इसी जंगल में रहकर आसपास के इलाकों में घूमता है। गांव निवासी संजू और सुमेरी लाल ने बताया कि रविवार सुबह करीब 9 बजे वे जंगल के पास पशुओं के लिए खेत में चारी काटने गए थे। तभी दबे पांव आया भेड़िया उन पर झपटने की कोशिश करने लगा। शोर मचाने पर वह गन्ने के खेत की ओर भाग गया।

पूर्व प्रधान दिलीप यादव ने बताया कि गांव से सटे जंगल में करीब भेड़िये की आठ मांदें मिली हैं, जिसमें भेड़िये रहते हैं और समय-समय पर बाहर निकलकर गांव के पास पहुंच जाते हैं। ग्रामीणों ने वन विभाग से भेड़ियों के आतंक को खत्म करने और सुरक्षा की व्यवस्था करने की मांग की है।

रेंजर ओमकार नाथ यादव ने बताया कि ग्रामीणों से मांद मिलने की सूचना मिली है, वहां पर कुछ दूरी पर पिंजरा लगाया गया है, पूरे क्षेत्र में कांबिंग की जा रही है। ड्रोन कैमरे भी लगाए गए हैं।



बौंडी के बबुरी में मिली भेड़िये की मांद। -संवाद



भेड़िया प्रभावित गांव बभनन्पुरवा में लगाया गया पिंजरा। -संवाद



बभनन्पुरवा में बनाया गया मचान। -संवाद

### मचान बनाकर बिता रहे रात

भेड़िया प्रभावित गांव में दहशतजदा ग्रामीण मचान पर रात गुजार रहे हैं। ग्रामीणों ने कहा कि रात में नींद नहीं आती। हर समय हमले का डर सताता रहता है।

- **बकरी पर किया हमला :** मंझारा तौकली गांव के पास रात में भेड़िये ने एक बकरी पर हमला किया। वहीं सुबह ग्रामीणों ने भी गन्ने के खेत के निकट दो भेड़िये को देखने का दावा किया। लगातार हो रहे हमले से ग्रामीण दहशत में हैं।

### पीड़ित परिवार से मिले पूर्व कैबिनेट मंत्री

फखरपुर। भेड़िया प्रभावित गांव मंझारा तौकली के मजरा गधू झाला से लापता तीन साल के बच्चे का अब तक कुछ पता नहीं चल पाया है। इस बीच रविवार को पूर्व कैबिनेट मंत्री मुकुट बिहारी वर्मा ने पीड़ित परिवार से मिलकर मदद का भरोसा दिलाया। पूर्व मंत्री ने जब लापता बालक की मां अनीता देवी से मुलाकात की तो मां फफक पड़ी। एसडीएम कैसरगंज अखिलेश कुमार ने बताया कि घायलों और मृतकों की सूची बनाकर शासन को भेजी जा रही है, जल्द मुआवजा दिलाया जाएगा। (संवाद)

### भेड़िया प्रभावित गांवों में रातभर निगरानी के निर्देश

बहराइच। जिले के वन्यजीव प्रभावित क्षेत्रों में सुरक्षा व्यवस्था और निगरानी बढ़ा दी गई है। महसी और फखरपुर विकास खंड के गांवों में वन्यजीवों के हमले से बचाव के लिए स्ट्रीट लाइटें, सोलर लाइटें और दरवाजे विहीन 24 घरों में अतिरिक्त दरवाजे लगाए गए हैं। बिजली विभाग को रात में निरंतर आपूर्ति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं।

- सीडीओ मुकेश चंद्र ने बताया कि ग्राम पंचायत स्तर पर पंचायत सेवक, ग्राम रोजगार सेवक, सफाई कर्मचारी, ग्राम पंचायत सचिव और लेखपालों के साथ ग्रामीणों की टीमें को भ्रमण के लिए लगाया गया है। वहीं जिला स्तर पर उपायुक्त श्रम रोजगार व जिला पंचायत राज अधिकारी के नियंत्रण में कंट्रोल रूम स्थापित किया गया है।
- वन विभाग के क्षेत्रीय अधिकारियों के साथ वन दरोगाओं की 32 टीमें प्रभावित गांवों में तैनात की गई हैं। साथ ही पब्लिक ऐड्रेस सिस्टम के माध्यम से ग्रामीणों को सुरक्षा और बचाव के उपायों के प्रति जागरूक किया जा रहा है। प्रभावित क्षेत्रों में 1,390 स्ट्रीट लाइटें, 61 सोलर लाइटें और दरवाजे विहीन घरों में 24 अतिरिक्त दरवाजे लगाए गए हैं। बिजली विभाग को रात में निरंतर बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। सीडीओ ने बताया कि 34 नोडल अधिकारियों की टीमें रातभर भ्रमण कर रही हैं और ग्रामीणों को घर के अंदर या छत पर सुरक्षित रहने के लिए प्रेरित कर रही हैं। (संवाद)

## तीन अन्य जिलों के डीएफओ को भेड़िया प्रभावित क्षेत्र की कमान

संवाद न्यूज एजेंसी

बहराइच। जिले के भेड़िया प्रभावित क्षेत्रों में अब नई रणनीति के तहत सुरक्षा चक्र तैयार किया जा रहा है। इसके तहत अब तीन अन्य जनपदों के डीएफओ को भेड़िया प्रभावित क्षेत्र की कमान सौंपी गई है। रविवार को अपर प्रधान मुख्य वन संरक्षक एवं मुख्य वन संरक्षक मध्य क्षेत्र रेणु सिंह ने प्रभावित गांवों का दौरा किया।

उन्होंने स्थानीय हालात का जायजा लेते हुए अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। इस दौरान ग्रामीणों को जागरूक भी किया। गदू झाला गांव में पीड़ित परिवार से भी मुलाकात की।

मुख्य संरक्षक डॉ. सिंह ने निर्देश दिया कि ग्रामीणों को लगातार जागरूक किया जाए। किसी ग्रामीण को भेड़िये की गतिविधि पता चले तो तत्काल सूचित करने के लिए कहें। डीएफओ बहराइच वन प्रभाग राम सिंह यादव ने बताया कि कैसरगंज रेंज के भेड़िया प्रभावित गांव सिसैया हुलास, मंझारा तौकली और भौरी का निरीक्षण अपर प्रधान मुख्य वन संरक्षक ने किया। उनके साथ वन संरक्षक सेम्मारन एम, सहायक वन संरक्षक राशिद जमील सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

### इनको मिली जिम्मेदारी

भेड़िया प्रभावित इलाकों में सुरक्षा और रेस्क्यू अभियान को और मजबूत करने के लिए डीएफओ बाराबंकी आकाशदीप बधावन, डीएफओ गोंडा अतुल जिंदल, डीएफओ श्रावस्ती धनराज मीना को जिम्मेदारी दी गई है। प्रभावित क्षेत्रों को चार सेक्टरों में विभाजित कर अधिकारियों व गश्ती दलों द्वारा दिन-रात निगरानी की जा रही है।

- **थर्मल ड्रोन और कैमरा ट्रैप से चौकसी :** विशेषज्ञ टीमों ने दो थर्मल ड्रोन कैमरे तैनात किए हैं, जिनकी मदद से भेड़िये की लोकेशन ट्रैक की जा रही है। इसके अलावा गश्ती दलों ने संवेदनशील गांवों में पांच कैमरा ट्रैप लगाए हैं ताकि भेड़िये की गतिविधियों पर नजर रखी जा सके।

### भेड़िया पकड़ने में लापरवाही, ग्रामीणों ने किया प्रदर्शन

कैसरगंज। मंझारा तौकली गांव में आदमखोर हो चुके भेड़िया ने ग्रामीणों की नींद उड़ा दी है। 15 दिनों से भेड़िया लगातार आतंक मचा रहा है। ग्रामीण रातभर पहरा देकर निगरानी कर रहे हैं। रविवार को गुस्साए ग्रामीण सैकड़ों की संख्या में सड़क पर उतर आए और प्रशासन व वन विभाग के खिलाफ नारेबाजी करते हुए धरना प्रदर्शन किया।

- ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि प्रशासन और वन विभाग सिर्फ खानापूर्ति कर रहे हैं और भेड़िये को पकड़ने में कोई ठोस कदम नहीं उठा रहे हैं। भेड़िया लगातार जानलेवा हमला कर रहा है। वन विभाग की टीम भले ही ड्रोन और सीसीटीवी कैमरों की मदद से तलाश कर रही है, लेकिन भेड़िया चकमा देकर हमला करता आ रहा है।
- प्रदर्शन के दौरान अधिवक्ता राधेश्याम यादव ने कहा कि आदमखोर भेड़िया गांव में खौफ फैलाए हुए है। वन विभाग की टीम केवल कागजी कार्रवाई कर रही है। (संवाद)

# मुठभेड़ में गो हत्या के आरोपित को लगी गोली, दो गिरफ्तार

## तीन दिन पहले हुई **वारदात** लोगों में था आक्रोश



नानपारा में मथुरा नहर सिसवारा गांव के पास मुठभेड़ में घायल गो हत्या के आरोपित व उसके साथी को ले जाते पुलिसकर्मी • जागरण

जासं • बहराइच/नानपारा : कोतवाली नानपारा इलाके में रविवार को गो-हत्या के आरोपित से पुलिस की मुठभेड़ हो गई। पुलिस की गोली लगने से एक आरोपित घायल हो गया, जबकि एक को गिरफ्तार किया है। मौके से बाइक, तमंचा और कारतूस बरामद किए गए हैं।

कोतवाली इलाके के जुमई पुरवा गिरधरपुर में तीन दिन पूर्व गो-हत्या की घटना हुई थी। घटना से आमजन व हिंदू संगठनों में आक्रोश भड़क गया था। मुकदमा दर्ज कर पुलिस मामले की जांच कर रही थी। कोतवाल राजनाथ सिंह ने बताया कि घटना में शामिल दो लोगों के सिसवारा गांव स्थित मथुरा नहर के पास मौजूद होने की जानकारी मिली। पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंच कर जब आरोपितों की घेराबंदी की गई तो उन्होंने पुलिस टीम पर फायर कर दिया। पुलिस ने भी जवाबी फायरिंग की, जिसमें वसीम पुत्र जहरुद्दीन निवासी जमई पुरवा गिरधरपुर थाना नानपारा पैर में गोली लगने से घायल हो गया। पुलिसकर्मियों ने वसीम के साथी खुदाबख्श पुत्र मसूद निवासी खजुहा थाना रामगांव को भी मौके से पकड़ लिया। तलाशी के दौरान तीन तमंचा, तीन कारतूस, एक बाइक बरामद की गई। घायल अभियुक्त को पुलिस ने सीएससी नानपारा में भर्ती कराया है। जहां से उन्हें जिला अस्पताल भेजा गया। एसपी राम नयन सिंह व एएसपी ग्रामीण डीपी तिवारी ने घटनास्थल का जायजा लिया।

# 24 घंटे बाद मिली लापता शिक्षिका

संसू, जागरण • विशेश्वरगंज (बहराइच) : इलाके के एक गांव निवासी 20 वर्षीय निजी स्कूल की शिक्षिका शनिवार सुबह विद्यालय पढ़ाने के लिए गईं, लेकिन घर नहीं लौटीं। पुलिस ने तलाश कर उन्हें बरामद कर लिया।

विशेश्वरगंज इलाके के एक गांव निवासी शिक्षिका स्कूल में पढ़ाती है। सुबह सात बजे वह स्कूल पढ़ाने के लिए गईं, लेकिन देर रात तक वह घर नहीं लौटी। परिवारजन ने तलाश के बाद थाने में गुमशुदगी दर्ज कराई। थानाध्यक्ष राजकुमार पांडेय ने बताया कि रविवार को वह सुल्ताना नदी के पास बैठी मिलीं। महिला पुलिस के साथ उसका मेडिकल कराया गया। इसके बाद स्वजन के सिपुर्द कर दिया गया है।

# कैसरगंज में हुए प्रदर्शन मामले में पांच नामजद समेत 350 अज्ञात पर केस

जासं • बहराइच : कानपुर में आई लव मुहम्मद के पोस्टर लगने को लेकर हुए विवाद में दर्ज किए गए मुकदमे के विरोध में कैसरगंज में प्रदर्शन हुआ। पुलिस ने शांत कराया। पुलिस ने प्रदर्शन करने वाले पांच नामजद समेत 350 लोगों पर मुकदमा दर्ज किया है।

कैसरगंज इलाके में बड़ी संख्या में मुस्लिम समाज के लोगों ने आई लव मुहम्मद के बैनर पोस्टर लेकर शनिवार को जमकर प्रदर्शन किया था। कैसरगंज पुलिस ने रविवार को बिना अनुमति प्रदर्शन व आपत्तिजनक नारे लगाने को लेकर पांच नामजद समेत करीब 350 लोगों के खिलाफ केस दर्ज किया है। कैसरगंज कोतवाल बृजेन्द्र मिश्र ने बताया कि बिना अनुमति प्रदर्शन करने समेत आपत्तिजनक नारे लगाने को लेकर फैजुल हसन, मुफीद, रिजवान, अरशद व बाबू खान नामजद समेत 350 अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है।

# नेपाल सीमा पर और मजबूत किया जाएगा निगरानी तंत्र

**राज्य ब्यूरो, जागरण● लखनऊ:** नेपाल के रास्ते प्रदेश में घुसपैठ, मादक पदार्थों की तस्करी व अवैध कब्जों को लेकर निगरानी और बढ़ाई जाएगी। सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी) के डीजी संजय सिंघल ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से भेंट कर उन्हें नेपाल सीमा पर वर्तमान में चल रहीं गतिविधियों की जानकारी दी।

डीजी एसएसबी ने मुख्यमंत्री को नेपाल सीमा पर चेकिंग बढ़ाए जाने को लेकर की जा रही तैयारियों से भी अवगत कराया। सीमा पर सुरक्षा को और पुख्ता करने के लिए उप्र पुलिस व अन्य एजेंसियों से समन्वय बढ़ाने व निगरानी तंत्र को और विकसित किए जाने पर भी गहन विमर्श हुआ।

उल्लेखनीय है कि नेपाल में पिछले दिनों हालात बिगड़ने के बाद सीमा से सटे प्रदेश के सात जिलों में अतिरिक्त पुलिस और पीएसी तैनात की गई थी। अब नेपाल के रास्ते होने वाली अवैध गतिविधियों व संदिग्धों की आवाजाही पर सतत् नजर रखने के लिए एसएसबी के सहयोग से और पुख्ता प्रबंध सुनिश्चित किए जाएंगे।

मुख्यमंत्री ने नेपाल सीमा पर एसएसबी जवानों की सतर्कता व समर्पित सेवाओं की सराहना की। सीमा प्रबंधन को और प्रभावी बनाने व एसएसबी जवानों के कल्याण के लिए राज्य सरकार की ओर से हर संभव सहयोग का भरोसा दिलाया।

हिन्दुस्तान

# जुलूस में आपत्तिजनक नारे पर 350 पर एफआईआर

**बहराइच, संवाददाता।** कानपुर में दर्ज हुई एफआईआर के विरोध में कैसरगंज कस्बे में शनिवार शाम को जुलूस निकाला गया। इसमें आपत्तिजनक नारेबाजी व निषेधाज्ञा के उल्लंघन पर उपनिरीक्षक ने एफआईआर दर्ज कराई है। इसमें गैर कानूनी जमावड़ा, निषेधाज्ञा का उल्लंघन, सम्पत्ति को तोड़फोड़ पहुंचाने की चेष्टा, लोकसेवक के कार्य में अवरोध की धाराओं के तहत पांच नामजद व 350 अज्ञात के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज की गई है।

कानपुर में आई लव मोहम्मद लिखा बैनर लगाए जाने पर वहां एफआईआर दर्ज कराई गई थी। इसे परम्परा से हटकर लिया गया था। इसी के विरोध में शनिवार शाम कैसरगंज कस्बे में एक विरोध जुलूस निकाला गया था जिसमें आपत्तिजनक नारे लगाए गए थे। गश्त पर निकले उपनिरीक्षक इजलास प्रसाद पुलिस बल सहित जब हुजूरपुर मोड़ तिराहे पर पहुंचे तो उन्होंने जुलूस निकाल रहे लोगों को निषेधाज्ञा का उल्लंघन बता वापस जाने को कहा जबकि प्रदर्शन कर रहे लोगों ने तहसील परिसर की ओर जबरन जाने की चेष्टा की। इस मामले में डा. फैजुल हसन, अरशद खां, मुफीद, रिजवान, बाबू खान, 350 अज्ञात पर एफआईआर दर्ज की गई है।

हिन्दुस्तान

# मुठभेड़ में एक को गोली लगी, दो गिरफ्तार


मुठभेड़ के बाद घटनास्थल पहुंचे पुलिस अधीक्षक आरएन सिंह व अन्य

**नानपारा संवाददाता।** नानपारा के मथुरा पुल के पास रविवार को तड़के बदमाशों व पुलिस में मुठभेड़ हो गई। बाइक सवार बदमाश ने पुलिस टीम पर गोली चलाई। जवाबी कार्रवाई में एक बदमाश के पैर में गोली लगने से घायल हो गया। जबकि दूसरे बदमाश को धर दबोचा गया।

घायल को नानपारा सीएचसी लाए जाने पर चिकित्सकों ने प्राथमिक इलाज कर मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया है। बदमाशों के पास से दो तमंचे, जीवित व एक खोखा कारतूस बरामद किया गया है। पकड़े गए एक ने अपना नाम वसीम व दूसरे ने अपना नाम खुदाबख्श बताया। मनानपारा कोतवाल राजनाथ सिंह गश्त पर थे। इसी दौरान सूचना मिली कि मथुरा पुल से होकर गोवध मामले में फरार आरोपी आरहेहै। उन्होंने तत्काल दबिश दी। बाइक सवार दो युवक आते दिखे। जो पुलिस की भनक पा यू टर्न लेकर फरार होने की कोशिश पर दूसरी ओर भी पुलिस की घेराबंदी देख एक बदमाश ने पुलिस टीम पर गोली चलाई।

# विसर्जन जुलूस मार्ग का किया निरीक्षण

**रिसिया।** नगर में आयोजित दुर्गा पूजा महोत्सव के दौरान शांति एवं सुव्यवस्था बनाए रखने के लिए दुर्गा प्रतिमा विसर्जन जुलूस मार्ग का एसडीएम पूजा चौधरी ने रविवार को निरीक्षण किया गया। विसर्जन जुलूस इसी मार्ग से गुरुचाही ग्राम होते हुए विश्राम घाट सरयू तट तक जाता है और वापसी रेलवे मार्ग से हाती है, लेकिन रेल मार्ग के कच्चे रास्ते जर्जर हो चुके हैं, जगह-जगह गड्ढे बन गए हैं, इस कारण जुलूस के वापस लौटने में मुश्किलें आ सकती हैं। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने मार्ग पर स्थिति का जायजा लिया और आवश्यक उपायों पर चर्चा की।

इस दौरान सीओ पयागपुर राज सिंह, खंड विकास अधिकारी राजेंद्र प्रसाद, अधिशाषी अधिकारी सचिन पांडे, सीआरओ, थाना प्रभारी करुणाकर पांडेय, रेल अधिकारी तथा दुर्गा पूजा महा समिति अध्यक्ष डॉ. राजू निगम और चेयरमैन प्रतिनिधि रामू लाल मौजूद रहे। (संवाद)

SHRAWASTI POLICE

4

# सराहनीय कार्य दिनांकः–22–09–2025

# मिशन शक्ति सामाजिक क्रांति है: डीएम

**श्रावस्ती, संवाददाता।** उत्तर प्रदेश सरकार की ओर से मिशन शक्ति अभियान फेज-पांच की शुरुआत की गई है। जिसके तहत रविवार को पुलिस लाइन से जागरूकता रैली निकाली गई। रैली के माध्यम से लोगों को महिलाओं व बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन का संदेश दिया गया।

जिलाधिकारी अजय कुमार द्विवेदी व पुलिस अधीक्षक राहुल भाटी ने पुलिस लाइन परिसर से हरी झंडी दिखाकर जागरूका रैली का रवाना किया। रैली पुलिस लाइन से शुरू होकर भिनगा नगर के विभिन्न मार्गों से गुजरी और नारी सशक्तिकरण का संदेश पहुंचाया। डीएम ने कहा कि मिशन शक्ति केवल एक अभियान नहीं, बल्कि एक सामाजिक क्रांति है। यह हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है कि हम समाज में ऐसा वातावरण बनाएं जहां हर महिला और बालिका सुरक्षित और सम्मानित महसूस करे। उन्होंने पुलिस विभाग के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे जागरूकता कार्यक्रम समाज को जागरूक करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।



झंडी दिखाकर रैली को रवाना करते डीएम व एसपी

# सरकारी जमीन अवैध कब्जे से मुक्त

**कार्रवाई**

**लक्ष्मनपुर, संवाददाता।** खलिहान की भूमि पर अवैध कब्जा कर फूस व टीनशेड का निर्माण करा लिया गया था। जिसकी शिकायत लोगों ने राजस्व प्रशासन से की थी। प्रशासन की टीम ने बुलडोजर लगाकर सरकारी जमीन को अवैध कब्जे से मुक्त कराया।

भिनगा तहसील क्षेत्र के ग्राम गढ़ी में करीब डेढ़ बीघे सरकारी जमीन है जो राजस्व अभिलेख में खलिहान की भूमि के रूप में संरक्षित है। इस सरकारी जमीन के करीब एक बीघे भूमि पर गढ़ी निवासी अब्दुल हक पुत्र हबीब ने अवैध कब्जा कर लिया था। जिसपर फूस व टीनशेड बना रखा था। ग्रामीणों की ओर से अवैध कब्जे की शिकायत राजस्व प्रशासन से की गई थी। शिकायत पर प्रशासन ने जांच कराई। दो दिन पहले शुक्रवार को न्यायालय तहसीलदार के यहां से बेदखली आदेश जारी किया गया। जिसके बाद रविवार सुबह भिनगा एसडीएम अशीष भरद्वाज, तहसीलदार जागृति सिंह, सीओ भिनगा सतीश कुमार शर्मा, कोतवाली भिनगा प्रभारी निरीक्षक राज कुमार सरोज, महिला थानाध्यक्ष पुष्पलता राजस्व व पुलिस की संयुक्त टीम के साथ मौके पर पहुंचकर जेसीबी से अतिक्रमण का ढहा दिया।



बुलडोजर से अतिक्रमण हटवाते अधिकारी।

# दहेज हत्यारोपित दंपती गिरफ्तार

श्रावस्ती : मल्हीपुर पुलिस टीम ने क्षेत्र भ्रमण के दौरान दहेज हत्या के मामले में फरार चल रहे लालपुर के मोहनपुर भरथा गांव निवासी ओमप्रकाश उर्फ प्रगास व उनकी पत्नी को कानीबोझी चौराहे के पास से दबोच लिया। आरोपितों को न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया।(वि.)

# गढ़ी गांव में बुलडोजर चलाकर ढहाया गया अतिक्रमण

जासं • श्रावस्ती : जिला प्रशासन की ओर से अतिक्रमण पर लगातार कार्रवाई जारी है। रविवार की सुबह भिनगा एसडीएम आशीष भारद्वाज के नेतृत्व में राजस्व व पुलिस टीम गढ़ी गांव में पहुंची। यहां खलिहान की भूमि पर फूस व टिन शेड बनाकर किए गए अतिक्रमण को टीम ने बुलडोजर से ढहवा दिया। कब्जामुक्त कराई गई भूमि की कीमत लगभग एक करोड़ 40 लाख रुपये है।

भिनगा तहसील क्षेत्र के गढ़ी गांव स्थित गाटा संख्या 572/0.124 खलिहान की भूमि है। इसके 0.081 हेक्टेयर जमीन पर गांव के ही अब्दुल हक ने अवैध तरीके से फूस व टिनशेड बनाकर अतिक्रमण कर रखा था। तहसीलदार न्यायालय से 19 अगस्त को बेदखली का आदेश जारी किया गया था। कब्जा हटाने के लिए समय देने के बाद भी कब्जेदार की ओर से खलिहान की भूमि से खाली नहीं किया जा रहा था। सुबह राजस्व व पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर बुलडोजर से अतिक्रमण को ढहवाकर भूमि को कब्जामुक्त करवा दिया है। एसडीएम ने बताया कि तहसीलदार न्यायालय के बेदखली के आदेश के बाद यह कार्रवाई की गई है। अवैध कब्जेदार को नियमानुसार नोटिस देने के बाद कब्जा कटाने के लिए पर्याप्त समय भी दिया गया था, लेकिन कब्जा नहीं हटाया। इसके बाद प्रशासनिक कार्रवाई की खलिहान की भूमि पर किए गए अतिक्रमण को हटवा दिया गया है। शनिवार को भी राजस्व व पुलिस टीम ने खलिहान की भूमि पर बनी चहारदीवारी व टीन शेड घर को ढहवाया था।



गढ़ी गांव में अतिक्रमण को ढहाता बुलडोजर • जागरण

# 'अभियान नहीं, सामाजिक क्रांति है मिशन शक्ति'

जासं • श्रावस्ती: मिशन शक्ति अभियान के पांचवे चरण के तहत रविवार को पुलिस लाइन भिनगा के परिसर से डीएम अजय कुमार द्विवेदी व एसपी राहुल भाटी ने हरी झंडी दिखाकर जागरूकता बाइक रैली को रवाना किया।

रैली पुलिस लाइन से शुरू होकर भिनगा नगर के विभिन्न मार्गों से गुजरी। रैली का उद्देश्य समाज के हर वर्ग तक नारी सशक्तीकरण का संदेश पहुंचाना था। रैली में पुलिस कर्मियों के साथ समाजसेवी और आम नागरिक भी शामिल हुए। सभी लोग हाथों में सशक्त नारी-समृद्ध नारी, बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ, नारी का सम्मान-देश का मान, हमारा संकल्प-नारी सुरक्षा जैसे स्लोगन लिखी तख्तियां लेकर रैली में शामिल हुए।

डीएम ने कहा कि मिशन शक्ति केवल एक अभियान नहीं, बल्कि सामाजिक क्रांति है। यह हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है कि हम समाज में एक ऐसा वातावरण बनाएं, जहां हर महिला और बालिका स्वयं को सुरक्षित और सम्मानित महसूस करे। एसपी ने कहा कि पुलिस विभाग महिलाओं और बालिकाओं के प्रति होने वाले अपराधों को लेकर गंभीर है।

# पुलिसकर्मी की कार से टकरा तीन घायल

**गिरंट बाजार।** नवाबगंज-शंकरपुर मार्ग पर जब्बदी गांव के पास रविवार की दोपहर बहराइच के नवाबगंज थाने के पुलिसकर्मी की कार ने बाइक सवार तीन लोगों को टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार तीनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। कार सवार पुलिस कर्मी ने तीनों घायलों को नवाबगंज के एक निजी अस्पताल में भर्ती करवाया है। (संवाद)

# वाहन की टक्कर से वृद्धा घायल

**इकौना।** ग्राम पंचायत साईं तकिया मोहम्मदपुर राजा निवासी करीना (60) रविवार की दोपहर खरीदारी के लिए इकौना बाजार जा रही थीं। इस दौरान बौद्ध परिपथ पर स्टेट बैंक के पास सामने से आ रहे अज्ञात वाहन ने उन्हें टक्कर मार दी। हादसे के बाद वाहन चालक वाहन लेकर मौके से भाग निकला। स्थानीय लोगों ने करीना को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र इकौना पहुंचाया, जहां उनकी हालत गंभीर देख चिकित्सकों ने प्राथमिक इलाज के बाद उन्हें मेडिकल कॉलेज बहराइच रेफर कर दिया। (संवाद)

# दहेज हत्या के आरोपी पति-पत्नी गिरफ्तार

**श्रावस्ती।** मल्हीपुर थाना प्रभारी सौरभ सिंह ने बताया कि केवटनपुरवा निवासी ओमप्रकाश व उनकी पत्नी पर दहेज हत्या समेत विभिन्न धाराओं में केस दर्ज है। दोनों की तलाश में दबिश दी जा रही थी। शनिवार शाम पति-पत्नी को कानीबोझी चौराहे के पास से गिरफ्तार कर जेल भेजा गया। (संवाद)

# लकड़ी चोरी का आरोपी गिरफ्तार

**श्रावस्ती।** पूर्वी सोहेलवा वन क्षेत्र के ग्राम घोघवा कला निवासी अशोक कुमार को वन विभाग की टीम ने गिरफ्तार किया है। विदित हो कि शनिवार को आरोपी ने वन क्षेत्र से एक सागौन का पेड़ काट कर गायब कर दिया था। इस पर रेंजर अनिमेश वर्मा ने टीम के साथ दबिश देकर आरोपी को दबोचने के साथ ही लकड़ी बरामद की। पकड़े गए आरोपी को न्यायालय के समक्ष पेश किया गया तथा लकड़ी को रेंज कार्यालय में रखवाया गया है। (संवाद)

# छत पर चढ़े तीन चोर लोगों के जागने से भागे

**श्रावस्ती।** तराई में चोरों का आतंक थमने का नाम नहीं ले रहा है। शनिवार रात चोरों ने कोतवाली भिनगा के शिवाजीपुरम मोहल्ले में दस्तक दी। हांलांकि, कुत्तों के भौंकने व मोहल्लेवासियों के जागने से चोर वारदात को अंजाम नहीं दे सके और अंधेरे का फायदा उठा कर भाग गए। चोरों के डर से मोहल्लावासियों ने पूरी रात जाग कर बिताई।

**कोतवाली भिनगा के शिवाजीपुरम मोहल्ले की घटना**

शिवाजीपुरम मोहल्ला निवासी वरिष्ठ अधिवक्ता जीपी मिश्रा ने बताया कि उनके घर के बगल उनके निर्माणाधीन मकान की छत पर शनिवार रात तीन चोर चढ़े। इस दौरान कुत्तों के भौंकने से उनकी नींद खुल गई और परिवार के साथ वह बाहर निकले। इस दौरान चोरों ने उनके निर्माणाधीन मकान के सामने बने घर का दरवाजा तोड़ने का प्रयास किया, लेकिन आहट से अन्य मोहल्लावासी भी जाग गए और लाठी-डंडा लेकर चोरों को दौड़ा लिया। चोर अंधेरे का फायदा उठाकर भागने में सफल रहे। मोहल्ला निवासी अन्नू, रंगीलाल, रामसुभाष आदि ने बताया कि चोरों के डर से उन सभी ने पूरी रात जाग कर बिताई और मोहल्ले में पहरा दिया। मोहल्लेवासियों ने पुलिस की गश्ती पर भी सवालिया निशान खड़े किए। (संवाद)

# महिला पुलिसकर्मियों ने निकाली नारी सुरक्षा रैली

**संवाद न्यूज एजेंसी**

**श्रावस्ती।** मिशन शक्ति अभियान फेज-5 को लेकर रविवार को महिला पुलिसकर्मियों ने नारी सुरक्षा बाइक रैली निकाली। डीएम अजय कुमार द्विवेदी व एसपी राहुल भाटी ने संयुक्त रूप से हरी झंडी दिखाकर रैली को रवाना किया। रैली के दौरान पुलिसकर्मियों ने महिलाओं को उनके अधिकारों व विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी दी।

**डीएम-एसपी ने दिखाई हरी झंडी, मिशन शक्ति फेज-5 के तहत आयोजन**

रैली पुलिस लाइन से शुरू होकर ईदगाह तिराहा होते हुई नई बाजार, पुरानी बाजार, दहाना तिराहा होते हुए पुलिस लाइन पर समाप्त हुई। इस दौरान महिला पुलिसकर्मियों ने विभिन्न तख्तियों पर लिखे संदेश सशक्त नारी, समृद्ध नारी, बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ, नारी का सम्मान, देश का मान, हमारा संकल्प, नारी सुरक्षा के माध्यम से नारी सशक्तिकरण की अलख जगाई। कार्यक्रम में डीएम अजय कुमार द्विवेदी ने कहा कि मिशन शक्ति केवल एक अभियान नहीं, बल्कि एक सामाजिक क्रांति है। यह हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है कि हम ऐसा वातावरण बनाएं, जहां हर महिला व बालिका खुद को सुरक्षित महसूस करे। एसपी राहुल भाटी ने कहा कि पुलिस महिलाओं और बालिकाओं के प्रति होने वाले अपराधों को लेकर अत्यंत गंभीर है। सभी महिलाओं से अपील है कि किसी भी प्रकार की समस्या पर तत्काल वूमेन पावर लाइन नंबर-1090, इमरजेंसी सेवा-112, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन-1076, महिला हेल्पलाइन- 181 पर तत्काल सूचना दें।



पुलिस लाइन में मिशन शक्ति अभियान के वाहन रैली को हरी झंडी दिखाते डीएम व एसपी। स्रोतः पुलिस

# हादसे में वृद्ध घायल

जमुनहा : सोनवा क्षेत्र के बनियागांव निवासी स्वामी प्रसाद उपाध्याय रविवार को बाइक से तुलसीपुर बाजार जा रहे थे। जमुनहा-बहराइच मार्ग पर चंद्रखा बुजुर्ग गांव के पास सामने से आ रही मारुति वैन ने बाइक में टक्कर मार दी। इससे वे घायल हो गए। (संसू)

# पुलिस गश्त बढ़ाएं, संदिग्धों पर रखें नजर : एसपी



**नवीन मार्डन थाने में निर्माणाधीन भवन का निरीक्षण करते एसपी।** - स्रोतः पुलिस

**श्रावस्ती।** एसपी राहुल भाटी ने रविवार को निर्माणाधीन नवीन मॉडर्न पुलिस थाना श्रावस्ती का निरीक्षण किया। उन्होंने निर्माणाधीन भवनों की गुणवत्ता परखी और जल्द कार्य पूरा करवाने का निर्देश दिया। एसपी ने गिलौला थाने का औचक निरीक्षण कर परिसर की साफ-सफाई, अभिलेखों के रख-रखाव, महिला हेल्प डेस्क, सीसीटीएनएस कक्ष आदि की जांच की। इस दौरान एसपी ने थाना प्रभारी को नवरात्र पर्व को लेकर संवेदनशील स्थानों की पहचान कर सतर्कता बढ़ाने, भीड़-भाड़ वाले क्षेत्रों में पुलिस बल की तैनाती, सीसीटीवी कैमरों की कार्यशीलता जांचने, पुलिस गश्त बढ़ाने व संदिग्धों पर विशेष नजर रखने को निर्देशित किया। (संवाद)

# पेड़ काटने वाला आरोपी गिरफ्तार

**श्रावस्ती।** सिरसिया थाना क्षेत्र के घोघवा कला गांव के पास पूर्वी सोहेलवा जंगल से सागौन की पेड़ काटते एक आरोपी को वन विभाग की टीम ने पकड़ लिया। जिसकी पहचान अशोक कुमार पुत्र राम भजन निवासी घोघवाकला के रूप में हुई। आरोपी के विरुद्ध वन्य जीव संरक्षण एवं भारतीय वन अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर न्यायालय में पेश किया गया। पूर्वी सोहेलवा रेंज के रेंजर अनिमेश वर्मा ने बताया कि घोघवा गांव जंगल से सटा है। आरोपी ने जंगल से सटे वनक्षेत्र सीमा में एक पेड़ सागौन अवैध रूप से काटा था।

# हत्या के आरोपित पति-पत्नी गिरफ्तार

**श्रावस्ती।** दहेज हत्या के आरोपित पति पत्नी को गिरफ्तार कर पुलिस ने जेल भेज दिया। शनिवार शाम को मल्हीपुर थानाध्यक्ष सौरभ सिंह अपराधियों की धरपकड़ के लिए टीम के साथ क्षेत्र में भ्रमण कर रहे थे। इस दौरान पुलिस ने दहेज हत्या के आरोपी ओमप्रकाश उर्फ प्रगास पुत्र गजाधर निवासी केवटनपुरवा व उसकी पत्नी को क्षेत्र के कानीबोझी चौराहे से गिरफ्तार कर लिया। आरोपितों के विरुद्ध मल्हीपुर थाने में केस दर्ज था और पुलिस तलाश रही थी। दोनों आरोपियों को जेल भेज दिया गया। गिरफ्तारी टीम में थानाध्यक्ष के साथ उपनिरीक्षक नदीम खां, आरक्षी मनोज कुमार व महिला आरक्षी कोमल तिवारी शामिल रहीं।